Ans. (a) : प्रश्नानुसार यश का गमन पथ निम्नवत् है–



अतः आरेख से स्पष्ट है कि यश के सामने अब 'दक्षिण' दिशा है।

8. एक शाम को, प्रतीक और प्रनिल एक छत पर एक दूसरे से आमने–सामने खड़े होकर बात कर रहे थे। यदि प्रतीक की छाया पूर्ण रूप से प्रनिल के शरीर पर पड़ रही थी, तो प्रनिल का मुँह किस दिशा की ओर था?

(a) उत्तर (b) पूर्व (c) दक्षिण (d) पश्चिम

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : शाम का समय–



अतः प्रनिल का मुँह पश्चिम दिशा की ओर था।

9. कविता प्रतिदिन योगाभ्यास के लिए रॉक गार्डन जाती है। रॉक गार्डन उसके घर से पूर्व की ओर है गार्डन से वह अपनी सहेली रेखा के घर जाती है, जो गार्डन से पूर्व की ओर है। रेखा के घर से कविता का घर किस दिशा में है?

(a) पश्चिम (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) उत्तर

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a)

अतः उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि रेखा के घर से कविता का घर पश्चिम दिशा में है।

Type-2 : एक बिन्दु के सापेक्ष दूसरे बिंदु की दिशा ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

10. श्रेया अपनी दुकान से उत्तर की ओर चलना शुरु करती है। वह 15 मी. चलती है फिर दाएं मुड़ती है, और 30 मी. चलती है। अब वह बाएं मुड़ती है, और 15 मी. चलती है, फिर वह पुनः बाएं मुड़ती है और 15 मी. चलती है। अंत में वह पुनः बाएं मुड़ती है और 15 मी. चलने के बाद रुक जाती है। उसका अंतिम बिंदु आरंभ बिन्दु के सापेक्ष किस दिशा में है ?
(सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ है)

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पूर्व

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्न के कथनानुसार आरेख निम्नांकित है–



अतः श्रेया का अन्तिम बिन्दु प्रारम्भिक बिन्दु के सापेक्ष उत्तर-पूर्व दिशा में है।

11. यदि गांव A, गांव B के पश्चिम में स्थित है: गांव C, गांव A के दक्षिण में स्थित है: और गांव D, गांव C के पूर्व में स्थित है; तो गांव D, गांव A के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

(a) उत्तर (b) दक्षिण-पूर्व
(c) पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : गाँवों के सही दिशा में स्थित होने का सही क्रम निम्नवत् है –



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि गाँव-D, गाँव-A के सापेक्ष दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित है।

12. एक बैंक एक दुकान के पूर्व में स्थित है। बैंक के उत्तर -पश्चिम में एक कॉलेज है। उस दुकान के उत्तर में और कॉलेज के पश्चिम में एक बस स्टॉप है। दुकान के सापेक्ष कॉलेज किस दिशा में है ?

(a) उत्तर (b) उत्तर-पूर्व
(c) पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



अतः दुकान के सापेक्ष कॉलेज उत्तर-पूर्व दिशा में है।

13. M,F के 85m दक्षिण-पश्चिम में है। यदि C, F के 85m दक्षिण-पूर्व में है, तो C,M के सापेक्ष किस दिशा में है?

(a) दक्षिण (b) उत्तर-पूर्व
(c) पूर्व (d) पश्चिम

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



अतः C, M के सापेक्ष पूर्व दिशा में है।

14. मुकेश के सामने की ओर दक्षिण दिशा थी। वह 5 km सीधे चला और वहाँ से वह अपने दाईं ओर 90° के कोण पर मुड़ा और 5 km चला। फिर वह अपनी बाईं ओर 45° के कोण पर मुड़ा और 3 km चला। अब वह अपनी वास्तविक स्थिति से किस दिशा में होगा ?

(a) दक्षिण–पश्चिम दिशा (b) दक्षिण–पूर्व दिशा
(c) उत्तर–पश्चिम दिशा (d) दक्षिण दिशा

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : मुकेश का पथ क्रम निम्न प्रकार है-



अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि अब मुकेश अपनी वास्तविक स्थिति से 'दक्षिण–पश्चिम' दिशा में होगा।

15. एक स्थान से शुरू करने के बाद, नवीन पूर्व की ओर 3 km चलता है। फिर अपनी बाईं दिशा में मुड़कर वह 3 km चलता है। इसकें बाद वह फिर से अपनी बाईं दिशा में मुड़ता है और 4km चलता है। वह अपने शुरुआती स्थान से किस दिशा में खड़ा है?

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : नवीन का गमन पथ इस प्रकार है-



अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि नवीन अब शुरूआती बिन्दु से 'उत्तर पश्चिम' दिशा में खड़ा है।

16. अरुण अपने घर से निकलकर, जिसका मुँह उत्तर की ओर है, सीधे 10 गज़ चलता है और उसके बाद वह विपरीत दिशा में 20 गज़ चलता है। उसके बाद वह बाएं मुड़कर 10 गज़ चलता है। अब अरुण अपनी प्रारंभिक स्थिति से किस दिशा में है?

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पूर्व

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : अरूण के चलने का क्रम निम्नवत् है -



अतः अरुण अपनी प्रारम्भिक स्थिति से अब 'दक्षिण-पूर्व' दिशा की ओर है।

17. एक आदमी सूर्योदय की दिशा में 10 मी. आगे की ओर चलता है और फिर 10 मी. अपने दाईं ओर चलता है। उसके बाद, हर बार अपनी बाईं ओर मुड़ने पर क्रमशः 5 मी., 15 मी. और 15 मी. चलता है। अब वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कौन सी दिशा में है।

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : आदमी का पथ क्रम निम्न प्रकार है-



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि अंत में वह आदमी अपने प्रारम्भिक बिन्दु से 'उत्तर दिशा' में है।

18. निशा प्रतिदिन खेल के मैदान में बैडमिंटन खेलने जाती है। खेल का मैदान, उसके घर से दक्षिण दिशा में है। खेल के मैदान से, वह अपनी सहेली सुमन के घर जाती है, जो खेल के मैदान से पश्चिम दिशा में है। सुमन के घर से, निशा और सुमन दोनों बाजार जाती है। बाजार, सुमन के घर से पश्चिम दिशा में है।
खेल के मैदान से निशा के घर की दिशा क्या होगी?

(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



उपर्युक्त आरेख चित्र से स्पष्ट है कि खेल के मैदान से निशा का घर उत्तर दिशा में है।

19. रोहन अपने घर से अपने विद्यालय जाने के लिए चलना शुरू करता है। वह दक्षिण की ओर 100 मीटर चलता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ता है, और 50 मीटर चलता है। फिर वह दाई ओर मुड़ता है, और 50 मीटर चलता है, और अंत में वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है, और 100 मीटर चलकर अपने विद्यालय पहुंच जाता है। विद्यालय से उसका घर किस दिशा में है?
(सभी मोड़ केवल 90° वालें मोड़ हैं)

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिमी (d) दक्षिणी-पश्चिमी

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) :



उपर्युक्त से स्पष्ट है कि रोहन का घर, विद्यालय से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

20. दो छात्र, A और B, अपने स्कूल से घर वापस आ रहे हैं। वे एक ही बिंदु P से चलना प्रारंभ करते हैं। A 2 km उत्तर की ओर चलता है, फिर अपने बाएं मुड़कर 9 km चलकर अपने घर पहुंच जाता है। B, बिंदु P से 7 km पूर्व की ओर चलता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 6 km चलता है, उसके बाद अपने बाएं मुड़कर 2 km चलकर अपने घर पहुंच जाता है। A के घर के सापेक्ष B का घर किस दिशा में स्थित है ?

(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पूर्व

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) :



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A के घर के सापेक्ष B का घर दक्षिण-पूर्व दिशा में है।

Type-3 : दूरी पर आधारित प्रश्न

21. राधा दक्षिण-पूर्व की ओर 9 m चलती है। फिर वह पश्चिम की ओर 15 m चलती है। यहाँ से, वह उत्तर-पश्चिम की ओर 9 m चलती है। फिर अंत में वह पूर्व की ओर 6 m चलकर एक बिंदु पर खड़ी हो जाती है। वह आरंभ बिंदु से कितनी दूरी पर है?

(a) 5 मीटर (b) 10 मीटर
(c) 7 मीटर (d) 9 मीटर

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार चित्र बनाने पर



$EA = 15m - 6m = 9m$

अतः राधा अब आरम्भ बिन्दु से 9m की दूरी पर है।

22. मैक्स अपने घर से 15 km पश्चिम दिशा में चलता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 15 km चलता है। वहाँ से फिर बाईं ओर मुड़कर 15 km चलकर स्कूल पहुँचता है। उसके घर और स्कूल के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 15 km (b) 45 km
(c) 25 km (d) 30 km

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : मैक्स का पथक्रम निम्न प्रकार है-



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि मैक्स के घर और स्कूल के बीच की न्यूनतम दूरी = 15 km

23. गणेश दक्षिण दिशा में 5m चला और पूर्व की ओर मुड़ गया। वह फिर से 5m चला, फिर अपने बाएँ मुड़ा और 10m चलने के बाद रुक गया। वह फिर अपने बाएँ मुड़ा और 5m चल कर रुक गया। अब गणेश अपने आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?

(a) 5 m (b) 20 m
(c) 10 m (d) $5\sqrt{2}$ m

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : गणेश के चलने का क्रम निम्नवत् है -



गणेश की प्रारम्भिक बिन्दु से दूरी (AE) = CD – AB
= 10 – 5
= 5 m

24. राम अपने घर से निकलकर 5 km सीधा चलता। फिर दाँए मुड़ने के बाद वह 8 km चला। फिर वह बाँए मुड़ा है और 2 km चलकर दुकान A पर पहुँचा। वहाँ से वह पुनः दाँए मुड़ा और 2 km चला। फिर वह अपने दाँए मुड़कर 7 km की दूरी तय करके दुकान B पर पहुँचा।
राम के घर से दुकान A तक पहुँचने के लिए तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 7 km (b) 13 km
(c) 22 km (d) 15 km

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : राम का गमन पथ निम्नवत् है-



राम द्वारा 'घर' से दुकान A तक पहुँचने में,
तय की गयी दूरी = 5 + 8 + 2
= 15 km

25. सीता फतेहपुरी (F) में अपने कॉलेज जाने के लिए अंधेरी (A) में अपने घर से एक ऑटो लेती है। सीधे कॉलेज जाने वाली सीधी सड़क पर जाने के बजाय जहाँ कोई मोड़ नहीं था, ऑटो चालक 10 km बाद मुड़ता है और बांद्रा (B) चौराहे से दाहिनी ओर मुड़ता है, फिर 8 km के बाद कोलाबा T–बिंदु (C) से बाएं मुड़ता है, फिर 12 km के बाद डलहौजी बिल्डिंग (D) से बाएं मुड़ जाता है और 8 km के बाद एल्फिल्टन बिन्दु (E) पर दाएं मुड़ता है और 4 km दूरी को तय करने के बाद फतेहपुरी (F) तक पहुँचता है। यदि ऑटो चालक ने सीधा रास्ता लिया होता तो सीता ने वास्तव में शुरुआती बिन्दु और गंतव्य के बीच कितनी कम दूरी तय की होती?

(a) 10 km (b) 18 km
(c) 16 km (d) 12 km

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : सीता के चलने का क्रम निम्नवत् है-



A और के F बीच कुल दूरी (सीधा न चलने पर) = 10 + 8 +12 + 8 + 4 = 42
A और F के बीच सीधी दूरी = 10 + 12 + 4 = 26
अतः अन्तर = 42 – 26 = 16 km

26. राखी 3 मीटर उत्तर की ओर चलती है, फिर दाहिने मुड़कर 4 मीटर चलती है, उसके बाद पुनः दाहिने मुड़कर 2 मीटर चलती है, उसके बाद पुनः दाहिने मुड़कर 4 मीटर चलती है। तो वह अपनी प्रारंभिक स्थिति से कितने मीटर दूर है?

(a) प्रारंभिक बिन्दु या 0 पर (b) 1 m
(c) 4 m (d) 2 m

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : राखी के चलने का क्रम निम्नवत् है –



अतः राखी अपने प्रारम्भिक बिन्दु से 1 m की दूरी पर है।

27. शीतल 25 m पूर्व की ओर चलती है। उसके बाद वह दाईं ओर मुड़ती है तथा 25 m और चलती है। वह फिर दाईं ओर मुड़ती है तथा 40 m और चलती है। इसके बाद फिर से दाईं ओर मुड़ कर वह 25 m चलती है। अंत में, वह बाईं ओर मुड़ती है और 10 m चलती है। शीतल अपनी आरंभिक स्थिति से कितनी दूर है?

(a) 10 मीटर (b) 20 मीटर
(c) 15 मीटर (d) 25 मीटर

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :



आरंभिक स्थिति से दूरी = AE + EF = 15 +10 = 25 m
अतः शीतल अपनी प्रारम्भिक स्थिति से 25m दूरी पर है।

28. जॉन ओर जेनी उत्तर की ओर मुँह किए हुए एक बिंदु पर खड़े हैं। जॉन सुबह जेनी से अलग होकर 15 मिनट में 3 km पश्चिम की ओर चला। उसके बाद वह 25 मिनट में 4km दक्षिण की ओर चला। जॉन से मिलने के लिए जेनी को न्यूनतम कितनी दूरी तय करनी होगी?

(a) 5 km (b) 8 km
(c) 7 km (d) 4 km

RRB NTPC 22.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
माना जॉन से मिलने के लिए जेनी को न्यूनतम x km दूरी तय करनी होगी–



पाइथागोरस प्रमेय से,

$$x = \sqrt{3^2+4^2} = \sqrt{9+16} = \sqrt{25} = 5 \text{ km}$$

29. सुजल एक अच्छा धावक है जो बिंदु A से उत्तर दिशा की ओर 8 km चला। वह पीछे की ओर घूमा और 6 km/hour (किलोमीटर/घंटा) की चाल से दौड़ा। 10 मिनट दौड़ने के बाद, वह बिंदु A से कितनी दूर है?

(a) 6 km (b) 9 km (c) 7 km (d) 2 km

RRB NTPC 12.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

सुजल द्वारा उत्तर दिशा में चली गयी कुल दूरी = 8 Km
पीछे मुड़कर चलने पर सुजल की चाल = 6 Km/h
पीछे मुड़कर चलने में सुजल द्वारा लिया गया समय = 10 मिनट

$$= \frac{10}{60} \text{ घंटा}$$

पीछे मुड़कर सुजल द्वारा चली गई दूरी = चाल × समय

$$= 6 \times \frac{10}{60} = 1 \text{ Km}$$

अतः सुजल की अब बिंदु A से दूरी = 8 − 1 = 7 Km

30. सचिन रोज अपनी साइकिल से स्कूल जाता है और उसके घर और स्कूल के बीच की दूरी 7 किमी. है। स्कूल समय के बाद, वह सीधे स्कूल से जिम जाता है। स्कूल से जिम की दूरी 3 किमी. है। जिम से, वह एक बाजार जाता है। जिम और बाजार के बीच की दूरी 2 किमी. हैं। बाजार और उसके घर के बीच की दूरी 2.5 किमी. है।

उसके घर और जिम के बीच की निकटतम (सबसे छोटे मार्ग द्वारा) दूरी कितनी है?

(a) 4.5 किमी. (b) 2 किमी.
(c) 3 किमी. (d) 10 किमी.

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : सचिन के चलने का क्रम निम्नवत् है-

घर से बाजार की दूरी = 2.5 km
बाजार से जिम की दूरी = 2 km
अतः उसके घर और जिम के बीच की निकटतम दूरी
= (2.5+2) km = 4.5 km.

31. एक दिन गणेश अपने घर से निकलकर 10 किलोमीटर दक्षिण दिशा में साइकिल से चलता है फिर दायी ओर मुड़ते हुए 5 किलोमीटर जाता है, फिर दायीं ओर घूमते हुए 10 किलोमीटर चलता है और अन्त में बायीं ओर घूमते हुए 10 किलोमीटर की दूरी तय करता है। गणेश को अपने घर सीधे पहुँचने में कितने किमी. दूरी तय करनी होगी?

(a) 30 km (b) 15 km
(c) 25 km (d) 35 km

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : I

Ans : (b) प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर



अत : घर एवं तय स्थान के बीच की सीधी दूरी = 5+10 = 15km.

32. विनय अपने घर से निकल कर दक्षिण दिशा में पैदल चलता है। 21 किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात वह दांयी ओर घूमकर सीधा 20 km की दूरी तय करता है। अपने प्रारम्भिक स्थिति से वह कितनी दूर है?

(a) 29.68 km (b) 29.00 km
(c) 41.00 km (d) 24.00 km

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : III

Ans. (b) :



प्रा. स्थान और गंतव्य स्थान के बीच की न्यूनतम दूरी

$$= \sqrt{(21)^2+(20)^2}$$
$$= \sqrt{441+400}$$
$$= \sqrt{841}$$
$$= 29 \text{ km}$$

33. प्रिंस और राकेश ने क्रमशः दो अलग-अलग बिंदुओं 'A' और 'B' से चलना शुरू किया। प्रिंस उत्तर की ओर 9 km चलता है, फिर पूर्व की ओर मुड़ता है, और 7 km चलता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ता है, और 5 km चलता है, और अंत में उत्तर की ओर मुड़ता है, और 6 km चलकर बिंदु 'C' पर पहुँचता है। इसी तरह राकेश उत्तर की ओर 5 km चलता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ता है, और 9 km चलता है और अंत में उत्तर की ओर मुड़ता है, 10 km चलकर बिंदु 'C' पर प्रिंस से मिलता है। प्रिंस और राकेश के आरंभ बिंदुओं के बीच दूरी कितनी है?

(a) 17 km/17 किमी. (b) 11 km/11 किमी.
(c) 21 km/21 किमी. (d) 13 km/13 किमी.

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) :



अतः स्पष्ट है कि प्रिंस और राकेश के प्रारंभिक बिन्दुओं के बीच की दूरी = 11 किमी. है।

Type-4 : दूरी और दिशा पर आधारित मिश्रित प्रश्न

34. लोकेश पूर्व की ओर 4 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 3 km और चलता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है, और 4 km चलकर रुक जाता है। अब उसके सामने की ओर कौन सी दिशा है, और वापस आरंभ बिंदु तक पहुंचने के लिए उसके द्वारा तय की जाने वाली न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

(a) पश्चिम, 7 km (b) उत्तर, 4 km
(c) पश्चिम, 3 km (d) उत्तर, 7 km

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) :



अब वह पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख है तथा प्रा. बिन्दु तक पहुँचने के लिए तय की गयी न्यूनतम दूरी = 3km

35. एक व्यक्ति ने एक बिंदु से शुरु करके अपनी कार से उत्तर की ओर 138 किमी. की दूरी तय की। एक चौराहे पर, वह दाएं मुड़ा और 50 किमी. की दूरी तय की। वह फिर से दाएं मुड़ा और 138 किमी. की दूरी तय की। वहां से, वह दाएं मुड़ा और 40 किमी. की दूरी तय की। वह अब अपने आरंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में हैं ?

(a) पश्चिम की ओर 10 किमी.
(b) पूर्व की ओर 10 किमी.
(c) पश्चिम की ओर 366 किमी.
(d) पूर्व की ओर 366 किमी.

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) :



अतः वह अब अपने आरंभिक बिन्दु से पूर्व की ओर 10 km दूर है।

36. पल्लवी अपने कॉलेज लाइब्रेरी से 70 मी. उत्तर की ओर चलती है, उसके बाद 60 मी. पूर्व की ओर चलती है, उसके बाद 45 मी. उत्तर की ओर चलती है और उसके बाद 60 मी. पश्चिम की ओर चलती है। वह उस जगह कैंडी शॉप में कैंडी खरीदने के लिए रूकती है। फिर वह 50 मी. उत्तर की ओर चलती है। कैंडी शॉप से पल्लवी की कॉलेज लाइब्रेरी कितनी दूर और किस दिशा में है?

(a) 150 मी., पूर्व (b) 165 मी., दक्षिण
(c) 115 मी., उत्तर (d) 115 मी., दक्षिण

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : पल्लवी का गमन पथ इस प्रकार है –



अतः कैंडी शॉप से पल्लवी की कॉलेज लाइब्रेरी की दूरी 115 मी. दक्षिण दिशा में हैं

37. जगदीश अपने घर से पूर्व की ओर 200 कदम चलता है, और वह दाएं मुड़कर 40 कदम चलकर एक चाय की दुकान पर पहुँचता है। फिर वह दाएं मुड़कर 40 कदम चलकर एक बस अड्डे पर पहुँचता है। उसके बाद, फिर वह दाएं मुड़कर 40 कदम चलता है। वहां से, वह फिर दाएं मुड़कर 140 कदम चलकर, डाक घर पहुंचता है। जगदीश के घर से डाक घर कितनी दूर व किस दिशा में स्थित है?

(a) 300 कदम, पूर्व (b) 220 कदम, उत्तर
(c) 380 कदम, पूर्व (d) 300 कदम, पश्चिम

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : जगदीश के चलने का क्रम निम्नवत् है-



घर से डाकघर की दूरी = 200 +100
= 300 कदम

स्पष्ट है कि जगदीश के घर से डाकघर 300 कदम दूर एवं पूर्व दिशा में है।

38. अर्जुन अपने घर से 40 मीटर उत्तर की ओर, उसके बाद 50 मीटर पूर्व की ओर, उसके बाद 35 मीटर उत्तर की ओर और उसके बाद 50 मीटर पश्चिम की ओर चला। वह इस बिंदु पर एक फल की दुकान से कुछ फल खरीदने के लिए रुका। वह फिर से 40 मीटर उत्तर की ओर चला। फलों की दुकान से अर्जुन का घर कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(a) 75 मीटर, दक्षिण (b) 80 मीटर, पूर्व
(c) 115 मीटर, उत्तर (d) 115 मीटर, दक्षिण

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :



अतः फल की दुकान से अर्जुन के घर की दूरी व दिशा = 35 + 40 = 75 मीटर दक्षिण दिशा में है।

39. सुधा ने रुचि को रुचि के घर से अपने घर की दिशा बताई। उसने रुचि को बताया, 'यदि तुम पूर्व की ओर 30m की तय करती हो और फिर अपनी बाईं ओर मुड़कर और 40 m की दूरी तय करती हो, तो तुम एक x प्वांइट पर पहुँच जाओगी। वहाँ से, अपने दाईं ओर मुड़कर 30m की दूरी तय करना। फिर अपनी दाई, ओर मुड़कर 20m की दूरी तय करना और तत्पश्चात पुनः अपने बाईं ओर मुड़कर 20m की दूरी तय करना। अंत में, अपनी दाई ओर मुड़कर 20m की दूरी तय करना, तो तुम मेरे घर पहुँच जाओगे। सुधा का घर रुचि के घर से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पश्चिम की ओर 80 मीटर की दूरी पर
(b) पश्चिम की ओर 40 मीटर की दूरी पर
(c) पूर्व की ओर 80 मीटर की दूरी पर
(d) पश्चिम की ओर 80 मीटर की दूरी पर

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :



आरेख से स्पष्ट है कि सुधा का घर रुचि के घर से 80 मीटर दूरी पर पूर्व की ओर है।

40. M अपने घर से चलना शुरू करती है। वह 300 m दक्षिण की ओर जाती है, फिर दाएँ मुड़ती है और 800 m चलती है। वह फिर दाएँ मुड़ती है और 450 m चलती है, फिर दाएँ मुड़ती है 250 m चलती है। वह फिर बाएँ मुड़ती है और 150 m चलती है वह फिर दाएँ मुड़ती है और 550 m चलती है। अपने घर तक सबसे छोटे मार्ग से वापस आने के लिए उसे किस दिशा में और कितनी दूर चलना होगा?

(a) दक्षिण की ओर 300 m (b) पश्चिम की ओर 250 m
(c) पूर्व की ओर 250 m (d) उत्तर की ओर 300 m

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्न में दिए गए निर्देश के अनुसार आरेख निर्मित करने पर-



अतः आरेख से स्पष्ट है कि M को सबसे छोटे मार्ग से अपने घर तक वापस आने के लिए 300 मी. दक्षिण दिशा में चलना होगा।

41. मुनीर उत्तर की ओर 340 कदम दौड़ा और उसके बाद बाएं मुड़कर 90 कदम दौड़ा। उसके बाद वह दाएं मुड़कर 130 कदम दौड़ा। फिर, वह अपने दाएं मुड़कर 90 कदम दौड़ा। यहां से, वह अपने दाएं मुड़कर और 240 कदम दौड़ा। अब मुनीर अपने आरंभ बिंदु से कितनी दूरी और किस दिशा में है?

(a) 230 कदम, उत्तर (b) 200 कदम, दक्षिण
(c) 100 कदम, उत्तर (d) 330 कदम, पूर्व

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार चित्र बनाने पर



अतः मुनीर की दूरी = (340 + 130) – 240
= 470 – 240
= 230 कदम उत्तर

42. करन उत्तर की ओर 100 कदम चलता है और फिर बाएं मुड़कर 30 कदम चलता है। उसके बाद वह 40 कदम दाएं चलता है। फिर वह दाएं मुड़कर 40 कदम चलता है। वहां से पुनः दाएं मुड़कर वह 140 कदम चलता है। अब करन अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(a) 10 कदम, पश्चिम (b) 20 कदम, उत्तर
(c) 10 कदम, पूर्व (d) 20 कदम, पश्चिम

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : करन का गमन पथ इस प्रकार है-



अतः करन अपने प्रारंभिक बिंदु से (40 – 30 = 10) कदम पूर्व दिशा में है।

43. मुन्नी पार्क से पश्चिम की ओर 75 m चली, फिर उत्तर की ओर मुड़कर 25 m चली, फिर पूर्व की ओर मुड़कर 35m चली और फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 25 m चली। इस स्थान पर वह चूड़ियों की दुकान पर चूड़ियां खरीदने के लिए रुकी। फिर वह पुनः दक्षिण की ओर 35 m चली। पार्क, चूड़ियों की दुकान से कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(a) 60 m दक्षिण में (b) 40 m पूर्व में
(c) 75 m पश्चिम में (d) 40 m पश्चिम में

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से,



चित्र से स्पष्ट है कि चूड़ियों की दुकान से पार्क, 40 m, पूर्व दिशा में है।

44. X, एक कॉफी शॉप से 500 m पूर्व की ओर, फिर 200 m दक्षिण की ओर; फिर 50 m पश्चिम की ओर; फिर 50 m उत्तर की ओर; फिर 50 m पश्चिम की ओर और उसके बाद 150 m उत्तर की ओर चला। X कॉफी शॉप से कितनी दूर और किस दिशा में है?

(a) 400 m, पूर्व (b) 350 m, पूर्व
(c) 200 m, पूर्व (d) 400 m, पश्चिम

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : X का पथ क्रम निम्न प्रकार है-



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि X अपनी स्थिति (G) में कॉफी शॉप (A) से (500–100) = 400 m दूर पूर्व दिशा में है।

45. तन्नू अपने प्रारंभिक स्थान से 3 m उत्तर की ओर चली। मन्नू उसी प्रारंभिक बिंदु से 4 m पूर्व की ओर चली। गुन्नू ने उस बिंदु से चलना शुरू किया, जहाँ तन्नू रूकी थी और सबसे छोटा रास्ता लेकर सीधे मन्नू की ओर गयी। ज्ञात करें कि वह किस दिशा में गई और कितनी दूरी तय की ?

(a) पश्चिम, 4.98 m (b) उत्तर-पूर्व, 5 m
(c) दक्षिण, 4.98 m (d) दक्षिण-पूर्व, 5 m

RRB NTPC 12.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



चित्र के अनुसार गुन्नू के लिए सबसे छोटा रास्ता AC होगा–

$AC^2 = AB^2 + BC^2$

$AC = \sqrt{3^2 + 4^2}$

AC = 5 m.

चित्र से स्पष्ट है कि गुन्नू को 5 मी. दक्षिण-पूर्व की ओर चलना पड़ेगा।

46. मुनीर अपने स्कूल से 85 मीटर पश्चिम, 45 मीटर उत्तर, 25 मीटर पूर्व और फिर 45 मीटर दक्षिण में चला। वह पुस्तकालय से किताबें जारी करने के लिए इस बिंदु पर रुक गया। मुनीर का स्कूल पुस्तकालय से कितनी दूर और किस दिशा में है।

(a) 60 मीटर, पूर्व (b) 60 मीटर, दक्षिण
(c) 60 मीटर, पश्चिम (d) 55 मीटर, पश्चिम

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्न से,



मुनीर का स्कूल से पुस्तकालय की दूरी
= 85–25
= 60 m (पूर्व)
अतः मुनीर का स्कूल पुस्तकालय से दूरी 60 मी., पूर्व दिशा में है।

Type-5
घड़ी की सुईयों की दिशा पर आधारित प्रश्न

47. रेखा की घड़ी में प्रदर्शित समय के अनुसार, अभी सवा नौ बजे हैं और घंटे की सुई पश्चिम की ओर इंगित कर रही है। 75 मिनट बाद मिनट की सुई किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) दक्षिण (d) पश्चिम

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



अतः 9:15 में 75 मिनट जोड़ने पर 10:30 पर मिनट की सुई दक्षिण दिशा की ओर होगी।

48. रोहन की घड़ी में प्रदर्शित समय के अनुसार, अभी साढ़े छह बजे हैं और घड़ी की सुइयां दक्षिण दिशा की ओर इंगित कर रही है, तो ठीक 24 घंटे बाद मिनट की सुई दी गई दिशाओं में से किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पश्चिम (d) पूर्व

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

24 घण्टे बाद घड़ी की मिनट की सुई की दिशा वही अर्थात दिशा दक्षिण होगी।

49. रिंकु की घड़ी के अनुसार सवा आठ बजे है। यदि मिनट की सुई, पूर्व की दिशा की ओर इंगित करती है, तो घंटे की सुई किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर- पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पूर्व

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,



मिनट की सुई पूर्व की तरफ है तो घंटे की सुई दक्षिण-पश्चिम की ओर इंगित करेगी।

50. निहाल की घड़ी के अनुसार अभी डेढ़ बजे हैं और घंटे की सुईं उत्तर-पूर्व दिशा की ओर इंगित कर रही है। यह मानते हुए कि निहाल की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, 30 मिनट बाद मिनट की सुई किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

(a) दक्षिण (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) पूर्व

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) प्रश्नानुसार,

उपरोक्त चित्रों से स्पष्ट है कि समय परिवर्तन के बाद की स्थिति में मिनट की सुई उत्तर दिशा की ओर इंगित करेगी।

51. रजनी की घड़ी के अनुसार, इस समय पौने 6 हुए हैं। यदि घंटे की सुई दक्षिण की ओर हैं, तो मिनट की सुई किस दिशा में होगी?

(a) पूर्व (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) उत्तर

RRB NTPC 22.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



अतः मिनट की सुई पश्चिम दिशा में होगी।

Type-6 : विविध

52. कमल अपने घर से उत्तर-पश्चिम दिशा में 10 km और फिर दक्षिण-पश्चिम दिशा में 10 km गाड़ी चलाता है। उसके बाद, वह दक्षिण-पूर्व दिशा में 10 km गाड़ी चलाता है। अंत में, वह अपने घर की ओर मुड़ता है और आगे चलता है।
निम्न में से उसके किस दिशा में गाड़ी चलाने की संभावना सबसे अधिक है ?

(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि कमल 'उत्तर-पूर्व दिशा में गाड़ी चलाने की सम्भावना सबसे अधिक है।

53. अली बिंदु P से पश्चिम की ओर 12 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़कर 6 km गाड़ी चलाकर बिंदु Q पर पहुंचता है। वहां से वह दाएं मुड़कर, 5km गाड़ी चलाकर बिंदु S पर पहुंच जाता है। फिर वह आखिरी बार दाएं मुड़ता है, और 10 km गाड़ी चलाकर बिंदु T पर रुक जाता है।

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उसे बिंदु T से वापस बिंदु P पर पहुंचाएगा?

(a) उत्तर की ओर 4 km गाड़ी चलाए, फिर बाईं ओर मुड़कर 7 km गाड़ी चलाए।

(b) पूर्व की ओर 7 km गाड़ी चलाए, फिर बाईं ओर मुड़कर 4 km गाड़ी चलाए।

(c) पश्चिम की ओर 4 km गाड़ी चलाए, फिर दाईं ओर मुड़कर 10 km गाड़ी चलाए।

(d) पूर्व की ओर 5 km गाड़ी चलाए, फिर दाईं ओर मुड़कर 4 km गाड़ी चलाए।

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



स्पष्ट है कि बिंदु T से बिंदु P पर पहुचने के लिए अली को गाड़ी पूर्व की ओर 7 किमी. चलाने के बाद बायी ओर मुड़कर 4 किमी. चलाना होगा।

54. P अपने कार्यालय से पूर्व दिशा की ओर 6 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दक्षिण की ओर 1 km गाड़ी चलाकर पुस्तकालय पहुँचता है, वहां से वह क्लीनिक जाने के लिए बाएँ मुड़कर 2 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएँ मुड़कर 2 km गाड़ी चलाकर बाजार पहुँचता है, फिर दाएँ मुड़कर 1 km गाड़ी चलाकर अपनी ससुराल पहुँचता है और अपनी पत्नी को लेकर दाएँ मुड़कर डिनर करने के लिए 5 km गाड़ी चलाकर एक रेस्टोरेंट में जाता है।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्न में से कौन सा विकल्प सही है?

(a) यदि P रेस्टोरेंट से 1 km पश्चिम की ओंर गाड़ी चलाए, फिर दाएँ मुड़कर 3 km जाए, तो वह क्लीनिक पहुँच जाएगा।

(b) यदि P अपने कार्यालय से दक्षिण की ओर 5 km गाड़ी चलाएं, फिर बाएँ मुड़कर 9 km जाए, तो वह रेस्टोरेंट पहुँच जाएगा।

(c) पुस्तकालय बाजार से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

(d) P की ससुराल उसके कार्यालय से निश्चित तौर पर 7 km से कम दूरी पर है।

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर —



अतः आरेख से स्पष्ट है कि यदि P रेस्टोरेंट से 1 km पश्चिम की ओर गाड़ी चलाए, फिर दाँये मुड़कर 3 km जाए, तो वह क्लीनिक पहुँच जायेगा।

55. यदि दक्षिण-पूर्व दो स्थान बदलता है तो उत्तर-पूर्व बन जाता है, उत्तर-पश्चिम दो स्थान बदलता है, तो दक्षिण पश्चिम बन जाता है और यह मानते हुए कि शेष सभी दिशाओं को इसी तरीकें से बदल दिया जाता है, तो पश्चिम की दिशा क्या होगी?

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व

(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दिशाओं से 90° वामावर्त घूमने पर बदली हुई दिशा प्राप्त होती है इस प्रकार पश्चिम की दिशा से 90° वामावर्त घूमने पर दक्षिण दिशा प्राप्त होगी।



56. शिप्रा अपनी दादी के घर की ओर जाने के लिए निकली। वह अपने घर से निकलकर पहले बांयी ओर घूमती है। उसके बाद वह दांयी ओर तत्पश्चात दायीं ओर तथा बांयी ओर घूमती है। और आखिर में दायीं ओर घूम (मुड़) जाती है तथा अपनी दादी के घर के दरवाजे के ठीक सामने पहुँचती है। यदि शिप्रा का घर पूरब दिशा में है तो उसकी दादी का घर है?

(a) पूरब दिशा में (b) पश्चिम दिशा में

(c) दक्षिण दिशा में (d) उत्तर दिशा में

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II

Ans. (d) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर-



शिप्रा के दादी का घर उत्तर दिशा में होगा।

07.

रक्त संबंध (Blood Relation)

Type-1 : व्यक्ति संबंध पर आधारित प्रश्न

1. रूबी और जूही बहनें हैं। कृष्णा जूही के पिता के पिता हैं। रेशमा अरविंद की मां है। अरविंद, रोहित के पिता हैं, जो रूबी का इकलौता भाई है। कृष्णा का रोहित से क्या संबंध है?

(a) दादा/पिता के पिता (b) मामा/मां का भाई
(c) नाना/मां के पिता (d) पिता

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर,



अतः कृष्णा, रोहित के दादा अर्थात् पिता के पिता हैं।

2. अमरूद, अंगूर के पिता का इकलौता भाई है। आम, सेब की माँ है। सेब, कीवी का भाई है। सेब के नाना की पत्नी, अंगूर की दादी भी है। आम का अमरूद से क्या सम्बन्ध है?

(a) मौसी/माँ की बहन (b) बहन
(c) माँ (d) बहन की पुत्री

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b**) :** रक्त संबंध आरेख निम्नवत् है–

अतः आम, अमरूद की बहन है।

3. नेहा विपुल की मां है। रजत, नेहा का भाई है। प्रभाकर, रजत का पिता है। प्रभाकर का विपुल से क्या संबंध है?

(a) मामा/ मां का भाई (b) नाना/ मां का पिता
(c) दादा/ पिता के पिता (d) चाचा/ पिता का भाई

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त-संबंध आरेख बनाने पर–



अतः प्रभाकर, विपुल के माँ का पिता है।

4. सुजल, X की सास के पति वीर का इकलौता बेटा है। कशिश, सुजल की पत्नी है। सुजल की केवल एक बहन है, जिसका नाम विमरा है। X का विमरा से क्या संबंध है?

(a) पति (b) पत्नी
(c) मामा (d) चाचा

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख निम्नवत है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि X, विमरा का पति है।

5. राहुल, राज का भाई है। राधा, रमन की बहन है। राज, राधा का पुत्र है। फिर राहुल का राधा से क्या संबंध है?

(a) भतीजा/भांजा (b) बेटा
(c) चाचा/फूफा/मामा/मौसा (d) भाई

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b**) :** प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख निम्नवत है-



उपर्युक्त रक्त संबंध आरेख से स्पष्ट है कि राहुल राधा का बेटा है।

6. गीता का परिचय कराते हुए भानु कहता है, 'वह मेरी नानी/दादी की इकलौती पुत्री की पुत्री है।' भानु का गीता से क्या संबंध है निम्नलिखित विकल्पों में से चुनें?

(a) पुत्र (b) भाई
(c) पिता (d) मामा/मौसा

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख निम्नवत् है-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि भानु, गीता का भाई है।

7. सेलेना, जेम्स की बहन है और जेम्स, ईडन का पिता है। मॉर्को, जेम्स की बहन का बेटा है। ईडन के पति रॉबर्ट की एक मित्र इलेना है, जो सेलेना की बुआ है, तो रॉबर्ट का जेम्स से क्या संबंध है?

(a) बहन का बेटा (b) बेटी का पति
(c) पत्नी का पिता (d) बेटा

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर -

अतः उपर्युक्त रक्त संबंध आरेख से स्पष्ट है कि राबर्ट जेम्स की बेटी का पति है।

8. यदि आप अपनी माँ, मैरी की इकलौती संतान हैं। आपके मामा क्रिस्टोफर, मर्मिया के पति हैं। सोफी मर्मिया की इकलौती बहन है। जीनाथन, सोफी की बहन का बेटा है। आपकी माँ का जीनाथन से क्या संबंध है ?

(a) पिता की बहन (b) पिता की माँ
(c) माँ की माँ (d) माँ की बहन

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर–



अतः व्यक्ति की माँ का जीनाथन से पिता की बहन अर्थात बुआ का सम्बन्ध है।

9. जमन और समन भाई हैं, जिनका एकल अभिवावक सोशियो है। सोशियो, दमन का भाई है, जिसकी मां का इकलौता भाई, शेर है। दमन, जमन की बुआ है। शेर का केवल एक भांजा और एक भांजी है। शेर के भांजे का नाम क्या है ?

(a) सोशियो (b) जमन
(c) दमन (d) समन

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त सम्बन्ध आरेख खींचने पर-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि शेर के भांजे का नाम सोशियो है।

10. हृदय, फेफड़े की पुत्री है। इसके अतिरिक्त, उसका इकलौता सहोदर-एक भाई है, जिसका नाम गुर्दा है। पेट, फेफड़े का पति है। आंख और हृदय, पति-पत्नी है। अग्न्याशय, गुर्दे का मामा है। अग्न्याशय का फेफड़े से क्या संबंध है?

(a) पत्नी का भाई (b) मां का भाई
(c) पिता (d) भाई

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध से,



अतः अग्न्याशय का फेफड़े से भाई का सम्बन्ध है।

11. मोनिका और चंदलर सगे भाई-बहन हैं। चंदलर, ग्रेस का भांजा और मारिया का पिता है। कैथी, ग्रेस की बहन है। फोबे, कैथी की मां है। मोनिका का फोबे से क्या संबंध है ?

(a) पोती/नातिन (b) चाची/बुआ/मामी/मौसी
(c) भांजी/भतीजी (d) बेटी

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : रक्त संबंध आरेख निम्नवत् है-



अतः उपर्युक्त रक्तसंबंध आरेख से स्पष्ट है कि मोनिका फोबे की पोती /नातिन है।

12. डस्टिन, माइक का बेटा है। विल, बॉब के बेटे का नाम है। बॉब के पिता का बेटा एलेक्स, माइक का भाई है। डस्टिन का विल से क्या संबंध है ?

(a) मित्र (b) भाई का बेटा
(c) पिता का भाई (d) पिता के भाई का बेटा

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि डस्टिन, विल के पिता के भाई का बेटा है।

13. मोहित का पुत्र रोहित है, जिसकी शादी गीता से हुई है। गीता के पति का इकलौता भाई-देव, बबीता का पुत्र है। बबीता और जमिता दोनों बहनें हैं और अपने माता-पिता की दो ही सन्तानें हैं। बबीता का गीता से क्या संबंध है?

(a) माँ (b) पति की बहन
(c) सास (d) बहन

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर -



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि बबीता, गीता की सास है।

14. एक आदमी ने एक महिला से कहा, ''आपके पति की बेटी मेरे भाई की बेटी है।'' उस आदमी का उस महिला की बेटी से क्या संबंध है?

(a) भाई (b) पिता का भाई
(c) पिता (d) माँ का भाई

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार रक्त सम्बन्ध आरेख निम्न प्रकार है-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि वह आदमी, महिला की बेटी के पिता का भाई है।

15. संध्या की केवल एक पुत्री है। सुखी की बहन रीना संध्या की मौसी है। सुखी की मां ब्रूना की केवल दो परनातिन एनम और जैस्मिन है। रीना के दो नाती-नातिन रोहन और एनम हैं। संध्या की बेटी कौन है ?

(a) जैस्मिन (b) ब्रूना
(c) एनम (d) रीना

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि जैस्मिन संध्या की बेटी है।

16. जितेश के बहनोई जगदीश, सुरेश के ससुर भी है। सुरेश की पत्नी जितेश से कैसे संबंधित है ?

(a) मौसी (b) भाभी/साली
(c) भांजी (d) चचेरी/ममेरी/फुफेरी बहन

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध से-

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सुरेश कि पत्नी जितेश की भाँजी होगी।
अतः विकल्प (c) सही होगा।

17. हरि, राम का ससुर और कंचन का पति हैं। कंचन अपनी इकलौती पुत्री सुमन की माँ है। यदि सरिता, सुमन की पुत्री है, तो सरिता और राम के बीच क्या संबंध है ?

(a) भतीजा और मामा (b) पुत्री और पिता
(c) भांजी और मामा (d) बहन और भाई

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सरिता और राम के बीच पुत्री और पिता का सम्बन्ध है।

18. सोहन ने राजू से कहा, 'कल मैं तुम्हारी माँ के पिता के इकलौती नातिन सुनीता से मिला था। राजू ने कहा कि उसकी माँ, अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। राजू का सुनीता से क्या संबंध है?

(a) भाई (b) पिता
(c) बहन (d) भतीजा/भांजा

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : रक्त सम्बन्ध आरेख निम्न प्रकार है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि राजू, सुनीता का भाई है।

19. एक परिवार में तीन जोड़ों समेत 7 परिजन हैं। कलाकार की शादी राजनेता से हुई है और उनके तीन बच्चे हैं। शिक्षिका, लेखाकार की जेठानी है, जो इंजीनियर की पत्नी है। डॉक्टर और कारोबारी दोनों भाई हैं। इनमें से कौन शिक्षिका का पति हो सकता है ?

(a) इंजीनियर (b) डॉक्टर
(c) राजनेता (d) लेखाकार

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, आरेख बनाने पर,



शिक्षिका का पति कारोबारी या डॉक्टर हो सकता है। अतः विकल्प में कारोबारी न होने के कारण शिक्षिका का पति डॉक्टर होगा।

20. गीत और अंशुमन, आदित्य की मां के भाई की संताने हैं, रूप का केवल एक भाई -मंजीत है और कोई बहन नहीं है। आयुष्मान, राजकुमार का बेटा है। आयुष्मान मंजीत का पिता, रूप के पति और मंजीत की पत्नी के कोई भाई-बहन नहीं हैं, यदि आदित्य, रूप का बेटा है तो मंजीत का गीत से क्या संबंध है?

(a) पिता (b) चाचा
(c) पति (d) मामा

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख निम्न प्रकार है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि मंजीत, गीत का पिता है।

21. जीन और कैथरीन सिंड्रेला की मौसी हैं। चार्ल्स सिंड्रेला का पति है। इसाबेला, चार्ल्स की सास की मां है। इसाबेला का जीन से क्या संबंध है ?

(a) मां (b) मौसी/मामी
(c) दादी/नानी (d) बहन

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर,

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि 'इसाबेला' 'जीन' की माँ है।

22. पुष्पा ने अपनी सहेलियों सुजीता और राधा का परिचय देते हुए कहा, राधा की नानी का इकलौता दामाद सुजीता का पिता है।'' नीचे दिए गए विकल्पों में से चयन करें कि सुजीता का राधा से क्या संबंध है?

(a) सास (b) मामी/मौसी
(c) बहन (d) मां

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख इस प्रकार है-



अतः उपर्युक्त रक्त संबंध आरेख से स्पष्ट है कि सुजीता, राधा की बहन है।

23. फातिमा और अब्दुल सहोदर हैं। फातिमा के पिता अजीज अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र हैं। अंसारी अब्दुल का दादा है। सारा, अंसारी की पुत्रवधू है। सारा का अजीज से क्या संबंध है ?

(a) बहन (b) मां
(c) पत्नी (d) चाची/बुआ/मौसी/मामी

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख इस प्रकार है-



अतः उपर्युक्त रक्त संबंध आरेख से स्पष्ट है सारा, अजीज की पत्नी है।

24. राम, अनिल का भाई है, और गोपाल का पुत्र है। अनिला, गोपाल की पत्नी है। नंदू, गोपाल के पिता हैं। अनिल का नंदू के क्या संबंध है?

(a) पिता का भाई (b) पिता के पिता
(c) भाई का पुत्र (d) पुत्र का पुत्र

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है –



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि अनिल, नंदू के पुत्र का पुत्र है।

25. आधार और पैन बहनें हैं, जिनकी मां संसद है। धन के दो भाई - सिक्के और नोट हैं। संसद के पति समाचार, धन के पिता भी हैं। पैन का धन से क्या संबंध है ?

(a) मामी /मौसी (b) चाची / बुआ
(c) भाई (d) बहन

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत है –

अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट कि पैन , धन की बहन है।

26. रमेश, मोहित की मां का ससुर है। मोहित, विशाल का इकलौता भाई है। मोहित का रमेश से क्या संबंध है ?

(a) पुत्र (b) पुत्र का पुत्र
(c) दामाद (d) पुत्री का पुत्र

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि मोहित रमेश के पुत्र का पुत्र है।

27. शांति की बेटी चांदनी की शादी अभि से हुई है। आँचल की शादी शांति के नाती/पोते सैंडी से हुई है। अभि का नाती/पोता करण है। रश्मि, करण की माँ है। शौर्य, आँचल का पुत्र है। शौर्य, करण से किस प्रकार संबंधित है ?

(a) भतीजा/भांजा
(b) पुत्र
(c) चचेरे/मौसेरे/ममेरे/फफेरे (भाई/बहन)
(d) भाई

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर,



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि शौर्य का करण से ममेरे/चचेरे/मौसेरे/फुफेरे/भाई/बहन का सम्बन्ध है।

28. प्रदीप कहते हैं, ''विशाल की माँ, मेरी माँ की इकलौती बेटी है।'' प्रदीप का विशाल से क्या संबंध है?

(a) पिता (b) भाई
(c) दादा/नाना (d) मामा/मौसा

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर,



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि प्रदीप विशाल के 'मामा' हैं।

29. अभिषेक आशु का भाई है, जो जय का बेटा है। स्वाति ज्योति की बेटी है। मालती, आशु और ज्योति की मां है। अभिषेक का स्वाति से क्या सम्बन्ध है?

(a) मां का भाई (b) भाई
(c) पिता (d) भाई का बेटा

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर–



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि अभिषेक, स्वाति की माँ का भाई है।

30. गज्जो, उमरा की माता है। मुन्नी, सुमो की माता है। शाहिद, हिफजान के पिता हैं। मुन्नी, हिफजान की बुआ और उमरा की मौसी है।
गज्जों का शाहिद से क्या संबंध हैं?

(a) बहन (b) भाई की पत्नी
(c) भाई की बेटी (d) बहन की बेटी

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख निम्नवत है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि गज्जो, शाहिद की बहन है।

31. राधा ने सीता से कहा, 'मेरी माँ के इकलौते भाई का पुत्र तुम्हारा भाई है।' राधा का सीता से क्या संबंध है ?

(a) पिता की बहन की पुत्री (b) बहन
(c) पिता की बहन (d) माँ के भाई की पुत्री

RRB NTPC 23.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि राधा, सीता के पिता की बहन की पुत्री है।

32. हर्ष, अजीत का पुत्र है। विनीता, अजीत की पत्नी है। अजय, हर्ष का भाई है। नेहा, अजय और कविता की इकलौती पुत्री है।
विनीता का नेहा से क्या संबंध है ?

(a) पिता की बहन (b) मां
(c) बहन (d) पिता की मां

RRB NTPC 27.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्न से,



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि विनीता, नेहा के पिता की माँ है।

33. फातिमा का केवल एक ही भाई/बहन है। उसकी एक ही पुत्री रुश्ना है। रुश्ना और रमीज पति-पत्नी हैं। उनकी मौसी, क्रमशः मरियम और खदीजा हैं। खदीजा की मां का मरियम की भतीजी से क्या संबंध है?

(a) पति की मां (b) पति की मां की मां
(c) मां की बहन (d) मां की मां

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर –



अतः खदीजा की माँ मरियम की भतीजी रूश्ना के पति (रमीज) की माँ की माँ है।

34. अबी और जैक क्रमशः पिता और पुत्र हैं। जैक, पॉलिनों का पोता है। सबरीना और मार्था क्रमशः पुत्री और मां हैं। सबरीना, अगाथा की पोती है। यदि अगाथा और पॉलिनों पति-पत्नी हैं और उनका एक ही बच्चा है, तो जैक का सबरीना से क्या संबंध है ?

(a) पिता (b) भाई
(c) चाचा/ताऊ/फूफा/मामा/मौसा (d) पति

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर –



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि जैक, सबरीना का भाई है।

35. हॉकिन्स, रमन की बहन का पति है। रमन, क्यूरी का भाई है। आइंस्टीन, क्यूरी के पिता और मारथा के पति हैं। मारथा के दो बच्चे और दो भतीजे हैं। मारथा, हॉकिन्स की पत्नी से किस प्रकार संबंधित है ?

(a) माँ (b) बहन
(c) मामी/मौसी (d) सास

RRB NTPC 22.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है।



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि मारथा, हॉकिन्स की पत्नी की माँ है।

36. सीतेश और सुरेश ममेरे भाई है। सुरेश की माता गीता की एक पुत्री समीक्षा है। अंजलि समीक्षा की बुआ है। अंजलि गीता से कैसे संबंधित है?

(a) पति की बहन (b) माँ की बहन
(c) भाई की पत्नी (d) बुआ

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार रक्त सम्बन्ध आरेख बनाने पर-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि अंजलि, गीता के पति की बहन है।

37. मीसा की शादी लाइट से हुई है। लाइट के बड़े भाई यागमी की दो बेटियां हैं। और कोई बेटा नहीं है, शीना दोनों में छोटी है। मिकासा, शीना की दादी है। ओशियो, मिकासा का पोता है। यागमी की सास की केवल एक ही संतान है। मिकासा की केवल दो संतानें हैं और मीसा, मिकासा की बहू है। लाइट का ओशियों से क्या संबंध है?

(a) पिता का भाई (b) बेटा
(c) पिता का पिता (d) पिता

RRB NTPC 19.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



अतः लाइट, ओशियों का पिता है।

38. अमन और वरुण भाई हैं। इवा, दिवा की पुत्री है। दिवा, फिजा के पति वरुण की बहन है। इवा का अमन से क्या संबंध है ?

(a) भाई की पुत्री (b) भाई की पत्नी की बहन
(c) बहन की पुत्री (d) पुत्री

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त सम्बन्ध स्थापित करने पर,



अतः आरेख से स्पष्ट है कि इवा, अमन की बहन की पुत्री है।

39. अपने पति को एक व्यक्ति का परिचय देते हुए, एक महिला ने कहा, ''उसके भाई के पिता मेरे दादा/नाना के इकलौते पुत्र है''। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(a) बहन (b) पुत्री
(c) माँ (d) चाची/मामी/बुआ/मौसी

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त सम्बन्ध आरेख खीचने पर-



अतः आरेख से स्पष्ट कि उस महिला का उस व्यक्ति से बहन का रिश्ता है।

40. ऋषि की मां मारिया के पिता की इकलौती बेटी है। मारिया के पति और ऋषि में क्या रिश्ता है?

(a) चाचा (b) पिता
(c) दादा (d) भाई

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



मारिया ऋषि की माँ है। इसलिए उसका पति ऋषि का पिता होगा।

41. हेमंत ने नैतिक से कहा, ''वह लड़का जो फुटबाल से खेल रहा है वह मेरे पिता की पत्नी की बेटी के दो भाईयों में से छोटा है।'' फुटबॉल खेल रहा लड़का हेमंत से किस तरह संबंधित है?

(a) बेटा (b) भाई
(c) चचेरा (d) भतीजा

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख इस प्रकार है-



अत: आरेख से स्पष्ट है कि फुटबॉल खेल रहा लड़का हेमंत का भाई है।

42. अजय कहता है, ''वह महिला मेरी माँ की एकमात्र ननद के पुत्र की दादी है।'' यदि अजय के पिता का सिर्फ एक भाई है और अजय की माँ का कोई भाई नहीं है तो वह महिला अजय से किस प्रकार संबंधित है?

(a) दादी (b) पत्नी
(c) नानी (d) माँ

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



अतः महिला, अजय के बुआ की सास अर्थात अजय की दादी हुई।

43. हितेन, मीता का परिचय अपने पुत्र के नाना के एकमात्र पुत्र की एकमात्र बहन की सास के रूप में कराता है। मीता, हितेन से किस प्रकार संबंधित है?

(a) माँ (b) सास
(c) पत्नी (d) भाभी (Maternal Aunt)

RRB NTPC 28.04.2016 (Shift II)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



अतः आरेख से स्पष्ट है कि मीता, हितेन की माँ है।

44. मार्क कहता है, 'लिंडा मेरी मां के पोते की पत्नी है'। मार्क, लिंडा का कौन है ?

(a) पिता (b) दादा
(c) ससुर (d) पति

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



अत: मार्क, लिंडा का ससुर है।

45. विजय कहता है, ''यह व्यक्ति मेरी बहन के पुत्र की नानी का दामाद है।'' यदि विजय के सिर्फ एक भाई या बहन हो तो वह व्यक्ति विजय से किस प्रकार संबंधित है?

(a) भाई (b) बहनोई
(c) मामा (d) चचेरा/ममेरा भाई

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि वह व्यक्ति, विजय का बहनोई है।

46. अरूण, चित्रा का पिता है तथा दिनेश, बवाना का लड़का है। मनीष, अरूण का भाई है। यदि चित्रा, दिनेश की बहन है। तो बवाना का मनीष से क्या संबंध है?

(a) बेटी (b) बहन
(c) सास (d) भाभी (साली)

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : III

Ans. (d) प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है बवाना, मनीष की भाभी है।

47. मीरा, सचिन की पत्नी है। सचिन की बहन शारदा है और वह अर्जुन की पत्नी है। अरूण, शारदा का बेटा है। अर्जुन, मीरा का भाई है। सोनाली, अर्जुन की बेटी है। अरूण, सोनाली का क्या है ?

(a) पिता
(b) भाई
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
(d) चाचा

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि अरूण सोनाली का भाई है।

48. सागर की दो बेटियां हैं, लता और आशा की इकलौती बुआ के बेटे के दादा अनिकेत हैं। सागर का अनिकेत की पत्नी से क्या रिश्ता है ?

(a) पिता (b) बेटा
(c) पोता (d) दादा/नाना

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सागर, अनिकेत की पत्नी का 'पुत्र' है।

49. हार्डी ने कहा, ''लॉरल की आंटी, मेरे पिताजी के ससुर की पहली बेटी है। मेरी नानी (grandmother) की केवल दो बेटियां थी।'' लॉरल का हार्डी की माँ से क्या रिश्ता है?

(a) भतीजी (b) बेटा
(c) बहन/ननद (d) मौसी

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि लॉरल, हार्डी की माँ का बेटा होगा।

50. गोपाल की माता मोहित के पिता के बेटे की पत्नी है। मोहित का कोई भाई या बहन नहीं है। गोपाल और मोहित किस प्रकार संबंधित है?

(a) पिता-पुत्र (b) चाचा-भतीजा
(c) बेटा-पिता (d) पोता-दादा

RRB NTPC 09.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि 'गोपाल और मोहित' में पुत्र-पिता का संबंध है।

51. अपने पति को नितिन का परिचय कराते हुए, एक महिला ने कहा, ''उसके भाई का पिता मेरे दादा की इकलौती संतान है।'' यह औरत नितिन से कैसे संबंधित है?

(a) माँ (b) बुआ
(c) बहन (d) बेटी

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : III

Ans. (c) प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि वह महिला, नितिन की बहन है।

52. आनन्द की माँ, चन्द्रा के पिता के पुत्र की बहन है। आनन्द, चन्द्रा के पिता से कैसे संबंधित है?

(a) दादा (b) पिता
(c) चाचा (d) पोता

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : II

Ans. (d) प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि आनन्द, चन्द्रा के पिता का 'पोता' है।

53. राम ने कहा, ''यह लड़की मेरे माँ के पोते की पत्नी है।'' राम उस लड़की का कौन है?

(a) पति (b) पिता
(c) ससुर (d) दादाजी

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि राम उस लड़की के पति का पिता अर्थात् ससुर होगा ।

54. श्वेता, कमला से किस प्रकार संबंधित है ?



(a) भतीजी/भांजी (b) पोती/नातिन
(c) पुत्री (d) बहन

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार आकृति से-

उपर्युक्त चित्र से ज्ञात होता है कि कमला, श्वेता की नानी है। अतः श्वेता कमला की पोती/नातिन होगी।

निर्देश (55-57): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

अजीत, कुमार का पुत्र है। कुमार की बहन सुष्मिता का एक पुत्र दीपक और एक पुत्री हरिश्मा है। बाबू दीपक का मामा है।

55. हरिश्मा बाबू से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पुत्री (b) भतीजी/भांजी
(c) बहन (d) पत्नी

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि हरिश्मा बाबू की भांजी हैं

56. बाबू के कितने भतीजे/भांजे हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) शून्य

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि बाबू के तीन भांजे/भतीजे (दीपक, अजीत तथा हरिश्मा) हैं।

57. अजींत दीपक से किस प्रकार संबंधित है?

(a) भतीजा/भांजा (b) भाई
(c) चाचा (d) चचेरा/ममेरा भाई

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि अजीत, दीपक का ममेरा भाई हैं।

58. सैम, रोज़ी का पति है। जेनी, रीता और रोज़ी की माँ है। वाज़, रीता का पिता है। वाज़, सैम का क्या लगता है ?

(a) भाई (b) ससुर
(c) पिता (d) बेटा

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि रोजी का पिता वाज, रोजी के पति सैम का ससुर है।

59. जोशी ने चित्रा से कहा, ''तुम्हारी पुत्री के पिता मेरे भाई के पुत्र है।'' चित्रा की पुत्री का जोशी के भाई से क्या रिश्ता है ?

(a) पुत्र (b) चाचा
(c) दादा (d) पोता

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : II

Ans. (c) प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि जोशी का भाई, चित्रा के पिता का पिता अर्थात, चित्रा का 'दादा' है।

60. एक व्यक्ति एक महिला को उसके चाचा के पिता की बेटी बताता है। उसके चाचा का एक ही भाई है। वह महिला उस पुरुष की ..... है–

(a) माँ (b) चाची/बुआ
(c) बहन (d) बेटी

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans : (b) प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि महिला, उस व्यक्ति की 'बुआ' है।

61. टॉम ने कहा, ''जेरी की चाची मेरी माता के पिता की दूसरी पुत्री है और मेरी नानी को केवल दो पुत्रियाँ ही थी।'' जेरी की माता का टॉम से क्या रिश्ता है?

(a) दादी (b) मामी/मौसी
(c) माता (d) बहन

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि जेरी की माता, टॉम की मौसी है।

62. रीता ने सीमा का परिचय कराया उसकी माँ के पिता के इकलौते बेटे की बेटी के रूप में। रीता सीमा से किस प्रकार संबंधित है?

(a) बहन (b) चाची
(c) भांजी (d) मामी

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि रीता, सीमा की 'ममेरी बहन' है।

63. अनीता, अर्जुन के मामा के पिता की एकलौती बेटी है। अनीता, अर्जुन से कैसे संबंधित है ?

(a) बहन (b) माँ
(c) चाची (d) दादी

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि अनीता, अर्जुन की माँ है।

64. अंकित ने शीला का अपने बेटे के दादा की एकमात्र बहन के रूप में परिचय करवाया। शीला अंकित से कैसे संबंधित है?

(a) माँ (b) बुआ
(c) बहन (d) बेटी

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि शीला, अंकित की बुआ है।

65. कपिल, मीता की माँ के पिता की इकलौती पोती के बेटे का भाई (cousin) है। कपिल, मीता से कैसे संबंधित है?

(a) बेटा (b) मामा
(c) भतीजा/भांजा (d) पोता

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि कपिल, मीता का भतीजा/भांजा है।

66. किट्टी ने कहा, 'उत्तरा मेरी माँ के भाई की पत्नी की दो बेटियाँ में से एक है। किट्टी की माँ से उत्तरा की बहन से किस तरह संबंधित है?

(a) मामी/बुआ (b) माँ
(c) दादी (d) बहन

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : I

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि किट्टी की माँ उत्तरा की बहन की बुआ (Aunt) है।

67. गुरू की माँ, सचिन की माँ की इकलौती बेटी है, गुरू का सचिन से क्या सम्बन्ध है ?

(a) मामा (b) भांजा
(c) भाई (d) पिता

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि गुरू, सचिन का 'भांजा' है।

68. धरूण का एक भाई आनन्द है। धरूण, कुमार का पुत्र है। कृष्णन, कुमार के पिता है। आनन्द कृष्णन से कैसे सम्बन्धित है?

(a) दादा (b) पिता
(c) पोता (d) पुत्र

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-I

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख बनाने पर-

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि आनन्द कृष्णन का पोता है।

Type-2 : फोटोग्राफ/संकेत पर आधारित प्रश्न

69. एक लड़के की ओर इशारा करते हुए, सुरेश ने कहा, 'उसकी मां का भाई, मेरी मां के पिता का इकलौता पुत्र है।' उस लड़के की मां का सुरेश से क्या संबंध है ?

(a) मौसी/मामी (b) बहन
(c) दादी/नानी (d) मां

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख निम्नवत है-



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि लड़के की माँ सुरेश की मौसी होगी।

70. रोहित ने फोटोग्राफ की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'वह मेरे पिता के इकलौते पुत्र की पुत्री है।' तो रोहित का इस फोटोग्राफ वाली लड़की से क्या संबंध है।

(a) चचेरे/ममेरे/फुफेरे/मौसेरे/-भाई/बहन
(b) भाई
(c) पिता
(d) चाचा/मामा/फूफा/मौसा

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, रक्त सम्बन्ध आरेख बनाने पर -



अतः रक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि रोहित का इस फोटोग्राफ वाली लड़की से पिता का सम्बन्ध है।

75 पक्षी प्रेमियों में से, 15 केवल सनबर्ड देखना चाहते हैं, 10 केवल फ्लाईकैचर देखना चाहते हैं, 12 सनबर्ड और नटहैच दोनों देखना चाहते हैं, 15 केवल बीईटर देखना चाहते हैं, 13 सनबर्ड और बीईटर दोनों देखना चाहते हैं, 5 फ्लाईकैचर और नटहैच दोनों देखना चाहते हैं तथा बाकी बचे लोग केवल नटहैच देखना चाहते हैं।



केवल नटहैच देखने वाले की संख्या = 75–70 = 5

92. कितने पक्षी प्रेमी केवल एक पक्षी देखना चाहते हैं?
(a) 30 (b) 40 (c) 45 (d) 50

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : केवल एक पक्षी देखने वाले पक्षी प्रेमी = 15 + 15 + 10 + 5 = 45

93. नटहैच पसंद करने वाले और बीईटर पसंद करने वाले पक्षी प्रेमियों में अनुपात है:
(a) 11/14 (b) 10/7 (c) 11/20 (d) 30/8

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : नटहैच पसंद करने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या = 12 + 5 + 5 = 22
बीईटर पंसद करने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या = 15 + 13 = 28
अनुपात $= \frac{22}{28} = \frac{11}{14}$

94. सनबर्ड और फ्लाईकैचर देखना चाहने वाले पक्षी प्रेमियों में अंतर है :
(a) 12 (b) 25 (c) 30 (d) 15

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : सनबर्ड देखना चाहने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या = 15 + 13 + 12 = 40
फ्लाईकैचर देखना चाहने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या = 10 + 5 = 15
अन्तर = 40 – 15 = 25

निर्देश-निम्नलिखित जानकारियों का अध्ययन करें और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

40 विद्यार्थियों की कक्षा में 24 विद्यार्थी खो-खो, 20 विद्यार्थी कबड्डी तथा 38 विद्यार्थी कोई भी एक खेल खेल सकते हैं।



95. कितने विद्यार्थी दोनों खेल खेलते हैं?

(a) 2 (b) 6 (c) 8 (d) 4

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : II

Ans. (b) : दोनों खेल खेलने वाले विद्यार्थियों की संख्या
$= 24 + 20 - 38 = 6$

96. कितने विद्यार्थी कबड्डी नहीं खेलते हैं?

(a) 18 (b) 22 (c) 20 (d) 24

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : II

Ans. (c) : कोई भी खेल न खेलने वाले विद्यार्थियों की संख्या
$= 40 - (18 + 6 + 14) = 40 - 38 = 2$
कबड्डी नहीं खेलने वाले विद्यार्थी की संख्या = केवल खो–खो खेलने वाले + 2 = 18 + 2 = 20

97. कितने विद्यार्थी कोई भी खेल नहीं खेलते?

(a) 4 (b) 6 (c) 3 (d) 2

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : II

Ans. (d) : कोई भी खेल न खेलने वाले विद्यार्थी = 40–(18 + 6 + 14)
$= 40 - 38 = 2$

निर्देश : प्रश्न संख्या (98-100) निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

90 विद्यार्थियों की कक्षा में 80 विद्यार्थी बर्गर या पिज्जा पसंद करते हैं। 62 बर्गर और 56 पिज्जा पसंद करते हैं?

प्रश्नानुसार,



98. कितने विद्यार्थी बर्गर और पिज्जा दोनों पसंद करते हैं?

(a) 24 (b) 38 (c) 32 (d) 18

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : II

Ans. (b) : बर्गर तथा पिज्जा दोनो पसन्द करने वाले विद्यार्थियों की संख्या $= (62 + 56) - 80 = 118 - 80 = 38$

99. कितने विद्यार्थी बर्गर पसंद नहीं करते हैं?

(a) 18 (b) 28 (c) 38 (d) 48

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : I

Ans. (b) : बर्गर पसंद न करने वाले विद्यार्थी की संख्या = केवल पिज्जा पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या +10
$= (56 - 38) + 10 = 28$

100. कितने विद्यार्थी बर्गर और पिज्जा दोनों ही पसंद नहीं करते हैं?

(a) 10 (b) 28 (c) 16 (d) 14

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : I

Ans. (a) : बर्गर तथा पिज्जा दोनो नही पसंद करने वाले विद्यार्थियों की सं0 $= 90 - 80 = 10$

निर्देशः निम्न आकृति का अध्ययन करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें। आकृति एक सोसायटी के बच्चों की मनपसंद आईसक्रीम फ्लेवर्स को प्रदर्शित करती है।



101. कितने बच्चे स्ट्राबेरी पसंद करते हैं, लेकिन वेनीला पंसद नहीं करते?

(a) 4 (b) 5 (c) 7 (d) 3

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans. (c) : उन बच्चों की संख्या जो स्ट्राबेरी पसंद करते हैं, लेकिन वेनीला पसंद नहीं करते = 3 + 4 = 7

102. कितने बच्चे चॉकलेट और वेनीला दोनों पसंद है, लेकिन स्ट्राबेरी पसंद नहीं करते ?

(a) 5 (b) 7 (c) 12 (d) 15

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans. (d) : उन बच्चों की संख्या जो चॉकलेट और वेनीला दोनों पसंद करते हैं, लेकिन स्ट्राबेरी पसंद नही करते = 15

103. वेनीला पसंद करने वाले और चॉकलेट पसंद करने वाले बच्चों के बीच का अनुपात है?

(a) 12/30 (b) 39/45 (c) 27/45 (d) 39/55

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 1

Ans. (d) : वेनीला पसंद करने वाले बच्चों की संख्या
$= 5 + 7 + 15 + 12 = 39$
चॉकलेट पंसद करने वाले बच्चों की संख्या
$= 7 + 15 + 3 + 30 = 55$
$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = 39 : 55

104. एक शादी के समारोह में 476 लोग उपस्थित थे। 213 शुद्ध शाकाहारी तथा 32 लोगों ने शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार का भोजन खाया। समारोह में कितने लोगों ने सिर्फ मांसाहारी भोजन खाया?

(a) 263 (b) 231 (c) 245 (d) 219

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : II

Ans. (b) :



केवल मांसाहारी भोजन खाने वाले लोगो की संख्या
$= 476 - (213 + 32) = 476 - 245 = 231$

निर्देश : नीचे दी गयी सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़े और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

एक कक्षा में 100 छात्र है जिनमें से 63 को सेब पसंद है तथा 76 को संतरे पसंद है।



105. इनमें से कितने छात्रों को सेब तथा संतरा दोनों पसन्द है?

(a) 5 (b) 39 (c) 40 (d) 50

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans. (b) : माना x छात्रों को सेब और संतरा दोनों पसंद है, तो प्रश्नानुसार–
$63 - x + x + 76 - x = 100$
$139 - x = 100$
$\boxed{x = 39}$

106. इनमें से कितने छात्रों को केवल सेब पसन्द हैं?

(a) 24 (b) 37 (c) 76 (d) 39

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans. (a) : केवल सेब पसंद करने वाले छात्रों की संख्या
$= 63 - x = 63 - 39 = 24$

11.

विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति (Analytical Reasoning)

1. 1. पुनीत, कौशल, राखी और जगजीत चार मित्र हैं।
2. पुनीत और कौशल, रग्बी और क्रिकेट खेलते हैं।
3. कौशल और राखी, रग्बी और बैडमिंटन खेलते हैं।
4. पुनीत और जगजीत, क्रिकेट और बास्केटबॉल खेलते हैं।
5. राखी और जगजीत, बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेलते हैं।
निम्नलिखित में से कौन क्रिकेट, बास्केटबॉल और बैडमिंटन खेलता है?

(a) पुनीत (b) कौशल
(c) राखी (d) जगजीत

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) :

नाम	खेल
पुनीत	रग्बी, क्रिकेट, बास्केटबाल
कौशल	रग्बी, क्रिकेट, बैडमिन्टन
राखी	रग्बी, बैडमिंटन, बास्केटबाल
जगजीत	क्रिकेट, बास्केटबाल, बैडमिंटन

अतः जगजीत क्रिकेट, बॉस्केटबाल और बैडमिंटन खेलता है।

2. A, B, C, D, E और F, एक छः मंजिला इमारत में रहने वाले छः व्यक्ति हैं, उनमें से प्रत्येक व्यक्ति एक अलग मंजिल पर रहता है। सबसे निजली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है।
F मंजिल क्रमांक 3 पर रहता है। B और E, F की मंजिल से नीचे वाली मंजिलों पर रहते हैं। D उस मंजिल पर रहता है, जो A की मंजिल से नीचे है, किन्तु C की मंजिल से ऊपर है। उनमें से कौन सबसे ऊपरी मंजिला पर रहता है?

(a) E (b) D (c) A (d) C

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
A, B, C, D, E और F को छः मंजिला इमारत पर बैठाने पर–

6 —— A
5 —— D
4 —— C
3 —— F
2 —— B
1 —— E

अतः सबसे ऊपरी मंजिल पर A रहता है।

3. A,B,C,D,E और F में से केवल एक व्यक्ति को काला रंग पसंद है। उनमें से, केवल दो व्यक्ति 12वीं कक्षा में पढ़ते हैं, जबकि शेष 10वीं कक्षा में पढ़ते है। केवल C, F के साथ एक ही कक्षा में पढ़ता है। D को गुलाबी रंग पसंद है। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले किसी भी व्यक्ति को काला रंग पसंद नहीं है। न तो A को और न ही E को काला रंग पसंद है।
उनमें से किसे काला रंग पसंद है?

(a) C (b) F (c) A (d) B

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

व्यक्ति	कक्षा	रंग
A	10वीं	काला (×)
B	10वीं	काला
C	12वीं	काला (×)
D	10वीं	गुलाबी
E	10वीं	काला (×)
F	12वीं	काला (×)

अतः B को काला रंग पसंद है।

4. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
एक परिवार में छः व्यक्ति - A, B, C, D, E और F है। इनमें से एक अध्यापक, एक व्यवसायी और एक लेखाकार है। B और D अविवाहित पुरुष हैं तथा बेरोजगार हैं। कोई भी महिला व्यवसायी या लेखाकार के रूप में कार्यरत नहीं है। परिवार में एकमात्र बच्चा A है। C, E की पत्नी है और F, C का भाई है।
इनमें से अध्यापक कौन है ?

(a) E (b) F (c) C (d) D

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर-



एकमात्र बच्चा → A
अतः इनमें अध्यापक C है।

5. निम्नलिखित आरेख में A में वे सभी लोग शामिल है, जो चॉकलेट पसंद करते हैं, B में वे सभी लोग शामिल हैं, जो आइसक्रीम पसंद करते है, और C में वे सभी लोग शामिल हैं, जो कैंडी पसंद करते है। छायांकित क्षेत्र क्या दर्शाता है ?

(a) वे लोग, जो केवल चॉकलेट और आइसक्रीम पसंद करते हैं।
(b) वे लोग, जो केवल कैंडी और आइसक्रीम पसंद करते हैं।
(c) वे लोग, जो चॉकलेट, कैंडी और आइसक्रीम पसंद करते हैं।
(d) वे लोग, जो चॉकलेट और कैंडी पसंद करते हैं।

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि वे लोग, जो चॉकलेट, कैंडी और आइसक्रीम तीनों पसंद करते हैं, छायांकित क्षेत्र को दर्शाते हैं।

6. छः व्यक्ति A, B, C, D, E तथा F उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो) उनकी आयु बाएं से दाएं छोर तक 3 के क्रमागत गुणांको में है। B, A के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है। A, E के तुरंत बायीं ओर है। C तथा F के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं। D की आयु 18 वर्ष है तथा अधिकतम है। C, E के बायीं ओर बैठा है।
A तथा B की कुल आयु कितनी है?
(a) 18 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 24 वर्ष (d) 12 वर्ष

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
बैठक-व्यवस्था निम्न प्रकार है-



∴ A तथा B की कुल आयु = 12 + 6 = 18 वर्ष

7. पाँच विद्यार्थियों राधा, सुजीत, मिहिर, अंशुल और विकास के पास लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, गणित, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषयों की कुल पाँच पुस्तकें है जिनके लेखक जैन, कोहली, दास, शर्मा और एडविन है। प्रत्येक विद्यार्थी के पास उपर्युक्त पाँच विषयों में से एक विषय की केवल एक पुस्तक है।
- **जैन लेखाशास्त्र की पुस्तक के लेखक है जो विकास या राधा के पास नही है।**
- **अंशुल के पास एडविन द्वारा लिखी हुई पुस्तक है।**
- **मिहिर के पास गणित की पुस्तक है।**
- **विकास के पास अंग्रेजी की पुस्तक है जो कोहली ने नही लिखी है।**
- **अर्थशास्त्र की पुस्तक शर्मा ने लिखी है।**

तो व्यवसाय अध्ययन की पुस्तक के लेखक का नाम बताएं।
(a) दास (b) शर्मा
(c) जैन (d) एडविन

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

विद्यार्थी	पुस्तक	लेखक
राधा	अर्थशास्त्र	शर्मा
सुजीत	लेखाशास्त्र	जैन
मिहिर	गणित	कोहली
अंशुल	व्यवसाय अध्ययन	एडविन
विकास	अंग्रेजी	दास

अतः स्पष्ट है कि व्यवसाय अध्ययन की पुस्तक के लेखक एडविन है।

8. एक टीम को 13 खिलाड़ियों P1, P2, P3, P4, P5, P6, P7, P8, P9, P10, P11, P12 तथा P13 में से चुना जाना है। टीम में सात खिलाड़ी होंगे। P2 को P1, P6 या P4 के साथ नहीं चुना जा सकता है। P7 को P2, P10, P11 या P13 के साथ नहीं चुना जा सकता है। यदि P8 तथा P13 दोनों को चुना जाता है, तो P5 को चुना जाना चाहिए। P4 को P2, P6, P12 या P11 के साथ नहीं चुना जा सकता है।
निम्नलिखित में से कौन सा टीम का सही चयन है।
(a) P1, P3, P4, P5, P8, P9, P13
(b) P1, P6, P11, P12, P13, P3, P4
(c) P2, P3, P5, P7, P8, P9, P13
(d) P1, P3, P4, P5, P6, P8, P9

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :

चुने जाने वाले	नहीं चुने जाने वाले
P1, P6 या P4	P2
P2, P10, P11 या P13	P7
P2, P6, P12 या P11	P4
P8, P13, P5	

P3 व P9 का सम्बन्ध नहीं बताया गया है लेकिन कुल 7 लोगों को चुनना है, तो ये दोनों टीम में रहेंगे।
अतः टीम का सही चयन
P1, P3, P4, P5, P8, P9, P13

9. नीचे एक पैराग्राफ दिया गया है। S1 और S6 इस पैराग्राफ के पहले और अंतिम वाक्य है। पैराग्राफ के भाग 1, 2,3 और 4 क्रम में नही है। एक सार्थक और सुसंगत पैराग्राफ बनाने के लिए उन्हें सही क्रम में रखें।
S1: एनसीआर में कई मेट्रो लाइनों की योजना बनाई गयी है।
1. इनमें से रेड लाइन पहली मेट्रो लाइन है।
2. इससे परिवहन की समस्या कम होने की उम्मीद है।
3. यह अपने प्रारंभिक चरण में शाहदरा से शुरू होकर तीस हजारी तक जाती है।
4. इस लाइन पर वर्तमान में 1 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते है।
S6: आशा है कि सभी मेट्रो लाइनों का कार्य पूरा होने के बाद सार्वजनिक परिवहन की समस्या इतनी अधिक नही रहेगी।
(a) 1,2,3,4 (b) 2,3,4,1
(c) 1,3,4,2 (d) 2,1,3,4

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार एक सार्थक और सुसंगत पैराग्राफ बनाने के लिए दिये गये वाक्यों का क्रम - 2, 1, 3, 4 होगा।
अतः पूरा पैराग्राफ होगा- एनसीआर में कई मेट्रो लाइनों की योजना बनाई गयी है। इससे परिवहन की समस्या कम होने की उम्मीद है। इनमें से रेड लाइन पहली मेट्रो लाइन है। यह अपने प्रारंभिक चरण में शाहदरा से शुरू होकर तीस हजारी तक जाती है। इस लाइन पर वर्तमान में 1 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते है। आशा है कि सभी मेट्रो लाइनों का कार्य पूरा होने के बाद सार्वजनिक परिवहन की समस्या इतनी अधिक नही रहेगी।

10. नीचे एक पैराग्राफ दिया गया है। S1 और S6 इस पैराग्राफ में पहले और अंतिम वाक्य है। पैराग्राफ के भाग 1,2,3 और 4 क्रम में नही हैं। एक सार्थक और सुसंगत पैराग्राफ बनाने के लिए इन्हें सही क्रम में रखें।
S1: श्रुति अपना वजन कम करने का प्रयास कर रही है।

1. **नियमित व्यायाम से हमारा शरीर फिट और स्वस्थ रहता है।**
2. **प्रशिक्षक ने उसे सुबह नियमित व्यायाम करने का सुझाव दिया है।**
3. **उसने अब तक व्यायाम करना शुरू नहीं किया है।**
4. **उसका कहना है कि कार्यालय में देर रात तक कार्य करने के कारण उसके लिए सुबह जल्दी उठना मुश्किल है।**

S6. मुझे लगता है कि यह उसके आलस्य के लिए केवल एक झूठा बहाना है।

(a) 4,2,3,1 (b) 2,1,3,4
(c) 1,2,4,3 (d) 3,2,1,4

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार एक सार्थक और सुसंगत पैराग्राफ बनाने के लिए दिये गये वाक्यों का क्रम - 2, 1, 3, 4 होगा।

अतः पूरा पैराग्राफ होगा- श्रुति अपना वजन कम करने का प्रयास कर रही है। प्रशिक्षक ने उसे सुबह नियमित व्यायाम करने का सुझाव दिया है। नियमित व्यायाम से हमारा शरीर फिट और स्वस्थ रहता है। उसने अब तक व्यायाम करना शुरू नहीं किया है। उसका कहना है कि कार्यालय में देर रात तक कार्य करने के कारण उसके लिए सुबह जल्दी उठना मुश्किल है। मुझे लगता है कि यह उसके आलस्य के लिए केवल एक झूठा बहाना है।

11. सात छात्र A, B, C, D, E, F तथा G एक टेस्ट सीरीज में शामिल होते हैं। किन्हीं भी दो छात्रों को बराबर अंक नहीं मिलते हैं। A हमेशा B से अधिक अंक प्राप्त करता है। G हमेशा A से अधिक अंक प्राप्त करता है। प्रत्येक बार या तो C सबसे अधिक अंक प्राप्त करता है तथा E न्यूनतम अंक प्राप्त करता है, या D सबसे अधिक अंक प्राप्त करता है तथा F या B न्यूनतम अंक प्राप्त करते हैं।
यदि उनके अंकों के अनुसार D को छठीं तथा B को पाँचवीं रैंक दी गई है, तो निम्नलिखित में से कौन सा सत्य हो सकता है?

(a) F को तीसरी या चौथी रैंक दी गई है
(b) A को दूसरी या सातवीं रैंक दी गई है
(c) G को पहली या चौथी रैंक दी गई है
(d) E को चौथी या तीसरी रैंक दी गई है

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
A>B .....(i)
G > A ..... (ii)
C > F/B > E .....(iii)
प्रश्न के अनुसार रैंक का क्रम व्यवस्थित करने पर,
C > G > F/A > A/F > B > D > E
अतः स्पष्ट है कि F को तीसरी या चौथी रैंक दी गई है।

12. एक कंपनी ने सोमवार से शनिवार की अवधि के दौरान छः विभिन्न कारें स्विफ्ट, सैंट्रो, क्रेटा, ऑडी, I10 तथा मैग्ना बेचीं। एक विशिष्ट दिन पर केवल एक कार बेची गयी थी। कोई भी कार दो बार नहीं बेची गयी थी। सैंट्रो कार के बाद कम से कम चार कार बेची गयी थी। मैग्ना कार को मंगलवार को बेचा था। क्रेटा कार के ठीक बाद ऑडी कार बेची गयी थी तथा क्रेटा कार को कम से कम तीन कारों से पहले बेचा गया था। सैंट्रो तथा I10 दोनों कारों को कम से कम एक कार से पहले बेचा गया था।
स्विफ्ट कार किस दिन बेची गई थी?

(a) सोमवार (b) शुक्रवार
(c) गुरूवार (d) शनिवार

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार कारों के बिक्री को तालिका में दर्शाने पर,

कार/वार	सोम.	मंगल.	बुध.	गुरू.	शुक्र.	शनि
स्विफ्ट	×	×	×	×	×	√
सैंट्रो	√	×	×	×	×	×
क्रेटा	×	×	√	×	×	×
ऑडी	×	×	×	√	×	×
I10	×	×	×	×	√	×
मैग्ना	×	√	×	×	×	×

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि स्विफ्ट कार को शनिवार को बेचा गया।

13. एक स्कूल में 6 शिक्षक थे। A और B हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाते थे। D और A गणित और विज्ञान पढ़ाते थे। C और E अंग्रेजी और गणित पढ़ाते थे। F और B हिंदी और फ्रेंच पढ़ाते थे। इनमें से कौन सबसे अधिक विषय पढ़ाता था?

(a) D (b) E (c) A (d) B

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :

शिक्षक	-	उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषय
A	-	हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान
B	-	हिंदी, अंग्रेजी, फ्रेंच
C	-	गणित, अंग्रेजी
D	-	गणित, विज्ञान
E	-	अंग्रेजी, गणित
F	-	हिंदी,फ्रेंच

अतः अध्यापक A सर्वाधिक चार विषय पढ़ाता था।

14. चार छात्र अमित, भरत, चंदन और दानिश चार अलग-अलग कॉलेजों -BDS, IIMT, DPS और IMS में, चार भिन्न पाठ्यक्रमों -BA, BBM, BSc और BCom में प्रवेश लेने के लिए गए। IIMT में प्रवेश लेने वाले छात्र ने BSc नहीं चुना है। चंदन ने IMS में प्रवेश लिया और BA चुना है। अमित ने BDS में प्रवेश लिया और BBM चुना है। दानिश ने BSc चुना। किस छात्र ने DPS में प्रवेश लिया ?

(a) अमित (b) भरत (c) दानिश (d) चंदन

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c)	B D S	IIMT	DPS	IMS	BA	BBM	BS_C	BC_{OM}
अमित	√	×	×	×	×	√	×	×
भरत	×	√	×	×	×	×	×	√
चंदन	×	×	×	√	√	×	×	×
दानिश	×	×	√	×	×	×	√	×

अतः उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि दानिश ने DPS में प्रवेश लिया।

15. X, Y, और Z तीन वस्तुएं हैं, जिनकी आकृति त्रिभुजाकार, वर्गाकार एवं पंचभुजाकार है, ये लाल, हरे और नीले रंग की हैं, तथा ये सोना चांदी और कांस्य नामक भिन्न सामग्रियों से बनी हैं। X लाल रंग की है, लेकिन वर्गाकार नहीं है। Y चांदी से बनी है, लेकिन यह हरे रंग की नहीं है। X कांस्य से बनी है और Z का आकार पंचभुजाकार है। Z किस सामग्री से बनी है?

(a) सोना (b) पीतल (c) कांस्य (d) चांदी

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

वस्तु	सामाग्री	रंग	आकार
X	कांस्य	लाल	त्रिभुजाकार
Y	चाँदी	नीला	वर्गाकार
Z	सोना	हरा	पंचभुजाकार

अतः स्पष्ट है कि Z 'कांस्य' सामग्री से बना है।

16. नीले, हरे, नारंगी, लाल और भूरे रंग के पांच टुक A, B, C, D और E हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना जरूरी नहीं है। वे पांच अलग-अलग राजमार्गों अर्थात् H1, H2, H3, H4 और H5 पर चल रहे हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना जरूरी नहीं है। A, H4 पर है और नीले या भूरे रंग का नहीं है। B हरे रंग का है और H3 या H5 पर नहीं चल रहा है। C नीले रंग का है और H1 पर नहीं चल रहा है। D, H1 पर चल रहा है और नारंगी या भूरे रंग का नहीं है। E, H5 या H2 पर नहीं चल रहा है। E किस राजमार्ग पर चल रहा है?

(a) H2 (b) H5 (c) H3 (d) H4

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :

राजमार्ग	व्यक्ति	रंग
H_1	D	लाल
H_2	B	हरा
H_3	E	भूरा
H_4	A	नारंगी
H_5	C	नीले

अतः स्पष्ट है कि E, H_3 राजमार्ग पर चल रहा है।

17. आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V तथा W अपने-अपने गंतव्य स्थान दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, गोवा, पणजी, पंजाब तथा यूपी जा रहे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। कोई भी दो व्यक्तियों का गंतव्य स्थान समान नहीं है। R गोवा जा रहा है। V दिल्ली, मुंबई या पंजाब नहीं जा रहा है। S तथा T क्रमशः यूपी तथा पणजी जा रहे हैं। P तथा Q पंजाब या मुंबई नहीं जा रहे हैं। U दिल्ली या मुंबई नहीं जा रहा है।
निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?

(a) W - दिल्ली (b) Q - दिल्ली
(c) P - दिल्ली (d) W - मुंबई

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :

व्यक्ति	
P	दिल्ली/हैदराबाद/चेन्नई
Q	दिल्ली/हैदराबाद/चेन्नई
R	गोवा
S	यूपी
T	पणजी
U	पंजाब
V	चेन्नई/हैदराबाद
W	मुम्बई

अतः विकल्प **(d)** का संयोजन निश्चित रूप से सही है।

18. A, B, C, D, E और F छः स्कूल जाने वाले बच्चे हैं। A और B रेड हाउस से हैं और अन्य ग्रीन हाउस से हैं। अन्य के विपरीत, D और F लंबे हैं। A, C और D लड़के हैं। निम्नलिखित में से कौन सी ग्रीन हाउस से एक लंबी लड़की है?

(a) F (b) D (c) E (d) B

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : A → रेड हाउस → लड़का
B → रेड हाउस → लड़की
C → ग्रीन हाउस → लड़का
D → ग्रीन हाउस → लड़का → लम्बा
E → ग्रीन हाउस → लड़की
F → ग्रीन हाउस → लड़की → लम्बा
उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि ग्रीन हाउस से एक लंबी लड़की 'F' है।

19. जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान , इतिहास, गणित और भौतिकी की पांच पुस्तकें एक शेल्फ पर लम्ब रूप क्रम में रखी गई है। उनके आवरणों के अलग-अलग रंग- काला, नीला, लाल, सफेद और पीला है। (जरूरी नहीं है कि इसी क्रम में हो)। रसायन विज्ञान की पुस्तक और पीले आवरण वाली पुस्तक किनारों पर रखी है। भौतिकी की पुस्तक मध्य में नही है। नीलें आवरण वाली पुस्तक और जीव विज्ञान की पुस्तक के बीच दो पुस्तकें है। गणित की पुस्तक का आवरण सफेद है और दोनों सिरों से दूसरे स्थान पर नहीं है। काले आवरण वाली पुस्तक जीव विज्ञान की है। नीले आवरण वाली पुस्तक, लाल आवरण वाली भौतिकी की पुस्तक के बगल में है। निम्न में से कौन सा विकल्प पुस्तकों और उनकी स्थितियों के संभावित संयोजनों में से एक है?

(a) रसायन विज्ञान - नीला - बाईं ओर से पहले स्थान पर
(b) भौतिकी - लाल - बाईं ओर से तीसरे स्थान पर
(c) रसायन विज्ञान - पीला - बाईं ओर से पांचवें स्थान पर
(d) गणित - सफेद - बाईं ओर से चौथे स्थान पर

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, किताबों का क्रम व रंग निम्नवत होगा।

	रसायन विज्ञान	भौतिकी	गणित	जीव विज्ञान	इतिहास	
बायाँ	↓	↓	↓	↓	↓	दायाँ
	नीला	लाल	सफेद	काला	पीला	

अतः विकल्प (a) में दिया गया तथ्य सही होगा।

20. A, B, C, D, E पांच कार्यक्रम है, जो सोमवार से शनिवार तक मंच पर आयोजित किए जाने हैं, प्रति दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसके बीच में एक दिन का अवकाश रखा जाना है, किंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। C का आयोजन D के आयोजन के तुरंत बाद वाले दिन किया जाएगा। A और E के बीच अवकाश रखा जाना है। E और C के बीच 2 दिन का अंतर है। B का आयोजन अंतिम दिन नही किया जाना है और अवकाश मंगलवार या गुरूवार को नही रखा जाना है। अवकाश के दिन को नजर अंदाज करते हुए, आयोजन के सही क्रम को दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें।

(a) BDCAE (b) BDCEA
(c) AEDCB (d) AEBDC

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a)

दिन	आयोजन
सोमवार	B
मंगलवार	D
बुधवार	C
बृहस्पतिवार	A
शुक्रवार	अवकाश
शनिवार	E

अतः अवकाश के दिन को नजरअंदाज करते हुए आयोजनों का क्रम = BDCAE

21. एक पार्क में, आठ लड़कियाँ एक पंक्ति में बैठी हैं और उन्होंने काले, नीले, गुलाबी, सफेद, लाल, हरे, पीले और भूरे में से अलग–अलग रंगों के कपड़े पहने हुए हैं, परन्तु वे इसी क्रम में नहीं बैठी हैं। जिस लड़की ने पीले रंग के कपड़े पहने हैं, वह बाएं सिरे से पाँचवे स्थान पर बैठी है। जिस लड़की ने काले रंग के कपड़े पहने हैं, वह पीले और गुलाबी रंग के कपड़े पहनने वाली लड़कियों के बीच में बैठी है। जिस लड़की ने सफेद रंग के कपड़े पहने हैं, वह पीले रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। जिस लड़की ने नीले रंग के कपड़े पहने है, वह दाहिने सिरे पर बैठी है। जिस लड़की ने लाल रंग के कपड़े पहने हैं, वह बाएं सिरे से दूसरे स्थान पर नहीं बैठी है। जिस लड़की ने गुलाबी रंग के कपड़े पहने हैं, वह नीले रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की के बगल में बैठी है। जिस लड़की ने सफेद रंग के कपड़े पहने हैं, वह भूरे और लाल रंग के कपड़े पहने वाली लड़कियों के बीच में बैठी है।

पंक्ति के बाएं सिरे पर कौन बैठी है?

(a) हरे रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की
(b) काले रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की
(c) गुलाबी रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की
(d) सफेद रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार क्रमवत बैठने पर



पंक्ति में बाएं सिरे पर हरे रंग के कपड़े पहनने वाली लड़की बैठी है।

22. स्नातकोत्तर अध्यापकों (PGTs) - P, Q, R, S और T तथा प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (TGTS) - A, B, C, D और E में से छः सदस्यों के सह समूह का गठन किया जाना है। समूह के गठन हेतु सदस्यों के लिए कुछ शर्तें हैं:

B केवल C के साथ ही समूह में शामिल होगा।

A, E या Q के साथ शामिल नहीं होगा। D, R के साथ शामिल नहीं होगा।

निम्नलिखित में से कौन सा समूह सम्भव है ?

(a) PQSBCE (b) PRSABE
(c) RSTBCD (d) PQRBCD

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : विकल्प से,
(b) PRSABE - समूह में C नहीं है। (✗)
(c) RSTBCD - समूह में D और R दोनों हैं। (✗)
(d) PQRBCD - समूह में D और R दोनों हैं। (✗)
विकल्प (a) में दिया गया समूह प्रश्न में दिए गए शर्तों के अनुरूप है अतः विकल्प (a) का समूह सम्भव है।

23. छः टीमों DD, MI, RCB, KKR, RR और CSK की 2019 में उनके द्वारा जीते गए मैंचों की संख्या के आधार पर तुलना की गई है। DD ने RR और RCB से अधिक मैच जीते हैं, लेकिन MI तथा CSK से कम मैच जीते हैं। KKR ने MI से अधिक मैच जीते हैं लेकिन CSK से कम मैच जीते हैं।

किसने सर्वाधिक मैच जीते हैं ?

(a) MI (b) CSK (c) KKR (d) RCB

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :
MI > DD > RR — (i)
CSK > DD > RCB — (ii)
CSK > KKR > MI — (iii)
समीकरण (i), (ii) तथा (iii) से स्पष्ट है कि सबसे अधिक मैच CSK ने जीते।

24. निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

छः छात्रों में से, अनिल और भूपेश, सुभाष हाउस से हैं; जबकि शेष शेखर हाउस से हैं। दानिश और फारूक लंबे हैं, जबकि अन्य छोटे हैं। अनिल, चारू और दानिश चश्मा पहनते हैं, जबकि अन्य चश्मे नहीं पहनते हैं। सुभाष हाउस का कौन सा छात्र छोटा है और चश्मा पहनता है ?

(a) भूपेश (b) चारू
(c) एकांत (d) अनिल

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

छात्र का नाम	कद	हाऊस का नाम	चश्मा पहनना
अनिल	छोटे	सुभाष	✔
भूपेश	छोटे	सुभाष	✗
दानिश	लंबे	शेखर	✔
फारूक	लंबे	शेखर	✗
चारू	छोटे	शेखर	✔
	छोटे	शेखर	✗

सारणी से स्पष्ट है कि सुभाष हाउस का अनिल छोटा है और चश्मा पहनता है।

25. छः बैग A, B, C, D, E तथा F को एक के ऊपर एक करके रखा गया है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। B और D के बीच में केवल तीन बैग रखे गए हैं। बैग A, E के ऊपर लेकिन C के नीचे रखा गया है। A और F के बीच में केवल दो बैग रखे गए हैं। B को D के ऊपर रखा गया है। D को F के नीचे नहीं रखा गया है। यदि हम इन बैग को ऊपर से नीचे की ओर वर्णमाला के क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें, तो कितने बैगों का स्थान समान रहेगा ?

(a) दो (b) तीन
(c) एक (d) शून्य

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : छः बैगों के रखने का क्रम इस प्रकार है-

बैग की स्थिति	ऊपर से नीचे वर्णमाला का क्रम
B	A
C	B
A	C
E	D
D	E
F	F

अतः स्पष्ट है कि बैग F अपने पूर्व निर्धारित स्थान पर बना रहेगा।

26. दी गई जानकारी का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

संजय और नीतू को नीला और लाल रंग पसंद है। प्रिया और नीतू को पीला और नीला रंग पसंद है। संजय, मंजू और कपिल को लाल और नीला रंग पसंद है। नीतू और मंजू को हरा और नीला रंग पसंद है। इनमें से कौन सा रंग सर्वाधिक लोगों को पसंद है ?

(a) हरा (b) पीला
(c) नीला (d) लाल

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

रंग	पसंद करने वाले लोग
नीला	संजय, नीतू, प्रिया, मंजू, कपिल
लाल	नीतू, संजय, मंजू, कपिल
हरा	नीतू, मंजू
पीला	प्रिया, नीतू

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि नीले रंग को सर्वाधिक (5) लोग पसंद करते हैं।

27. गुंजन, समीर, जैक, मधुर और श्वेता एक विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं। समीर अंग्रेजी, कंम्प्यूटर और विज्ञान पढ़ाता है। मधुर अंग्रेजी, गणित और विज्ञान पढ़ाती है। संगीत और गणित विषय, गुंजन और जैक द्वारा पढ़ाए जाते हैं। श्वेता गणित, विज्ञान और संगीत नहीं पढ़ाती है। गुजंन और श्वेता, कंम्प्यूटर और अंग्रेजी भी पढ़ाती हैं। श्वेता, विद्यालय में सामाजिक अध्ययन की एकमात्र शिक्षिका है।

शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कुल कितने विषय पढ़ाए जाते हैं?

(a) 5 (b) 4 (c) 7 (d) 6

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d)

शिक्षक-शिक्षिकाएँ - विषय

समीर - अंग्रेजी, कम्प्यूटर, विज्ञान
मधुर - अंग्रेजी, गणित, विज्ञान
गुंजन - संगीत, गणित, कम्प्यूटर, अंग्रेजी
जैक - संगीत, गणित
श्वेता - कम्प्यूटर, अंग्रेजी, सामाजिक अध्ययन

अतः उपर्युक्त से स्पष्ट हैं कि शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कुल 6 विषय पढ़ाए जाते हैं।

28. दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

साहिल और मनीष, लूडो और क्रिकेट खेलते हैं। मनीष और शालिनी, क्रिकेट और बैडमिंटन खेलते हैं। राजा, तरुण और शालिनी, बैडमिंटन और कबड्डी खेलते हैं। शालिनी और साहिल बैडमिंटन और कबड्डी खेलते हैं।

इनमें से कौन बैडमिंटन, क्रिकेट और कबड्डी खेलते हैं, किंतु लूडो नहीं खेलते है?

(a) तरुण (b) शालिनी
(c) साहिल (d) मनीष

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) :

	लूडो	क्रिकेट	बैडमिंटन	कबड्डी
साहिल	✓	✓	✓	✓
मनीष	✓	✓	✓	
शालिनी		✓	✓	✓
राजा			✓	✓
तरूण			✓	✓

उपर्युक्त टेबल के अनुसार, शालिनी बैडमिंटन, क्रिकेट और कबड्डी खेलती है किन्तु लूडो नहीं खेलती है।

29. छात्रों P, Q, R, S, T, U और V की एक सप्ताह के अलग-अलग दिन परीक्षाएं हैं, जो सोमवार से शुरु होकर रविवार तक चलेंगी। किन्हीं भी दो छात्रों की परीक्षा एक ही दिन नहीं है।

P की परीक्षा गुरुवार के बाद किसी दिन है। Q की परीक्षा, P की परीक्षा के तुरंत बाद अगले दिन है। Q और V के मध्य तीन छात्रों की परीक्षांए है। R की परीक्षा V की परीक्षा वाले दिन से पहले सोमवार के अतिरिक्त किसी अन्य दिन है। S की परीक्षा T की परीक्षा के तुरंत पहले वाले दिन है।

U की परीक्षा किस दिन है ?

(a) सोमवार (b) शुक्रवार
(c) शनिवार (d) मंगलवार

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :

छात्र		दिन
U	→	सोमवार
R	→	मंगलवार
V	→	बुधवार
S	→	बृहस्पतिवार
T	→	शुक्रवार
P	→	शनिवार
Q	→	रविवार

अतः U की परीक्षा सोमवार को होगी।

30. एक व्यक्ति के पास मौजूद चार चाँदी की वस्तुएं - P, Q, R और S हैं, और प्रत्येक का वजन भिन्न है। P का वजन, Q के वजन का तीन गुना है। Q का वजन S के वजन का ढाई गुना है। R का वजन S के वजन के आधे के बराबर है। दी गई चांदी की वस्तुओं में से किसका वजन सबसे कम है?

(a) Q (b) P (c) S (d) R

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना R का वजन = x kg

प्रश्नानुसार,

S का वजन = 2x kg.

Q का वजन = $2x \times \frac{5}{2} = 5x$ kg.

P का वजन = $5x \times 3 = 15x$ kg.

स्पष्ट है कि R का वजन सबसे कम है।

31. छः लड़कियां, P, Q, R, U, V और W विद्यालय के मैदान में बैठी हैं। P और Q, मैत्री हाउस से हैं; जबकि अन्य गार्गी हाउस से हैं। U और W छोटी हैं, जबकि अन्य लड़कियाँ लंबी हैं। P, R और U ने टोपियाँ पहन रखी हैं, जबकि अन्य ने नहीं पहनी हुई। गार्गी हाउस की किस लम्बी लड़की ने टोपी नहीं पहनी हुई है?

(a) W (b) Q (c) V (d) P

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : मैत्री हाउस की लड़कियाँ = P और Q

गार्गी हाउस की लड़कियाँ = R, U, V और W

छोटी लड़कियाँ = U और W

लम्बी लड़कियाँ = P, Q, R और V

टोपी पहनने वाली लड़कियाँ = P, R और U

टोपी न पहनने वाली लड़कियाँ = Q, V और W

अतः गार्गी हाउस की 'V' लम्बी लड़की है जिसने टोपी नहीं पहन रखी है।

32. छः व्यक्ति–सीमा, वैभव, अजय, मनीषा, तुलिका और अनन्या- का जन्म छः भिन्न राज्यों में हुआ था, जिनके नाम असम, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, बिहार और राजस्थान हैं, लेकिन वे आवश्यक रूप से इसी क्रम में नहीं हैं। वे सभी छः अलग-अलग खेल खेलते हैं, जिनके नाम शंतरज, फुटबॉल, हॉकी, लूडों, बैडमिंटन और क्रिकेट हैं, लेकिन वे आवश्यक रूप से एक क्रम में नहीं हैं। अनन्या का जन्म गुजरात में हुआ था और वह क्रिकेट खेलती है। अजय शतरंज और लूडों नहीं खेलता है। जो व्यक्ति बिहार में जन्मा था, वह फुटबॉल खेलता है। सीमा हॉकी खेलती है और उसका जन्म असम या मध्य प्रदेश में नहीं हुआ था। मनीषा का जन्म राजस्थान में हुआ था और वह बैडमिंटन खेलती है।

अजय का जन्म किस राज्य में हुआ था?

(a) असम (b) पंजाब

(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

व्यक्ति	राज्य	खेल
सीमा	पंजाब	हॉकी
वैभव	असम/मध्य प्रदेश	चेस/लूडो
अजय	बिहार	फुटबाल
मनीषा	राजस्थान	बैडमिंटन
तुलिका	असम/मध्य प्रदेश	चेस/लूडो
अनन्या	गुजरात	क्रिकेट

अतः स्पष्ट है कि अजय का जन्म बिहार में हुआ था।

33. 9 खिलाड़ियों A, B, C, D, E, F, G, H, तथा M में से एक टीम चुनी जानी है। टीम में छः खिलाड़ी होगें। A को B के साथ नहीं चुना जा सकता है। G को H के साथ नहीं चुना जा सकता है। H तथा A समान टीम में होने चाहिए। E को F के साथ नहीं चुना जा सकता है। C को H के साथ नहीं चुना जा सकता है लेकिन हमेशा D के साथ चुना जाना चाहिए।

निम्नलिखित में से कौन सा टीम का सही चयन है?

(a) B, C, D, E, G और M (b) A, D, G, E, C और H

(c) A, C, D, E, G और M (d) B, C, D, E, H और M

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : टीम चुने जाने के सन्दर्भ में विकल्प (a) B, C, D, E, G और M सही है। जो प्रश्नगत सभी शर्तों के अनुरूप है।

34. दिए गए पैराग्राफ को ध्यानपूर्वक पढ़े और प्रश्न का उत्तर दें।

A, G, M, J और D पांच व्यक्ति है। प्रत्येक व्यक्ति को एक बॉक्स से 1 से 5 तक क्रमांकित वस्तुओं में से एक वस्तु का चयन करना है। A और J ने क्रमशः वस्तु 5 और 2 को चुना। G, वस्तु 3 को नहीं चुन सकता जबकि M वस्तु 3 या 5 में से किसी को भी नहीं चुन सकता है।

G निम्न में से किस वस्तु को चुन सकता है?

(a) वस्तु 2 या 3 (b) वस्तु 2

(c) वस्तु 1 या 4 (d) वस्तु 3 या 4

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :प्रश्नानुसार,

व्यक्ति		चुनी गई वस्तु
A	→	5
J	→	2
G	→	1/4
M	→	4/1
D	→	3

अतः 'व्यक्ति G' द्वारा चुनी गई वस्तु '1 या 4' होगी।

35. नीचे दी गई सूचना को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

एक कंपनी में पांच दोस्त काम कर रहे हैं। कपिल, शिवा और हरि बुद्धिमान हैं। कपिल, रवि और जितिन मेहनती हैं। रवि, हरि और जितिन ईमानदार हैं।

निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति न तो ईमानदार है और न ही मेहनती लेकिन बुद्धिमान है?

(a) शिवा (b) कपिल

(c) हरि (d) जितिन

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) कपिल → बुद्धिमान मेहनती

शिवा → बुद्धिमान –

हरि → बुद्धिमान, ईमानदार

रवि → ईमानदार, मेहनती

जितिन → ईमानदार, मेहनती

उपरोक्त से स्पष्ट है कि शिवा न तो ईमानदार है और न ही मेहनती है, लेकिन बुद्धिमान है।

36. 5 पुरुष M1, M2, M3, M4 तथा M5 तथा 6 महिलाओं W1, W2, W3, W4, W5 तथा W6 में से 5 सदस्यों की एक टीम को चुना जाना है। M5 को W4 या M4 के साथ नहीं चुना जा सकता है। M2 को M5 के साथ चुना जाना चाहिए। M1 को M3 के साथ नहीं चुना जा सकता है। W6 को M2 या W1 या W2 के साथ नहीं चुना जा सकता है। W5 को W6 या W2 या M2 के साथ नहीं चुना जा सकता है।

यदि टीम में कम से कम तीन महिलाएं हैं, तो निम्नलिखित में से कौन सा टीम का एक सही चयन है?

(a) M2, W2, W4, M5, W6
(b) M2, W3, M5, M3, W2
(c) M1, W5, W4, M4, W3
(d) M1, W2, W4, W6, M3

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : विकल्प (c) में उल्लिखित टीम प्रश्न में दी गई सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः विकल्प (c) टीम का एक सही चयन है।

अन्य विकल्पों से,

विकल्प (a) की टीम में W6 को W2 के साथ चुना गया है जो शर्त के विरूद्ध है।

विकल्प (b) की टीम में महिलाओं (W3, W2) की संख्या 2 है जो शर्तों के विरूद्ध है।

विकल्प (d) की टीम में W6 को W2 के साथ चुना गया है जो शर्तों के विरूद्ध है।

37. 6 व्यक्ति A, B, C, D, E और F है, जिनमें से प्रत्येक को 6 अलग-अलग रंगों अर्थात् लाल, हरा, नीला, काला, नारंगी और सफेद में से कोई एक एक रंग पसंद है, लेकिन, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। उनमें से प्रत्येक का 6 अलग-अलग शहरों अर्थात दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, बैंगलोर और कोलकाता में एक एक घर है, लेकिन, जरूरी नही कि इसी क्रम में हो।

A के पास दिल्ली में एक घर है लेकिन वह नारंगी और सफेद रंग पसंद नहीं करता है। B नीले और काले रंग को पसंद नहीं करता है और मुंबई में नहीं रहता है। F के पास बैंगलोर में एक घर है और वह लाल रंग पसंद करता है। D के पास हैदराबाद में एक घर है और उसे या तो नीला या काला रंग पसंद है। C को हरा रंग पसंद है और वह चेन्नई में रहता है। E नारंगी रंग को पसंद करता है।

कौन कोलकाता में रहता है और सफेद रंग पसंद करता है?

(a) A (b) B (c) D (d) E

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :

व्यक्ति	पसंदीदा रंग	घर
A	काला/नीला	दिल्ली
B	सफेद	कोलकाता
C	हरा	चेन्नई
D	नीला/काला	हैदराबाद
E	नारंगी	मुम्बई
F	लाल	बैंगलोर

अतः B वह व्यक्ति है, जो सफेद रंग पसंद करता है और कोलकाता में रहता है।

38. पांच पुरुष - A, B, C, D, तथा E पांच महिलाओं- P, Q, R, S तथा T से विवाहित है। (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। इन पुरुषों को पांच विभिन्न रंगों, जैसे-लाल, हरा, काला, पीला तथा गुलाबी, की शर्टों में से एक पसंद है। (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। एक पुरूष केवल एक महिला से विवाहित है और केवल एक शर्ट पसंद करता है। कोई भी दो पुरुष समान महिला से विवाहित नहीं है और समान शर्ट पसंद नहीं करते है। C, P से विवाहित है तथा काले रंग की शर्ट पसंद नहीं करता है। D गुलाबी शर्ट पसंद करता है। R, E से विवाहित है। E को हरे तथा काले रंग की शर्ट पसंद नहीं है। A को हरे रंग की शर्ट पसंद है, लेकिन वह Q या T से विवाहित नहीं हैं। B, T से विवाहित नहीं है।

पुरुष, महिला तथा शर्ट के रंग का इनमें से कौन सा संयोजन सही है ?

(a) C - P - पीला (b) E - R - पीला
(c) B - Q - काला (d) D - Q - गुलाबी

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :

जोड़े (पति/पत्नी)	(रंग पसंद)
C = P	पीला या लाल
E = R	लाल या पीला
A = S	हरा
B = Q	काला
D = T	गुलाबी

अतः उपर्युक्त संयोजन से पता चलता है कि प्रश्न का सही संयोजन विकल्प (c) है।

39. रोहन और कुंदन इतिहास और संस्कृत में अच्छे हैं। श्याम और रोहन गणित और इतिहास में अच्छे हैं। गोपाल और कुंदन विज्ञान और संस्कृत में अच्छे हैं। श्याम, गोपाल और मोहन गणित और कला में अच्छे है। उपरोक्त जानकारी के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

इनमें से कौन इतिहास, विज्ञान और संस्कृत में अच्छा है?

(a) कुंदन (b) गोपाल
(c) रोहन (d) श्याम

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दी गयी जानकारी के अनुसार-

(नाम)	(विषय में अच्छे)				
	इतिहास	संस्कृत	गणित	विज्ञान	कला
रोहन	✔	✔	✔	✘	✘
कुन्दन	✔	✔	✘	✔	✘
श्याम	✔	✘	✔	✘	✔
गोपाल	✘	✔	✔	✔	✔
मोहन	✘	✘	✔	✘	✔

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि कुंदन, इतिहास, विज्ञान और संस्कृत में अच्छा है।

40. व्याख्यान A,B,C,D,E तथा F को सोमवार से रविवार के बीच सात दिन की अवधि में प्रतिदिन एक व्याख्यान के हिसाब से आयोजित किया जाना है। एक व्याख्यान को केवल एक बार ही आयोजित किया जाना है। एक दिन कोई भी व्याख्यान नहीं होगा। C को D के ठीक पहले आयोजित किया जाना चाहिए। E को D से पहले आयोजित किया जाना चाहिए तथा E और D के मध्य दो दिन का अंतर होना चाहिए। D को शुक्रवार से पहले आयोजित किया जाना चाहिए। E के तुरन्त बाद कोई व्याख्यान आयोजित नहीं किया जाना चाहिए। A को शनिवार को आयोजित किया जाना चाहिए। F को अंतिम दिन आयोजित नहीं किया जाना चाहिए।

F तथा E के मध्य कितने व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं ?

(a) चार (b) दो
(c) एक (d) तीन

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, आरेख बनाने पर

सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरूवार	शुक्रवार	शनिवार	रविवार
E	—	C	D	F	A	B

अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि F तथा E के मध्य दो व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं।

41. A, B, C, D, E, F और G, दो किशोर लड़कियों, दो शिशुओं और तीन वृद्ध व्यक्तियों के नाम है। B, F और E वृद्ध व्यक्ति नहीं है। A, F और C किशोर लड़कियां नहीं है। G एक वृद्ध व्यक्ति है, जबकि D एक शिशु है। निम्नलिखित में से कौन सी दो किशोर लड़कियां हैं ?

(a) B और E (b) A और E
(c) F और E (d) B और F

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,



42. पाँच लड़कों – P, Q, R, S, T और तीन लड़कियाँ – X, Y, Z के एक समूह से, निम्न मानदंडों के आधार पर पाँच लोगों की एक टीम का चयन किया जाना है।
S और T एक साथ नहीं हो सकते।
R और S एक साथ होना चाहिए।
S और Z एक साथ नहीं हो सकते।
Q को P के साथ नहीं रखा जा सकता है।
यदि S उस टीम का एक सदस्य हो, तो निम्नलिखित में से कौन सी टीम बनाई जाएगी ?

(a) TXRYS (b) SRYZQ
(c) PSXQY (d) RQSYX

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,–

$S \neq T$
$R = S$
$S \neq Z$
$Q \neq P$

∴टीम इस प्रकार होगी – SRPXY
या SRQXY
या (RQSYX)

43. निम्नलिखित जानकारी पर विचार करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
ली, ब्रूस और चान देखभाल करने वाले हैं।
मिन, चान और हो संवेदनशील हैं।
ब्रूस, हो और मिन ईमानदार हैं।
ली, मिन और हो रचनात्मक हैं।
निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति न तो ईमानदार है और न ही रचनात्मक है?

(a) ब्रूस (b) ली
(c) चान (d) मिन

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :

ली	ब्रूस	चान	मिन	हो
↓	↓	↓	↓	↓
देखभाल	देखभाल	देखभाल	संवेदनशील	संवेदनशील
रचनात्मक	ईमानदार	संवेदनशील	रचनात्मक	ईमानदार
			ईमानदार	रचनात्मक

स्पष्ट है कि 'चान' एक ऐसा व्यक्ति है जो न तो ईमानदार है और न ही रचनात्मक है।

44. दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
एक सुनार के पास सोने के पांच नग- 'P', 'Q', 'R', 'S' और 'T' हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन भिन्न है।
'T' का वजन 'S' से तीन गुना है।
'S' का वजन 'R' से चार गुना है।
'R' का वजन 'Q' से आधा है।
'Q' का वजन 'P' से आधा है।
'P' का वजन 'T' से कम है, किन्तु 'R' से अधिक है।
निम्नलिखित में से कौन सा सोने का नग वजन में सबसे हल्का है?

(a) S (b) R (c) T (d) P

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना P का वजन x है।

$P = x$
$Q = x/2$
$R = x/4$
$S = 4 \times \frac{x}{4} = x$
$T = 3x$

अतः वजन का घटता क्रम निम्न है-
$T > P = S > Q > R$
अतः R सबसे हल्का है।

45. A, B, C, D, E और F छः मित्र हैं, जो एक पाठन कार्यक्रम में G, H, I, J, K, और L नामक पुस्तकों में से एक-एक पुस्तक पढ़ रहे है। A और B, G, J और L नामक पुस्तके नहीं पढ़ रहे है। F, पुस्तक H पढ़ रहा है। B, C और D, पुस्तक I और L नहीं पढ़ रहे हैं। A कौन सी पुस्तक पढ़ रहा है?

(a) J (b) G (c) K (d) I

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

व्यक्ति	पठन कार्यक्रम पुस्तक					
	G	H	I	J	K	L
A	×		✓	×		×
B	×		×	×	✓	×
C			×			×
D			×			×
E						✓
F		✓				

उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि छात्र A, पुस्तक 'I' पढ़ रहा है।

46. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पांच बच्चे - P, Q, R, S और T, अलग-अलग रंगों - लाल, पीले, गुलाबी, हरे और बैंगनी रंग के कपड़े पहने हुए हैं, किंतु जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। इनमें से प्रत्येक को आम, केला, अंगूर, सेब और नाशपाती में से केवल एक ही फल पसंद है। R ने लाल कपड़े पहने हैं। Q को केला और अंगूर पसंद नहीं है। S को सेब पसंद है और उसने बैंगनी कपड़े पहने हैं। गुलाबी रंग के कपड़े पहनने वाले बच्चे को केला पसंद है। T को आम पसंद है, लेकिन उसने हरे या गुलाबी रंगों के कपड़े नहीं पहने हैं। R को अंगूर पसंद हैं। इनमें से किसे नाशपाती पसंद है?

(a) S (b) R (c) Q (d) P

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

बच्चे	कपड़े का रंग	पंसद का फल
P	गुलाबी	केला
Q	हरा	नाशपाती
R	लाल	अंगूर
S	बैंगनी	सेब
T	पीला	आम

अतः सारणी से स्पष्ट है कि Q को नाशपाती पसंद है।

47. 6 पुरुषों A, B, C, D, E और F तथा 6 महिलाओं- P, Q, R, S, T और U में से 5 सदस्यों की एक टीम चुनी जाती है। C और U को एक साथ चुना जाता है। यदि B को चुना जाता है, तो न तो U को न ही Q को चुना जा सकता है। A, B, S और T में से ठीक दो व्यक्तियों को चुना जाता है। यदि E को चुना जाता है, तो न तो S को और न ही B को चुना जा सकता है। यदि A को चुना जाता है, तो B को चुना जाएगा।

निम्नलिखित में से कौन-सा टीम का सही चयन है?

(a) C, A, B, P, R (b) C, U, A, B, S
(c) P, R, S, T, D (d) P, R, A, B, S

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार-
C=U (साथ चुने जाएंगे)
B ≠ U, Q
A,B, S, T में से दो व्यक्यिो को चुना जाता है।
E ≠ S, B
A=B (साथ चुने जाएंगे)
विकल्प से :
1. विकल्प (a) में C के साथ U नही है अतः गलत है,
2. विकल्प (b) में A,B,S,T मे 2 को चुनना है जबकि इसमें 3 है अतः गलत है।
3. विकल्प (d) मे A,B,S,T मे 2 को चुनना है जबकि इसमे 3 है, अतः गलत है।
जबकि सही चयन विकल्प (c) P, R, S, T, D है। अतः अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) है ।

48. 6 महिलाएं– W1, W2, W3, W4, W5 और W6 अलग-अलग होटल– P, Q, R, S, T और W में रहती हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो) कोई भी दो महिलाएँ समान होटल में नहीं रहती हैं। एक महिला केवल एक होटल में रहती है। W4 होटल P या R में नहीं रहती है। W3 और W6 क्रमशः S और W में रहती हैं। W1, T या R में नहीं रहती हैं। W5, R या P में नहीं रहती है।

निम्नलिखित में से महिला और होटल का कौन सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?

(a) W4 - T (b) W2 - P
(c) W5 - T (d) W1 – P

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

होटल	W_1	W_2	W_3	W_4	W_5	W_6
P	✓	×	×	×	×	×
Q	×	×	×	✓	×	×
R	×	✓	×	×	×	×
S	×	×	✓	×	×	×
T	×	×	×	×	✓	×
W	×	×	×	×	×	✓

अतः स्पष्ट है कि W_4 और W_5 या Q में बैठेगे या T में अतः यह निश्चित है कि W_1, P में बैठेगा।

49. प्रबंधन के छः प्रोफेसरों O, P, Q, R, S और T में से प्रत्येक दो विषय पढ़ाता है जिनमें से एक प्रमुख और एक गौण है। R गौण विषय के रूप में फाइनेंस पढ़ाता है जबकि तीन अन्य प्रोफेसर इसे प्रमुख विषय के रूप में पढ़ाते हैं। T ऑपरेशन को प्रमुख विषय के रूप में पढ़ाता है जबकि Q और S इसे गौण विषय के रूप में पढ़ाते हैं, O और R समान विषय - फाइनेंस और आईटी पढ़ाते हैं। S और T दोनों मार्केटिंग पढ़ाते हैं। केवल एक प्रोफेसर गौण विषय के रूप स्ट्रैटजी पढ़ाता है।

P कौन सा गौण विषय पढ़ाता है?

(a) फाइनेंस (b) स्ट्रेटजी
(c) ऑपरेशन (d) आईटी

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

	प्रमुख विषय	गौण विषय
O →	फाइनेंस	आईटी
P →	फाइनेंस	स्ट्रेटजी
Q →	फाइनेंस	ऑपरेशन
R →	आईटी	फाइनेंस
S →	मार्केटिंग	ऑपरेशन
T →	आपरेशन	मार्केटिंग

अतः सारणी से स्पष्ट है कि P गौण विषय में 'स्ट्रेटजी' पढ़ाता है।

50. सात दोस्तों P, Q, R, S, T, U और V का जन्म सात अलग-अलग महीनों मार्च, अप्रैल, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, और दिसम्बर में हुआ था, उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। R का जन्म उस महीने में हुआ था जिसमें 31 से कम दिन होते हैं, लेकिन वह अगस्त से पहले था। T के बाद केवल तीन दोस्तों का जन्म हुआ था। U का जन्म V से ठीक पहले लेकिन T के बाद हुआ था। P और S के बीच तीन से अधिक दोस्तों का जन्म हुआ था। R का जन्म T से ठीक पहले नहीं हुआ था तथा T का जन्म S से पहले हुआ था।

Q और S के बीच कितने दोस्तों का जन्म हुआ था?

(a) पाँच (b) तीन
(c) दो (d) चार

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि Q व S के बीच तीन दोस्तों को जन्म हुआ था।

51. पाँच सबसे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों के परिणामों के आधार पर, कक्षाध्यापक यह निष्कर्ष निकालते हैं कि लोकेश और सुमित बीमा और बैंकिंग में अच्छे हैं; अरूण और लोकेश लेखा और बैंकिंग में अच्छे हैं; अरूण, पंकज और सुरेंद्र अर्थशास्त्र और लेखा में अच्छे हैं; सुरेंद्र और अरूण भूगोल और लेखा में अच्छे हैं; तथा पंकज और सुमित अर्थशास्त्र और बीमा में अच्छे हैं। बीमा, लेखा और अर्थशास्त्र में कौन अच्छा है?

(a) सुमित (b) सुरेंद्र
(c) पंकज (d) अरूण

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

विषय / छात्र	बीमा	बैंकिंग	लेखा	अर्थशास्त्र	भूगोल
लोकेश	√	√	√		
सुमित	√	√		√	
अरुण		√	√	√	√
पंकज	√		√	√	
सुरेंद्र			√	√	√

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि पंकज, बीमा, लेखा और अर्थशास्त्र में अच्छा है।

52. शरायु, पिंकी, तनीषा और ममता चार दोस्त हैं। दो J कॉलेज में पढ़ते हैं, X कॉलेज और A कॉलेज प्रत्येक में एक-एक पढ़ता है। प्रत्येक एक विषय में निश्चित रूप से अच्छा है और एक सभी विषयों में अच्छा है। विषय अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और कम्प्यूटर हैं। J कॉलेज में पढ़ने वालों में से एक गणित में अच्छा है। और दूसरा सभी विषयों में । तनीषा A कॉलेज में पढ़ रही है। पिंकी गणित में अच्छी है। शरायु विज्ञान में अच्छा नहीं है।
ज्ञात कीजिये कि सभी विषयों में कौन अच्छा है?

(a) तनीषा (b) शरायु
(c) पिंकी (d) ममता

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : छात्रों के कॉलेज व विषय का क्रम निम्न है-

छात्र	कॉलेज	विषय
शरायु	X	कम्प्यूटर
पिंकी	J	गणित
तनीषा	A	विज्ञान
ममता	J	सभी विषय

अतः स्पष्ट है, कि ममता सभी विषयों में अच्छी है।

53. छः खिलौनों को एक के ऊपर एक के रूप में रखा गया है। सबसे निचले खिलौने को क्रमांक 1 दिया गया है और इसके ऊपर के खिलौने को क्रमांक 2 दिया गया है और इसी प्रकार अन्य सभी खिलौनों को क्रमांक दिये गए हैं। प्रत्येक खिलौना एक अलग रंग का है, जिनके रंग बैंगनी, गुलाबी, सफेद, पीला, लाल और ग्रे हैं। बैंगनी रंग का खिलौना सम स्थान पर है, लेकिन शीर्ष पर नहीं है। लाल खिलौना सफेद या पीले खिलौने के सन्निकट नहीं है। ग्रे खिलौना 5 वें स्थान पर है। गुलाबी और सफेद खिलौने के बीच दो खिलौने हैं, वहीं गुलाबी खिलौना सफेद के ऊपर है। सफेद खिलौना सबसे निचले स्थान पर नहीं है।
गुलाबी खिलौना किस क्रमांक पर है ?

(a) तीसरे (b) चौथे (c) छठे (d) दूसरे

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, खिलौनों का क्रमांक निम्न प्रकार है -
6 → गुलाबी
5 → ग्रे
4 → पीला
3 → सफेद
2 → बैंगनी
1 → लाल

54. छः खिलौनों को एक के ऊपर एक के रूप में रखा गया है। सबसे निचले खिलौने को क्रमांक 1 दिया गया है और इसके ऊपर के खिलौने को क्रमांक 2 दिया गया है और इसी प्रकार अन्य सभी खिलौनों को क्रमांक दिये गए हैं। प्रत्येक खिलौना एक अलग रंग का है, जिनके रंग बैंगनी, गुलाबी, सफेद, पीला, लाल और ग्रे हैं। बैंगनी रंग का खिलौना सम स्थान पर है, लेकिन शीर्ष पर नहीं है। लाल खिलौना सफेद या पीले खिलौने के सन्निकट नहीं है। ग्रे खिलौना 5वें स्थान पर है। गुलाबी और सफेद खिलौने के बीच दो खिलौने हैं, वहीं गुलाबी खिलौना सफेद के ऊपर है। सफेद खिलौना सबसे निचले स्थान पर नहीं है।
निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा खिलौना विषम क्रमांक पर है ?

(a) गुलाबी खिलौना (b) बैंगनी खिलौना
(c) सफेद खिलौना (d) पीला खिलौना

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार खिलौनों का क्रमांक निम्न प्रकार है –
6 – गुलाबी
5 - ग्रे
4 – पीला
3 – सफेद
2 – बैंगनी
1 – लाल
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि विकल्पों में से सफेद खिलौना विषम स्थान पर है।

55. छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F छः विभिन्न स्थानों दिल्ली, मुम्बई, पंजाब, ओडिशा, गोवा तथा यूपी में से किसी एक स्थान पर जा रहे है। (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।) कोई भी दो व्यक्ति समान स्थान पर नही जा रहे है। B दिल्ली नहीं जा रहा है। E ओडिशा जा रहा

है। F गोवा तथा दिल्ली नहीं जा रहा है। D मुम्बई जा रहा है। A तथा C यूपी नहीं जा रहे है। A दिल्ली नही जा रहा है।

दिल्ली कौन जा रहा है ?

(a) C (b) E (c) A (d) B

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के जाने का उचित क्रम -

व्यक्ति		जाने वाला शहर	नही जाने वाला शहर
A	→		दिल्ली, यूपी
B	→		दिल्ली
C	→		यूपी
D	→	मुंबई	→
E	→	ओडिशा	→
F	→		दिल्ली, गोवा

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि, A, B तथा F दिल्ली नहीं जा रहे है, तथा D व E का पहले से ही तय है जो क्रमशः मुम्बई व ओडिशा जा रहे हैं। तो व्यक्ति C ही दिल्ली जायेगा।

56. एक समूह में A, B, C और D चार व्यक्ति हैं, जिन्हें 1 से 10 के बीच एक संख्या का चयन करना है। कोई भी दो व्यक्ति एक ही संख्या नहीं चुन सकते हैं। A द्वारा चुनी गयी संख्या का घन और C द्वारा चुनी गयी संख्या का वर्ग निर्धारित संख्याओं की सीमा के अंदर आता है। B द्वारा चुनी गई संख्या C द्वारा चुनी गई संख्या से केवल एक अधिक है और D द्वारा चुनी गयी संख्या चारों व्यक्तियों द्वारा चुनी गई संख्याओं में सबसे छोटी है। D ने कौन सी संख्या चुनी है ?

(a) 4 (b) 9 (c) 1 (d) 8

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : चूँकि चारों व्यक्तियों द्वारा 1 से 10 के बीच की संख्याएं चुनी जानी है।

अतः उनके द्वारा चुनी गयी संख्यायें निम्नवत् है।

व्यक्ति	चुनी गयी संख्या
A	2
B	4
C	3
D	1

A द्वारा चुनी गई संख्या (2) का घन (8) और C द्वारा चुनी गई संख्या (3) का वर्ग (9) निर्धारित संख्याओं (1-10) की सीमा के अन्दर आता है।

D द्वारा चुनी गई संख्या = 1

57. सात छात्र A, B, C, D, E, F तथा H एक परीक्षा देते हैं। कोई भी दो छात्रों को समान अंक नहीं प्राप्त होते है। A, B से अधिक अंक प्राप्त करता है। H, A से अधिक अंक प्राप्त करता है। केवल दो छात्र C से अधिक अंक प्राप्त करते हैं। D, C तथा B से अधिक अंक प्राप्त करता है, लेकिन D उच्चतम अंक प्राप्त नहीं करता है। यदि B न्यूनतम अंक नहीं प्राप्त करता है, तो उनके अंकों का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम संभव है?

(a) H > D > C > B > E > F > A
(b) F > D > C > E > H > B > A
(c) H > D > C > E > A > B > F
(d) E > C > D > H > A > B > F

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दी गयी जानकारी के आधार पर उनके अंकों का संभव अनुक्रम

H > D > C > E > A > B > F

अतः विकल्प (c) सही होगा।

58. मेरे पास पेंट के चार डिब्बे हैं, जो गुलाबी, नीले, हरे और टैन रंग के हैं तथा गार्डन, हार्टले, फिनेस और इंडियाना द्वारा निर्मित हैं, लेकिन इनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। एक ऑटोमोबाइल पेंट है, एक मरीन अनुप्रयोग के लिए है, तीसरा दरवाजों और आंतरिक सज्जा के लिए और चौथा वाह्य सज्जा के लिए है। हरा पेंट, जो आंतरिक सज्जा के लिए नहीं है, हार्टले द्वारा निर्मित है। इंडियाना, नीला पेंट बनाता है और गुलाबी पेंट ऑटोमोबाइल के लिए है। वाह्य सज्जा के लिए प्रयोग किया जाने वाला पेंट, फिनेस द्वारा निर्मित है। कौन सी कम्पनी टैन रंग का पेंट बनाती है?

(a) हार्टले (b) इंडियाना
(c) फिनेस (d) गार्डन

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

कम्पनी	रंग/पेंट	अनुप्रयोग
हार्टले	हरा	मरीन अनुप्रयोग
फिनेस	टैन	वाह्य सज्जा
इंडियाना	नीला	आंतरिक सज्जा
गार्डन	गुलाबी	ऑटोमोबाइल

अतः टैन रंग को बनाने वाली कम्पनी फिनेस है।

59. डेविड, राशिद, विजय और कमल, राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ी हैं, जो केरल, पंजाब, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से हैं, हालांकि उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। हमारे पास उनके बारे में निम्नलिखित जानकारी है:

1. उनमें से दो गेंदबाज है और दो बल्लेबाज हैं।
2. डेविड, केरल से है और राशिद पंजाब से नहीं है, लेकिन वह एक गेंदबाज है।
3. बल्लेबाजों में से एक महाराष्ट्र से है, लेकिन विजय न तो बल्लेबाज है और न ही महाराष्ट्र से है।
4. केरल का खिलाड़ी गेंदबाज नहीं है।

निम्नलिखित में से कौन सा बल्लेबाज - गेंदबाज के युग्म को दर्शाता है?

(a) विजय - डेविड (b) राशिद - कमल
(c) विजय - राशिद (d) डेविड - विजय

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

नाम	राज्य	पेशा
डेविड	केरल	बल्लेबाज
कमल	महाराष्ट्र	बल्लेबाज
विजय	पंजाब	गेंदबाज
राशिद	पं0 बंगाल	गेंदबाज

अतः बल्लेबाज-गेंदबाज का युग्म डेविड-विजय का युग्म दर्शाता है।

60. एक पुस्तकालय के सदस्य - A, B, C और D बंगाली, गुजराती, तमिल और उर्दू भाषाओं की पुस्तकें लेते हैं, प्रत्येक पुस्तक एक अलग शैली (जीवनी, निबंध, उपन्यास और नाटक) की है। निबंध और नाटक क्रमशः बंगाली और उर्दू में हैं। A उर्दू या तमिल नहीं पढ़ता है। B

ने न तो जीवनी और न ही गुजराती पुस्तक ली है। D, जो तमिल पढ़ता है, उसे नाटकों में कोई दिलचस्पी नहीं है। C और A ने क्रमशः एक बंगाली पुस्तक और एक उपन्यास लिया है। दी गई जानकारी के आधार पर भाषा-शैली का इनमें से कौन सा संयोजन सही है?

(a) तमिल - निबंध (b) गुजराती - जीवनी
(c) तमिल - जीवनी (d) गुजराती - नाटक

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

सदस्य	भाषा	शैली
C	बंगाली	निबंध
B	उर्दू	नाटक
D	तमिल	जीवनी
A	गुजराती	उपन्यास

अतः स्पष्ट है कि तमिल - जीवनी भाषा शैली का संयोजन सही है।

61. एक टेबल पर P, Q, R, S, T और U लेबल वाले छः दस्ताने आसपास रखे गए हैं। T, U और S रबर के दस्ताने है, जबकि अन्य दस्ताने ऊनी हैं। तीन दस्ताने S, P और Q हरे रंग के हैं, जबकि बाकी काले रंग के हैं। Q, S और U दस्ताने किसी के द्वारा उपहार में दिए गए हैं, जबकि अन्य खरीदे गए हैं।

इनमें कौन-सा दस्ताना काला, रबर का है जो कि उपहार में नहीं दिया गया ?

(a) S (b) T (c) U (d) R

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :

P → हरे रंग का → ऊनी → खरीदा गया
Q→ हरे रंग का → ऊनी → उपहार में दिया
R→ काले रंग का → ऊनी → खरीदा गया
S → हरे रंग का → रबर का → उपहार में दिया
T → के पास → काले रंग का → रबर का → खरीदा गया
U → के पास → काले रंग का→ रबर का → उपहार में दिया

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि T दस्ताना काले रंग का, रबर का है जो कि उपहार में नही दिया गया है।

62. पांच सदस्यों A,B,C,D तथा E की लम्बाइयां भिन्न-भिन्न हैं। उनमें से प्रत्येक क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज, टेनिस तथा बॉलीबाल में से कोई एक खेल खेलता है। कोई भी दो सदस्य समान खेल नहीं खेलते है। A केवल दो सदस्यों से छोटा है और फुटबॉल खेलता है। उनमें से सबसे लंबा सदस्य शतरंज खेलता है। B, E से लंबा है, लेकिन D से छोटा है। E टेनिस खेलता है और वह सबसे छोटा नहीं है। उनमें से कौन शतरंज खेलता है ?

(a) B (b) C (c) D (d) E

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : सदस्यों का क्रम -



अतः खिलाड़ी D सबसे लंबा है और वह शतरंज खेलता है।

63. पाँच दोस्तों, R,S,T,U और V का एक समूह है। वे अपने रविवार को व्यतीत करने की योजना बना रहे हैं। उनमें से एक पिकनिक पर जाना चाहता है; एक क्रिकेट खेलने जाना चाहता है; एक चिड़ियाघर घूमने जाना चाहता है; एक कॉफी शॉप जाना चाहता है और एक फिल्म देखने जाना चाहता है।

- R न तो पिकनिक पर जाना चाहता है और न ही कॉफी शॉप जाना चाहता है।
- S को क्रिकेट खेलना या देखना पसंद नहीं है।
- T और V में से एक पिकनिक पर जाना चाहता है।
- U चिड़ियाघर घूमने जाना चाहता है।
- V को कॉफी बहुत पसंद है और वह हर रविवार को कॉफी शॉप जाती है।

इनमें से कौन फिल्म देखने जाना चाहता है ?

(a) S (b) T (c) R (d) V

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

दोस्त	स्थान के नाम				
	पिकनिक	क्रिकेट	चिड़ियाघर	कॉफी शॉप	फिल्म
R	×	✓	×	×	×
S	×	×	×	×	✓
T	✓	×	×	×	×
U	×	×	✓	×	×
V	×	×	×	✓	×

अतः आयत ग्राफ से स्पष्ट है कि फिल्म देखने S जाना चाहता है।

64. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

माध्यमिक कक्षाओं के लिए सहायक शिक्षक (सामाजिक विज्ञान) के पद हेतु निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों द्वारा निम्नलिखित अर्हता मानदंडों को पूरा किया जाना आवश्यक है:

i. उसे भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन (किन्हीं भी दो विषयों) में स्नातक होना चाहिए।
ii. उसे प्रथम श्रेणी में बी.एड. डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए।
iii. उसे प्राथमिक स्तर पर 8 वर्ष का शिक्षण अनुभव या माध्यमिक स्तर पर 3 वर्ष का शिक्षण अनुभव होना चाहिए।
iv. उसकी हिंदी और अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

एक उम्मीदवार के बारे में जानकारी दी गई है। दी गई जानकारी के आधार पर आपकों यह निर्णय करना है कि वह उम्मीदवार किस मानदंड के तहत चयन के लिए अर्ह है। कृपया ध्यान दें कि एक व्यक्ति एक से अधिक मानदंडों के तहत अर्ह हो सकता है। आपको प्रश्न में दी गई जानकारी के अतिरिक्त किसी भी अन्य बात का अनुमान नहीं लगाना है।

मनीषा ने इतिहास और अर्थशास्त्र विषयों के साथ स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। उसे पूर्व-प्राथमिक स्तर पर 10 वर्ष का शिक्षण अनुभव है। वह हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी बोलने में अत्यंत कुशल है।

(a) केवल iii और iv के तहत अर्ह
(b) केवल i और iv के तहत अर्ह

(c) केवल i और ii के तहत अर्ह
(d) केवल ii और iv के तहत अर्ह

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दी गयी जानकारी को पढ़ने के बाद स्पष्ट है कि उम्मीदवार को चयन होने के लिए जानकारी (i) व जानकारी (iv) की आवश्यकता होगी। अतः विकल्प (b) सही है।

65. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक, अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

किसी पुस्तकालय का सदस्य बनने के लिए अर्हता मानदंड निम्नलिखित हैं :

i. आवेदन को ₹ 10,000 के एकमुश्त सदस्यता शुल्क का भुगतान करने और ₹ 500 मूल्य की दो पुस्तकों का योगदान देने में सक्षम होना चाहिए।

ii. यदि आवेदक कुल ₹ 5,000 मूल्य की पुस्तकों का दान करता है, तो उसे एकमुश्त सदस्यता शुल्क में 50% तक की छूट दी जाती है।

iii. विद्यालय के छात्रों के लिए, 18 वर्ष की आयु तक सदस्यता शुल्क में छूट दी गई है।

iv. यदि विद्यालयों के सेवारत शिक्षक, 20 छात्रों को पुस्तकालय का सदस्य बनने में सहायता करते हैं, तो उन्हें केवल ₹2,000 का भुगतान करने की आवश्यकता होती है।

v. सेवारत रक्षा कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए, पुस्तकालय की सदस्यता निःशुल्क है।

किसी व्यक्ति के बारे में आँकड़े/जानकारी दी गई है। दी गई जानकारी के आधार पर आपकों यह निर्णय करना है कि वह व्यक्ति किस मानदंड के तहत सदस्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह है। कृपया ध्यान दें कि एक व्यक्ति, एक से अधिक मानदंडों के तहत अर्ह हो सकता है। आपकों प्रश्न में दी गई जानकारी के अतिरिक्त किसी भी अन्य बात का अनुमान नहीं लगाना है।

सुश्री D एक स्कूल में शिक्षक हैं। वह ₹ 5,000 मूल्य की 20 पुस्तकों का योगदान करने और 18 छात्रों को पुस्तकालय की सदस्यता दिलाने में मदद करने के साथ-साथ ₹ 2,000 के सदस्यता शुल्क का भुगतान करने के लिए तैयार हैं।

(a) केवल (iv) के तहत अर्ह
(b) केवल (iii) के तहत अर्ह
(c) अर्ह नहीं है।
(d) केवल (iii) और (iv) के तहत अर्ह

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : सुश्री D के बारे में दी गयी जानकारी प्रश्न के मानदंड को पूरा नहीं करता है अतः वह पुस्तकालय का सदस्य बनने के लिए अर्ह नहीं है। इसलिए विकल्प (c) सही है।

66. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सीता और गीता, हिंदी और अंग्रेजी बोलती हैं। मोहन और गीता, बंगाली और हिंदी बोलती हैं। सीता, प्रिया और गौरव, अंग्रेजी और मलयालम बोलते हैं। गीता और गौरव, उड़िया बोलते हैं।

इनमें से कौन अधिकतम भाषाएं बोलता/बोलते हैं।

(a) सीता (b) गीता
(c) मोहन (d) गौरव

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

	हिंदी	अंग्रेजी	बंगाली	मलयालम	उड़िया
सीता	✓	✓	×	✓	×
गीता	✓	✓	✓	×	✓
मोहन	✓	×	✓	×	×
प्रिया	×	✓	×	✓	×
गौरव	×	✓	×	✓	✓

अतः ग्राफ से स्पष्ट है कि 'गीता' सबसे अधिकतम भाषा बोलती है।

67. सोफिया और रोहन, बैडमिंटन तथा फुटबॉल खेलते हैं। दिनेश और राहुल, क्रिकेट तथा वॉलीबॉल खेलते हैं। रोहन और नवीन, हॉकी तथा क्रिकेट खेलते हैं। कौन क्रिकेट नहीं खेलता हैं ?

(a) नवीन (b) रोहन (c) दिनेश (d) सोफिया

RRB NTPC 23.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर,

नाम		खेल
सोफिया	–	बैडमिंटन, फुटबॉल
रोहन	–	बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट
दिनेश	–	क्रिकेट, वॉलीबॉल
राहुल	–	क्रिकेट वॉलीबॉल
नवीन	–	हॉकी, क्रिकेट

अतः स्पष्ट है कि सोफिया, क्रिकेट नहीं खेलती है।

68. पांच मित्र A, B, C, D और E डॉक्टर, वकील, बिजनेसमैन, इंजीनियर तथा कुक के रूप में काम करते हैं और दिल्ली, मुंबई, गोवा, पणजी तथा पंजाब में रहते हैं (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो) किन्हीं भी दो मित्रों का व्यवसाय समान नहीं है। तथा कोई भी दो मित्र एक ही स्थान पर नहीं रहते है। A एक कुक के रूप में काम करता है लेकिन गोवा और पणजी में नहीं रहता है। B तथा D क्रमशः दिल्ली तथा मुंबई में रहते हैं। C वकील के रूप में काम करता है। डॉक्टर गोवा में रहता है।

निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?

(a) D – मुंबई - इंजीनियर (b) B–दिल्ली– बिज़नेसमैन
(c) C – पणजी - वकील (d) A – पणजी - कुक

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

A	B	C	D	E
पंजाब	दिल्ली	पणजी	मुंबई	गोवा
कुक	बिजनेसमैन या इंजीनियर	वकील	बिजनेसमैन या इंजीनियर	डॉक्टर

उपरोक्त से स्पष्ट है कि C – पणजी - वकील का संयोजन निश्चित रूप से सत्य है।

69. विमल और कमल पियानो और गिटार में अच्छे है। रीमा और सीमा हॉकी और गिटार में अच्छे है। रीमा, कोमल और रीना हॉकी और शतरंज में अच्छी हैं। रीना और रीमा पियानो और बैडमिंटन में अच्छे है। कोमल और शोभा शतरंज और पियानों में अच्छे हैं।

कौन हॉकी, शतरंज और बैडमिंटन में अच्छा है, लेकिन गिटार में अच्छा नहीं है ?

(a) कोमल (b) सीमा
(c) रीना (d) रीमा

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

नाम		खेल/वाद्ययन्त्र
विमल	–	पियानो, गिटार
कमल	–	पियानो, गिटार
रीमा	–	हॉकी, गिटार, शतरंज, पियानो, बैडमिंटन
सीमा	–	हॉकी, गिटार
कोमल	–	हॉकी, शतरंज, पियानो
रीना	–	हॉकी, शतरंज, पियानो, बैडमिंटन
शोभा	–	शतरंज, पियानो

अतः 'रीना', हॉकी, शतरंज और बैडमिंटन में अच्छी है, लेकिन गिटार में अच्छा नहीं हैं।

70. निम्नलिखित जानकारी को पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

1. रोहित, शोभित और मनु, वॉलीबॉल, टेनिस और खो-खो खेलते हैं।

2. रोहित, आशु और मनु, वॉलीबॉल, टेनिस और बैडमिंटन खेलते हैं।

3. रोहित, शोभित, दलीप और मनु, खो-खो और टेनिस खेलते हैं।

इनमें से कौन-सा खेल सभी लड़कों द्वारा खेला जाता है?

(a) टेनिस (b) खो-खो

(c) वॉलीबाल (d) बैडमिंटन

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार चार्ट बनाने पर-

लड़के	वॉलीबॉल	टेनिस	खो - खो	बैडमिंटन
रोहित	✓	✓	✓	✓
शोभित	✓	✓	✓	×
मनु	✓	✓	✓	✓
आशु	✓	✓	×	✓
दलीप	×	✓	✓	×

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि 'टेनिस' खेल सभी लड़कों द्वारा खेला जाता है।

71. दी गई जानकारी के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

हरदीप, जगजीत और रोहन ईमानदार है। कमल, जगजीत और गौरव महत्वाकांक्षी है। रोहन, जगजीत और कमल मेहनती है। गौरव, हरदीप और कमल बुद्धिमान है।

इनमें से कौन न तो महत्वाकांक्षी है और न ही मेहनती है?

(a) कमल (b) गौरव

(c) रोहन (d) हरदीप

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) प्रश्नानुसार,

व्यक्ति	गुण
हरदीप	ईमानदार, बुद्धिमान
जगजीत	ईमानदार, महत्वाकांक्षी, मेहनती
रोहन	ईमानदार, मेहनती
कमल	महत्वाकांक्षी, मेहनती, बुद्धिमान
गौरव	महत्वाकांक्षी, बुद्धिमान

अतः उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि हरदीप न तो महत्वाकांक्षी है और न ही मेहनती है।

72. पाँच दोस्त A, B, C, D और E एक सोसाइटी में रहते हैं। उनमें से प्रत्येक को ब्रांड P, ब्रांड Q, ब्रांड R, ब्रांड S और ब्रांड T में से किसी एक ब्रांड की नीले, स्लेटी, सफेद, सिल्वर और काले रंग में से एक विशेष रंग की कार पसंद है, लेकिन उनका दिए गए क्रम में होना आवश्यक नहीं है।

a) A को काले रंग की कार पसंद है, लेकिन ब्रांड T की कार पसंद नहीं है।

b) D को सिल्वर रंग की कार पसंद नहीं है। उसे ब्रांड S की कार पसंद है।

c) E को ब्रांड R और ब्रांड T की कार पसंद नहीं है।

d) C को ब्रांड R की नीले रंग की कार पसंद है।

e) उनमें से एक को ब्रांड Q की सिल्वर रंग की कार पसंद है।

f) B को सफेद कार पसंद है।

इनमें से किसे ब्रांड Q की कार पसंद है?

(a) E (b) D (c) A (d) B

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

व्यक्ति	उनके द्वारा पसंद किया जाने वाला ब्रांड	व्यक्तियों द्वारा पसंद किया जाने वाला कार का रंग
A	P	काला
B	T	सफेद
C	R	नीले
D	S	स्लेटी
E	Q	सिल्वर

अतः E को ब्रांड Q की कार पसंद है।

73. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

A, B, C, D, और E पांच लड़कियाँ हैं। उन्होंने अलग-अलग राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, बिहार और ओडिशा के लड़कों से शादी की है, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य है। सभी पाँचों लड़कों के व्यवसाय अलग-अलग अर्थात् - राजीतिज्ञ, प्रोफेसर अध्यापक, डॉक्टर और इंजीनियर हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है।

D की शादी डॉक्टर से हुई है, B की शादी उत्तर प्रदेश के उस व्यक्ति से हुई है, जो प्रोफेसर या राजनीतिज्ञ नहीं है। E ने इंजीनियर से शादी की है, और वह झारखण्ड या मध्य प्रदेश से नहीं है। C ने बिहार के व्यक्ति से शादी की है। जो राजनीतिज्ञ है, वह बिहार या झारखण्ड से नहीं है।

A ने ..... के व्यक्ति से शादी की है।

(a) झारखण्ड (b) बिहार

(c) मध्य प्रदेश (d) ओडिशा

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c)

शहर	म.प्र.	उ.प्र.	बिहार	झारखंड	उड़ीसा
व्यक्ति	A	B	C	D	E
व्यवसाय	राजनीतिज्ञ	अध्यापक	प्रोफेसर	डॉक्टर	इंजीनियर

अतः A ने मध्य प्रदेश के व्यक्ति के साथ शादी की है।

74. दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

- **चार व्यक्ति P, Q, R, और S हैं।**
- **उनमें से एक डॉक्टर है और वह फुटबॉल एवं क्रिकेट खेलता है।**
- **P और Q शिक्षक हैं।**
- **P बैडमिंटन खेलता है।**
- **वकील और दोनों शिक्षक तैराक है।**
- **उनमें से एक टेनिस भी खेलता है।**
- **S कैरम खेलता है और वकील है।**
- **सभी चार व्यक्तियों में से प्रत्येक व्यक्ति दो खेल खेलता है और एक पेशे से जुड़ा है**

इनमें से कौन कैरम खेलता है और तैराक है ?

(a) P (b) S (c) Q (d) R

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

व्यक्ति	व्यवसाय	खेल-1	खेल-2
R	डॉक्टर	फुटबाल	क्रिकेट
P	शिक्षक	बैडमिंटन	तैराक
Q	शिक्षक	टेनिस	तैराक
S	वकील	कैरम	तैराक

अतः सारणी से स्पष्ट है कि कैरम और तैराक खेलने वाला व्यक्ति 'S' है, जो वकील है।

75. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पांच कोचिंग क्लास- P, Q, R, S और T, पांच अलग-अलग मंजिलों 1, 2, 3, 4 और 5 पर स्थित हैं, किंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। प्रत्येक कोचिंग क्लास में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान और अंग्रेजी में से केवल एक विषय पढ़ाया जाता है, किंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। निम्नलिखित जानकारी भी ज्ञात है:

- **कोंचिग क्लास S में जीव विज्ञान विषय पढ़ाया जाता है, जबकि कोचिंग क्लास Q में अंग्रेजी विषय नहीं पढ़ाया जाता है।**
- **कोचिंग क्लास R तीसरी मंजिल पर है, और कोचिंग क्लास P में रसायन विज्ञान विषय पढ़ाया जाता है।**
- **पांचवीं मंजिल पर स्थित कोंचिग क्लास में भौतिक विज्ञान विषय पढ़ाया जाता है।**
- **तीसरी मंजिल पर स्थित कोंचिग क्लास में अंग्रेजी या भौतिक विज्ञान विषय नहीं पढ़ाया जाता है।**

दी गई जानकारी के आधार पर, बताएं कि कौन सी मंजिल पर गणित विषय पढ़ाया जाता है?

(a) तीसरी (b) चौथी
(c) दूसरी (d) पांचवीं

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

कोचिंग	विषय	1	2	3	4	5
P	रसायन विज्ञान	–	–	X	–	X
Q	भौतिक विज्ञान	–	–	X	–	✓
R	गणित	–	–	✓	X	X
S	जीव विज्ञान	–	–	X	–	X
T	अंग्रेजी			X		

दी गई जानकारी के आधार पर, बताया जा सकता है कि गणित तीसरी मंजिल पर पढ़ाया जाता हैं।

76. छः व्यक्ति- A, B, C, D, E और F, अलग-अलग कार्यालयों- K, L, M, N, O और P में कार्यरत हैं, जरूरी नहीं कि इसकी क्रम में हों। इनमें से तीन पुरुष और तीन महिलाएं हैं। B, E की पत्नी है और कार्यालय N में कार्यरत है। कोई भी महिला, कार्यालय L या P में कार्यरत नहीं है। C, D की बहन है और कार्यालय K में कार्यरत है। F कार्यालय M में कार्यरत है। D कार्यालय L में कार्यरत है। कोई भी पुरुष, कार्यालय O में कार्यरत नहीं है। इनमें से कौन कार्यालय P में कार्यरत है।

(a) F (b) A (c) E (d) B

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

व्यक्ति	K	L	M	N	O	P
A-(महिला)	×	×	×	×	✓	×
B-(महिला)	×	×	×	✓	×	×
C-(महिला)	✓	×	×	×	×	×
D- (पुरुष)	×	✓	×	×	×	×
E-(पुरुष)	×	×	×	×	×	✓
F-(पुरुष)	×	×	✓	×	×	×

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि व्यक्ति 'E' कार्यालय P में कार्यरत है।

77. पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E प्रत्येक अलग-अलग रंग- काले, सफेद,नीले,पीले, लाल रंग की कार के साथ एक रेस में भाग ले रहे हैं, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

नीली कार रेस में सबसे आगे है और A रेस में सबसे धीमा व्यक्ति है। जिस व्यक्ति के पास लाल कार है, वह E के ठीक पीछे है। B के पास सफेद कार है और उसे दूसरे स्थान पर रहने के लिए सिर्फ एक व्यक्ति को पार करने की आवश्यकता है। C, D के ठीक पीछे है जो पीछे से दूसरे स्थान पर है, वह काली कार नहीं चला रहा है। पीली कार कौन चला रहा है और रेस में उसका स्थान कौन सा है ?

(a) D तीसरा (b) B तीसरा
(c) E चौथा (d) A पांचवां

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

रैंक	रंग	कार
1→	नीली	— D
2→	काली	— C
3→	सफेद	— B
4→	पीली	— E
5→	लाल	— A

अतः पीली कार E चला रहा है और उसका स्थान चौथा है।

78. छः बक्सों - P, Q, R, S, T और U का अलग-अलग रंगों- काला, नीला, नारंगी, हरा, सफेद और स्लेटी में से एक रंग से रंगा गया है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। कोई भी दो बक्सों को समान रंग से नहीं रंगा गया है। R को नारंगी रंग से रंगा गया है। S और U को न तो सफेद और न ही स्लेटी रंग से रंगा गया है। P को काले रंग से रंगा गया है। Q को सफेद या नीले रंग से नहीं रंगा गया है।

बॉक्स S को किस रंग से रंगा गया है।

(a) नीला या स्लेटी (b) काला या हरा
(c) सफेद या हरा (d) नीला या हरा

RRB NTPC 21.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

	काला	नीला	नारंगी	हरा	सफेद	स्लेटी
P	✓	×	×	×	×	×
Q	×	×	×		×	
R	×	×	✓	×	×	×
S	×		×		×	×
T	×		×			
U	×		×		×	×

अतः उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि बॉक्स S को नीला या हरा रंग से रंगा गया है।

79. पांच विमान परिचारिकाओं- A, B, C, D, और E को अलग-अलग रंग अर्थात् हरा, नीला, सफेद, काला और गुलाबी (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) में से एक पसंद है। वे अलग-अलग एयरलाइंस अर्थात् गो एयर, एमिरेट्स, विस्तारा, स्पाइस जेट और जेट लाइट मे से एक में कार्यरत हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम मे हों)। कोई भी दो विमान परिचारिकाएं समान रंग पसंद नहीं करती हैं और वे समान एयरलाइंस में कार्यरत नहीं हैं। B को सफेद रंग पसंद है और वह स्पाइस जेट एयरलाइंस में कार्यरत है। D विस्तारा एयरलांइस में कार्यरत है और उसे गुलाबी या नीला रंग पसंद नहीं है। A जेट लाइट और गो एयर में कार्यरत नहीं हैं। जो गो एयर एयरलाइंस में कार्यरत है और उसे काला रंग पसंद है। C को काला रंग पसंद नहीं हैं और वह एमिरेट्स एयरलांइस में कार्यरत नहीं है।

परिचारिका, रंग और एयरलाइंस का निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन निश्चित रुप से सही है?

(a) A - गुलाबी - एमिरेट्स (b) A - नीला - एमिरेट्स
(c) D - हरा - विस्तारा (d) C - नीला - जेट लाइट

RRB NTPC 21.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

परिचायिकाएं	रंग	एयरलाइन
A	नीला/गुलाबी	एमिरेट्स
B	सफेद	स्पाइसजेट
C	गुलाबी/नीला	जेट लाइन
D	हरा	विस्तारा
E	काला	गो-एयर

अतः सारणी से स्पष्ट है कि विस्तारा एयरलाइन की परिचायिका को हरा रंग पसंद है।

निर्देश: निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और उस पर आधारित प्रश्नों का जवाब दें।

एक चिड़ियाघर में पाँच पिंजरे क्रमवार स्थित हैं, अनियमित क्रम में, बाईं से दाईं ओर, ऐसे कि–

1. बाघ को हाथी के बगल में रखा गया है।
2. शेर को बंदर के बगल में रखा गया है।
3. मोर, बंदर और बाघ के बीच में स्थित है।
4. शेर का पिंजरा, मोर की बाईं ओर है।

80. मोर का पिंजरा ..... है–

(a) बाएं से चौथा (b) दाएं से तीसरा
(c) दाएं से चौथा (d) बाएं से दूसरा

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : पिंजरों का क्रम इस प्रकार है–



पिंजरो के क्रमानुसार मोर का पिंजरा दाएं से तीसरा होगा।

81. कौन–सा पिंजरा सबसे दाईं ओर है?

(a) हाथी (b) बंदर (c) शेर (d) बाघ

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : पिंजरो का क्रम इस प्रकार है–



सबसे दाईं ओर हाथी का पिंजरा है।

82. यदि मोर के पिंजरे को वहां से हटा दिया जाता है और केवल चार पिंजरे बचते हैं, तो दाएं से तीसरा पिंजरा किसका होगा?

(a) हाथी (b) बाघ (c) शेर (d) बंदर

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : यदि मोर के पिंजरे को हटा दिया जाये तो पिंजरो का क्रम इस प्रकार है–

अत: दाएं से तीसरा पिंजरा बंदर का होगा।

निर्देश-निम्नलिखित जानकारी पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें–

एक प्रदर्शनी में अलग–अलग कंपनियों–LG, एयर कंडिशनर कैरिअर, सैमसंग, गोदरेज, व्हर्लपूल, हिताची और विडियोकॉन के सात एयर कंडिशनर्स पूर्व के सामने की ओर निम्नलिखित क्रम में रखे हुए थे; LG को विडियोकॉन से लगकर दाईं ओर।

विडियोकॉन को सैमसंग के दाईं ओर चौथे क्रम पर।

गोदरेज को एयर कंडिशनर कैरियर और हिताची के बीच।

सैमसंग जो कि एयर कंडिशनर से बायीं ओर तीसरे क्रम पर है, सबसे अन्त में रखा गया है।

83. निम्नलिखित पर कंडिशनर्स के समूहों में से कौन–सा एयर कंडिशनर कैरियर के दाईं ओर है?

(a) LG, विडियोकॉन और गोदरेज
(b) व्हर्लपूल, LG और विडियोकॉन
(c) गोदरेज, हिताची और सैमसंग
(d) हिताची, LG और विडियोकॉन

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : एयर कंडिशनर्स का क्रम निम्नवत् है–
सैमसंग–हिताची–गोदरेज–एयर कंडिशनर कैरियर–विडियोकॉन–LG-व्हर्लपूल।
अतः स्पष्ट है कि एयर कंडिशनर कैरियर के दाईं ओर व्हर्लपूल, LG और विडियोकॉन है।

84. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) गोदरेज एयर कंडिशनर कैरियर की बाईं ओर लगकर है।
(b) हिताची सैमसंग की बाईं ओर लगकर है।
(c) हिताची सबसे अन्त में है।
(d) सैमसंग गोदरेज की दाईं ओर लगकर दूसरे क्रम पर है।

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : यह कथन सत्य है कि गोदरेज एयर कंडिशनर कैरियर की बायीं ओर लगकर है।

निर्देश: E, F, G, H और K सप्ताह के कामकाजी दिनों में (शनिवार, रविवार छोड़कर) अस्पताल का दौरा करते हैं। उनमें से प्रत्येक फिजीशियन, सर्जन, दंत चिकित्सक, हृदय रोग विशेषज्ञ और किडनी रोग विशेषज्ञ है, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। उनमें प्रत्येक, सप्ताह में सिर्फ एक दिन अस्पताल का दौरा करता है और कार्य करता है। निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

1. फिजीशियन प्रत्येक सोमवार ऑफिस का दौरा करता है।
2. E हृदय रोग विशेषज्ञ है जो ना तो मंगलवार और न ही गुरुवार को आता है।
3. K सर्जन है और G फिजीशियन नहीं है।
4. वह व्यक्ति जो गुरुवार को ऑफिस का दौरा करता है वो किडनी रोग विशेषज्ञ नहीं है।
5. H मंगलवार को काम करता है और K उसके अगले दिन काम करता है।

85. फिजीशियन कौन है?
(a) E (b) F
(c) G (d) H

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : II

Ans. (b) :

व्यक्ति	दिन	चिकित्सा
E	शुक्रवार	हृदय रोग
F	सोमवार	फिजीशियन
G	गुरुवार	दंत
H	मंगलवार	किडनी
K	बुधवार	सर्जन

86. हृदय रोग विशेषज्ञ ऑफिस का दौरा किस दिन करता है?
(a) मंगलवार (b) बुधवार
(c) गुरुवार (d) शुक्रवार

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार हृदय रोग विशेषज्ञ का शुक्रवार को दौरा है।

निर्देश: पाँच छात्र- अनिल, बरुना, चित्रा, डेव और एल्सा- क्रिकेट, फुटबाल, बॉस्केटबाल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे पाँच अलग-अलग खेलों में उसके स्कूलों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अनिल फुटबॉल खेलता है। बरुना और डेव बैडमिंटन या क्रिकेट नहीं खेलते हैं।

चित्रा कबड्डी नहीं खेलती है। एल्सा क्रिकेट, बॉस्केटबॉल या कबड्डी नहीं खेलती।

87. कौन है जो क्रिकेट खेलता है?
(a) अनिल (b) वरुण (c) चित्रा (d) देव

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : दिये गये प्रश्न के अनुसार
अनिल- फुटबाल
एल्सा- बैडमिंटन
चित्रा - क्रिकेट
बरुना तथा डैव – कबड्डी अथवा बॉस्केटबॉल
अतः चित्रा क्रिकेट खेलती है।

88. बरुना कौन सी खेल खेलती हैं ?
(a) क्रिकेट
(b) बैडमिंटन
(c) बॉस्केटबॉल
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : बरूना तथा डैव का खेल दिये गये आँकड़ों के आधार पर निर्धारित नहीं किया जा सकता।

89. कौन है जो बैडमिंटन खेलता है?
(a) बरुण (b) चित्रा
(c) एल्सा (d) अनिल

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : एल्सा बैडमिंटन खेलती है।

निर्देश: विनय, मीना, तरूण, रेहान, करण, हरि और दीपाली ट्रेन में 3–टीयर स्लीपर बर्थ में यात्रा कर रहे हैं। उनमें से प्रत्येक अलग–अलग व्यवसाय में हैं जो कि इंजीनियर, डॉक्टर, वास्तुकार, फिजियोथेरेपिस्ट, वकील, पत्रकार और पैथोलोजिस्ट हैं। उनके पास दो लोअर बर्थ, तीन मिडल, वास्तुकार अकेला ऐसा व्यक्ति है जिसके पास विनय जैसा ही बर्थ है। मीना और हरि मिडल बर्थ पर नहीं है और वे क्रमश: पैथोलोजिस्ट और वकील हैं। तरूण फिजियोथेरेपिस्ट है। दीपाली ना तो पत्रकार है और ना ही वास्तुकार है। करण के पास डॉक्टर जैसी ही बर्थ है।

	बर्थ			व्यक्ति						
व्यवसाय	लोवर	मिडल	अपर	विनय	मीना	तरुण	रेहान	करण	हरि	दीपाली
इंजीनियर	√	×	×	√	×	×	×	×	×	×
डॉक्टर	√	×	×	×	×	×	×	×	×	√
वास्तुकार	×	√	×	×	×	×	√	×	×	×
फिजियोथेरेपिस्ट	×	√	×	×	×	√	×	×	×	×
वकील	×	×	√	×	×	×	×	×	√	×
पत्रकार	√	×	×	×	×	×	×	√	×	×
पैथोलोजिस्ट	×	×	√	×	√	×	×	×	×	×

90. दीपाली का व्यवसाय कौन सा है?
(a) डॉक्टर (b) वास्तुकार
(c) रोगविज्ञानी (d) पत्रकार

RRB NTPC 10.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : दीपाली का व्यवसाय डॉक्टर है।

91. निम्नलिखित में से किस जोड़े के पास अपर बर्थ है?
(a) मीना, हरि (b) विनय, रेहान
(c) विनय, मीना (d) रेहान, हरि

RRB NTPC 10.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : हरि व मीना के पास अपर बर्थ है।

निर्देश: निम्नलिखित अवतरण को पढ़ें और निम्न प्रश्न का उत्तर दें–

छः विद्यार्थी अनिल, बिनु, चिराग, देवी, इवान और फराह एक कक्षा में बैठे हुए हैं। अनिल और बिनु रेड हाउस से हैं, जबकि बाकि सभी ग्रीन हाउस से संबंधित है। देवी और फराह लंबे कद के हैं जबकि अन्य सभी छोटे कद के हैं। अनिल, चिराग और देवी ने चश्में पहने हुए हैं जबकि अन्य नहीं पहने हुए हैं।

विद्यार्थी	चश्मा पहने	रेड हाउस	ग्रीन हाउस	लंबा कद	छोटा कद
अनिल	✓	✓	×	×	✓
बिनु	×	✓	×	×	✓
चिराग	✓	×	✓	×	✓
देवी	✓	×	✓	✓	×
इवान	×	×	✓	×	✓
फराह	×	×	✓	✓	×

92. ग्रीन हाउस के कौन–से लंबे कद के विद्यार्थियों ने चश्मे नहीं पहने हुए हैं?

(a) बिनु (b) चिराग
(c) इवान (d) फराह

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : I

Ans. (d) : ग्रीन हाउस के फराह लंबे कद का है और चश्मे नहीं पहने है।

93. ग्रीन हाउस के कौन से छोटे कद के विद्यार्थियों ने चश्में नहीं पहने हुए हैं?

(a) फराह (b) इवान
(c) बिनु (d) अनिल

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : ग्रीन हाउस का इवान छोटा कद का विद्यार्थी है और चश्मा नहीं पहना हुआ है।

94. कौन से दो विद्यार्थी जिन्होंने चश्मे नहीं पहने हुए हैं, और कद में छोटे हैं?

(a) अनिल और फराह (b) चिराग और इवान
(c) बिनु और इवान (d) इवान और फराह

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : बिनु और इवान कद में छोटे है और चश्मा नहीं पहने हुए हैं।

निर्देश: निम्नलिखित सूचनाओं पर विचार करें और उन पर आधारित सवालों के जवाब दें। छः बच्चों J, K, L, M, N और O की पसंद व नापसंद दी हुई है। एक बच्चे को एक सब्जी और एक फल ही पसंद है।

1. **M को पत्तागोभी पसंद है, लेकिन आलूबुखारा व संतरे पसंद नहीं हैं।**
2. **जिस बच्चे को मकई पसंद है, उसे सेब भी पसंद हैं।**
3. **K और N को ना केले पसंद हैं और ना ही फूलगोभी।**
4. **J को संतरे पसंद हैं और L को गाजर पसंद हैं।**
5. **आम उस बच्चे को पसंद हैं, जो शिमला-मिर्च पसंद करता है।**
6. **O को पपीता व ककड़ी दोनों पसंद हैं।**

95. कौन–सा फल उस बच्चे को पसंद है, जिसे पत्तागोभी भी पसंद है?

(a) केला (b) आलूबुखारा
(c) सेब (d) आम

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : II

Ans. (a) : छः सब्जियाँ इस प्रकार है- पत्तागोभी, मकई, शिमला-मिर्च, फूलगोभी, ककड़ी, गाजर।
छः फल इस प्रकार हैं-
आलूबुखारा, संतरे, सेब, केला, पपीता, आम।
M → पत्तागोभी → केला
K अथवा N → मकई → सेब
J → फूलगोभी → संतरा
L → गाजर → आलूबुखारा
K अथवा N → शिमला मिर्च → आम
O → ककड़ी → पपीता
अत: M जिसे पत्तागोभी पसंद है उसे फल में केला पसंद है।

96. J को कौन सी सब्जी पसंद है?

(a) मकई (b) शिमला-मिर्च
(c) फूलगोभी (d) गाजर

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : II

Ans. (c) : प्रश्न से, J को फूलगोभी पसंद है।

97. K को फल व सब्जी का जो जोड़ा पसंद है, वह है-

(a) सेब-फूलगोभी (b) केला-पत्तागोभी
(c) आम-शिमला मिर्च (d) पता नहीं कर सकते हैं।

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : II

Ans. (d) : K को फल व सब्जी का कौन सा जोड़ा पसंद है इसका निर्धारण नहीं कर सकते हैं।

निर्देश: निम्नलिखित अनुच्छेद का उस पर आधारित प्रश्नों के लिए प्रयोग करें।

राहुल और कुसुम हिन्दी और गणित में अच्छे हैं। समीर और राहुल हिन्दी और जीव विज्ञान में अच्छे हैं। गीता और कुसुम मराठी और गणित में अच्छें है। समीर, गीता और मिहिर इतिहास और जीव विज्ञान में अच्छे हैं।

	राहुल	कुसुम	समीर	गीता	मिहिर
हिन्दी	✓	✓	✓	-	-
गणित	✓	✓	-	✓	-
जीव विज्ञान	✓	-	✓	✓	✓
मराठी	-	✓	-	✓	-
इतिहास	-	-	✓	✓	✓

98. कौन केवल हिन्दी, मराठी और गणित में अच्छा है?

(a) समीर (b) राहुल
(c) कुसुम (d) गीता

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : कुसुम केवल हिन्दी, गणित और मराठी में अच्छी है।

99. कौन गणित, जीव विज्ञान और हिन्दी में अच्छा है?

(a) गीता (b) राहुल
(c) समीर (d) मिहिर

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : राहुल गणित, जीव विज्ञान और हिन्दी में अच्छा है।

100. कौन जीव विज्ञान और मराठी दोनों में अच्छा है?

(a) गीता (b) कुसुम
(c) समीर (d) मिहिर

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : गीता जीव विज्ञान और मराठी दोनो में अच्छी है।

निर्देश: A, B, C, D और E पाँच व्यक्तियों का एक समूह है। उनमें से एक दंत चिकित्सक है, एक प्रोफेसर है, एक पत्रकार है, एक व्यापारी है और एक वकील है। उनमें से तीन A, C, और वकील कॉफी की तुलना में चाय पसंद करते हैं; और उनमें से दो B और पत्रकार चाय की जगह कॉफी पसंद करते हैं। व्यापारी और D और A दोस्त हैं; उनमें से दो चाय की जगह कॉफी पसंद करते हैं। दंत चिकित्सक C का भाई है।

व्यक्ति	पेशा	पसन्द
A (C का भाई)	दंत चिकित्सक	चाय
B	व्यापारी	कॉफी
C	प्रोफेसर	चाय
D	पत्रकार	कॉफी
E	वकील	चाय

101. वकील के अलावा किन को चाय पसंद है?

(a) पत्रकार और प्रोफेसर
(b) व्यापारी और पत्रकार
(c) दंत चिकित्सक और प्रोफेसर
(d) दंत चिकित्सक और व्यापारी

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : वकील के अलावा दंत चिकित्सक और प्रोफेसर को चाय पसंद है।

102. निम्नलिखित में से कौन क्रमश: दंत चिकित्सक, व्यापारी और प्रोफेसर है?

(a) A, B, C (b) D, A, C
(c) E, D, C (d) B, A, D

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : A, B तथा C क्रमश: दंत चिकित्सक,व्यापारी तथा प्रोफेसर है।

103. कौन सा पेय C और उनके भाई के द्वारा पसंद किया जाता है?

(a) दोनों को कॉफी पसंद है (b) चाय और कॉफी
(c) कॉफी और चाय (d) दोनों को चाय पसंद है

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : दोनों को चाय पसंद है।

निर्देश: निम्नलिखित जानकारी पर विचार करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें–

Y, R, M, J और B पाँच व्यवसाय करते हैं, अर्थात् डिजाइनर, शिक्षक, इंजीनियर, तकनीशियन और एकाउंटेंट और पाँच उपकरण अर्थात् मोबाइल, लैपटॉप, कैलकुलेटर, टैबलेट और कम्प्यूटर, यादृच्छिक क्रम में है। एक व्यक्ति केवल एक ही पेशे को और केवल एक ही उपकरण को ले सकता है।

1. M के पास एक कैलकुलेटर है और वह न ही शिक्षक है और न ही तकनीशियन है।
2. डिजाइनर के पास टैबलेट है।
3. जिस व्यक्ति के पास एक मोबाइल है वह न एक एकाउंटेंट है और न ही एक शिक्षक है।
4. Y एक इंजीनियर है जिसके पास न तो कम्प्यूटर है और न ही मोबाइल है।
5. J एक तकनीशियन है और B शिक्षक नहीं है।

104. निम्नलिखित में से कौन–सा सही संयोजन है?

(a) शिक्षक–लैपटॉप (b) एकाउंटेंट– टैबलेट
(c) तकनीशियन– कम्प्यूटर (d) इंजीनियर – लैपटॉप

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : I

Ans. (d) :

नाम	पेशा	उपकरण
M	एकाउंटेन्ट	कैलकुलेटर
B	डिजाइनर	टैबलेट
J	तकनीशियन	मोबाइल
Y	इंजीनियर	लैपटॉप
R	शिक्षक	कम्प्यूटर

अत: विकल्प (d) इंजीनियर– लैपटॉप का संयोजन सही है।

105. कम्प्यूटर किसके पास है?

(a) B (b) J (c) R (d) Y

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : कम्प्यूटर R के पास है।

106. एकाउंटेंट के पास कौन सा उपकरण है?

(a) टैबलेट (b) कैलकुलेटर
(c) मोबाइल (d) लैपटॉप

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : एकाउंटेन्ट के पास कैलकुलेटर है।

निर्देश: निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

चार मित्र P, Q, R, S अनियमित क्रम में अध्यापन, वकालत, बैकिंग और कुकिंग व्यवसाय में है और जिसके पास अनियमित क्रम में लाल, नीले, सफेद और पीले घर हैं प्रत्येक व्यक्ति के पास केवल एक घर है और वह केवल एक व्यवसाय करता है।

1. P के पास लाल घर है और वह बैंकर नहीं है।
2. नीले रंग के घर का मालिक वकील है।
3. S के घर का रंग पीला या सफेद नहीं है।
4. R अध्यापक हैं।

107. नीले रंग के घर का मालिक है:

(a) S
(b) R
(c) Q
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : III

Ans. (a) :

व्यक्ति	घर का रंग	व्यवसाय
P	लाल	कुकिंग
Q	सफेद/पीला	बैंकिंग
R	सफेद/पीला	अध्यापन
S	नीला	वकालत

अतः नीले रंग के घर का मालिक S है।

108. सफेद रंग के घर का मालिक है:

(a) Q
(b) R
(c) S
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : प्रश्न से,
चूँकि सफेद और पीले रंग के घर के मालिक के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया है। अतः इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता।

109. Q है एक

(a) वकील (b) बैंकर (c) कुक (d) अध्यापक

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : प्रश्न से, Q एक बैंकर है।

निर्देश: निम्नलिखित जानकारी पर गौर करें और इसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

चार विद्यार्थी- S, P, U और G चार भाषाएँ बोलते है – फ्रेंच,स्पेनिश, जर्मन और अंग्रेजी तथा चार वाद्य यंत्र बजाते है- बांसुरी, वायलिन, गिटार और तबला, यादृच्छिक क्रम में। एक विद्यार्थी केवल एक ही भाषा बोल सकता है और एक ही वाद्य यंत्र बजा सकता है।

A. U गिटार बजाता है लेकिन ना ही जर्मन और ना ही फ्रेंच बोल सकता है।

B. जो विद्यार्थी बांसुरी बजाता है वह ना ही स्पेनिश और ना ही जर्मन बोल सकता है।

C. S तबला बजाता है और G इंग्लिश बोलता है।

D. जो विद्यार्थी फ्रेंच बोलता है वह ना ही तबला और ना ही बांसुरी बजाता है।

110. कौन सा विद्यार्थी वायलिन बजाता है।

(a) P (b) U (c) G (d) S

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : U → गिटार → स्पेनिश
S → तबला → जर्मन
G → बाँसुरी → अंग्रेजी
P → वायलिन → फ्रेंच
अतः विद्यार्थी P वायलिन बजाता है।

111. कौन सा संयोजन सही है?

(a) P फ्रेंच बोलता है। (b) S स्पेनिश बोलता है।
(c) G जर्मन बोलता है। (d) U इंग्लिश बोलता है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : पूर्ववत् प्रश्न से स्पष्ट है कि, P फ्रेंच बोलता है। सत्य कथन है।

112. कौन सा विद्यार्थी जर्मन बोलता है ?

(a) S (b) P (c) U (d) G

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (a) पूर्ववत् प्रश्न से स्पष्ट है कि, विद्यार्थी S जर्मन बोलता है।

निर्देश: निम्नलिखित जानकारी पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

पाँच फल- केला, आम, सेब, आलूबुखारा और नारंगी एक ट्रे में रखे हुए हैं। पाँच बच्चे- फू, मू, कू, हू और लू एक-एक फल बेतरतीब इस प्रकार उठाते है कि-

A. मू ना तो केला लेता है और ना ही नारंगी।

B. लू को सेब पंसद है और वह उसे उठा लेता है।

C. कू ना तो आलूबुखारा लेता है और ना ही केला।

D. फू सेब लेना चाहता है लेकिन आम ले लेता है।

113. केला कौन लेता है?

(a) हू (b) कू
(c) मू (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (a) : पाँच बच्चों द्वारा पाँच फल लेने का क्रम निम्न है।
मू → आलूबुखारा
लू → सेब
कू → नारंगी
फू → आम
हू → केला
अत: स्पष्ट है कि 'हू', केला लेता हैं।

114. कू कौन सा फल लेता है?

(a) नारंगी (b) आलूबुखारा
(c) केला (d) आम

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न से स्पष्ट है कि 'कू', 'नारंगी' फल लेता है।

115. सही संयोजन कौन सा है?

(a) मू- केला (b) हू- आलूबुखारा
(c) हू- नारंगी (d) मू- आलूबुखारा

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न से स्पष्ट है कि 'मू', 'आलूबुखारा' फल लेता है।
अत: विकल्प (d) का समायोजन सहीं है।

Direction (116-118) : P, Q, R, S, T और U भिन्न व्यवसाय अपनाते है। उसमें एक राजनीतिज्ञ, एक नायक, एक बैंक कर्मी, एक भूतपूर्व सैनिक, एक नर्स और एक गृहिणी है। नीचे दिये निर्देशों पर विचार कीजिए और उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिये–

1. R गृहिणी से विवाहित भूतपूर्व सैनिक है।

2. Q, एक नायक है जिसका भाई T राजनीतिज्ञ नहीं है।

3. U न तो बैंककर्मी, न ही राजनीतिज्ञ।

4. P, R की पत्नी है।

	P	Q	R	S	T	U
नायक	×	✓	×	×	×	×
बैंककर्मी	×	×	×	×	✓	×
भूत पूर्व सैनिक	×	×	✓	×	×	×
गृहिणी	✓	×	×	×	×	×
नर्स	×	×	×	×	×	✓
राजनीतिज्ञ	×	×	×	✓	×	×

116. कौन बैंककर्मी है?

(a) R (b) T (c) Q (d) P

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-II

Ans. (b) : उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि बैंककर्मी T है।

117. कौन राजनीतिज्ञ है?

(a) S (b) U (c) T (d) R

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-II

Ans. (a) : उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि राजनीतिज्ञ S है।

118. कौन नर्स है?

(a) P (b) T (c) U (d) S

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-II

Ans. (c) : उपर्युकत सारणी से स्पष्ट है कि नर्स U है।

निर्देश : निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

100 प्रकृतिवादियों के समूह में से, 15 केवल तितलियाँ देखना चाहते हैं, 30 केवल पक्षी देखना चाहते हैं, 10 मधुमक्खी और तितलियाँ दोनों देखना चाहते हैं, 20 पक्षी और मधुमक्खियाँ दोनों देखना चाहते हैं, 5 मधुमक्खी और चमगादड दोनों देखना चाहते है तथा बाकी बचे लोग केवल चमगादड़ देखना चाहते हैं।

119. केवल चमगादड़ देखना चाहने वाले प्रकृतिवादियों की संख्या है-

(a) 15 (b) 20 (c) 30 (d) कोई भी नहीं

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : उपलब्ध आँकड़ों के आधार पर वेन आरेख–
कुल प्रकृतिवादियों की संख्या = 100



उपर्युक्त वेन आरेख से,
केवल चमगादड़ देखना चाहने वाले प्रकृति वादियों की संख्या
= 100 – [15 + 30 + 10 + 20 + 5]
= 100 – 80 = 20

120. केवल चमगादड़ देखना चाहने वाले प्रकृतिवादियों का, केवल तितलियाँ देखना चाहने वालो से अनुपात है।
(a) 3/4 (b) 2/3 (c) 4/3 (d) 3/2

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपरोक्त आरेख से,
केवल 'चमगादड़ देखना' चाहने वाले प्रकृतिवादियों की संख्या = 20
केवल 'तितलियां देखना' चाहने वालों की संख्या = 15
अत: अनुपात = 20 : 15
= $\boxed{4:3}$

121. कितने प्रकृतिवादी चार प्रजातियों में से कम से कम दो को देखना चाहते है?
(a) 15 (b) 25 (c) 30 (d) 35

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : I

Ans. (d) : उपर्युक्त आरेख से,
कम से कम दो प्रजातियों को देखने वाले प्रकृतिवादियों की संख्या
= 10 + 20 + 5 = 35

निर्देश : निम्नलिखित जानकारी पर गौर करें और इसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

60 छात्रों में, 12 छात्र केवल बीजगणित पसंद करते है, 13 छात्र केवल ज्यामिति पसंद करते है, 10 छात्र केवल त्रिकोणमिति पसंद करते है, 5 छात्र दोनों बीजगणित और त्रिकोणमिति पसंद करते है, 8 केवल भौतिक विज्ञान पसंद करते है, 5 दोनों भौतिकशास्त्र और ज्यामिति पंसद करते है और शेष सभी छात्र दोनों बीजगणित और भौतिकशास्त्र पसंद करते है।

122. कितने छात्र भौतिकशास्त्र पसंद करते हैं पर ज्यामिति नहीं?
(a) 8 (b) 13 (c) 15 (d) 17

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर वेन आरेख इस प्रकार है



ऐसे छात्र जो भौतिक शास्त्र पसंद करते हैं परन्तु ज्यामिति नहीं = 8 + 7 = 15

123. बीजगणित पसंद करने वाले छात्रों और ज्यामिति पसंद करने वाले सभी छात्रों का अनुपात क्या है
(a) 12 : 13 (b) 4 : 3
(c) 17 : 18 (d) 17 : 13

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : बीजगणित पसंद करने वाले छात्रों और ज्मामिति पसंद करने वाले छात्रों का अनुपात = 24 : 18 = 4:3

निर्देश : निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

100 व्यक्तियों में से 35 केवल कॉफी पसन्द करते हैं, 40 केवल चाय पसन्द करते हैं, 15 चाय और कॉफी दोनों पसन्द करते है और 10 केवल दूध पसन्द करते हैं।

124. चाय और कॉफी दोनों पसन्द करने वाले तथा केवल कॉफी पसन्द करने वाले व्यक्तियों का अनुपात कितना है।
(a) 3/8 (b) 2/3 (c) 3/7 (d) 3/2

RRB NTPC 09.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्न के लिए वेन आरेख



चाय और काफी दोनो पसंद करने वाले =15
सिर्फ काफी पसन्द करने वाले = 35
अभीष्ट अनुपात = 15:35 = 3:7

125. केवल दूध पसन्द करने वाले और चाय पसन्द करने वाले व्यक्तियों का अनुपात कितना है?
(a) 1/4 (b) 2/11
(c) 2/7 (d) 1/2

RRB NTPC 09.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
केवल दूध पसंद करने वाले लोगों की संख्या = 10
चाय पसंद करने वाले लोगों की संख्या = 40 + 15 = 55
अभीष्ट अनुपात = 10:55 = 2:11

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई जानकारी पर आधारित है।

एक विज्ञापन एजेंसी ने पता लगाया कि उसके 170 ग्राहकों में से 115 इंडियन एक्सप्रेस पढ़ते है, 110 द हिन्दू पढ़ते है और 130 टाइम्स ऑफ इंडिया पढ़ते है। 85 इंडियन एक्सप्रेस और टाइम्स ऑफ इंडिया पढ़ते हैं, 75 इंडियन एक्सप्रेस और द हिन्दू पढ़ते है, 95 द हिन्दू और टाइम्स ऑफ इण्डिया पढ़ते हैं तथा 70 तीनों अखबार पढ़ते हैं।

126. कितने केवल द हिन्दू पढ़ते है?
(a) 5 (b) 10
(c) 25 (d) 35

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) :



केवल द हिन्दू पढ़ने वाले ग्राहकों की संख्या = 10

127. कितने केवल इंडियन एक्सप्रेस पढ़ते हैं?

(a) 15 (b) 25 (c) 5 (d) 10

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : उपर्युक्त आकृति से स्पष्ट है कि केवल इण्डियन एक्सप्रेस पढ़ने वाले ग्राहकों की संख्या = 25

128. कितने इंडियन एक्सप्रेस और टाइम्स ऑफ इंडिया पढ़ते हैं पर द हिन्दू नहीं पढ़ते?

(a) 10 (b) 20 (c) 15 (d) 30

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपर्युक्त आकृति से स्पष्ट हैं कि वे ग्राहक जो इण्डियन एक्सप्रेस और टाइम्स ऑफ इण्डिया पढ़ते है पर 'द हिन्दू' नहीं पढ़ते उनकी संख्या = 15

निर्देश : निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें। 200 विद्यार्थियों में से, 20 के पास केवल लाल गुब्बारे हैं, 30 के पास केवल नीले गुब्बारे हैं, 25 के पास केवल काले गुब्बारे हैं, 15 के पास काले और हरे दोनों गुब्बारे हैं, 15 के पास लाल और पीले दोनों गुब्बारे हैं, 40 के पास केवल हरे गुब्बारे हैं, 20 के पास नीले और काले दोनों गुब्बारे हैं, 25 के पास केवल पीले गुब्बारे हैं, 5 के पास लाल और काले दोनों गुब्बारे हैं तथा बाकी विद्यार्थियों के पास कोई भी गुब्बारा नहीं है।

129. उन विद्यार्थियों का जिनके पास हरे गुब्बारे है इनसे उन विद्यार्थियों का जिनके पास लाल गुब्बारे है, अनुपात क्या होगा?

(a) 1 (b) 1/2 (c) 8/11 (d) 7/8

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर,



लाल गुब्बारे वाले विद्यार्थी = 20 + 5 + 15 = 40

हरे गुब्बारे वाले विद्यार्थी = 40 + 15 = 55

अभीष्ट अनुपात $= \frac{40}{55} = \frac{8}{11}$

130. उन विद्यार्थियों की संख्या जिनके पास काले गुब्बारे नहीं है-

(a) 45 (b) 65 (c) 115 (d) 135

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : विद्यार्थियों की संख्या, जिनके पास काले गुब्बारे नही है = 200 – (विद्यार्थियों की संख्या, जिनके पास काले गुब्बारे है।)

= 200 – (20 + 25 + 5 + 15) = 135

131. कितने विद्यार्थियों के पास कम से कम दो रंगों के गुब्बारे हैं?

(a) 50 (b) 55 (c) 40 (d) 45

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : विद्यार्थियों की संख्या, जिनके पास कम से कम दो रंगों के गुब्बारे है।

= 20 + 5 + 15 + 15 = 55

निर्देश–निम्नलिखित जानकारियों पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें–

200 बच्चों में से, 20 केवल आकाशगंगा देखना चाहते हैं, 25 केवल सितारे देखना चाहते हैं, 30 केवल ग्रह देखना चाहते हैं, 50 सितारे, ग्रह और चाँद देखना चाहते हैं, 25 चाँद और आकाशगंगा दोनों देखना चाहते हैं, 25 केवल चाँद देखना चाहते हैं तथा बाकी बच्चे कुछ नहीं देखना चाहते हैं।

132. कितने बच्चे कम से कम 2 पिण्ड देखना चाहते हैं?

(a) 50 (b) 25

(c) 75 (d) 55

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपरोक्त जानकारी के अनुसार वेन आरेख निम्नवत् है–



उन बच्चों की संख्या जो कम से कम 2 पिण्ड देखना चाहते हैं।

= 50 + 25 = 75

133. कितने बच्चे चाँद देखना चाहते हैं?

(a) 50 (b) 75 (c) 100 (d) 120

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपरोक्त आरेख से,

चाँद देखने वालों की संख्या = 50 + 25 + 25 = 100

134. कितने बच्चे आकाशगंगा नहीं देखना चाहते ?

(a) 130 (b) 100 (c) 155 (d) 125

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपर्युक्त आरेख से,

आकाश गंगा नहीं देखने वाले बच्चों की संख्या = 200–(25 + 20) = 155

निर्देशः 55 छात्रों वाली एक कक्षा में 40 छात्रों को विज्ञान, 29 को गणित अच्छा लगता है। यदि प्रत्येक छात्र को कम से कम एक विषय प्रिय लगता हो, तो नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें–

135. कितने छात्रों को विज्ञान एवं गणित दोनों अच्छे लगते हैं?

(a) 15 (b) 14 (c) 13 (d) 12

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II

Ans. (b) : कुल छात्र = 55

$n(A) + n(B) - n(A \cap B) = n(A \cup B)$

$40 + 29 - n(A \cap B) = 55$

$69 - 55 = n(A \cap B)$

$\boxed{n(A \cap B) = 14}$



चित्र से स्पष्ट है कि 14 छात्रों को विज्ञान तथा गणित दोनों अच्छे लगते है।

136. कितने छात्रो को केवल विज्ञान विषय अच्छा लगता है?

(a) 29 (b) 15 (c) 26 (d) 19

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II

Ans. (c) : केवल विज्ञान विषय पसन्द करने वाले छात्र = 40–14 = 26

137. 26 छात्रों की एक कक्षा में, 14 छात्रों के पास बिल्लियाँ है, 10 छात्रों के पास कुत्ते व 5 छात्रों के पास तोते है, यदि 4 छात्रों के पास बिल्लियाँ व कुत्ते दोनों है तथा 1 छात्र के पास कुत्ता व तोता दोनों है तथा 3 के पास तोते व बिल्लियाँ दोनों है तथा ऐसा कोई भी नहीं है, जिसके पास ये तीनों हो, तब कितने ऐसे है, जिनके पास कुछ भी नही हैं?

(a) 1 (b) 3 (c) 5 (d) 7

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : II

Ans. (c) : कुल छात्र = 26

उपरोक्त कथन के अनुसार वेन आरेख



जानवर पालने वाले छात्र = 7 + 4 + 5 + 3 + 1 + 1 = 21

कोई जानवर न पालने वाले छात्रों की संख्या = 26 – 21 = 5

निर्देश–निम्नलिखित जानकारी पर गौर करें और इसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

55 बच्चों के एक बैच में, 10 बच्चे केवल वनिला पंसद करते हैं, 10 बच्चे स्ट्रॉबेरी पसंद करते है, 10 बच्चे दोनों चॉकलेट और वनिला, 15 बच्चे केवल चॉकलेट, 5 दोनों स्ट्रॉबेरी और बटरस्कॉच और 5 दोनों चॉकलेट और बटरस्कॉच पसंद करते हैं।

138. बटरस्कॉच पसंद करने वाले बच्चों और वनिला पसंद करने वाले बच्चों का अनुपात क्या है

(a) 1:1 (b) 1:2 (c) 2:1 (d) 2:5

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



बटरस्कॉच पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 5 + 5 =10

वनिला पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 10 +10 = 20

∴ अभीष्ट अनुपात = 10:20

= 1:2

139. कितने बच्चे केवल एक ही फ्लेवर को पसंद करते है?

(a) 30 (b) 35 (c) 20 (d) 15

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : केवल एक ही फ्लेवर पंसद करने वाले बच्चों की संख्या = 10 (वनिला) + 10 (स्ट्रॉबेरी) + 15 (चॉकलेट) = 35

140. चॉकलेट पसंद करने वाले बच्चो और स्ट्रॉबेरी पसंद करने वाले बच्चो की संख्या में कितना अंतर है

(a) 30 (b) 15 (c) 10 (d) 25

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : चॉकलेट पंसद करने वाले और स्ट्रॉबेरी पसंद करने वाले बच्चों की संख्या में अन्तर

= (10+15+5) – (10+5) = 30-15 = 15

निर्देश : निम्नलिखित जानकारी पर विचार करें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

100 विद्यार्थियों की किसी कक्षा में 20 विद्यार्थी केवल स्पेनिश, 30 विद्यार्थी केवल फ्रेंच, 15 विद्यार्थी केवल जर्मन, 10 विद्यार्थी स्पेनिश तथा फ्रेंच दोनों, 5 विद्यार्थी जर्मन तथा फ्रेंच दोनों और शेष विद्यार्थी केवल इंग्लिश पसंद करते हैं।

141. कितने विद्यार्थी फ्रेंच पसंद करते हैं?

(a) 30 (b) 35 (c) 40 (d) 45

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,



विद्यार्थियों की कुल संख्या = 100

इंग्लिश पंसद करने वाले विद्यार्थियो की संख्या

= 100- (30 + 15 + 20 + 10 + 5)

= 100-80 = 20

फ्रेंच पंसद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 30+10+5 = 45

142. स्पेनिश पसन्द करने वाले और जर्मन पसन्द करने वाले विद्यार्थियों का क्या अनुपात है?

(a) 2/3 (b) 1/2 (c) 3/2 (d) 4/9

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (c) : उपरोक्त वेन आरेख से–

स्पेनिश पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 20 + 10 = 30

जर्मन पंसद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 15 + 5 = 20

अनुपात = 30:20 = 3:2

143. कितने विद्यार्थी केवल एक भाषा पसंद करते हैं?

(a) 65 (b) 70 (c) 75 (d) 85

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-I

Ans. (d) : उपरोक्त वेन आरेख से–

इंग्लिश पंसद करने वाले विद्यार्थियो की संख्या

= 100- [30 + 20 + 15 + 10 + 5]

= 100- 80 = 20

केवल एक भाषा पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या

= 30 + 15 + 20 + 20 (फ्रेंच + जर्मन + स्पेनिश+ इंग्लिश)

= 85

12.

न्याय निगमन (Syllogism)

Type-1: 'सभी' वाले कथन पर आधारित न्याय निगमन

1. दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़े। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते है।

कथन :

सभी कबूतर फ़ाख्ते हैं।

सभी फ़ाख्ते मैना हैं।

निष्कर्ष :

1. सभी मैना कबूतर हैं।

2. सभी कबूतर मैना हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते है।
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II पालन करता है।

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

निष्कर्षः-
I - (×)
II - (✓)
अतः केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

2. दिए गए कथनों और निष्कर्षो को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथनः

सभी पुरूष रोबोट हैं।

सभी रोबोट मशीनें है।

निष्कर्षः

I. सभी मशीनें पुरूष हैं।

II. कुछ रोबोट पुरूष हैं।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करते है।
(b) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करते है।
(d) केवल निष्कर्ष I पालन करते है।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर,

निष्कर्षः-
I - (×)
II - (✓)
आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष (ii) पालन करता है।

3. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथनः

सभी छात्र शिक्षक है।

सभी शिक्षक मनुष्य हैं।

निष्कर्षः

I. सभी शिक्षक छात्र हैं।

II. सभी मनुष्य छात्र हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।
(d) दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख बनाने पर –

निष्कर्षः-
I - (×)
II - (×)
अतः उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

4. दिये गये कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और तय करें कि दिये गये निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन– सभी बतख बाघ हैं।
सभी बाघ बंदर हैं।
सभी बंदर गाय हैं।

निष्कर्ष– (I) सभी बाघ गाय हैं।
(II) सभी बंदर बतख हैं।
(III) सभी बतख गाय हैं।
(IV) सभी गाय बाघ हैं।

(a) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
(b) निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं।
(c) निष्कर्ष III और IV दोनों पालन करते हैं।
(d) निष्कर्ष I और III दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार–

निष्कर्षः-
I - (✓)
II - (×)
III - (✓)
IV - (×)
अतः निष्कर्ष I तथा III दोनों पालन करते हैं।

5. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है/करते हैं।

कथन:

1. सभी कारें चार पहिया हैं।

2. सभी चार पहिया, वाहन हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी वाहन चार पहिया हैं।

II. सभी कारें वाहन हैं।

(a) या तो I या II (b) I और II दोनों

(c) केवल I (d) केवल II

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

वेन आरेख से स्पष्ट है कि सभी कारें वाहन हैं।
अतः केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

6. कथन :

(i) सभी गेंदें फूल हैं।

(ii) सभी बल्ले गेंद हैं।

कौन सा विकल्प दिये गये कथन का पालन नहीं करता है।

(a) सभी बल्ले फूल हैं। (b) कुछ फूल बल्ले हैं।

(c) कुछ गेंद बल्ले हैं। (d) कोई गेंद फूल नहीं है।

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथनानुसार वेन आरेख बनाने पर,

अतः स्पष्ट है कि निष्कर्ष 'कोई गेंद फूल नहीं है' कथन का पालन नहीं करता।

7. कथन:

सभी पत्तियां पौधे में है।

सभी पौधे बगीचे में है।

निष्कर्ष:

1. सभी बगीचों में पत्तियां हैं।

2. सभी बगीचों में पौधा है।

(a) निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(b) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

(c) निष्कर्ष 1 पालन करता है।

(d) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख बनाने पर-



अतः न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।

8. आपको तीन कथन दिए गए हैं:

1. सभी ब्लूज भालू हैं।

2. सभी दुल्हनें भालू हैं।

3. सभी दुल्हनें बच्चे हैं।

निम्नलिखित में से कौन से निष्कर्ष सही हैं?

A. कुछ बच्चे भालू हैं।

B. कुछ ब्लूज बच्चे हैं।

C. कुछ ब्लूज दुल्हनें हैं।

D. कुछ दुल्हनें बच्चे नहीं हैं।

(a) Only C/केवल C (b) Only B/केवल B

(c) Only A/केवल A (d) All/सभी

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : कथनानुसार,



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि दिये गये निष्कर्ष में केवल निष्कर्ष (A) निश्चित रूप से सही होगा।

9. कथन:

1. सभी कारें खाद्य सामग्रियाँ हैं।

2. सभी गीजर खाद्य सामग्रियाँ हैं।

निष्कर्ष:

i. कुछ कारें गीज़र हैं।

ii. कुछ गीज़र कारें है।

(a) या तो निष्कर्ष (i) या निष्कर्ष (ii) पालन करता है।

(b) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) पालन करता है।

(c) निष्कर्ष (i) और (ii) दोनों ही पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता है।

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :

वेन आरेख से स्पष्ट है कि न तो कोई कारें गीज़र है और न ही कोई गीज़र कारें हैं।
अतः न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) पालन करता है।

10. कथन:

1. सभी कविताएं, कहानियां हैं।

2. सभी लेख, कविताएं हैं।

निष्कर्ष:

1. सभी लेख, कहानियां हैं।

2. कोई कहानी, लेख नहीं है।

(a) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

(b) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(c) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



अतः स्पष्ट है कि, केवल निष्कर्ष 1 का पालन करता है।

11. 'सभी मतदाता नागरिक हैं' और 'सभी नागरिक निष्ठावान हैं'- निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन सा उक्त कथनों का पालन करता है।

(a) सभी निष्ठावान नागरिक हैं।
(b) सभी मतदाता निष्ठावान हैं।
(c) सभी नागरिक मतदाता हैं।
(d) सभी निष्ठावान मतदाता हैं।

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, वेन-आरेख बनानें पर-



अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि सभी मतदाता निष्ठावान हैं।

12. कथन :

(i) सभी जहाज नाव हैं।
(ii) सभी लंगर जहाज हैं।
निष्कर्ष :
I. सभी लंगर नाव हैं।
II. कुछ जहाज लंगर हैं।
III. कोई लंगर नाव नहीं है।
IV. कुछ नावें लंगर हैं।

(a) सभी निष्कर्ष पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष I, II और IV पालन करते है।
(d) केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : कथनानुसार, वेन आरेख सम्बन्ध निम्नवत् है-

अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I, II और IV पालन करते है।

13. कथन :

1. सभी लाल सफेद हैं।
2. सभी सफेद काले हैं।
निष्कर्ष :
1. कुछ सफेद लाल हैं।
2. कुछ काले लाल हैं।
3. कुछ लाल काले नहीं हैं।
4. सभी काले सफेद हैं।

(a) केवल निष्कर्ष 1 एवं निष्कर्ष 4 पालन करते है।
(b) केवल निष्कर्ष 1 एवं निष्कर्ष 3 पालन करते है।
(c) केवल निष्कर्ष 2 एवं निष्कर्ष 4 पालन करते है।
(d) केवल निष्कर्ष 1 एवं निष्कर्ष 2 पालन करते है।

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है-

अतः आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष 1 और 2 अनुसरण करते है।

14. उस विकल्प का चयन करें, जो नीचे दिए गए कथनों का निष्कर्ष नहीं हो सकता है।

कथन 1 : सभी बिल्लियाँ मनुष्य है।
कथन 2 : सभी पेड़ चूहे हैं।
कथन 3 : सभी मनुष्य पेड़ हैं।
निष्कर्ष :

(a) कुछ मनुष्य चूहे नहीं हैं।
(b) सभी पेड़ बिल्लियाँ नहीं हैं।
(c) कुछ पेड़ बिल्लियां नहीं हैं।
(d) सभी बिल्लियाँ चूहे हैं।

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : वेन आरेख बनाने पर-

विकल्प (a) कुछ मनुष्य चूहे नहीं हैं। यह कथन सही नहीं है।

15. कथन :

I. सभी चिकित्सक, समाजसेवी हैं।
II. सभी समाजसेवियों को पैसा चाहिए।
निष्कर्ष :
I. सभी समाजसेवी, चिकित्सक नहीं हैं।
II. चिकित्सकों को पैसा चाहिए।

(a) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।
(b) न तो तर्क I और न ही तर्क II अनुसरण करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करता है।

16. कथनः

1. सभी आलू टमाटर हैं

2. सभी टमाटर प्याज हैं

निष्कर्षः

I. सभी प्याज टमाटर हैं

II. सभी आलू प्याज हैं

(a) I और II दोनों (b) केवल II

(c) या तो I या II (d) केवल I

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार वेन आरेख संबंध स्थापित करने पर-



उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II कथनों का तार्किक रूप से पालन करता है।

17. कथन :

1. सभी बोर्ड काले हैं।

1. सभी गिलास प्लेटें हैं।

2. कोई प्लेट चम्मच नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कुछ गिलास चम्मच हैं।

II. कोई चम्मच गिलास नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(d) या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : वेन आरेख–

निष्कर्षः (I) ×
(II) ✓

अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण पालन करते है।

128. नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बतायें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं ?

कथन :

1. सभी पशु चूहें हैं।

2. कोई चूहा भूरा नहीं है।

निष्कर्ष :

1. कुछ पशु भूरे हैं।

2. जो पशु चूहें नहीं हैं, वे भूरे नहीं हैं।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।
(d) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कथनानुसार,



अतः कथन से न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।

129. कथन : कोई भी कुत्ता, बिल्ली नहीं है।
सभी बिल्लियाँ शेर है।

निष्कर्ष : I. कोई भी कुत्ता शेर नहीं है।
II. कोई भी शेर कुत्ता नहीं है।।।
III. कुछ शेर कुत्ता नहीं है।
IV. कुछ शेर बिल्ली हैं।

(a) केवल I और II अनुसरण करते हैं।
(b) केवल I, II और III अनुसरण करते हैं।
(c) केवल I या III में से कोई एक तथा II अनुसरण करते हैं।
(d) केवल IV अनुसरण करता है।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : कथनानुसार,



केवल निष्कर्ष (IV) कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

130. कथनः

सभी वृक्ष वन हैं।

कोई वन बड़ा नहीं है।

निष्कर्षः

I. कोई वृक्ष बड़ा नहीं है।

II. सभी वृक्ष बड़े हैं।

(a) या तो निष्कर्ष I अथवा II अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार वेन आरेख संबंध निम्न प्रकार है-



अतः उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

131. कथन :

A. कोई मोबाइल, टेलीफोन नहीं है।

B. सभी टेलीफोन, टीवी हैं।

निष्कर्ष :

1. कोई भी मोबाइल, टीवी नहीं है।

2. कुछ मोबाइल, टीवी है।

(a) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन नहीं करते हैं।
(b) केवल निष्कर्ष 1 पालन करते हैं।
(c) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार वेन आरेख संबंध निम्न प्रकार है–

अतः आरेख से स्पष्ट है, कि निष्कर्ष 1 पालन करता है तथा निष्कर्ष 2 पालन नहीं करता है।

132. कथनः

I. सभी आदमी पर्दे हैं।

II. कोई पर्दा परिष्कृत नहीं है।

निष्कर्ष :

I. सभी पर्दे परिष्कृत हैं।

II. कोई आदमी परिष्कृत नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) या तो निष्कर्ष I या तो निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों ही पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथनानुसार वेन आरेख बनाने पर,

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

133. 1. सभी गुब्बारे रोबिन हैं।

2. कोई रोबिन ग्लास नहीं है।

निम्नलिखित में से कौन से निष्कर्ष सही हैं ?

A. सभी रोबिन गुब्बारे हैं।

B. कोई गुब्बारा ग्लास नहीं है।

(a) केवल B (b) या तो A या B
(c) A और B दोनों (d) केवल A

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार,



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि कोई गुब्बारा ग्लास नही है। अतः केवल निष्कर्ष B सही होगा।

134. 'सभी घोड़े स्तनधारी हैं' और 'कोई स्तनधारी उभयचर नहीं हैं'- निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन उक्त कथनों का पालन करता है।

(a) कुछ घोड़े उभयचर हैं।
(b) कोई उभयचर, घोड़े नहीं हैं।
(c) प्रत्येक उभयचर घोड़ा है।
(d) सभी घोड़े उभयचर हैं।

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार,
वेन आरेख खींचने पर,



अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि विकल्प (b) का निष्कर्ष ''कोई उभयचर घोड़े नहीं हैं'' उक्त कथनों का पालन करता है।

135. कथनः

सभी चील पक्षी हैं।

कोई भी पक्षी चमगादड़ नहीं हैं।

निष्कर्षः

I. कोई चील चमगादड़ नहीं है।

II. कुछ चील चमगादड़ हैं।

(a) निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।
(b) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्न से,



वेन आरेख से यह स्पष्ट होता है कि कोई चील चमगादड़ नहीं है। अतः केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

136. कथनः

I. सभी D, A हैं।

II. कोई भी A, C नहीं है।

निष्कर्षः

I. कोई भी D, C नहीं है।

II. कुछ C, D हैं।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : वेन आरेख सम्बन्ध इस प्रकार हैं–



उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

137. कथन:

(a) सभी कुत्ते स्तनपायी है।
(b) कोई भी पशु कुत्ते नहीं हैं।
निष्कर्ष :
(i) कोई भी पशु स्तनपायी नहीं हैं।
(ii) कुछ पशु स्तनपायी नहीं हैं।
(iii) कोई भी कुत्ता पशु नहीं है।
(iv) सभी स्तनपायी कुत्ते हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (iii) और (iv) पालन करते हैं।
(b) केवल निष्कर्ष (i) और (ii) पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष (iii) पालन करता हैं।
(d) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता हैं।

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कथनानुसार वेन आरेख संबंध निम्न प्रकार है-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष (iii) कथनों का तार्किक रूप से पालन करता है।

138. कथन:

1. सभी कुत्ते पालतू-पशु हैं।
2. कोई पालतू-पशु बाघ नहीं है।
निष्कर्ष:
I. सभी पालतू-पशु कुत्ते हैं।
II. कोई कुत्ता बाघ नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार, वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है-



अतः विकल्प (b) सही है।

139. कथन:

कोई कुत्ता बिल्ली नहीं है।
सभी बिल्लियां चूहे हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ चूहे कुत्ते हैं।
II. कुछ कुत्ते चूहे नहीं हैं।
III. कोई भी चूहा कुत्ता नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष III पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख बनाने पर-



अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

140. कथन:

1. सभी सदस्य, प्रत्याशी हैं।
2. कोई छात्र, प्रत्याशी नहीं हैं।
निष्कर्ष:
1. कोई सदस्य, छात्र नहीं हैं।
2. कुछ छात्र, सदस्य हैं।
(a) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(c) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों ही पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार, वेन आरेख बनाने पर,



अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष 1 कथन का पालन करता है।

141. कथन:

1) सभी फूल, मोमबत्ती हैं।
2) कोई मोमब्बती, लैटर्न नहीं है।
निष्कर्ष:
I. कोई फूल, लैंटर्न नहीं है।
II. सभी मोमबत्ती, फूल हैं।
(a) ना तो निष्कर्ष I ना ही II उपयुक्त है।
(b) दोनों निष्कर्ष I और II उपयुक्त हैं।
(c) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त हैं।
(d) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-III)

Ans : (d) कथनानुसार,



अतः केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।

142. कथन:

1) सभी शॉल कालीन हैं।

2) कोई कालीन शर्ट नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई शर्ट कालीन नहीं है।

II. कोई शॉल शर्ट नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त हैं।
(b) दोनों निष्कर्ष I और II उपयुक्त हैं।
(c) या तो निष्कर्ष I या तो II उपयुक्त है।
(d) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

Ans : (b) कथनानुसार,



आरेख से स्पष्ट है कि दोनों निष्कर्ष I एवं II तार्किक रूप से उपयुक्त हैं।

143. कथन :

1) सभी किताब, खिलौने है।

2) कोई खिलौना काला नहीं है।

निष्कर्ष :

I . कोई किताब काली नहीं है।

II . कुछ किताबें काली है।

(a) दोनो निष्कर्ष I और II उपयुक्त है।
(b) ना तो निष्कर्ष I और ना ही II उपयुक्त है।
(c) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।
(d) केवल निष्कर्ष IIउपयुक्त है।

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

Ans : (c) कथनानुसार,

अतः केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।

144. कथन:

1) सभी घास, वृक्ष हैं।

2) कोई वृक्ष झाड़ी नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई घास झाड़ी नहीं है।

II. कुछ झाड़ियाँ घास हैं।

(a) दोनों निष्कर्ष I और II उपयुक्त हैं।
(b) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त हैं।
(c) ना तो निष्कर्ष I ना ही II उपयुक्त हैं।
(d) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त हैं।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

Ans : (b) कथनानुसार,



अतः केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।

145. कथन:

1) कोई भी छात्र MBA नहीं है।

2) सभी MBA स्नातक है।

निष्कर्ष:

I. कोई भी छात्र स्नातक नहीं है।

II. कुछ स्नातक MBA हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।
(b) दोनों निष्कर्ष I और II उपयुक्त है।
(c) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही II उपयुक्त है।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

Ans : (a) कथनानुसार,



अतः केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।

146. कथन:

1) कोई पत्रिका टोपी नहीं है।

2) सभी टोपी कैमरे हैं।

निष्कर्ष:

I. कोई कैमरा पत्रिका नहीं है।

II. कुछ कैमरे पत्रिका हैं।

(a) या तो निष्कर्ष I या तो II उपयुक्त है।
(b) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।
(c) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।
(d) दोनों निष्कर्ष I और II उपयुक्त है।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

Ans : (a) कथनानुसार,



वेन आरेख के अनुसार या तो निष्कर्ष I या II उपयुक्त है।

147. कथन :

1. सभी कुत्ते जानवर है।

2. सभी जानवर स्तनधारी है।

3. कोई भी स्तनधारी चिड़ियाघर में नहीं है।

कौन-सा विकल्प सही है।

(a) कुछ कुत्ते चिड़ियाघर में है।
(b) कुछ जानवर चिड़ियाघर में है।
(c) कुछ स्तनधारी चिड़ियाघर में है।
(d) कोई भी कुत्ता चिड़ियाघर में नहीं है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : कथनानुसार,



वेन आरेख से स्पष्ट है कि कोई भी कुत्ता चिड़ियाघर में नहीं है।

148. कथन : (a) सभी सेब लाल हैं।
(b) कोई भी लाल रंग का फल सस्ता नहीं है।
निष्कर्ष I. सभी सेब सस्ते हैं।
II. लाल सेब सस्ते नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II. तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) कोई भी निष्कर्ष तर्कसंगत नहीं है।

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : II

Ans. (b) : कथनानुसार,



अत : केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

149. कथन :
सभी आम सुनहरे रंग के है।
कोई भी सुनहरी चीज सस्ती नहीं होती।
निष्कर्ष :
I. सभी आम सस्ते है।
II. सुनहरे रंग के आम सस्ते नहीं है।
(a) दोनो निष्कर्ष I और II अनुसरण करते है।
(b) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : कथनानुसार,

अत : केवल निष्कर्ष II अनुसरण है।

150. कथनः
1. सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
2. कोई भी बिल्ली चूहा नहीं है।
निष्कर्ष
I. सभी चूहे कुत्ते है।
II. कुछ कुत्ते चूहे है।
(a) निष्कर्ष I तथा II दोनों सही है।
(b) निष्कर्ष I केवल सही है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न II सही है
(d) केवल निष्कर्ष II सही है।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : II

Ans. (c) : कथनानुसार,



अत : न तो निष्कर्ष-I और न ही निष्कर्ष-II सही है।

151. कथन : कोई खिड़की बंदर नहीं है।
सभी बंदर बिल्लियाँ हैं।
निष्कर्ष : 1. कोई खिड़की बिल्ली नहीं है।
2. कोई बिल्ली खिड़की नहीं है।
3. कुछ बिल्लियाँ बंदर हैं।
4. सभी बिल्लियाँ बंदर है।
(a) केवल (2) और (4) (b) केवल (1) और (3)
(c) केवल (3) और (4) (d) केवल (3)

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : I

Ans. (d) : कथनानुसार,



अतः दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष (3) निकलता है।

152. कथन : सभी सिल्क जूट हैं।
सभी जूट नीले हैं।
कोई भी नीला लाल नहीं है।
निष्कर्ष : I. सभी नीले सिल्क हैं।
II. कुछ जुट सिल्क हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I सत्य है।
(b) केवल निष्कर्ष II सत्य है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II सत्य है।
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सत्य है।

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : कथनानुसार,

अतः आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II निकलता है।

153. कथन :
सभी बोतले पेंसिल है
कोई पेंसिल स्कूल नहीं है
निष्कर्ष :
I. कोई बोतल स्कूल नहीं है।
II कोई स्कूल बोतल नहीं है।
III. कुछ पेंसिल स्कूल है।
(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) I, II और III अनुसरण करते है
(c) केवल या तो I या III और II अनुसरण करते है
(d) केवल I और II अनुसरण करते है

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : III

Ans : (d) कथनानुसार,

अतः केवल निष्कर्ष I और निष्कर्ष II अनुसरण करते हैं।

154. कथन :

सभी कुर्सियाँ खिड़कियाँ हैं। कोई भी खिड़की दरवाजा नहीं है।

निष्कर्ष :

I. कुछ कुर्सियाँ दरवाजे हैं।

II. कोई भी दरवाजा खिड़की नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

(d) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : कथनानुसार,



अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Type-6 : विविध

155. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी चट्टानें चूड़ियां हैं।

कोई चूड़ी अंगूठी नहीं हैं।

कुछ अंगूठियां चैन है।

निष्कर्ष:

1. कुछ चूड़ियां चट्टानें हैं।

2. कुछ चेन चूड़ियां हैं।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : कथन के अनुसार,



निष्कर्षः (I) ✓

(II) ×

अतः केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

156. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं ?

कथन:

कुछ मोबाइल लैपटॉप हैं।

कोई लैपटॉप कंप्यूटर नहीं है।

सभी फोन कंप्यूटर हैं।

निष्कर्ष :

I. कम से कम कुछ मोबाइल कंप्यूटर हैं।

II. कम से कम कुछ फोन लैपटॉप हैं।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

(b) या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है

(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करता हैं।

(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : आरेख निम्नवत् बनेगा-

निष्कर्षः (I) ×

(II) ×

अतः स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

157. कथन :

I. सभी खिलाड़ी मजबूत हैं।

II. सभी सशक्त लोग लंबे है।

III. अजीत सशक्त है।

(a) अजीत एक खिलाड़ी है।

(b) अजीत लंबा है।

(c) अजीत एक लंबा खिलाड़ी है।

(d) कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : II

Ans. (b) : कथनानुसार,

अत : विकल्पों का अध्ययन करने से पता चलता है कि अजीत का मजबूत तथा खिलाड़ी से सम्बन्ध नहीं है। अत : अजीत लम्बा है।

158. कथन :

सभी बंदर गधे हैं। कुछ गधे घोड़े हैं। कोई घोड़ा बंदर नहीं है।

निष्कर्ष:

1. कुछ घोड़े बंदर हैं।

2. कुछ गधे बंदर नहीं हैं।

(a) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(c) न तो 1 और न ही 2 पालन करता है।

(d) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार,



उपर्युक्त दिये गये आरेख से स्पष्ट है कि दिये गये निष्कर्षो में केवल निष्कर्ष 2 कथन का पालन करेगा।

159. कथन:

1. कोई महिला गाय नहीं है।

2. एलिफ एक महिला है।

निष्कर्ष

I. एलिफ गाय नहीं हैं

II. एलिफ गाय हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती है।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(b) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।

(c) निष्कर्ष I और II दोनों ही पालन करते हैं।

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार,

वेन आरेख से स्पष्ट है कि एलिफ गाय नहीं है।

160. आपको निम्नलिखित तीन कथन दिए गए है:

(1) सभी चिकित्सक इंजीनियर है।

(2) कोई इंजीनियर अधिवक्ता नहीं है।

(3) कुछ अधिवक्ता शिक्षक है।

निम्न में से कौन से निष्कर्ष सही है ?

(a) कुछ इंजीनियर अधिवक्ता हैं।

(b) कोई भी अधिवक्ता चिकित्सक नही हैं।

(c) कुछ शिक्षक अधिवक्ता हैं।

(a) B और C (b) A, B और C

(c) A और C (d) केवल C

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार,



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सिर्फ निष्कर्ष B और C सही है। अतः विकल्प (a) सही होगा।

161. कथन:

कोई दरवाजा खिड़की नहीं है।

कोई खिड़की मेज नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कुछ मेजें दरवाजें नहीं हैं।

II. कोई दरवाजा मेज नहीं है।

(a) कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार,

या



वेन आरेख से स्पष्ट है कि उपर्युक्त कथनों का कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

162. कथन:

1. सभी नीले, काले हैं।

2. कुछ काले, कौए हैं।

3. कोई कौआ, भूरा नहीं है।

निष्कर्ष:

1. कोई नीला, कौआ नहीं है।

2. सभी कौए, काले हैं।

3. कोई भूरा, कौआ नहीं है।

(a) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

(b) निष्कर्ष 2 और 3 दोनों पालन करते हैं

(c) केवल निष्कर्ष 3 पालन करता है।

(d) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार वेन आरेख बनाने पर,



अतः उपरोक्त से स्पष्ट है, कि केवल निष्कर्ष 3 पालन करता है।

163. यदि 'सभी दार्शनिक तर्कवादी हैं' तथा 'सुकरात एक दार्शनिक है' तो बताइए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष पालन करता है?

(a) सुकरात तर्कवादी नहीं हैं।

(b) कोई भी दार्शनिक तर्कवादी नहीं हैं।

(c) सुकरात एक तर्कवादी है।

(d) सभी तर्कवादी दार्शनिक हैं।

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :



दिये गये कथनानुसार सुकरात एक तर्कवादी है। अतः विकल्प (c) तर्क को पूर्णतयः संतुष्ट करता है।

164. कथन :

कुछ बहनें भाई हैं।

बहुत थोड़े गुब्बारे बहनें हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ भाई गुब्बारे हैं।

II. कुछ भाई गुब्बारे नहीं हैं।

(a) निष्कर्ष I और II दोनों ही पालन करते हैं।

(b) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।

(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथनानुसार,

प्रश्नानुसार वेन आरेख से स्पष्ट है कि-
या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।

165. कथनः

कुछ फ्रिज मशीनें हैं।

कुछ मिक्सर मशीनें है।

कोई भी मिक्सर फ्रिज नहीं है।

सभी पंखे मिक्सर हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ पंखे फ्रिज हैं।

II. कुछ मशीनें मिक्सर नहीं हैं।

III. कोई भी पंखा फ्रिज नहीं है।

(a) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(c) केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : कथनानुसार वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है-

उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II और III कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

166. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प यह इंगित करता है कि 'कुछ मेहनती कर्मचारी, चतुर कर्मचारी हैं' ?

(a) कुछ चतुर कर्मचारी मेहनती कर्मचारी नहीं हैं।

(b) सभी चतुर कर्मचारी मेहनती कर्मचारी हैं।

(c) कोई चतुर कर्मचारी मेहनती कर्मचारी नहीं है।

(d) सभी मेहनती कर्मचारी चतुर कर्मचारी हैं।

RRB NTPC 27.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : विकल्पों के कथन से,

(a)

(b)

(c)

(d)

उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि विकल्प (a) कुछ चतुर कर्मचारी, मेहनती कर्मचारी नहीं हैं।

167. कथन :

सभी पेंडेंट आभूषण हैं।

कोई आभूषण चांदी नहीं है।

कुछ चांदी सिक्के हैं।

निष्कर्ष :

1. कुछ चांदी आभूषण है।

2. कुछ सिक्के पेंडेंट हैं।

3. कुछ आभूषण पेंडेंट हैं।

(a) निष्कर्ष 3पालन करता है

(b) निष्कर्ष 1 पालन करता है।

(c) निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(d) कोई निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार वेन आरेख सम्बन्ध स्थापित करने पर-



उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष 3 कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

168. कथनः

1. सभी इमारतें कमरे हैं।

2. कोई कमरा टॉवर नहीं है।

3. कुछ टॉवर खंभे हैं।

निष्कर्षः

I. कोई इमारत टॉवर नहीं है।

II. कोई खंभा कमरा नहीं है।

III. कोई खंभा इमारत नहीं है।

(a) सभी निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं।

(b) केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

(c) केवल निष्कर्ष I पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है–



उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I कथनों का तार्किक रुप से पालन करता है।

169. कथन :

1. सर्ज एक हेल्थ ड्रिंक है।

2. कोई हेल्थ ड्रिंक प्रोटीन नहीं है।

3. कुछ प्रोटीन दवाएं हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ प्रोटीन हेल्थ ड्रिंक हैं।

II. कुछ दवाएं सर्ज हैं।

III. कुछ हेल्थ ड्रिंक सर्ज है।

(a) केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

(b) सभी निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं।

(c) केवल निष्कर्ष II पालन करते है।

(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

RRB NTPC 21.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है–



अतः स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष III कथन का तार्किक रूप पालन करता है।

170. कथन :

सभी फूल, नीले हैं।

कुछ नीले, गेंद हैं।

कोई गेंद, लाल नहीं है।

निष्कर्ष :

I. कोई फूल, लाल नहीं है।

II. सभी फूल, गेंद हैं।

III. कुछ गेंद, नीले हैं।

(a) केवल III पालन करता है।

(b) केवल I और II पालन करते हैं।

(c) केवल II और III पालन करते हैं।

(d) I, II और III पालन करते है।

RRB NTPC 21.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार वेन आरेख सम्बन्ध निम्न प्रकार है–



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

171. कथन :

A. कुछ व्यापारी अमीर हैं।

B. बिड़ला अमीर है।

निष्कर्ष :

I. बिड़ला एक व्यापारी है।

II. बिड़ला के पास एक बड़ा फार्म है।

(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(c) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

(d) I और II दोनों अनुसरण करते है।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : कथनानुसार,



दिये गये कथन से न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

172. कथन :

A. सभी सीढ़ियां लिफ्ट हैं।

B. कोई भी लिफ्ट एस्केलेटर नहीं है।

C. कुछ एस्केलेटर हेलिकॉप्टर है।

D. कुछ लिफ्ट विमान हैं।

निष्कर्ष :

I. कोई भी सीढ़ी एस्केलेटर नही है।

II. कुछ हेलिकॉप्टर एस्केलेटर नहीं है।

III. कुछ सीढ़ियाँ विमान हैं।

IV. कुछ लिफ्ट विमान है।

(a) केवल I और IV अनुसरण करते हैं।

(b) केवल I तथा II या IV अनुसरण करते हैं।

(c) या तो II या IV अनुसरण करते हैं।

(d) केवल I, II या IV अनुसरण करता है।

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : कथनानुसार,

अतः केवल निष्कर्ष I और IV कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करते है।

173. कथन :

1. सभी अध्यापक गुस्सा करते हैं।

2. कुछ अध्यापक उदास हैं।

3. उदास लोग रो सकते है।

(a) सभी उदास लोग रोते हैं।

(b) कुछ अध्यापक रो सकते हैं।

(c) सभी गुस्सा करने वाले लोग अध्यापक है।

(d) सभी उदास लोग गुस्सा करते हैं।

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : कथनानुसार,



अत: कुछ अध्यापक रो सकते हैं।

13.

कथन और निष्कर्ष

(Statement and Conclusion)

Type-1 : सामान्य कथन और निष्कर्ष

1. नीचे कुछ कथन दिए गए है और उनके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए है। सामान्यतः ज्ञात तथ्यों पर ध्यान दिए बिना कथनों को सत्य मानते हुए यह बताएं कि कौन सा/से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता/करते है/हैं।

कथन :

1. सभी हिल स्टेशनों में एक प्रतिध्वनि-स्थान (echo -point) होता है।

2. P एक हिल स्टेशन है।

निष्कर्ष :

1. P में एक प्रतिध्वनि स्थान है।

2. हिल स्टेशनों के सिवाय अन्य स्थानों पर प्रतिध्वनि स्थान नही होते है।

(a) केवल निष्कर्ष 2 अनुपालन करता है।
(b) निष्कर्ष 1 और निष्कर्ष 2 दोनों अनुपालन करते है।
(c) न तो निष्कर्ष 1 अनुपालन करता है न निष्कर्ष 2 अनुपालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष 1 अनुपालन करता है।

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथनों से स्पष्ट है कि सभी हिल स्टेशनों में एक प्रतिध्वनि स्थान होता है। यदि P एक हिल स्टेशन है तो निश्चित ही वहां एक प्रतिध्वनि स्थान होगा। अतः निष्कर्ष 1 कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है जबकि कथनों में अन्य स्थानों के विषय में कोई उल्लेख नहीं है। अतः निष्कर्ष 2 अनुपालन नहीं करता है।

2. कथन :

- **एम. एस. धोनी एक लोकप्रिय क्रिकेटर है।**
- **सभी क्रिकेटर फिट और स्वस्थ है।**
- **एम.एस. धोनी विभिन्न उत्पादों व विज्ञापनों द्वारा प्रतिवर्ष अच्छा पैसा कमाता है।**

निष्कर्ष :

A. सभी लोकप्रिय क्रिकेटर विज्ञापनों द्वारा अच्छा पैसा कमाते है।

B. एम. एस. धोनी फिट और स्वस्थ है।

C. एम. एस. धोनी प्रसिद्ध होने के कारण केवल प्रसिद्ध उत्पादों के विज्ञापन करता है।

(a) केवल निष्कर्ष C अनुपालन करता हैं।
(b) निष्कर्ष A और C अनुपालन करता है।
(c) निष्कर्ष A और B अनुपालन करते है।
(d) केवल निष्कर्ष B अनुपालन करता है।

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन से स्पष्ट है कि सभी क्रिकेटर फिट और स्वस्थ है इसलिए एक क्रिकेटर होने के नाते एम.एस. धोनी भी फिट और स्वस्थ है। अतः केवल निष्कर्ष B कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है।

3. दिये गये विकल्प में से उस निष्कर्ष का चयन करें जो तार्किक रूप से दिये गये कथन का अनुसरण करता है
कथन : जीवन में सफल होने के लिए सभी को कठिन परिश्रम करना चाहिए।

(a) कठिन परिश्रम करने वाला मनुष्य जीवन में सन्तुष्ट होता है।
(b) कठिन परिश्रम के बिना कोई जीवन में सफल नहीं हो सकता है।
(c) जो कठिन परिश्रम करते है केवल वही पास हो पाएंगे।
(d) जीवन का सम्बन्ध कठिन परिश्रम से है।

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिए गए कथन 'जीवन में सफल होने के लिए सभी को कठिन परिश्रम करना चाहिए,' केवल निष्कर्ष (b) 'कठिन परिश्रम के बिना कोई जीवन में सफल नहीं हो सकता है।' अनुसरण/पालन करता है।

4. कथन :

1. इस विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली कुछ भाषाएं अंग्रेजी, पुर्तगाली, तमिल और संस्कृत हैं।

2. इस विद्यालय में न तो अरबी पढ़ाई जाती है और न फ्रेंच पढ़ाई जाती है।

3. इस विद्यालय के सभी भाषाएँ सुयोग्य शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जाती है।

निष्कर्ष :

(i) इस विद्यालय में अंग्रेजी, पुर्तगाली, संस्कृत और तमिल के अलावा कुछ अन्य भाषाएं भी पढ़ाई जाती हैं।

(ii) इस विद्यालय में तमिल सुयोग्य शिक्षक द्वारा पढ़ाई जाती है।

(iii) इस विद्यालय में या तो अरबी पढ़ाई जाती है या फ्रेंच पढ़ाई जाती है।

(a) केवल निष्कर्ष (i) और (iii) पालन करते हैं।
(b) केवल निष्कर्ष (i) और (ii) पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष (iii) पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता है।

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : एक विद्यालय में कुछ भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, जो अंग्रेजी, पुर्तगाली, तमिल और संस्कृत हैं। इस विद्यालय में सभी भाषाएँ सुयोग्य शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जाती है। ऐसा कथन में कहा जाता है।
कथन के अनुसार केवल निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) का पालन करता हैं।

5. कथनः

अनुपस्थिति दिल में प्रेम को बढ़ाती है।

निष्कर्षः

L. किसी वस्तु या व्यक्ति का मौजूद न होना, उसके प्रति लालसा को और अधिक बढ़ा देता है।

M. रिश्ते को मजबूत बनाए रखने के लिए उचित दूरी बनाए रखना चाहिए।

(a) या तो निष्कर्ष L या निष्कर्ष M पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष L पालन करता है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष M पालन करता है।

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : अनुपस्थिति दिल में प्रेम को बढ़ाती है क्योंकि किसी वस्तु या व्यक्ति का मौजूद न होना, उसके प्रति लालसा को और अधिक बढ़ा देता है अतः केवल निष्कर्ष L कथन का पालन करता है।

6. कथनः

कंप्यूटर मानव जाति के महानतम नवाचारों में से एक है।

निष्कर्षः

1. कोई अन्य नवाचार कंप्यूटर से बेहतर नहीं है।
2. कंप्यूटरों ने मानव जाति को लाभान्वित किया है।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(b) दोनों ही निष्कर्ष पालन करते हैं।
(c) या तो निष्कर्ष 1 या निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कम्प्यूटर मानव जाति के महानतम नवाचारों में से एक है क्योंकि कम्प्यूटर ने मानव जाति को लाभान्वित किया है। अतः केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

7. कथनः

i. मैंने अभी तक हैरी पॉटर की सातों पुस्तकें नहीं पढ़ी हैं।
ii. मैंने जेन ऑस्टेन की सभी पुस्तकें पढ़ी हैं।
iii. मुझे स्वयं-सहायता पुस्तकें पढ़ना पसंद नहीं है, हालाँकि मैंने उनमें से कुछ पुस्तकें नएपन के लिए पढ़ी हैं।

निष्कर्षः

i. हालाँकि पुस्तकें पढ़ना मेरा शौक है, फिर भी मैं चुनिंदा पुस्तकें ही पढ़ता हूँ।
ii. मैंने हैरी पॉटर की कुछ पुस्तकें पढ़ी हैं।
iii. मैं अपनी अगली पुस्तक के चयन में प्रयोग करना पसंद करता हूँ।

(a) केवल निष्कर्ष (iii) पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष (i) और (iii) पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष (ii) और (iii) पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता है।

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिये गये कथनों का केवल निष्कर्ष (ii) और (iii) पालन कर रहे हैं।

8. कथन :

शिक्षक ने पूरी कक्षा की उपस्थिति में अमित को डांटा।

निष्कर्ष :

I. शिक्षक अमित को नापसंद करता है।
II. कक्षा अमित को पसंद नही करती थी।

(a) या तो निष्कर्ष I या तो निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

9. कथन :

हर अस्पताल में रोगी हैं

निष्कर्ष :

I. रोगी केवल अस्पतालों में मौजूद होते हैं।
II. अस्पतालों में रोगी नहीं होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : हर अस्पातल में रोगी है इसका निष्कर्ष यह नहीं कि रोगी केवल अस्पतालों में मौजूद होते हैं और न ही अस्पतालों में रोगी नहीं होते। अतः न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

10. कथन :

पेट्रोल और डीजल की खपत में तीव्र वृद्धि की वजह से निकट भविष्य में ईंधन की कमी हो सकती है।

निष्कर्ष :

1. भविष्य में केवल इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।
2. ईंधन की कमी की समस्या से निपटने के लिए अन्य ईंधन विकल्पों का सृजन किया जाना चाहिए।

(a) निष्कर्ष 1 और निष्कर्ष 2 दोनों ही पालन करते है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : उपर्युक्त दिये गये कथन का केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

11. कथनः

केरल के लोग बहुत से व्यंजन नारियल तेल में पकाते हैं।

निष्कर्षः

1. नारियल तेल, बहुत से व्यंजन मे उपयोग होने वाला देश का प्रमुख तेल है।
2. केरल नारियल तेल का एक बड़ा उपभोक्ता है।

(a) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(b) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(d) या तो निष्कर्ष 1 या तो 2 पालन करता है।

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : केरल नारियल तेल का एक बड़ा उपभोक्ता राज्य है। देश के कुल नारियल उत्पादन में केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। अतः निष्कर्ष 2 कथन का पालन करता है।

12. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़े और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं ?

कथनः

शैक्षिक संस्थानों के पुस्तकालयों में पर्याप्त पुस्तकों की उपलब्धता के बावजूद, शहरी क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन करने वाले अधिकांश छात्रों ने ऑनलाइन/ऑफलाइन अध्ययन सामग्री खोजने के लिए मुख्य संसाधन के रूप में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करना शुरु कर दिया है; परिणामस्वरूप, अध्ययन सामग्री के रूप में प्रयोग की जाने वाली पुस्तकों के उपयोग में भारी गिरावट हुई है।

निष्कर्षः

1. पुस्तक पढ़ने के तरीके खोजे जाने चाहिए।

2. पुस्तक पढ़ने की स्थिति के बारे में जानने के लिए एक शोध-अध्ययन किया जाना चाहिए।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(b) या तो निष्कर्ष 1 या निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिए गए दोनों निष्कर्षों का कथन में कोई उल्लेख नहीं है तथा इनमें कही गई बातें कथन से मेल नहीं खाती।
अतः न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

13. कथनः

कुछ छात्र लिखित परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद कॉलेज A में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट में ऊँची रैंक पर है।

निष्कर्ष :

1. लिखित परीक्षा मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले अभ्यार्थी कभी भी कॉलेज A में प्रवेश हेतु मेरिट लिस्ट में नहीं आ पाते।

2. कॉलेज A में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षाओं के अतिरिक्त अन्य मापदंडों पर भी विचार किया जाता है।

(a) केवल निष्कर्ष 1 निहित हो सकता है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 निहित हो सकता है।
(c) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निहित हो सकते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निहित हो सकता है।

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिये गये कथन के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि, कॉलेज A में दाखिला पाने के लिए लिखित परीक्षा के अलावा अन्य मापदण्डों को भी वरीयता दिया जाता है।
क्योंकि कथन में कहा गया है कि कुछ छात्र लिखित परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने पर भी मेरिट लिस्ट में ऊँची रैंक पर है।
अतः दिये गये कथन का केवल निष्कर्ष II ही पालन करता हैं।

14. दिए गए कथन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि इनमें से कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से पालन करता है।

कथन :

क्षमता, गरीब व्यक्ति का धन है।

(a) गरीब व्यक्ति केवल तभी धन कमा सकता है, यदि उसमें धन कमाने की क्षमता हो।
(b) गरीब व्यक्ति में धन कमाने की क्षमता नहीं होती है।
(c) धनी व्यक्ति हमेशा सक्षम होता है।
(d) गरीब व्यक्ति हमेशा सक्षम होता है।

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिए गए कथन का निष्कर्ष है कि गरीब व्यक्ति केवल तभी धन कमा सकता है यदि उसमें धन कमाने की क्षमता हो। अतः विकल्प (a) का निष्कर्ष दिए गए कथन का तार्किक रूप से पालन करता है।

15. कथन :

किसी भी अपरिचित व्यक्ति के प्रति ग्रामीणों का रवैया सहयोगात्मक होता है।

निष्कर्ष :

I. अपरिचित व्यक्तियों के प्रति शहरी लोगों का रवैया असहयोगात्मक होता है।

II. शहरीकरण हमारे नैतिक मूल्यों को समाप्त कर देता है।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिये गये कथन से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।

16. कथन :

सुबह-सुबह व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

निष्कर्ष 1. स्वास्थ्य को केवल व्यायाम करके बनाए रखा जा सकता है।

निष्कर्ष 2. व्यायाम के बिना, व्यक्ति बीमार पड़ जाएंगे।

(a) कोई भी निष्कर्ष कथन का पालन नहीं करता है
(b) निष्कर्ष 2 कथन का पालन करता है
(c) दोनों निष्कर्ष कथन का पालन करते है
(d) निष्कर्ष 1 कथन का पालन करता है

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : सुबह-सुबह व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभदायक होता है। व्यायाम करने से हमारा स्वास्थ्य भी बना रहता है। तथा शरीर में फुर्ती बनी रहती है। किन्तु स्वास्थ्य को केवल व्यायाम करके स्वस्थ नहीं बनाया जा सकता और न ही व्यायाम न करने से व्यक्ति बीमार पड़ सकता है। अतः कोई भी निष्कर्ष कथन का पालन नहीं करता है।

17. दो कथन और उनके बाद एक निष्कर्ष दिया गया है। बताएं कि कथनों के संबंध में निष्कर्ष सत्य है या असत्य है?

कथनः

1. हर चमकती चीज सोना नहीं होती।

2. सोना चमकदार होता है।

निष्कर्ष :

हर चमकने वाली चीज सोने के अलावा कुछ और होती है।

(a) निष्कर्ष संभवतः रूप से असत्य है।
(b) निष्कर्ष निश्चित सत्य है।
(c) निष्कर्ष निश्चित रूप से असत्य है।
(d) निष्कर्ष संभवतः सत्य है।

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दोनों कथनों को सम्मिलित रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि सोने के अलावा अन्य चीजे भी चमकती है अतः निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है।

18. कथन :

भारतीय शिक्षा में निधियों की कमी के कारण गुणवत्ता का अभाव है। भारत शिक्षा क्षेत्र को अतिरिक्त निधियां आवंटित कर रहा है।

निष्कर्ष :

I. भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

II. केवल निधियां शिक्षा मानकों मे सुधार कर सकती है।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है
(b) या तो निष्कर्ष I अथवा निष्कर्ष II पालन करता है
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है
(d) न निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : भारतीय शिक्षा में निधियों की कमी के कारण गुणवत्ता का अभाव है। भारत शिक्षा क्षेत्र को अतिरिक्त निधिया आवंटित कर रहा है जिससे भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। अतः दिए गए कथन का निष्कर्ष (I) तार्किक रुप से पालन करता है।

19. कथन:

1. मानव और वानर के कुछ गुण समान है।

निष्कर्ष:

1. वानर मानव की तुलना में अधिक चालाक होते हैं।

2. मानव वानर की तुलना में अधिक चालाक होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष 1 निहित है

(b) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निहित है

(c) केवल निष्कर्ष 2 निहित है

(d) दोनों निष्कर्ष निहित हैं

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथन में मानव और वानर के किसी विशिष्ट गुण का उल्लेख नहीं है जबकि दोनों निष्कर्षों में मानव और वानर के चालाक होने का उल्लेख है।
अतः न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 कथन में निहित है।

20. कथन:

आधुनिक युग में, विशेषकर गर्मी के समय में पानी की कमी एक बड़ी समस्या है।

निष्कर्ष:

1. गर्मी में कई पशुओं की मौत का मुख्य कारण पानी की कमी है।

2. सर्दियों में पानी की कमी नहीं होती है।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

(b) दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं।

(c) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(d) ना तो निष्कर्ष 1 और ना ही 2 पालन करता है।

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन में पशुओं की मौत और सर्दियों में पानी की कमी की व्याख्या नहीं है। अतः ना तो निष्कर्ष 1 और ना ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।

21. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है?

कथन :

जॉन एक प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं।

सभी खिलाड़ी फिट और सक्रिय हैं।

जॉन हर वर्ष विभिन्न उत्पादों के विज्ञापनों के माध्यम से एक बड़ी राशि अर्जित करते हैं।

निष्कर्ष :

(A) सभी प्रसिद्ध खिलाड़ी विज्ञापन के माध्यम से बड़ी राशि अर्जित करते हैं।

(B) जॉन फिट और सक्रिय हैं।

(C) जॉन लोकप्रिय होने के नाते केवल प्रसिद्ध उत्पादों का विज्ञापन करते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष C अनुसरण करता है।

(b) निष्कर्ष A और C दोनों ही अनुसरण करते हैं।

(c) निष्कर्ष A और B दोनों ही अनुसरण करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष B अनुसरण करता है।

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन के अनुसार
निष्कर्ष-

A → गलत है क्योकि जॉन केवल एक प्रसिद्ध खिलाड़ी है।जो विज्ञापन से बडी राशि कमाता है जबकि निष्कर्ष A में सभी प्रसिद्ध खिलाड़ी की बात कर रहा जबकि कथन में ऐसा नही है।

C → निष्कर्ष C के अनुसार कथन से, जॉन लोकप्रिय होने के नाते केवल प्रसिद्ध उत्पादों का विज्ञापन करता है। जोकि निष्कर्ष से स्पष्ट नही है। अतः यह गलत है।

B → निष्कर्ष B सत्य है क्योकि जान एक फिट एवं सक्रिय खिलाड़ी है यह बात कथन में स्पष्ट है।

अतः केवल निष्कर्ष B अनुसरण करता है।

22. कथन:

जल प्रदूषण आज कल बीमारियों का एक प्रमुख कारण है।

निष्कर्ष:

1. जल-जनित बीमारियां बहुत जानलेवा है।

2. आम तौर पर, जल किल्लत मानसून से पहले देखी जाती है।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

(c) दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं।

(d) ना तो निष्कर्ष 1 और ना ही 2 पालन करता है।

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन में केवल यह स्पष्ट है कि जल प्रदूषण बीमारियों का एक प्रमुख कारण है जब कि निष्कर्ष में जो बताया गया है, कि जल जनित बीमारियाँ जान लेवा है और जल-किल्लत मानसून से पहले देखी जाती है, ऐसी बातों का कथन से कोई संबंध नहीं है। अतः निष्कर्ष I एवं II दोनों कथन का पालन नहीं करते है।

23. कथन :

नर्सें केवल लंबे पुरुषों से शादी करती हैं।

अंकित बहुत लंबा है।

निष्कर्ष :

I. अंकित की शादी एक नर्स से हुई थी।

II. अंकित की शादी नर्स से नहीं हुई थी।

(a) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिये गये कथन से या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II पालन करता है क्योंकि निष्कर्ष I में अंकित की शादी नर्स से हुई है, तो कथन में दिया गया है कि अंकित बहुत लम्बा है नर्सें केवल लंबे पुरुषों से शादी करती है। अतः यह सत्य है। लेकिन निष्कर्ष II में नकारात्मक तथ्य की पुष्टि हो रही है। इस प्रकार या तो निष्कर्ष I या II सत्य होगा।

24. कथन:

इंटरनेट का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

निष्कर्ष :

I. इंटरनेट का अभिगम आसान होता जा रहा है।

II. इंटरनेट सुविधाओं का इंटरनेट के उपयोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

(c) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।

(d) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिए गए कथन के अनुसार केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

25. कथनः छात्र उच्च शिक्षा में उपयुक्त कोर्स के चुनाव को लेकर असमंजस में है।

निष्कर्षः

I. उनकी पसंद पर निर्णय लेते समय उनकी रुचियों, योग्यताओं और दक्षताओं पर विचार करें ।

II. एक शिक्षा और कैरियर सलाहकार के रुप में मार्गदर्शन प्राप्त करें।

(a) केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।
(c) दोनों निष्कर्ष (I) और (II) दोनों पालन करता है।
(d) कोई निर्णय पालन नहीं करता।

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :प्रश्नानुसार –कथन से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (I) व (II) दोनों पालन करता है। स्पष्ट है कि छात्र को उच्च शिक्षा कोर्स के चुनाव में उनकी रूचियों, योग्यताओं तथा दक्षताओं पर विचार करना चाहिए एवं एक शिक्षा कैरियर सलाहकार से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए।

26. कथनः

सभी किसान बहुत मेहनती हैं।

निष्कर्षः

कुछ बहुत मेहनती व्यक्ति किसान हैं।

(a) सत्य
(b) सूचना अप्रासंगिक है
(c) शायद असत्य किंतु निश्चित नहीं
(d) असत्य

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथन ''सभी किसान बहुत मेहनती है।'' का निष्कर्ष ''कुछ बहुत मेहनती व्यक्ति किसान हैं।'' सत्य है। अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

27. कथनः आज-कल कोई भी देश आतंकवाद से मुक्त नहीं है।

निष्कर्ष A : आजकल देशों के लिए आतंकवाद को नियंत्रित करना असंभव हो गया है।

निष्कर्ष B : देश और उनके नागरिक सामान्यतः आलसी हो गए हैं।

(a) केवल निष्कर्ष A पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष B पालन करता है।
(c) ना तो निष्कर्ष A और ना ही B पालन करता है।
(d) निष्कर्ष A और B दोनों पालन करता है।

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथन आज-कल कोई भी देश आतंकवाद से मुक्त नहीं है का निष्कर्ष है कि आज-कल देशों के लिए आंतकवाद को नियंत्रित करना असंभव हो गया है।

अतः केवल निष्कर्ष A पालन करता है।

28. कथनः

पुराने पत्तों के स्थान पर नए पत्ते आते हैं।

निष्कर्षः

1. पुराने पत्तों के बिना नए पत्ते नहीं आ सकते।

2. पुराने पत्ते बेकार होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।
(d) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों ही पालन करते हैं।

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कथन में दिया गया है कि पुराने पत्तों के स्थान पर नए पत्ते आते है जिसका दोनों कथन तार्किक रूप से पालन नहीं करते हैं। कथन में ऐसा नहीं कहा गया है कि पुराने पत्तों के बिना नए पत्तें नहीं आ सकते और न की यह कहा गया है कि पुराने पत्ते बेकार होते हैं। अतः न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।

29. कथन :

जिस मरीज को पिछली रात इमरजेंसी में लाया गया था, वह बच गया होता यदि उसकी सर्जरी कुछ समय पहले हो जाती।

निष्कर्ष :

I. जीवित रखने के लिए सर्जरी ही एकमात्र विकल्प था।

II. मरीज को विलंब से अस्पताल लाया गया था।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I निष्कर्ष II दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC 22.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : केवल निष्कर्ष II दिये गये कथनों का पालन करता है।
अतः विकल्प (c) सत्य है।

30. नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं ?

कथन :

(i) दिल्ली की सभी नृत्य कक्षाओं में सिखाई जाने वाली कुछ नृत्य शैलियां हिप-हॉप, कंटेंपररी और कथकली है।

(ii) दिल्ली में किसी भी नृत्य कक्षा में कुचिपुड़ी नृत्य नहीं सिखाया जाता है।

(iii) दिल्ली की कुछ नृत्य कक्षाओं में सालसा और ओडिसी नृत्य सिखाया जाता है।

निष्कर्ष :

(i) दिल्ली की सभी नृत्य कक्षाओं में सालसा नृत्य सिखाया जाता है।

(ii) दिल्ली की कुछ नृत्य कक्षाओं में कथकली नृत्य नहीं सिखाया जाता है।

(iii) दिल्ली में एक भी नृत्य कक्षा ऐसी नहीं है, जो हिप-हॉप नृत्य न सिखाती हो।

(a) केवल निष्कर्ष (iii) पालन करता है।
(b) निष्कर्ष (i) और (ii) दोनों पालन करते है।
(c) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता है।
(d) निष्कर्ष (i) और (iii) दोनों पालन करते है।

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : उपर्युक्त दिये गये कथनों का सिर्फ निष्कर्ष (iii) पालन करता है।
अतः विकल्प (a) सही होगा।

31. कथनः

1. मेरे शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए कुछ विषय प्रकाश, ध्वनि और बिजली हैं।

2. मेरे शिक्षक द्वारा चुंबकत्व और तरंगो का कोई भी विषय नही पढ़ाया जाता है।

3. ऊष्मागतिकी को छोड़कर मेरे शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए सभी विषय बहुत ही बोधगम्य और दिलचस्प है।

निष्कर्ष:

(i) मेरे शिक्षक ध्वनि विषय को बहुत ही रोचक तरीके से पढ़ाते हैं।

(ii) चुंबकत्व और ऊष्मागतिकी मेरे शिक्षक द्वारा नहीं पढ़ाया जाता है।

(iii) मेरे शिक्षक द्वारा पढ़ाया गया विषय, तरंग बहुत समझ में नही आता है।

(a) केवल निष्कर्ष (i) और (ii) पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष (iii) पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष (i) और (iii) पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष (i) पालन करता है।

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त कथनों से स्पष्ट है कि 'मेरे शिक्षक ध्वनि विषय को बहुत ही रोचक तरीके से पढ़ाते है' निष्कर्ष (i) प्राप्त होता है। अतः विकल्प (d) सत्य है।

32. कथन:

कई विकासशील देशों में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि की वजह से प्राकृतिक संसाधनों की कमी हो रही है।

निष्कर्ष:

I. भविष्य में विकासशील देशों की जनसंख्या में वृद्धि जारी नहीं रहेगी।

II. प्राकृतिक संसाधनों एवं जनसंख्या वृद्धि का प्रबंधन, विकासशील देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है।

(a) न तो I और न ही II पालन करता है।
(b) I और II दोनों पालन करते हैं।
(c) केवल I पालन करता है।
(d) केवल II पालन करता है।

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : कई विकासशील देशों में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि की वजह से प्राकृतिक संसाधनों की कमी हो रही है, क्योंकि प्राकृतिक संसाधनों एवं जनसंख्या वृद्धि का प्रबंधन, विकासशील देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। अतः यहाँ केवल निष्कर्ष II कथन का पालन करता है।

33. कथन:

वृद्ध व्यक्तियों को कठिन व्यायामों से बचना चाहिए।

निष्कर्ष:

(A) युवाओं के लिए व्यायाम आवश्यक नहीं है।

(B) कठिन व्यायामों से कंडराओं को नुकसान पहुंच सकता है।

(a) न तो निष्कर्ष A और न ही B पालन करता है।
(b) निष्कर्ष A और B दोनों ही पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष A पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष B पालन करता है।

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिए गए कथन से न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। क्योंकि कथन में युवाओं और कंडराओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

34. कथन : जीवनदीप समाज के सभी सदस्यों का अपना खुद का व्यवसाय है।

निष्कर्ष :

I. ओंकार समाज के एक सदस्य का पुत्र भविष्य में अपने पिता का व्यवसाय संभालेगा।

II. शीला जो समाज की एक सदस्य हैं का अपना खुद का व्यवसाय है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) ना तो I न तो II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : निष्कर्ष II अनुसरण करता है क्योंकि समाज के सभी लोगों का खुद का व्यवसाय है और शीला उस समाज की एक सदस्य है इसलिए शीला का खुद का व्यवसाय होगा।

35. कथन : जब तक प्रत्येक राष्ट्र लैंगिक समानता प्राप्त नहीं कर लेते, स्वतंत्रता और लोकतंत्र अर्थहीन है।

निष्कर्ष :

I. स्वतंत्रता और लोकतंत्र एक-दूसरे के पूरक है।

II. लैंगिक समानता, वास्तविक स्वतंत्रता और लोकतंत्र की ओर ले जाती है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) कथन के परिप्रेक्ष्य में केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

36. कथन को पढ़ें और दिए गए विकल्पों में से निष्कर्ष चुनें:

कथन : उन्होंने वर्तमान परीक्षा प्रणाली को समाप्त करने और इसके स्थान पर छात्रों की वास्तविक योग्यता आँकने के लिए अन्य पद्धतियों को अमल में लाने की जरूरत पर बल दिया।

निष्कर्ष :

I. परीक्षाओं को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

II. वर्तमान परीक्षा प्रणाली छात्रों की वास्तविक योग्यता का आकलन नहीं करती है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : क्योंकि दिए गए कथन में वर्तमान परीक्षा प्रणाली को समाप्त करने से आशय है कि हो सकता है कि वर्तमान परीक्षा प्रणाली छात्रों की वास्तविक योग्यता का परीक्षण नहीं करती है। अतः इस प्रकार से केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

37. कथन : 'XYZ' नाम की यह किताब एकमात्र ऐसी किताब है जो 1920 और 1930 के बीच भारत की दहेज प्रथा की समस्या पर ध्यान केन्द्रित करती है।

निष्कर्ष :

I. 1920 से पहले दहेज की कोई समस्या नहीं थी।

II. 1920 और 1930 के दौरान भारत की दहेज प्रथा के विषय में कोई विज्ञान नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है क्योंकि दिए गए कथन में 'XYZ' किताब 1920-1930 के बीच दहेज प्रथा की समस्या को केन्द्रित किया गया है। 1920 से पहले का उल्लेख नहीं किया गया है। अत : इस प्रकार केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

38. कथन : उड़िया का प्रयोग करने के लिए जो नेता इतना हो-हल्ला मचाते हैं, प्राय: अपने बच्चो को पढ़ने के लिए अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में भेजते हैं।

निष्कर्ष :

I. भारत में उड़िया माध्यम के अच्छे स्कूलों का अभाव है।

II. इस संसार में उपदेश देने और उन पर अमल करने में काफी अंतर है।

(a) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(b) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans. (c) : या तो I या II अनुसरण करता है।

39. कथन :

गुणवत्ता के लिए कीमत लगती है। सभी देश गरीबों के लिए शिक्षा के उत्थान हेतु बहुत सारा धन आवंटित कर रहे हैं।

निष्कर्ष :

I. देश में शिक्षा की गुणवत्ता शीघ्र ही सुधर जाएगी।

II. केवल निवेश ही शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans. (a) : केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है क्योंकि शिक्षा के उत्थान के लिये एवं अच्छी गुणवत्ता प्राप्त करने के लिये कीमत लगती है। जबकि निष्कर्ष II इसलिए अनुसरण नहीं करता क्योंकि केवल निवेश शिक्षा की गुणवत्ता को नहीं बढ़ा सकता।

40. कथन :

यद्यपि हमारे पास CARE, ONICRA जैसी रेटिंग एजेंसी है फिर भी निवेशकों की सुरक्षा के लिए आई. टी. कंपनियों हेतु अलग रेटिंग एजेंसी की मांग है।

निष्कर्ष :

I. आईटी कंपनियों के वित्तीय मूल्य का आकलन अलग तरह के कौशल, अंतर्दृष्टि और दक्षताओं की मांग करता है।

II. अब आई. टी. कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को अपने निवेश की सुरक्षा मिलेगी।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण्रा करता है
(d) ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans. (a) : केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

41. कथन :

अमेरिका के रक्षा सचिव ने दोहराया कि वे इस्लामाबाद को हथियार की आपूर्ति करना जारी रखेंगे।

निष्कर्ष :

I. इस्लामाबाद हथियारों का निर्माण करने में असक्षम है।

II. इससे क्षेत्र में शांति सुनिश्चित होगी।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : दिए गए कथन में अमेरिका सचिव द्वारा इस्लामाबाद को आपूर्ति जारी रखने की बात की गयी है जबकि कथन में शांति की कोई बात नहीं की गयी है अतः ना ही निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

42. कथन :

किसी लड़ाई से बचने का सबसे अच्छा तरीका है इसे हल करना।

निष्कर्ष :

(I) यदि आप लड़ाई का सामना नहीं करते हैं तो आपकी जिन्दगी सुस्त होगी।

(II) लड़ाई से बचने के लिए आपको अपने साथ कुछ समाधान हमेशा चाहिए।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : लड़ाई से बचने के लिए आपको अपने साथ कुछ समाधान हमेशा करना चाहिए। अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

43. कथन :

कुछ चीजें धन नहीं खरीद सकता जैसे शिष्टाचार, नैतिकता की बुद्धि।

निष्कर्ष :

I. धन सब चीजें खरीद सकता है।

II. धन कुछ चीजें खरीद सकता है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : कुछ चीजें धन नहीं खरीद सकता जैसे शिष्टाचार, नैतिकता की बुद्धि। इस कथन से यह स्पष्ट है कि धन सब चीजें नहीं खरीद सकता, बल्कि कुछ चीजें खरीद सकता है।
अत : विकल्प (b) सत्य है।

44. कथन :

1. कुछ पक्षियों को कीड़े, कुछ को मधुमक्खियाँ और कुछ को पराग (nectar) पसंद होता है।

2. सभी मधुमक्खियों को शहद और पराग (necter) पसंद होता है।

3. कुछ कीड़े लाल, कुछ काले और कुछ भूरे होते हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ मधुमक्खियों को पराग (nectar) खाने वाले पक्षी पसंद हो सकते हैं।

II. कुछ पक्षी होते हैं जिन्हे भूरे कीड़े पसंद हों।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : दिए गए कथनों से केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। क्योंकि कथन में कुछ पक्षियों को कीड़े पसंद हैं व कुछ कीड़े लाल, काले, भूरे हैं इस प्रकार निष्कर्ष II अनुसरण करता है जबकि कुछ मधुमक्खियों को पराग खाने वाले पक्षी पसन्द हो सकते हैं कथन में नहीं दिया गया है। इस प्रकार निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

45. कथन :

औद्योगिक आंदोलन (क्रांति) जिसकी शुरूआत यूरोप में सर्वप्रथम हुई, ने नवीन युग का सूत्रपात्र किया।

निष्कर्ष :

I. अमीरो तथा गरीबो में बढ़ती खाई क्रांति (आंदोलन) को जन्म देती है।

II. आंदोलन समाज को नया स्वरूप देता है।

(a) या तो निष्कर्ष I या फिर II सही है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न II सही है।
(c) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।
(d) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans. (c) : दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है क्योंकि कथन में औद्योगिक क्रान्ति (आन्दोलन) समाज को नया स्वरूप देता है कथन में स्पष्ट किया गया है अतः निष्कर्ष II अनुसरण करता है, जबकि कथन में अमीरों व गरीबों के बारे में नहीं बताया गया है अतः दिए गए कथन का निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

46. कथन :

पुस्तक मेले में, एक लेखक की किताबें जनता के लिए प्रदर्शित की गयी हैं।

पुस्तकों की कीमतें एक आम आदमी के लिए बहुत ज्यादा है।

निष्कर्ष :

I. आम आदमी प्रदर्शनी से सिर्फ पुस्तकें खरीदते है।

II. महंगी पेंटिग आम तौर पर आर्ट गैलरी में भी प्रदर्शित किए जाते हैं।

(a) केवल I अनुसरण करता है।
(b) केवल II अनुसरण करता है।
(c) दोनों I और II अनुसरण करता है।
(d) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : कथन के अनुसार कीमतें मंहगी होने के कारण आम आदमी पुस्तके नहीं खरीद सकता अत : निष्कर्ष I नहीं होगा। कथन में आर्ट गैलरी की चर्चा नहीं है अत : निष्कर्ष II भी नहीं होगा।

47. कथन :

डिबेटिंग में दिलचस्पी को विकसित करने के लिए प्रत्येक छात्र को प्रति सप्ताह दो डिबेटिंग क्लास में भाग लेने और डिबेटिंग पर किए गए सर्वे की एक साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिसम्बर 2015 से अनिवार्य बना दिया है।

निष्कर्ष :

I. डिबेटिंग में रूचि ताकत के बल पर बनाया जा सकता है।

II. कुछ छात्रों में अंतत : डिबेटिंग में रूचि विकसित होगा।

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करें।
(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करें।
(c) यदि I या II अनुसरण करें।
(d) न तो I और न ही II अनुसरण करें।

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : दिए गए कथन से सिर्फ निष्कर्ष II निकलता है। क्योंकि कथन में डिबेटिंग में दिलचस्पी विकसित करने के लिए डिबेटिंग क्लास में भाग लेने से हो सकता है कि कुछ छात्रों में अंततः रूचि विकसित की जा सकती है, अतः निष्कर्ष II दिए गए कथन का अनुसरण करता है जबकि डिबेटिंग में रूचि ताकत के बल पर बनाया जा सकता है कथन में नहीं दिया गया है। अतः निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

48. कथन : सुखबिंदर ने अन्य तरीकों से वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम को बदलने की आवश्यकता पर बल दिया है जो उम्मीदवारों की वास्तविक योग्यता बाहर लाने में सक्षम है।

निष्कर्ष :

I. उम्मीदवारों की वास्तविक योग्यता बाहर लाना महत्वपूर्ण नहीं है।

II. वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम उम्मीदवारों की वास्तविक योग्यता बाहर लाने में सक्षम नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करें।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करें।
(c) I या II अनुसरण करें।
(d) न तो I और नहीं II अनुसरण करें।

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। क्योंकि कथन में वर्तमान प्रशिक्षण में बदलाव करने की आवश्यकता पर बल दिया है, हो सकता है कि वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम उम्मीदवारों की वास्तविक योग्यता बाहर लाने में सक्षम न हो। इस प्रकार केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

49. कथन :

राजनीति में धन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

निष्कर्ष :

I. गरीब व्यक्ति कभी भी राजनीतिज्ञ नहीं बन सकते।

II. सभी धनी व्यक्ति राजनीति में हिस्सा ले सकते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II निकलता है।
(d) ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II निकलता है।

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : दिए गए कथन से ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II निकलता है। क्योंकि कथन में दिया है कि धन राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन, इसका आशय यह नहीं है कि गरीब व्यक्ति राजनीतिज्ञ नहीं हो सकता एवं अमीर आदमी ही राजनीतिज्ञ हो सकता है।

50. कथन :

1. हमारे देश में प्राकृतिक संसाधनों में हो रही कमी चिंता का प्रमुख विषय है।

2. जब तक हम एक बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास नहीं कर लेते, जनसंख्या में हुई वृद्धि से ऊर्जा संसाधनों पर भारी बोझ पड़ने की वजह से जीवन की गुणवत्ता कम हो जाएगी।

निष्कर्ष :

I. प्राकृतिक संसाधनों की कमी से जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

II. जनसंख्या वृद्धि से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग एक समाधान है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 1

Ans. (c) : प्राकृतिक संसाधनों की कमी से जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जनसंख्या वृद्धि से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग एक समाधान है।
अतः निष्कर्ष I व II दोनों अनुसरण करते है।

51. कथन :
प्रतिकूल परिस्थिति सबसे अच्छा शिक्षक है।
निष्कर्ष :
I. निर्धन व्यक्ति शिक्षित होते हैं।
II. प्रतिकूल परिस्थिति सीखने के अवसर प्रदान करती है।
(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) न तो I न ही II पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(d) I और II दोनों पालन करते हैं।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans. (a) : दिए गए कथन में प्रतिकूल परिस्थिति, सबसे अच्छा शिक्षक से आशय है कि प्रतिकूल परिस्थिति सीखने का अवसर प्रदान करती है अतः निष्कर्ष II पालन करता है। जबकि कथन में निर्धन व्यक्ति के सन्दर्भ में बात नहीं हुयी। अतः निष्कर्ष I दिए गए कथन का अनुसरण नहीं करता है।

52. कथन :
(1) दुनियाँ के किसी भी देश ने आत्मनिर्भरता हासिल नहीं की है।
(2) मशीनीकरण बिल्कुल नाकाम रहा है।
निष्कर्ष :
(I) आत्मनिर्भर बनना असंभव है।
(II) मानवीय श्रम मशीनो की तुलना में अधिक उत्पादक है।
(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) I और II दोनो अनुसरण करते है।
(c) कोई अनुसरण नहीं करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 3

Ans. (c) : दिए गए कथन से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है। क्योंकि दिए गए कथन के अनुसार दुनिया के किसी भी देश ने आत्मनिर्भरता हासिल नहीं की है एवं मशीनीकरण बिल्कुल नाकाम रहा है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आत्मनिर्भर बनना असंभव है और कथन में मानवीय श्रम के बारे में नहीं बताया गया है।

53. विवरण :
1. बच्चे कभी-कभी शरारत करते हैं।
2. माताएँ पागल लोगों की तरह अपने बच्चों पर चीखती हैं।
निष्कर्ष :
I. सभी माताएँ पागल होती हैं।
II. बच्चे अपनी माताओं के चीखने के कारण शरारती होते हैं।
(a) I व II निष्कर्ष का अनुगमन नहीं करते हैं।
(b) केवल निष्कर्ष I ही अनुगमन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II ही अनुगमन करता है।
(d) I व II दोनों निष्कर्ष का अनुगमन करते हैं।

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans. (a) : दिये गये कथनों का अध्ययन करने से पता चलता है कि निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुगमन नहीं करते हैं।

54. विवरण :
1. इन दिनों कॉलेज की शिक्षा बहुत खर्चीली है।
2. कॉलेज की शिक्षा कुछ लोगों तक ही सीमित कर देनी चाहिए।
निष्कर्ष :
I. कोई भी कॉलेज जाने की क्षमता नहीं रख सकता है।
II. गरीब को भी कॉलेज की शिक्षा तक की पहुँच होनी चाहिए।
(a) केवल निष्कर्ष I ही अनुगमन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II ही अनुगमन करता है।
(c) I व II दोनों निष्कर्ष अनुगमन करते हैं।
(d) I व II दोनों निष्कर्ष अनुगमन नहीं करते हैं।

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans. (d) : निष्कर्ष में कही गई बातें, कथन में कही गयी बातों से भिन्न है। अतः निष्कर्ष I व II दोनों अनुगमन नहीं करते हैं।

55. 1. कार जैसे मोटर वाहनों की वजह से प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है।
2. प्रदूषण के कारण श्वसन रोग बढ़ रहे हैं।
निष्कर्ष:
I. यदि कार न हो तो प्रदूषण नहीं हो।
II. डॉक्टर प्रदूषण के कारण बहुत कमाते है।
तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा/से निष्कर्ष दिये गये कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।
(a) I या II अनुसरण करता है।
(b) दोनों में से कोई अनुसरण नहीं करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Ans. (b) : यदि कार न हो तो प्रदूषण नहीं हो यह स्पष्ट नहीं कहा जा सकता और डा. केवल प्रदूषण के कारण कमाते हैं यह भी गलत है। दिये गये कथन के अनुसार दोनों में से कोई निष्कर्ष अनुसरण नहीं कर रहा है।

56. कथन :
1. सैम, राम से अधिक सोता है, जो प्रतिदिन केवल 5 घंटों तक सोता है।
2. श्याम 8 घंटों तक सोता है, जो सैम की तुलना में 2 घंटे कम है।
निष्कर्ष :
I. सैम 6 घंटों तक सोता है।
II. राम को नींद की बुरी आदत है।
(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 2

Ans. (d) : राम सोता है = 5 घंटे
श्याम सोता है = 8 घंटे
∴ सैम सोता है = 10 घंटे
अत : न तो I और न ही II तर्कसंगत है।

57. कथन :
1. धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, और कैंसर के कारणों में से एक है।

2. सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषिद्ध किया है।

निष्कर्ष :

I. धूम्रपान से कैंसर होता है।

II. सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 2

Ans. (a) : कथन I के अनुसार, धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और कैंसर के कारणों में से एक है। अतः निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
कथन II के अनुसार, सरकार ने सार्वजानिक स्थलों पर धूम्रपान निषिद्ध किया है न कि उसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। अतः निष्कर्ष II यहाँ गलत है।

58. कथन :

A. कुछ मेंढ़क भौंकते हैं। वे सब मेंढ़क जो भौंकते हैं, वे निश्चित ही काट लेते हैं।

B. कुछ मेंढ़क साँप को पसंद नहीं करते हैं।

निष्कर्ष :

I. कोई भौंकने वाला मेंढ़क हो सकता है, जिसे साँप पसंद नहीं होगा।

II. कोई भी मेढ़क जो काट लेता है, जरूरी नहीं की वह भौंके।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) निष्कर्ष I या II कोई भी तर्कसंगत नहीं है।

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 1

Ans. (a) : दिये गये कथन के अनुसार केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है। मेढ़क जो काट लेते हैं वे निश्चित ही भौकेंगे। अत : निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है।

59. कथन : रितिक, अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, विश्राम करने के लिए समय निकाल लेता हैं।

निष्कर्ष :

I. रितिक एक व्यवस्थित व्यक्ति है।

II. विश्राम एक व्यस्त व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है।

(a) केवल निष्कर्ष I (b) केवल निष्कर्ष II
(c) I और II दोनों (d) I और II दोनों नहीं

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : दिए गए कथन में रितिक व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद विश्राम का समय निकालता है लेकिन कथन में रितिक व्यवस्थित व्यक्ति है व विश्राम व्यस्त व्यक्ति के लिये महत्वपूर्ण बात है नहीं कहा जा सकता अतः इस प्रकार निष्कर्ष I व II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

60. कथन : सभी कड़ी मेहनत से काम करने वाले लोग सफल रहे हैं।

निष्कर्ष :

I. सभी सफल लोग कड़ी मेहनत से काम करते हैं।

II. केवल कड़ी मेहनत जीवन में सफलता की गारंटी दे सकती है।

(a) केवल निष्कर्ष I (b) केवल निष्कर्ष II
(c) I और II दोनों (d) I और II दोनों नहीं

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : निष्कर्ष-1 सभी सफल लोग कड़ी मेहनत से काम करते है यह आवश्यक नहीं है।
निष्कर्ष-II केवल कड़ी मेहनत जीवन में सफलता की गारंटी दे सकता है यह उचित नहीं है।
अतः निष्कर्ष I व II दोनों सही नहीं है।

61. कथनः सचिन तेंदुलकर भारतीय क्रिकेट में महानतम बल्लेबाज था।

निष्कर्ष :

I. भारतीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज उनसे अधिक महान नहीं होगा।

II. सचिन तेंदुलकर दुनिया के महानतम बल्लेबाज हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I (b) केवल निष्कर्ष II
(c) I और II दोनों (d) I और II दोनों नहीं

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : कथनानुसार सचिन तेन्दुलकर भारतीय क्रिकेट के महानतम बल्लेबाज थे। परन्तु ये आवश्यक नहीं है कि अब कोई और महानतम नहीं हो सकता जिससे निष्कर्ष I गलत हो जाता है तथा निष्कर्ष II में वर्तमान की बात हो रही है जबकि कथन में भूतकाल की बात कही गयी है। अतः निष्कर्ष I और II दोनों तर्कसंगत नहीं है।

62. कथन :

भारत में कुछ टियर 2 शहरों में, परिवहन प्रमुख समस्याओं में से एक है।

निष्कर्ष :

I. सभी टियर 2 शहर अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं।

II. भारतीय महानगरों में परिवहन सुविधाओं की कमी ही एकमात्र समस्या हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 2

Ans. (d) : दिये गये कथन में कुछ टियर-2 शहरों में परिवहन प्रमुख समस्याओं में से एक है लेकिन निष्कर्ष में सभी टियर-2 शहर अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं व महानगरों की बात कथन में नहीं की गयी है अतः निष्कर्ष I तथा II दोनों ही तर्क संगत नहीं है।

63. कथन :

रंजीत को अपने सहयोगियो के सामने अपने पर्यवेक्षक द्वारा अपमानित किया गया था।

निष्कर्ष :

I. पर्यवेक्षक रंजीत को पंसद नहीं करता है।

II. रंजीत अपने सहयोगियो के बीच लोकप्रिय है।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : दिये गये कथन में पर्यवेक्षक द्वारा रंजीत को उसके सहयोगियों के सामने अपमानित किया गया लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि पर्यवेक्षक रंजीत को पसन्द नहीं करता व रंजीत सहयोगियों के बीच लोकप्रिय है कथन में नहीं दिया गया है अतः न तो I न ही II तर्कसंगत है।

64. कथन :

उच्च जोखिम लेने पर उच्च प्रतिफल मिलता है।

निष्कर्ष :

I. कोई जोखिम नहीं, कोई लाभ नहीं।

II. प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में जोखिम लेना चाहिए।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : दिए गए कथन में उच्च जोखिम से उच्च प्रतिफल मिलता है कथन में स्पष्ट किया गया है लेकिन इसका यह आशय नहीं है कि कोई जोखिम नहीं कोई लाभ नहीं व प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में जोखिम लेना चाहिए अतः दिए गए कथन से न तो निष्कर्ष I न ही II तर्कसंगत है।

65. कथन : निरक्षरता गरीबी का एकमात्र कारण है।

निष्कर्ष :

I. गरीबी उन्मूलन की जरूरत है।

II. साक्षर लोग गरीब नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) I और II दोनों अनुसरण नहीं करते है।

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : दिए गए कथन में निरक्षरता गरीबी का कारण है निष्कर्ष I में गरीबी उन्मूलन को कथन में नहीं दिया गया है। अत : निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता जबकि निष्कर्ष II में साक्षर लोग गरीब नहीं है, निष्कर्ष II सही है क्योंकि कथन में निरक्षरता ही गरीबी का एकमात्र कारण दिया गया है। अत : केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

66. कथन : 60 छात्रों में से 15 को स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया था।

निष्कर्ष :

I. स्कूल में केवल 15 छात्र बुद्धिमान है।

II. भाग लेने वाले स्कूलों को, प्रति स्कूल छात्रों की संख्या लेने की एक अधिकतम सीमा दी गई थी।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) न तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : दिए गए कथन में 60 छात्रों में से 15 को स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्कूल के केवल 15 छात्र ही बुद्धिमान हों व कथन में छात्रों की अधिकतम संख्या लेने के विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः न तो I न ही II अनुसरण करता है।

67. कथन : 1. कर्मचारियों को अच्छी तरह से भुगतान किया जाता हैं।

2. राजन अच्छी तरह से कमाता है।

निष्कर्ष : I. राजन एक कर्मचारी है।

II. राजन स्वयं कार्यरत है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 2

Ans. (d) : कथन 1 और 2 से निष्कर्ष I तथा II अनुसरण नही हो रहा है क्योंकि राजन कर्मचारी हो भी सकता है और नही भी हो सकता है तथा कार्यरत हो सकता है और नहीं भी हो सकता है।
अत : I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

68. कथन : धर्म हमें अपने जीवन को जीने के मार्गदर्शक सिद्धांत सिखाता है।

निष्कर्ष :

I. धर्म जीवन जीने का एक तरीका है।

II. धर्म एक शिक्षक है।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) और I दोनों II तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans. (a) : दिए गए कथन में धर्म हमें अपने जीवन को जीने के मार्गदर्शक सिद्धांत सिखाता है अतः कथन से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I तर्कसंगत है जबकि दूसरे निष्कर्ष में धर्म एक शिक्षक है कथन में नहीं दिया गया है अतः निष्कर्ष II तर्क संगत नहीं है।

69. कथन :

A. भ्रम मानसिक तनाव का कारण बनता है।

B. मानसिक तनाव चिंता का कारण बनता है।

निष्कर्ष :

I. चिंता एक बीमारी है।

II. भ्रम चिंता की ओर ले जाता है।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है, क्योंकि दिए गए कथन में भ्रम को मानसिक तनाव तथा चिंता का कारण बताया गया है लेकिन कथन में बीमारी शब्द का प्रयोग नहीं किया गया अतः निष्कर्ष I तर्कसंगत नहीं है जबकि निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

70. कथन :

परियोजनाएँ केवल इसी तरह के काम में अनुभवी सक्षम उम्मीदवारों को आवंटित की जाती है।

निष्कर्ष :

I. परियोजनाएँ केवल अनुभवी उम्मीदवारों को आवंटित की जाती है।

II. सक्षम और अनुभवी उम्मीदवारों को खोजना बहुत मुश्किल है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans. (a) : दिए गए कथन में परियोजनाएँ अनुभवी व सक्षम उम्मीदवार को आवंटित की जाती हैं अतः निष्कर्ष I दिए गए कथन का अनुसरण करता है जबकि कथन में सूक्ष्म व अनुभवी उम्मीदवारों को खोजना मुश्किल है कथन में नहीं दिया गया है अतः निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है।

71. कथन : भाग्य धनी के अनुकूल होता है।

निष्कर्ष : I. अमीर लोग भाग्यशाली होते है।

II. गरीब कभी भाग्यशाली नहीं हो सकते

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans. (a) : कथन के अनुसार अमीर लोग भाग्यशाली हो सकते हैं सही है जबकि गरीब कभी भाग्यशाली नहीं हो सकते यह निष्कर्ष गलत है अत : केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

72. कथन : कक्षा में मुख्यत : लड़कियाँ बुद्धिमान हैं।
निष्कर्ष :
I. कक्षा में लड़के नहीं है।
II. कक्षा में कुछ लड़कियाँ बुद्धिमान नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I ना ही II तर्कसंगत नहीं है।

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : कथन से पहले यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि कक्षा में लड़के नहीं है जबकि कक्षा में कुछ लड़कियाँ बुद्धिमान नहीं भी है। अत : केवल निष्कर्ष II निकलता है।

73. कथन :
A. कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।
B. कठिन परिश्रम करने वाले हमेशा परिणाम के लिए आशावादी होते हैं।
निष्कर्ष :
I. कड़ी मेहनत के अलावा परिणाम प्राप्त करने का कोई सीधा तरीका नहीं है।
II. कड़ी मेहनत सफलता के लिए निश्चित रास्ता है।
(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत नहीं है।

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 1

Ans. (a) : कथन से यह स्पष्ट है कि कड़ी मेहनत के अलावा परिणाम प्राप्त करने का कोई सीधा तरीका नहीं है। अतः केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।

74. कथन : चाँद पर कदम रखने के बाद नील आर्मस्ट्रांग ने कहा, ''एक आदमी के लिए'' यह एक छोटा कदम है परन्तु मानव जाति के लिए यह एक विशाल छलांग है''
निष्कर्ष :
I. नील आर्मस्ट्रांग ने खुद को मानव जाति बताया।
II. नील आर्मस्ट्रांग के शब्दों से केवल मानव जाति की उपलब्धि की भावना गूँजती है।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : कथन से स्पष्ट है कि नील आर्मस्ट्रांग के शब्दों से केवल मानव जाति की उपलब्धि की भावना गूँजती है।
अत : निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

75. कथन : अपने प्रदर्शन के आधार पर राजेश को उसके कार्यालय में खराब मूल्यांकन मिला।
निष्कर्ष :
I. राजेश ने बढ़िया प्रदर्शन नहीं किया।
II. राजेश का मूल्यांकन ठीक से नहीं किया गया।
निर्णय कीजिए कि कौन सा (से) निष्कर्ष दिए गए कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता (करते) है (हैं)।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans. (c) : दिये गये कथन के अनुसार राजेश को उसके कार्यालय में खराब मूल्यांकन के दो कारण हो सकते हैं यदि राजेश ने बढ़िया प्रदर्शन नहीं किया है अथवा उसका मूल्यांकन ठीक तरह से नहीं किया गया है। अत : निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते हैं।

76. कथन :
एक प्रमुख राजनीतिज्ञ ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने अधिकार पाने के लिए दूसरों की प्रतीक्षा न करें अपितु इसकी बजाए अपने मस्तिष्क को सशक्त बनाएं।
निष्कर्ष
I. महिलाओं को अपना मस्तिष्क लगाना होगा, क्योंकि उनका सशक्तिकरण पूर्णतया राज्य द्वारा नहीं हो सकता है।
II. महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए कानूनों की प्रतीक्षा करनी चाहिए।
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) दोनों निष्कर्ष I और II निकलते है।
(d) ना ही निष्कर्ष I ना ही निष्कर्ष II निकलता है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 2

Ans. (a) : कथन से स्पष्ट है कि महिलाओं को अपना मस्तिष्क लगाना होगा, क्योंकि उनका सशक्तिकरण पूर्णतया राज्य द्वारा नहीं हो सकता है।
अतः केवल निष्कर्ष I सही निकलता है।

77. कथन :
1. एक अर्थशास्त्री ने अनिश्चितता के साथ कहा कि वह केन्द्रीय बजट का स्वागत करता है।
2. वह जानना चाहता था कि क्या अनुमान, विश्वसनीय आँकड़ों पर आधारित है।
निष्कर्ष :
I. अपने विचार देते हुए अर्थशास्त्री ने अपनी दो उँगलियो को क्रॉस किया हुआ है।
II. वह अनुमानों की सटीकता को लेकर आश्वस्त नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) I और II दोनों अनुसरण करते है।
(d) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है।

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-1

Ans. (b) : दिए गए कथन में अर्थशास्त्री अनिश्चितता के साथ केन्द्रीय बजट का स्वागत करता है और जानना चाहता है कि अनुमान विश्वसनीय आँकड़ों पर आधारित है लेकिन कथन में अर्थशास्त्री ने अपनी दो उँगलियों को क्रास किया हुआ नहीं दिया गया है। अतः निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता जबकि निष्कर्ष II अनुसरण करता है क्योंकि अर्थशास्त्री अनुमानों की सटीकता को लेकर आश्वस्त नहीं था।
अत : केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

78. कथन :

मधुर आवाज प्रकृति का एक उपहार है। परन्तु किसी को संगीत के क्षेत्र में सुधार और उत्कृष्टता लाने के लिए अभ्यास करना पड़ता है।

निष्कर्ष :

I. प्राकृतिक उपहार को पोषण और देखभाल की आवश्यकता होती है।

II. सतत अभ्यास के द्वारा, एक व्यक्ति प्राकृतिक उपहार को प्राप्त कर सकता है।

(a) या तो निष्कर्ष I या II नियमानुसार है।
(b) न तो निष्कर्ष I न II नियमानुसार है।
(c) केवल निष्कर्ष I नियमानुसार है
(d) केवल निष्कर्ष II नियमानुसार है।

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-1

Ans. (c) : मधुर आवाज प्रकृति का एक उपहार है किन्तु किसी को संगीत के क्षेत्र में सुधार और उत्कृष्टता लाने के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है। अर्थात् निष्कर्ष–I उपरोक्त कथन के नियमानुसार है।

79. कथन :

सफलता कड़ी मेहनत के बिना हासिल नहीं की जा सकती है।

निष्कर्ष :

I. हर कड़ी मेहनत करने वाला व्यक्ति सफल रहा है।

II. हर सफल व्यक्ति मेहनती है।

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।
(c) I और II दोनों तर्कसंगत है।
(d) न तो I न ही II तर्कसंगत है।

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : कथन के अनुसार स्पष्ट है कि हर सफल व्यक्ति मेहनती है। अत : केवल निष्कर्ष II सही है।

80. एक गाँव में स्कूल W, नर्सरी से कक्षा 4 तक की शिक्षा प्रदान करता है। उसी गांव में, स्कूल B और स्कूल K कक्षा 5 से 10वीं तक शिक्षा प्रदान करते है। स्कूल F, जो नजदीकी एक शहर में है, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा यानि केवल 11वीं और 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान करता है। गाँव में केवल तीन स्कूल है। गांव में माता–पिता ने स्थानीय पंचायत से अधिक स्कूलों के लिए अनुरोध किया है।

दिये गए कथनों से कौन सा निष्कर्ष सामने आता है?

(a) गाँव में स्कूल कम है क्योंकि माता–पिता अपने बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते है।
(b) शिक्षकों की कमी के कारण गाँव के स्कूल शहर के स्कूलों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते हैं
(c) उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए गाँव के बच्चों को नजदीकी एक शहर की यात्रा करनी पड़ती है।
(d) यदि स्कूल F भी प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना शुरू करता है, तो माता पिता शहर में अपने बच्चों को भेजेंगे।

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : II

Ans. (c) : उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए गाँव के बच्चों को नजदीकी एक शहर की यात्रा करनी पड़ती है। क्योंकि गाँव में कथन के अनुसार सिर्फ 10वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान की जाती है।

81. नीचे दिए गए कथनों को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें :

कथन :

1. कुछ दरवाजे लकड़ी के बने है और कुछ लोहे के

2. कुछ लोहे के टुकड़े सफेद रंग के है और कुछ लाल रंग के

3. लकड़ी के सभी टुकड़े पीले रंग के हैं

ऊपर दिए गए कथनों से क्या निष्कर्ष निकलता है?

(a) कम से कम एक दरवाजा लाल रंग का है
(b) कोई भी दरवाजा पीले रंग का नहीं है
(c) सभी दरवाजे लकड़ी के है और पीले रंग के है
(d) कम से कम एक दरवाजा पीले रंग का है

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : कथन से यह निष्कर्ष निकलता है कि कम से कम एक दरवाजा पीले रंग का है।

Type-2 : गणितीय संक्रियाओं पर आधारित कथन और निष्कर्ष

82. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का पालन करते हैं?

कथनः

$P>Z,\ N<T,\ M>N,\ Z>M$

निष्कर्षः

I. $P<T$

II. $N<Z$

(a) केवल II सत्य है।
(b) न तो I और न ही II सत्य है।
(c) केवल I सत्य है।
(d) I और II दोनों ही सत्य हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : कथन,

$P > Z,\ N < T,\ M > N,\ Z > M$

उपर्युक्त कथन से सम्बन्ध-

$P > Z > M > N < T$

निष्कर्ष (I) $P < T$ (✗)

(II) $N < Z$ (✓)

अतः केवल निष्कर्ष (II) सत्य है।

83. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों के आधार पर सत्य हैं ?

कथनः

$K = P < C;\ P > Q;\ Q > L$

निष्कर्षः

I. $Q < C$

II. $K > L$

(a) केवल निष्कर्ष II सत्य है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।
(d) केवल निष्कर्ष I सत्य है।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : दिया है-

$K = P < C\ ;\ P > Q\ ;\ Q > L$

$\because \begin{matrix} P < C \\ P > Q \end{matrix} \Rightarrow K > L$

तथा, $K = P \Rightarrow K > Q \Rightarrow \boxed{K > L}$
कथन के अनुसार संबंध-
$C > K = P > Q > L$
I. $Q < C$ (✓) [$\because Q < P < C$]
II. $K > L$ (✓) [$\because K = P > Q > L$]
अतः कथन के आधार पर निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं।

84. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का पालन करते हैं?
कथन:
$M \leq N < O, A \geq B < C = O$
निष्कर्ष:
I. $N > B$
II. $C > M$
(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : दिया है,
$M \leq N < O, A \geq B < C = O$
कथन के अनुसार संबंध-
$M \leq N < O = C > B \leq A$
I. $N > B$ (✗)
II. $C > M$ (✓)
अतः केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

नीचे कुछ कथन दिए गए है और उनके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए है। सामान्यतः ज्ञात तथ्यों पर ध्यान दिए बिना कथनों को सत्य मानते हुए यह बताएं कि कौन सा/से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता/करते है/हैं।

85. यदि $A < B < C > D < E > A$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
(a) $A < D < B$ (b) $C > A < E$
(c) $B > A > E$ (d) $E > C > D$
RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $A < B < C > D < E > A$
विकल्प (b) से
$C > A < E$
स्पष्ट है कि विकल्प (b) का निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

86. कथन :
कंपनी ABC के पास अपने प्रतिद्वंवद्वियों की तुलना में सबसे अधिक ग्राहक है।
निष्कर्ष :
1. कंपनी ABC के पास कुल ग्राहकों के 58% ग्राहक है।
2. कंपनी ABC के उत्पाद बाजार में सबसे सस्ते है।
(a) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते है।
(d) न तो निष्कर्ष 1 और न निष्कर्ष 2 पालन करता है।
RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन के अनुसार न तो निष्कर्ष 1 न ही 2 अनुसरण करता है।

87. कथन :
$S < G < X = T > W > Q < R$.
निष्कर्ष :
I. $W < X$
II. $Q = S$
(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते है।
RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
$S < G < X = T > W > Q < R$
$X = T > W$
$X > W$
उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

88. कथन : $P > Q \leq C \leq B = M > D$
निष्कर्ष :
I : $M > Q$
II : $D \leq Q$
III : $M = Q$
IV : $C < D$
(a) केवल I या III सही है।
(b) केवल I सही है।
(c) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।
(d) या तो केवल II या सिर्फ IV सही है।
RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans. (a) : I. ($M > Q$ or $M = Q$) सही
II. $D \leq Q$ गलत
III. ($M = Q$ or $M > Q$) सही
IV. $C < D$ गलत
अत: केवल निष्कर्ष I या निष्कर्ष III सही है।

89. कथन :
I. V, A से छोटा नहीं है।
II. D, V से छोटा है।
III. A, D से छोटा है।
(a) D, A से छोटा है।
(b) A, V और D से छोटा है।
(c) A, V से लम्बा है
(d) D, A और V से छोटा है।
RRB NTPC 17.01.2017 Shift-2

Ans. (b) : पहले कथन से, $V \not< A \Rightarrow V \geq A$.....(i)
दूसरे कथन से, $D < V$ ..... (ii)
तीसरे कथन से, $A < D$ ..... (iii)
(i), (ii) व (iii) से,
$V > D > A$
अर्थात् A, D और V से छोटा है।

90. एक पार्टी में प्रत्येक दम्पत्ति (जोडे) के पास न्यूनतम एक संतान (नाबालिग) है तथा पार्टी में 12 दम्पति (वैवाहिक जोड़े) है। तब इनमें से कौन सा निष्कर्ष संभव होगा?
(a) पार्टी में कम से कम 24 पुरुष है।
(b) पार्टी में कम से कम 36 व्यक्ति है।
(c) पार्टी में केवल 12 पुरुष है।
(d) पार्टी में 22 महिलाएँ है।
RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans. (b) : पार्टी में कम से कम 36 व्यक्ति है।
= 12 दम्पति + 12 (बच्चे)
= 24 + 12 = 36

14.

कथन/तर्क/वक्तव्य एवं पूर्वधारणा/ अवधारणा/पूर्वानुमान/मान्यता/कार्यवाही (Statement and Assumption/Operations)

Type-1 : कथन/तर्क/वक्तव्य तथा धारणा/ पूर्वधारणा पर आधारित प्रश्न

1. दिये गये कथन पर विचार करें और बताएँ कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी कथन में निहित हैं?

कथन – **ग्राहक मोबाइल एप्स का उपयोग करके कैब बुक कर सकता है।**

धारणाएँ– (I) लक्जरी कारों की बिक्री काफी हद तक बढ़ जाएगी।

(II) ग्राहकों को कम भुगतान करना होगा।

(a) धारणाएँ I और II दोनों ही निहित हैं।
(b) केवल धारणा I निहित है।
(c) न तो धारणा I और न ही II निहित है।
(d) केवल धारणा II निहित है।

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : धारणा (I) में लक्जरी कारों की बिक्री काफी हद तक बढ़ जाएगी और धारणा (II) में ग्राहकों को कम भुगतान करना होगा। इन दोनों धारणाओं में उल्लिखित बातों का कथन से कुछ लेना देना नहीं है। अतः न तो धारणा (I) और न ही धारणा (II) निहित है।

2. दिए गए कथनों पर विचार करें और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

किसानों को उनकी उपज के मूल्य के साथ उत्पादन लागत का 10% अतिरिक्त दिया जाना चाहिए।

धारणाएं:

I. ऐसे किसान हैं, जिन्हें मौद्रिक सहायता की आवश्यकता है।

II. किसानों को उत्पादन लागत के अतिरिक्त धन की अवश्यकता नहीं है।

(a) धारणाएं I और II दोनों ही निहित हैं।
(b) न तो धारणा I और न ही II निहित है।
(c) केवल धारणा II निहित है।
(d) केवल धारणा I निहित है।

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : दिये गये कथन से स्पष्ट है कि केवल धारणा-I अन्तर्निहित है।

3. दिए गए कथन पर विचार करें, और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

''यदि तुम कड़ी मेहनत नहीं करोगे, तो मैं तुम्हें नौकरी से निकाल दूंगा।'' - विभागाध्यक्ष द्वारा एक जूनियर को कहा गया कथन।

धारणाएं:

I. विभागाध्यक्ष द्वारा दी गई चेतावनी के परिणामस्वरूप जूनियर कड़ी मेहनत कर सकता है।

II. कोई भी जूनियर वर्तमान में कड़ी मेहनत नहीं कर रहा है।

(a) I और II दोनों निहित हैं।
(b) केवल धारणा II निहित है।
(c) केवल धारणा I निहित है।
(d) न तो I और न ही II निहित है।

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : दिये गये कथनानुसार केवल धारणा (I) निहित है क्योंकि विभागाध्यक्ष की चेतावनी से जूनियर के कड़ी मेहनत करने की संभावना है, जबकि धारणा (II) निहित नहीं है क्योंकि कथन में किसी अन्य जूनियर के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

4. दिए गए कथनों पर विचार करें और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

ग्राहक अपने घर पर ही बैंकिग सेवाएं प्राप्त कर सकता है।

धारणाएं :

I. इसमें बैंक के लिए समस्याएं उत्पन्न होंगी।

II. ग्राहक इस सेवा से बहुत खुश होंगे।

(a) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित हैं।
(b) केवल धारणा I निहित हैं।
(c) केवल धारणा II निहित हैं।
(d) धारणाएं I और II दोनों निहित हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, ग्राहक अपने घर पर ही बैंकिग सेवाएं प्राप्त कर सकता है। ग्राहक इस सेवा से बहुत खुश होंगे। अतः केवल धारणा-II निहित है।

5. दिये गए कथन पर विचार करें और यह बताएं कि नीचे दी गई कौन सी पूर्वधारणा/धारणा कथन में अंतर्निहित है।

कथन:

यदि आप बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते हैं, तो उन्हें निजी स्कूलों में दाखिला दिलाएं।

धारणाएं:

1. केवल निजी स्कूल, अच्छे शिक्षक प्रदान करते हैं।

2. भारी फीस का भुगतान, निजी स्कूलों में प्रदान किए जाने वाले शिक्षण के लिए उपयुक्त है।

(a) धारणा 1 और 2 दोनों ही निहित हैं।
(b) केवल धारणा 2 निहित है।
(c) न तो धारणा 1 और न ही 2 निहित है।
(d) केवल धारणा 1 निहित है।

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist
RRB NTPC 19.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कथन में केवल बच्चों को निजी स्कूल में दाखिला दिलाने की बात कही गई है,जबकि धारणा (I) में निजी स्कूलों में शिक्षक की बात कही गई जो कि कथन में नहीं आता तथा धारणा (II) में फीस की चर्चा की गई है यह भी कथन का भाग नहीं है अतः न तो धारणा 1 और न ही 2 निहित है।

6. कथन :

बिजली बोर्ड ने बिल भुगतान संग्रहण के लिए घर-घर जाना शुरू कर दिया है

पूर्वधारणा :

A. बिजली बोर्ड का मानना है कि घर घर जाकर बिल भुगतान एकत्र करना प्रभावी तरीका है।

B. बिजली बोर्ड में बिल भुगतान संरक्षण पर ध्यान बढ़ाया है।

(a) केवल पूर्वधारणा A अंतर्निहित है।
(b) न A अंतर्निहित है और न B अंतर्निहित है।
(c) केवल पूर्वधारणा B अंतर्निहित है
(d) A और B दोनों अंतर्निहित है।

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि पूर्वधारणा A और B दोनों अंतर्निहित हैं।

7. कथनः

"आभूषण के लिए हम चमकदार धातु प्लैटिनम का इस्तेमाल करते हैं" -एक विज्ञापन।

धारणाएं:

I. प्लैटिनम एक चमकदार धातु है।

II. आभूषण बनाने के लिए प्लैटिनम का इस्तेमाल होता है।

(a) केवल धारणा II निहित है।
(b) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।
(c) केवल धारणा I निहित है।
(d) धारणा I और II दोनों निहित हैं।

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि प्लैटिनम एक चमकदार धातु है तथा आभूषण बनाने के लिए प्लैटिनम का इस्तेमाल होता है। अतः कथन में धारणा I और II दोनों निहित हैं।

8. कथन :

''भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप 2019 का विजेता बनने की उम्मीद है''- महेन्द्र सिंह धोनी।

धारणाएं :

1. भारतीय क्रिकेट टीम अच्छी है।

2. भारतीय चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम 2019 का विश्व कप जीते।

(a) न तो धारणा 1 और न ही धारणा 2 निहित है।
(b) केवल धारणा 1 ही निहित है।
(c) केवल धारणा 2 ही निहित है।
(d) धारणा 1 और 2 दोनों निहित हैं।

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि केवल धारणा 1 कथन में निहित है।

9. प्रश्न :

आने वाले वर्षों में क्या भारत एक आतंकवाद मुक्त देश बन सकता है?

धारणाएं :

1. भारत ने शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) नीति की घोषणा कर दी है।

2. भारत के सुरक्षा संस्थान सभी क्षेत्रों में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

(a) धारणा 1 और 2 दोनों ही निहित हैं।
(b) या तो धारणा 1 या धारणा 2 निहित है।
(c) केवल धारणा 1 ही निहित है।
(d) केवल धारणा 2 ही निहित है।

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : हाँ, आने वाले वर्षो में भारत एक आतंकवाद मुक्त देश बन सकता है। यदि भारत ने शून्य सहिष्णुता नीति की घोषणा कर दी है और भारत के सुरक्षा संस्थान सभी क्षेत्रों में कड़ी मेहनत कर रहें है।

अतः धारणा I और II दोनो ही कथन में निहित हैं।

10. कथन :

बहुत से किसान जैविक खेती करते हैं।

धारणाएं :

I. जैविक खेती करना आसान होता है।

II. जैविक खेती किसानों के लिए अधिक लाभप्रद है।

(a) न तो धारणा I निहित है और न ही धारणा II निहित है।
(b) केवल धारणा II निहित है।
(c) या तो धारणा I निहित या धारणा II निहित है।
(d) केवल धारणा I निहित है।

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : बहुत से किसान जैविक खेती करते है लेकिन जैविक खेती करना आसान नही है। जबकि जैविक खेती किसानों के लिए अधिक लाभप्रद है। क्योंकि सरकार द्वारा जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। अतः विकल्प (b) सत्य है।

11. कथनः

अपनी दूसरी विज़िट पर, डॉक्टर ने नुस्खे को बदल दिया।

धारणा:

I. पिछले नुस्खे से रोगी को कोई लाभ नहीं हुआ था।

II. रोगी ने पहले नुस्खे को गम्भीरता से नहीं लिया था।

(a) धारणाएं I और II दोनों ही निहित हैं।
(b) केवल धारणा I निहित है।
(c) केवल धारणा II निहित है।
(d) कोई भी धारणा निहित नहीं है।

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : पहले नुस्खे से रोगी को विशेष लाभ नहीं हुआ अतः डाक्टर ने नुस्खे में बदलाव किया।
अतः केवल धारणा I निहित है।

12. कथन:

यदि आप यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो आप पर जुर्माना लगाया जाएगा।

धारणाएं:

I: लोग जुर्माने से बचने के लिए नियमों का पालन करना शुरू कर सकते हैं।

II: ट्रैफिक नियम लोगों की सुरक्षा के लिए हैं।

(a) केवल धारणा I निहित है

(b) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

(c) केवल धारणा II निहित है

(d) धारणा I और II दोनों निहित हैं।

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage I[st]

Ans. (a) : उपर्युक्त दिये गये कथन में सिर्फ धारणा I निहित है। अतः विकल्प (a) सही होगा।

13. कथन:

सरकारी नोटिस से पता चला कि "अगले महीने से, सभी को आयकर का भुगतान करना होगा, चाहे आपकी आय कितनी भी हो"।

/धारणाएं:

I: सरकारी कोषागार में कमी हो रही है।

II: देश के लोग अमीर हो गए हैं।

(a) धारणा I और II निहित हैं।

(b) केवल धारणा II निहित है

(c) केवल धारणा I निहित है

(d) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त दिये गये कथन में न तो धारणा (I) और न ही धारणा (II) निहित है। अतः विकल्प (d) सही होगा।

14. कथन :

''हमारी योजनाओं में निवेश कीजिए और अपने धन को दोगुना कीजिए'', एक मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव का कथन।

धारणाएं :

1. कथन एक अवास्तविक आश्वासन है।

2. लोग अपनी आय बढ़ाने के लिए अपनी बचत को निवेश करना चाहते है।

(a) न तो धारणा 1 और न ही धारणा 2 निहित है।

(b) केवल धारणा 1 निहित है।

(c) धारणा 1 और धारणा 2 दोनों ही निहित हैं।

(d) केवल धारणा 2 निहित है।

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि लोग अपनी आय बढ़ाने के लिए अपनी बचत को निवेश करना चाहते हैं। अतः केवल धारणा 2 निहित है।

15. उस अवधारणा का चयन करें, जो दिए गए कथन में निहित है।

'चिकित्सक, जो उच्च परामर्श शुल्क लेता है, वह अच्छा होता है।

(a) चिकित्सक की निपुणता का सीधा संबंध परामर्श शुल्क से है।

(b) चिकित्सक, एक अच्छा व्यवसायी है।

(c) चिकित्सक जो कम परामर्श शुल्क लेता है, वह अलोकप्रिय होता है।

(d) चिकित्सक के पास बहुत सारे रोगी हैं।

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : चिकित्सक जो उच्च परामर्श शुल्क लेता है वह अच्छा होता है। यहाँ, चिकित्सक की निपुणता का सीधा संबंध परामर्श शुल्क से है। अतः विकल्प (a) कथन में निहित है।

16. कथन :

पिछले वर्ष में, पुणे विश्वविद्यालय ने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए कई व्यावसायिक पाठ्यक्रम आरंभ किए हैं।

धारणाएं :

A. पुणे विश्वविद्यालय का मानना है कि व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य मुहैया करवाती है।

B. पुणे विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य को लेकर सचेत है।

(a) केवल धारणा A निहित है।

(b) न तो धारणा A और न ही धारणा B निहित है।

(c) केवल धारणा B निहित है।

(d) धारणा A और B दोनों ही निहित है।

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि धारणा A और B दोनो ही निहित है।

17. कथन :

चेन खींचने (चेन स्नेचिंग) की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

धारणा :

I. पुलिस कर्मी ऐसी घटनाओं में शामिल होते हैं।

II. चेन स्नेचरों को सजा का कोई डर नहीं हैं।

(a) केवल धारणा I निहित है।

(b) धारणा I और II दोनों निहित है।

(c) केवल धारणा II निहित है।

(d) न तो धारणा I न ही धारणा II निहित है।

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : चेन खींचने (चेन स्नेचिंग) की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है क्योंकि चेन स्नेचरों को सजा का कोई डर नहीं हैं। अतः केवल धारणा (II) निहित है।

18. कथन -

छात्रों के सही प्रदर्शन के मूल्यांकन हेतु परीक्षाएं बिना किसी पक्षपात के आयोजित की जानी चाहिए।

धारणाएं-

1. छात्रों को कोई भी अनुचित साधन या सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।

2. बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को अपने पसंदीदा छात्रों की मदद करनी चाहिए।

(a) केवल धारणा 1 निहित है।

(b) 1 और 2 दोनो धारणांए निहित है।

(c) या तो धारणा 1 या धारणा 2 निहित है।

(d) केवल धारणा 2 निहित है।

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथन के अनुसार केवल धारणा 1 अन्तर्निहित है।

19. कथन:

"बिजनेस क्लास के टिकटों की कीमत ₹50,000 रखी गयी है जो बहुत अधिक है।"

धारणाएं:

1. अन्य क्लास के टिकटों की कीमत उचित रखी गयी है।

2. बिजनेस क्लास के टिकट के भुगतान के लिए ₹50,000 एक बहुत बड़ी धनराशि है।

(a) केवल धारणा 1 निहित है।
(b) या तो धारणा 1 निहित है या धारणा 2 निहित है।
(c) धारणा 1 और धारणा 2 दोनों निहित हैं।
(d) केवल धारणा 2 निहित है।

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : केवल धारणा 2 कथन में निहित है चूंकि कथन में अन्य क्लास के टिकटों की कीमत का उल्लेख नहीं है। जबकि बिजनेस क्लास के टिकट की कीमत का उल्लेख है।

20. कथन:

बच्चे को 5 साल या इससे अधिक उम्र का होने पर स्कूल में डालना चाहिए।

धारणाएँ:

I. स्कूल 6 साल की उम्र के बाद बच्चों को प्रवेश नहीं देते हैं।

II. 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को विकास और सीखने की क्षमता का उचित स्तर प्राप्त नहीं होता।

(a) न तो I और न ही II निहित है।
(b) I और II दोनों निहित हैं।
(c) केवल I निहित है।
(d) केवल II निहित है।

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : बच्चे को 5 साल या इससे अधिक उम्र का होने पर स्कूल में डालना चाहिए इसका सीधा मतलब है कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को विकास और सीखने की क्षमता का उचित स्तर प्राप्त नही होता। अतः केवल धारणा (II) कथन में निहित है।

21. कथन :

एक पार्क में लगे सूचनापट्ट पर लिखा है : कृपया कूड़ेदान का उपयोग करें, कूड़ा न फैलाएं और अपने समुदाय को साफ रखने में मदद करें।

धारणाएं :

I. इधर-उधर कूड़ा फेंकने से हमारे समुदाय में गंदगी होती है।

II. सभी लोगों द्वारा इस सूचना पर ध्यान दिए जाने की संभावना है।

(a) या तो धारणा I या धारणा II निहित है।
(b) केवल धारणा II निहित है।
(c) केवल धारणा I निहित है।
(d) धारणाएं I और II दोनों निहित है।

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : धारणाएँ I और II दोनों निहित है। क्योंकि इधर-उधर कूड़ा फेकनें से हमारे समुदाय में गंदगी होगी और बीमारियाँ बढ़ेगी, जिसमें पूरा समुदाय रोग ग्रस्त भी हो सकता है। सूचना पट्ट पर लिखने से तात्पर्य यह है कि सभी लोगों द्वारा इस सूचना पर ध्यान दिया जायेगा।

22. कथनः

डॉक्टर ने रोगी की मां को बताया, 'वह पिछले एक वर्ष से छींक रही है और उसकी नाक बह रही है। वह एलर्जिक रायनाइटिस से पीड़ित हो सकती है।'

धारणा :

(I) बहुत कम बीमारियों में लंबे समय तक छींकने और नाक बहने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

(II) लंबे समय तक छींकना और नाक बहना, एलर्जिक राइनाइटिस का एक लक्षण है।

(III) बहुत सारी बीमारियों में लंबे समय तक छींकने और नाक बहने के लक्षण दिखाई देते हैं।

(a) धारणा II और या तो I या III निहित है
(b) केवल धारणाएं I और II निहित हैं
(c) केवल धारणा I निहित है
(d) केवल धारणा II निहित है।

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि धारणा-(II) "लम्बे समय तक छींकना और नाक बहना एलर्जिक राइनाइटिस का एक लक्षण है" कथन में निहित है।

23. कथनः

एक उपन्यास संपादक ने अपनी क्लाइंट को बताया, 'महोदया, आपकी पुस्तक के नवीनतम् संस्करण में, हमने पुस्तक के कवर पर आपके नाम की स्पेलिंग गलत मुद्रित कर दी है। हमें अत्यंत अफसोस है।

धारणा:

(I) पुस्तक के कवर पर लेखक का सही नाम मुद्रित करना महत्वपूर्ण है।

(II) पुस्तक के कवर पर लेखक का सही नाम मुद्रित करना अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।

(a) केवल धारणा II निहित है
(b) केवल धारणा I निहित है
(c) दोनों ही धारणाएं निहित हैं
(d) कोई भी धारणा निहित नहीं हैं

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न में दिए गए कथन से स्पष्ट है कि
धारणा -(I) 'पुस्तक के कवर पर लेखक का सही नाम मुद्रित करना' महत्वपूर्ण है।
कथन में निहित है। जबकि धारणा -II, कथन में निहित नहीं है।

24. कथन :

सरकार ने शहर के सभी निजी कॉलेजो को यह निर्देश दिए हैं, कि वे कम से कम अगले 3 वर्षों तक वर्तमान शुल्क में कोई वृद्धि न करें।

धारणाएं :

1. निजी कॉलेजों के अधिकारी, शायद सरकार के निर्देशों का पालन न करें, क्योंकि वे सरकारी निधियों पर निर्भर नही है।

2. शहर के निजी कॉलेजो में पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता फिर भी अधिक शुल्क देने के लिए उत्सुक हो सकते हैं।

(a) केवल धारणा 2 निहित है।
(b) केवल धारणा 1 निहित है।

(c) न तो धारणा 1 और न ही धारणा 2 निहित है।
(d) या तो धारणा 1 या धारणा 2 निहित है।

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिये गये कथन में या तो धारणा 1 या धारणा 2 निहित है।

25. कथन:

एक धनी व्यक्ति को मधुमेह होने की अधिकतम संभावना होती है।

धारणा:

I. धनी व्यक्तियों में मृत्यु का अधिकतर कारण मधुमेह है।

II. गरीब व्यक्तियों को मधुमेह नहीं होता है।

(a) धारणाएँ I और II दोनों निहित हैं।
(b) केवल धारणा II निहित है।
(c) केवल धारणा I निहित है।
(d) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथनानुसार न तो धारणा (I) और न ही धारणा (II) निहित है।

26. कथन:

मुंबई से बेंगलुरू जल्दी पहुँचने के लिए हवाई जहाज से यात्रा करें।

धारणाएं:

1. बेंगलुरू और मुंबई हवाई सेवा से जुड़े हुए है।

2. बेंगलुरू से मुंबई जाने का कोई अन्य साधन नहीं है।

(a) 1 और 2 दोनों निहित हैं।
(b) केवल 2 निहित है।
(c) केवल 1 निहित है।
(d) न तो 1 निहित है और न ही 2 निहित है।

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : मुम्बई तथा बेंगलुरू दोनो शहरों में हवाई सेवा की व्यवस्था है तथा दोनों शहर आपस में भी हवाई सेवाओं से जुड़ी हुई है इसीलिए मुम्बई से बेंगलुरू जल्दी पहुँचने के लिए हवाई जहाज से यात्रा किया जा सकता है। अतः केवल धारणा I निहित है।

27. कथन :

''भारत सरकार को क्रिकेट के अतिरिक्त अन्य खेलों को भी बढ़ावा देना चाहिए।''

धारणाएं :

I. क्रिकेट दुनिया का सबसे प्रसिद्ध खेल है।

II. क्रिकेट को भारत सरकार की ओर से अधिकतम सहायता मिलती है।

(a) केवल धारणा II निहित है।
(b) न तो धारणा I और न ही II निहित है।
(c) केवल धारणा I निहित है।
(d) धारणा I और II दोनों निहित हैं।

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) दिये गये कथन के अनुसार केवल धारणा (II) निहित है।

28. कथन:

X ने चाक से ब्लैक-बोर्ड पर समीकरण हल नहीं किया।

धारणाएं:

(I) समीकरण एक कागज पर हल किया गया था।

(II) X द्वारा समीकरण को ब्लैक-बोर्ड पर मार्कर से हल किया गया था।

(a) केवल धारणा II निहित हैं।
(b) केवल धारणा I निहित हैं।
(c) न तो धारणा I और न ही II निहित हैं।
(d) I और II दोनों धारणाएं निहित हैं।

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) कथन के अनुसार न तो धारणा I और न ही II निहित हैं।

29. कथन :

एक व्यक्ति ने अपने दोस्त से कहा, ''कल भारत-पाकिस्तान के मध्य क्रिकेट मैच है, इसलिए सभी सड़के सुनसान रहेंगी।''

धारणा :

I. कल समस्याओं से बचने के लिए कर्फ्यू घोषित किया जाएगा।

II. लोग गलियों में निकलने के बजाय मैच देखना पसंद करेंगे।

(a) धारणा I और धारणा II दोनों निहित हैं।
(b) केवल धारणा I निहित है।
(c) केवल धारणा II निहित है।
(d) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : एक व्यक्ति ने अपने दोस्त से कहा, 'कल भारत-पाकिस्तान के मध्य क्रिकेट मैच है, इसलिए सभी सड़के सुनसान रहेंगी।' उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि लोग गलियों में निकलने के बजाय मैच देखना पसंद करेंगे। अतः केवल धारणा II निहित है।

30. कथन:.

राधा नें मोगली से कहा, "यदि आप इस पहेली को हल कर देंगे, मैं आपको चांद खरीद कर दूंगी।"

धारणा:

A. मोगली चांद खरीदना चाहता है।

B. मोगली पहेली को हल करने में सक्षम नहीं होगा।

(a) या तो धारणा A निहित है, या धारणा B निहित है।
(b) केवल धारणा A निहित है।
(c) धारणा A और धारणा B दोनों निहित हैं।
(d) केवल धारणा B निहित है।

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : कथन से स्पष्ट है कि मोगली पहेली को हल करने में सक्षम नहीं होगा इसीलिए राधा ने चाँद खरीदने की शर्त रखी। अतः केवल धारणा B कथन में निहित है।

31. कथन : भारतीय लोग अच्छी नौकरियां पाने के लिए विदेश जाते हैं।

धारणाएं :

1. विदेश में भारतीयों को अच्छी नौकरियां मिल सकती हैं।

2. भारत में अच्छी नौकरी के अवसरों का अभाव है।

(a) केवल धारणा 2 निहित है।
(b) धारणा 1 और 2 दोनों निहित हैं।
(c) केवल धारणा 1 निहित है।
(d) न तो धारणा 1 और न ही धारणा 2 निहित है।

RRB NTPC 23.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : भारत में अच्छी नौकरियों का अभाव है, विदेश में भारतीयों को अच्छी नौकरियां मिल सकती हैं उम्मीद में अच्छी नौकरियां पाने के लिए भारतीय लोग विदेश जाते हैं। अतः धारणा 1 और 2 दोनों कथन में निहित है।

32. कथनः

एक विज्ञापन में कहा जाता है कि घरों को सजाने के लिए XYZ पेंट का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

1. लोग अपने घरों को सजाना चाहते हैं।

2. केवल XYZ पेंट ही घरों को सजावटी बना सकते है।

(a) केवल धारणा 2 निहित है।

(b) न तो धारणा 1 और न ही धारणा 2 निहित है।

(c) या तो धारणा 1 या धारणा 2 निहित है।

(d) केवल धारणा 1 निहित है।

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : बाजार में XYZ के अलावा भी पेंट अच्छे होते है और घरों को सजावटी बना सकते है। अतः धारणा 2 गलत है और धारणा 1 केवल कथन में निहित है। पेंट का प्रयोग लोग अपने घरों को सुंदर बनाने के लिए करते हैं।

33. एक उत्पादन प्रबंधन द्वारा कथनः

''आपूर्ति किए गए कच्चे माल की गुणवत्ता औसत से कम है, इसलिए उत्पादन भी घटिया होगा।''

धारणाः

(1) केवल अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे माल से ही गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाए जा सकते हैं।

(2) महंगे कच्चे माल से हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं।

(a) न तो धारणा (1) और न ही धारणा (2) निहित है।

(b) या तो धारणा (1) या धारणा (2) निहित है।

(c) केवल धारणा (1) निहित है।

(d) केवल धारणा (2) निहित है।

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : ''आपूर्ति किए गए कच्चे माल की गुणवत्ता औसत से कम है, इसलिए उत्पादन भी घटिया होगा।'' कथन से स्पष्ट है कि धारणा (1) ''केवल अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे माल से ही गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाए जा सकते है।'' निहित है जबकि धारणा (2) ''मंहगे कच्चे माल से हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किये जा सकते है।'' यह आवश्यक नही होता है, अतः धारणा (2) निहित नहीं है। इस प्रकार विकल्प (c) सत्य है।

34. कथन :

प्रीति इंजीनियरिंग पढ़ना चाहती है, लेकिन उसके पिता उसे कॉलेज में मेडिकल स्ट्रीम में पढ़ने के लिए जोर दे रहे है।

धारणा :

1. प्रीति के पिता का मानना है कि प्रीति के भविष्य के लिहाज से मेडिकल स्ट्रीम बेहतर है।

2. प्रीति मेडिकल संबंधी विषयों का अध्ययन नहीं करना चाहती है।

(a) केवल धारणा 2 निहित है।

(b) केवल धारणा 1 निहित है।

(c) या तो धारण 1या तो धारणा 2 निहित है।

(d) धारणा 1 और धारणा 2, दोनों ही निहित है।

RRB NTPC 19.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रीति इंजीनियरिंग पढ़ना चाहती है, लेकिन उसके पिता उसे कॉलेज में मेडिकल स्ट्रीम में पढ़ने के लिए जोर दे रहे है। अतः कथन के हिसाब से ये धारणा हो सकती है कि प्रीति के पिता उसके लिए अच्छा ही सोचेगें इसलिए उसे मेडिकल में भेजना चाहते है। जबकि ये भी धारणा है कि प्रीति को मेडिकल संबंधी अध्ययन अच्छा नहीं लगता है। अतः यहा धारणा 1 और 2, दोनो ही निहित है।

Type-2 : कारण एवं प्रभाव पर आधारित प्रश्न

35. दो कथन A और B दिए गए हैं। दोनों कथनों के बीच कारण-और-प्रभाव का संबंध हो सकता है। ये दोनों कथन या तो किसी एक उभयनिष्ठ कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हो सकते हैं। ये कथन बिना किसी संबंध के स्वतंत्र कारण हो सकते हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

कथनः

A) KBCL ने एलायंस को अपना तेल बेचने का फैसला किया।

B) एलायंस ने पिछले महीने से तेल का खरीद मूल्य बढ़ा दिया है।

(a) कथन A और B, दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

(b) B कारण है और A प्रभाव है।

(c) A कारण है और B प्रभाव है।

(d) कथन A और B, दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : चूँकि एलायंस ने पिछले महीने से तेल का खरीद मूल्य बढ़ा दिया है। इसलिए ज्यादा लाभ कमाने के लिए KBCL ने एलायंस को तेल बेचने का फैसला किया।
अतः कथन (B) कारण है और A उसका प्रभाव है।

36. निम्नलिखित दो घटनाओं पर विचार करें और सही विकल्प चुनें।

घटनाः A : आज मेघना को पुरस्कार और पदक मिलने वाला है।

घटना B : आज मेघना ने दौड़ प्रतियोगिता जीती है।

(a) घटना A प्रमुख और तात्कालिक कारण है और B इसका प्रभाव है।

(b) घटना A और B अलग-अलग कारणों के प्रभाव हैं।

(c) घटना B प्रमुख और तात्कालिक कारण है और A इसका प्रभाव है।

(d) घटना A प्रभाव है, लेकिन घटना B इसका प्रमुख और तात्कालिक कारण नहीं है।

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : आज मेघना ने दौड़ प्रतियोगिता जीती है, जिसके प्रभाव से आज उसको पुरस्कार और पदक मिलने वाला है। इसमें घटना B प्रमुख और तात्कालिक कारण है और A उसका प्रभाव है।

37. दिए गए कथनों को पढ़ें और उस विकल्प का चयन करें, जो उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्पष्टीकरण है।

कथनः

A. पिछले 2 वर्षों के दौरान मोटरसाइकिलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है।

B. पिछले 2 महीनों के दौरान XYZ लैपटापों की कीमतों में काफी कमी हुई है।

(a) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

(b) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

(c) कथन B कारण है और कथन A इसका प्रभाव है।

(d) कथन A कारण है और कथन B इसका प्रभाव है।

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :
A. पिछले दो वर्षों के दौरान मोटर साइकिलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है।
B. पिछले 2 महीनों के दौरान XYZ लैपटापों की कीमतों में काफी कमी हुई है।
अतः स्पष्ट है कि दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

38. दी गई घटनाओं को पढ़ें और उस विकल्प का चयन करें, जो उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्पष्टीकरण है।
घटनाएं:
A. ऑफिस जाते हुए रास्ते में सूरज की मृत्यु हो गई।
B. अपनी जीवनसाथी को खोने की वजह से सूरज एक महीने से अवसादग्रस्त था।
(a) घटना A प्रभाव है, परंतु घटना B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है।
(b) घटना A प्रभाव है तथा घटना B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।
(c) घटना A तात्कालिक और प्रमुख कारण है तथा घटना B इसका प्रभाव है।
(d) घटना B प्रभाव है, परंतु घटना A इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है।

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : घटना A प्रभाव है, परंतु घटना B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है। क्योंकि ऑफिस जाते समय रास्ते में सूरज की जब मृत्यु हो गयी है तो घटना B से इसका कोई तात्कालिक कारण नहीं है।

39. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए कथनों के संदर्भ में सत्य है।
कथन :
1. सैनिकों ने अपनी बंदूकों में गोलिया भरीं और युद्ध के मैदान की ओर चल पड़े।
2. सैनिकों के परिवार उन सैनिकों की सलामती की दुआ मांग रहे हैं, जो युद्ध के मैदान में मौजूद हैं।
(a) कथन 1 प्रभाव है और कथन 2 इसका तात्कालिक एवं प्रमुख कारण है।
(b) कथन 2 प्रभाव है और कथन 1 इसका तात्कालिक एवं प्रमुख कारण है।
(c) दोनों कथन एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।
(d) दोनों कथन कुछ स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि कथन 2 प्रभाव है और कथन 1 इसका तात्कालिक एवं प्रमुख कारण है।

40. दिए गए कथनों को पढ़ें और विकल्पों में से उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्पष्टीकरण का चयन करें।
कथन :
I. भारत के उत्तरी भाग में इस मानसून के दौरान भारी वर्षा होने की संभावना है।
II. किसान, बाजार में आलू की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।
(a) कथन I और कथन II दोनों संबंधित नहीं हैं
(b) कथन I कारण है और कथन II प्रभाव है।
(c) कथन II कारण है और कथन I प्रभाव है।
(d) कथन I और II दोनों उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथन I और कथन II दोनों संबंधित नहीं है।

41. दी गई जानकारी के परे किसी भी अन्य जानकारी पर विचार न करते हुए दो कथनों A और B के बीच के संबंध की सही प्रकृति का चयन कीजिए।
कथन:
A. पिछले वर्ष की तुलना में आम के उत्पादन में आधे की कमी हुई है।
B. बाजार में आम की कीमतों की वृद्धि हुई है।
(a) कथन A और B दोनों ही स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।
(b) कथन B कारण है और कथन A इसका प्रभाव है।
(c) कथन A कारण है और कथन B इसका प्रभाव है।
(d) कथन A और B दोनों ही स्वतंत्र कारण हैं।

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : चूँकि पिछले वर्ष की तुलना में आम के उत्पादन में आधे की कमी हुई है, इससे बाजार में आम की कीमतों में वृद्धि हुई है। अतः कथन A कारण है और कथन B इसका प्रभाव है।

42. दी गई जानकारी के परे किसी भी अन्य जानकारी पर विचार न करते हुए दो कथनों A और B के बीच के संबंध की सही प्रकृति का चयन कीजिए।
घटनाएँ:
A. तब्बू ने आत्मरक्षा करते हुए, दुर्घटनावश, निखिल की हत्या कर दी।
B. निखिल, तब्बू को मारने के लिए उसके पास जा रहा था।
(a) घटना A प्रभाव है, लेकिन घटना B इसका तात्कालिक एवं मुख्य कारण नहीं है।
(b) घटना B प्रभाव है, लेकिन घटना A इसका तात्कालिक एवं मुख्य कारण नहीं है।
(c) घटना A प्रभाव है और घटना B इसका तात्कालिक एवं मुख्य कारण है।
(d) घटना A तात्कालिक एवं मुख्य कारण है और घटना B इसका प्रभाव है।

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : निखिल, तब्बू को मारने के लिए उसके पास जा रहा था परिणामस्वरूप तब्बू ने आत्मरक्षा करते हुए, दुर्घटनावश, निखिल की हत्या कर दी। स्पष्ट है कि घटना A प्रभाव है और घटना B इसका तात्कालिक एवं मुख्य कारण है।

43. नीचे दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष सही है।
कथन:
I. पिछले रविवार, माह की 15 तारीख को ताजमहल पर पर्यटकों की भीड़ थी।
II. प्राधिकारियों ने माह की 17 तारीख से मरम्मत हेतु ताजमहल को बंद रखने का निर्णय लिया है।
(a) कथन I और कथन II एक साझा कारण के प्रभाव हैं।
(b) कथन I और कथन II अलग-अलग कारण हैं।
(c) कथन II कारण है, और कथन I उसका प्रभाव है।
(d) कथन I कारण है, और कथन II उसका प्रभाव है।

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कथन से स्पष्ट है कि प्राधिकारियों ने माह की 17 तारीख से मरम्मत हेतु ताजमहल को बंद रखने का निर्णय लिया है इसी कारण पिछले रविवार माह की 15 तारीख को ताजमहल पर पर्यटकों की भीड़ थी। अतः कथन II कारण है, और कथन I उसका प्रभाव है।

44. दी गई जानकारी के अतिरिक्त अन्य कुछ भी विचार किए बिना, दो घटनाओं A और B के बीच संबंध की सही प्रकृति का चयन करें।

घटना A: फिलिप्स हाल ही में एक जिम से जुड़ा है।

घटना B: फिलिप्स अब पहले से काफी चुस्त लग रहा है।

(a) B प्रभाव है, लेकिन A कभी भी इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं हो सकता।

(b) B प्रभाव है और A इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(c) A प्रभाव है और B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(d) A प्रभाव है लेकिन B इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण नहीं है।

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : फिलिप्स हाल ही में एक जिम से जुड़ा परिणामस्वरूप अब तक पहले से काफी चुस्त लग रहा है। स्पष्ट है कि घटना B प्रभाव है और घटना A इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

45. दी गई जानकारी के परे किसी भी अन्य जानकारी पर विचार न करते हुए, दोनों कथनों के बीच के संबंध की सही प्रकृति का चयन कीजिए।

कथन:

I. वर्ष के आरंभ में देश X ने देश Y के साथ युद्ध शुरू किया।

II. वर्ष भर देश Y के बहुत से सैनिकों ने जान गंवाई है।

(a) कथन II प्रभाव है और कथन I इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(b) दोनों कथन कुछ स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

(c) कथन I प्रभाव है और कथन II इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

(d) दोनों कथन किसी उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : X देश ने वर्ष के आरंभ में Y देश के साथ युद्ध प्रारंभ किया जिसके प्रभाव से बहुत सैनिकों की जान जानी अपेक्षित है। अतः स्पष्ट है कि कथन II प्रभाव है और कथन I इसका तात्कालिक और प्रमुख कारण है।

46. दी गई जानकारी से परे किसी भी बात पर विचार किए बिना, दो घटनाओं 'A' और 'B' के बीच के संबंध की सही प्रकृति का चयन कीजिए।

घटना A : रोनित, दंत चिकित्सक के पास गया।

घटना B : रोनित को दांत में दर्द था।

(a) घटना A प्रभाव है और घटना B इसका तत्काल एवं प्रमुख कारण है।

(b) घटना B प्रभाव है, परंतु घटना A इसका तत्काल एवं प्रमुख कारण नहीं है।

(c) घटना A प्रभाव है, परंतु घटना B इसका तत्काल एवं प्रमुख कारण नहीं है।

(d) घटना B प्रभाव है और घटना A इसका तत्काल एवं प्रमुख कारण है।

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : रोनित के दाँत मे दर्द होने के कारण वह दंत चिकित्सक के पास गया। अतः घटना B इसका तत्काल एंव प्रमुख कारण और घटना A प्रभाव है।

Type-3 : कथन/तर्क/वक्तव्य तथा कार्यवाही पर आधारित प्रश्न

47. दिये गये कथन और कार्यवाहियों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कार्यवाही किसी समस्या, नीति आदि के सम्बन्ध में सुधार, अनुवर्ती कार्यवाही या आगे की कार्यवाही के लिए लिया जाने वाला एक कदम या प्रशासनिक निर्णय है। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें और तय करें कि दी गई कार्यवाहियों में से कौन-सी कथन का तार्किक रूप से पालन करती हैं?

कथन– एक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के वित्तीय लेखा विवरणों में कुछ गंभीर और महत्वपूर्ण गलतियाँ पाई गईं।

कार्यवाहियाँ– (I) उस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के खातों में गलतियों का मूल कारण खोजने और उपचारात्मक कार्यवाही का सुझाव देने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम नियुक्त की जानी चाहिए।

(II) इसमें शामिल सभी कर्मचारियों की गहन जाँच की जानी चाहिए।

(a) Only I follows./केवल I पालन करती है।

(b) Neither I nor II follows./
न तो I और न ही II पालन करती हैं।

(c) Only II follows./केवल II पालन करती है।

(d) Both I and II follow./
I और II दोनों ही पालन करती हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : दिये गये कथन और कथन से सम्बन्धित कार्यवाहियाँ I और II दोनों पालन करती है।

48. नीचे दिए गए कथन/वक्तव्य और दी जाने वाली कार्यवाहियों को ध्यानपूर्वक पढें और बताएं कि कौन सी कार्यवाही कथन का तार्किक रूप से पालन करती है/हैं?

कथन :

यदि कल तक कोई भी कर्मचारी अपनी कार्य-रिपोर्ट प्रस्तुत नही करता है तो मासिक परियोजना संकट में पड़ जाएगी।

कार्यवाही :

i. कार्य -रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख बढ़ाई जानी चाहिए।

ii. कुछ कर्मचारियों को तेजी से कार्य करके कल तक अपनी कार्य-रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए।

iii. अधिकांश कर्मचारियों द्वारा विलंब से कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के कारण का पता लगाया जाना चाहिए और इनकी रोकथाम के लिए उचित प्रयास किए जाने चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही (ii)और (iii) पालन करती है।

(b) (i), (ii)और (iii) सभी कार्यवाहियां पालन करती है।

(c) केवल कार्यवाही (i)और (ii) पालन करती है।

(d) केवल कार्यवाही (iii) पालन करती है।

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans.(a):कथन के अनुसार निम्नलिखित कार्यवाही की आवश्यकता है– कुछ कर्मचारियों को तेजी से कार्य करके कल तक अपनी कार्य-रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए तथा अधिकांश कर्मचारियों द्वारा विलंब से कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के कारण का पता लगाया जाना चाहिए और इनकी रोकथाम के लिए उचित प्रयास किए जाने चाहिए। अतः स्पष्ट है कि केवल कार्यवाही (ii) और (iii) पालन करती है।

49. कथन:

मौसम ब्यूरो ने कश्मीर के अगले सप्ताह के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पूरे सप्ताह भारी हिमपात होने वाला है।

कार्यवाहियां:

I. मौसम ब्यूरो को इस सूचना को विभिन्न माध्यमों से पूरे कश्मीर में प्रसारित करना चाहिए।

II. नगर निकायों को सड़कों से बर्फ हटाने का प्रबंध करना चाहिए।

III. इस समाचार को राज्य के बाहर फैलने से रोका जाना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही (I) और (II) पालन करती है।
(b) (I), (II) और (III) सभी कार्यवाहियां पालन करती हैं।
(c) केवल कार्यवाही (III) पालन करती है।
(d) केवल कार्यवाही (II) और (III) पालन करती है।

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार मौसम ब्यूरो द्वारा कश्मीर में सप्ताह में भारी हिमपात होने वाला है इस सूचना को पूरे कश्मीर में विभिन्न माध्यम से प्रसारित करना चाहिए जिससे सभी नागरिक सतर्क हो जाये और नगर निगम को बर्फ हटाने के लिए प्रबंध कर देना चाहिए जिससे लोगों को कोई परेशानी न हो और इस सूचना को अन्य राज्यों में प्रसारित कर देना चाहिए। जिससे कश्मीर आने वाले पर्यटक भी सतर्क हो जाये अतः कार्यवाहियाँ (i) और (ii) अनुसरण कर रहे हैं।

50. कथन :

आज रात, यदि मैं अपने डोनट के लिए खमीर और चीनी के साथ आटा गूंथता हूं, तो मैं कल शाम उन्हें बेक करके अपने अतिथि को ताजा-ताजा परोस सकने में सक्षम होऊंगा।

कार्यवाही :

(i) मुझे आटे को खराब होने से रोकने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अच्छी बेकिंग हो सके।

(ii) मुझे कल आ रहे अतिथियों का कार्यक्रम रद्द करना होगा।

(iii) मुझे अपनी डोनट रेसिपी के अनुसार चलना चाहिए और उन्हें सही तापमान पर बेक करना चाहिए।

(a) (i) और (ii) दोनों पालन करती है।
(b) केवल (iii) पालन करती है।
(c) (i) और (iii) दोनों पालन करती है।
(d) (i), (ii), (iii) सभी पालन करती है।

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : उपर्युक्त दिये गये कथनों के अनुसार, कार्यवाही (i) व (iii) तार्किक रूप से कथनों का पालन करती है। अतः विकल्प (c) सही होगा।

51. कथन :

सरकारी एल्युमीनियम खदानों के निर्माण के कारण जिन लोगों को पुनर्वासित किया गया था, वे अपने नये निवास स्थान की खराब जीवन स्थितियों का विरोध कर रहे हैं।

संभावित कार्यवाहियाँ :

A. सरकार को इन लोगों की शिकायतों के बारे में जाँच करने के लिए एक टीम उनके पास भेजना चाहिए।

B. इन लोगों के नए निवास-स्थान में स्वस्थ और सुरक्षित जीवन-स्थितियों के लिए जाँच आयोजित की जानी चाहिए।

(a) कार्यवाही A और कार्यवाही B दोनों ही पालन करती है।
(b) केवल कार्यवाही A पालन करती है।
(c) न तो कार्यवाही A और न ही कार्यवाही B पालन करती है।
(d) केवल कार्यवाही B पालन करती है।

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथन से स्पष्ट है कि दोनों संभावित कार्यवाहियाँ पालन करती हैं।
अतः विकल्प (a) सही होगा।

52. कथन :

देश XYZ द्वारा किया जाने वाला माल का आयात माल के निर्यात की तुलना में काफी अधिक है।

संभावित कार्यवाहियाँ :

A. सरकार को देश के संसाधनों का अन्वेषण करना चाहिए और उन्हें निर्यात के लिए प्रयोग में लाना चाहिए।

B. सरकार को आयात की जाने वाली वस्तुओं का देश में ही उत्पादन करने हेतु योजनाओं और कार्यवाहियों का आरंभ करके देश के आयात को कम करना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही B पालन करती है।
(b) केवल कार्यवाही A पालन करती है।
(c) न तो कार्यवाही A और न ही कार्यवाही B पालन करती है।
(d) कार्यवाही A और कार्यवाही B दोनों ही पालन करती है।

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त से स्पष्ट है कि दोनों कार्यवाही A और कार्यवाही B पालन करती है। अतः विकल्प (d) सही है।

53. राहुल की किसी परियोजना का समय समाप्त होने के केवल दो दिन शेष है, और उसने अभी तक अपनी परियोजना पर कार्य करना आरंभ नही किया है।

निम्नलिखित कार्यवाहियों के आधार पर, सही विकल्प का चयन कीजिए।

कार्यवाही :

(i) भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए, उसे तुरंत समय प्रबंधन की कोई पुस्तक पढ़नी चाहिए।

(ii) उसे अपने समय कुशलपूर्वक प्रबंधन करना चाहिए और बिना विलंब किए अपनी परियोजना को शुरु कर देना चाहिए।

(iii) उसे पहले अपनी परियोजना का लेआउट बनाना चाहिए और फिर लेआउट का पालन करना शुरु कर देना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही (ii) सही है।
(b) केवल कार्यवाही (i) सही है।
(c) कार्यवाही (i) और कार्यवाही (ii) दोनों ही सही है।
(d) कार्यवाही (ii) और कार्यवाही (iii) दोनों ही सही है।

RRB NTPC 22.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : राहुल की किसी परियोजना का समय समाप्त होने में अभी केवल दो दिन शेष है, और उसने अभी उस पर कार्य शुरु नहीं किया है। इस प्रकार से निष्कर्ष (ii) और कार्यवाही (iii) दिये गए कथन का पालन करेंगे।

54. कथन :

यदि समाजशास्त्र या सामाजिक कार्य संकायों में से कोई संकाय, अपने छात्रों/छात्राओं को अंतर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भेजता है, तो उस विद्यालय को निश्चित रूप से कोई न कोई पुरस्कार मिलेगा।

कार्यवाही :

(i) प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाजशास्त्र और सामाजिक कार्य संकायों में से कोई एक संकाय, अपने छात्रों/छात्राओं को वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजे।

(ii) प्रबंधन को केवल समाजशास्त्र और सामाजिक कार्य संकाय के छात्रों/छात्राओं को वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति देनी चाहिए।

(iii) समाजशास्त्र या सामाजिक कार्य संकाय के प्रतिभागियों को अन्य अंतर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

(a) सभी कार्यवाहियां (i), (ii) और (iii) पालन करती हैं।
(b) केवल कार्यवाही (i) और (iii) पालन करती हैं।
(c) केवल कार्यवाही (i) और (ii) पालन करती हैं।
(d) केवल कार्यवाही (ii) पालन करती है।

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : केवल कार्यवाही (i) और (iii) पालन करती है।
कथन (ii) में केवल समाजशास्त्र और सामाजिक कार्य संकाय के छात्रो को वाद-विवाद में शामिल करने की बात कही गई है जबकि कथन में नहीं है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

55. कथन : ग्रीष्मकाल के दौरान दिल्ली में पानी की कमी होती है।

कार्यवाही 1 : दिल्ली सरकार द्वारा अधिक जल सरंक्षण परियोजनाएं शुरू की जानी चाहिए ।

कार्यवाही 2 : सरकार को सभी नए और मौजूदा आवासीय परिसरों में वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही 2 उपयुक्त है।
(b) न तो कार्यवाही 1 और न ही कार्यवाही 2 उपयुक्त है।
(c) कार्यवाही 1 और कार्यवाही 2 दोनों उपयुक्त हैं।
(d) केवल कार्यवाही 1 उपयुक्त है।

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि दिल्ली सरकार द्वारा अधिक जल संरक्षण परियोजनाएँ शुरू की जानी चाहिए तथा सरकार को सभी नए और मौजूदा आवासीय परिसरों में वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करना चाहिए।
अतः कार्यवाही 1 और 2 दोनों उपयुक्त है।

56. कथन:

हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि शहर में हो रहे मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से वायु प्रदूषण थोड़े ही समय में 30% बढ़ गया है।

कार्यवाही:

1. शहर में मेट्रो के निर्माण कार्य पर रोक लगा देनी चाहिए।

2. सरकार को मेट्रो के निर्माण से फैलने वाले वायु प्रदूषण के प्रसार की जांच के लिए पूर्ण निर्माण स्थल की जांच करने जैसे त्वरित उपाय करने चाहिए।

3. निर्माण स्थल से उत्पन्न होने वाली धूल कों नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव करके साइट को गीला किया जाना चाहिए।

(a) केवल 1 और 2 पालन करते हैं।
(b) 1, 2 और 3 पालन करते हैं।
(c) केवल 2 और 3 पालन करते हैं।
(d) केवल 3 पालन करता है।

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : अतः कथन के अनुसार स्पष्ट है कि केवल कार्यवाही 2 और 3 पालन करते हैं।

57. कथन:

यदि रितु आज से 6 घंटे रोजाना ध्यानपूर्वक पढ़ाई करती है, तो वह 10 दिनों के बाद होने वाली परीक्षा को पास कर लेगी।

कार्यवाही:

(i) रितु को अपनी परीक्षा पास करने के लिए पर्याप्त तैयारी करने हेतु 10 दिन तक प्रतिदिन 6 घंटे ध्यानपूर्वक विज्ञान का अध्ययन करना होगा।

(ii) रितु को तैयारी से पहले अपना समय निर्धारित करना चाहिए और हर विषय को पर्याप्त समय देना चाहिए।

(iii) रितु को इन 10 दिनों के दौरान खेलना नहीं चाहिए, जो परीक्षा की तैयारी की दृष्टि से उसके लिए महत्वपूर्ण है।

(a) (i), (ii) तथा (iii) सभी कार्यवाहियां पालन करती है।
(b) केवल कार्यवाही (ii) तथा (iii) पालन करती है।
(c) केवल कार्यवाही (i) तथा (ii) पालन करती है।
(d) केवल कार्यवाही (ii) पालन करती है।

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : कार्यवाही (i) और (iii) पालन नहीं करते हैं क्योंकि कथन में विज्ञान के अध्ययन और खेलने संबंधी बातों का उल्लेख नहीं है। अतः केवल कार्यवाही (ii) कथन का तार्किक रूप से पालन करती है।

58. कथन:

बिहार के मुज़फ्फरपुर जिले में AES (एक्यूट इन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम) से बच्चों की मौत के कई मामले सामने आए है।

कार्यवाही :

I. इस मुद्दे को विधानसभा मे उठाया जाना चाहिए और तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की जानी चाहिए।

II. डॉक्टरों की एक टीम को तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में जाना चाहिए।

(a) केवल II पालन करती है।
(b) या तो I या II पालन करती है
(c) ना तो I और न ही II पालन करती है।
(d) केवल I पालन करती है।

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कथन में दिया है कि बिहार के मुज़फ्फरपुर जिलें में AES (एक्यूट इन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम) से बच्चों की मौत के कई मामले सामने आए है। इसके लिए दिये गये कार्यवाहियों से

कार्यवाही (II) कथन का पालन करती है। क्योंकि डॉक्टर की टीम को तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में जाना चाहिए, जिससे उनके बारें में सही में अध्ययन किया जा सके और लोगों को इसके प्रति जागरूक बनाया जा सके। जिससें वे बचाव कर सकें जबकि विधानसभा में इस मामलें को उठाया जाना उचित है, लेकिन तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग करना उचित नहीं है।

59. कथनः इस बात की सम्भावना है कि छात्रों द्वारा खाया गया रात का खाना टाइफाइड पैदा करने वाले बैक्टीरिया से दूषित था।

कार्यवाहीः

(i) छात्रों के लिए कुछ चिकित्सा सहायता तुरंत मांगी जानी चाहिए।

(ii) छात्रों को परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए कहा जाना चाहिए।

(iii) रात का बचा हुआ खाना (यदि कोई हो) फेंक देना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही (i) और (ii)अनुसरण करती है।
(b) केवल कार्यवाही (iii) अनुसरण करती है।
(c) सभी कार्यवाहीयाँ (i), (ii), और (iii) अनुसरण करती हैं।
(d) केवल कार्यवाही (i) और (iii) अनुसरण करती है।

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि कार्यवाही (i) और (iii) पालन करती है अतः विकल्प (d) सत्य है।

Type-4 : विविध

60. एक जानकारी और उसके बाद दो कथन -I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन दी गई जानकारी के पीछे के संभावित कारण हैं ?

जानकारीः

इस वर्ष, स्कूलों को हाइब्रिड मॉडल अर्थात ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन (भौतिक) पद्धति में संचालित करना होगा।

कथनः

I. महामारी की वजह से कई माता-पिता अभी भी अपने बच्चों को भारी भीड़युक्त स्थानों पर भेजने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

II. सामजिक दूरी मानदंडों के कारण, स्कूलों में छात्रों को बैठाने की क्षमता सभी पंजीकृत छात्रों को समायोजित करने हेतु पर्याप्त नहीं होगी

(a) केवल कथन I एक संभावित कारण हैं।
(b) न तो कथन I और न ही II एक संभावित कारण हैं।
(c) केवल कथन II एक संभावित कारण हैं।
(d) कथन I और II दोनों संभावित कारण हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : दिये गये जानकारी के पीछे दोनों, कथन (I) और (II) दोनों संभावित कारण हैं।
क्योंकि महामारी और सामाजिक दूरी मानदंडों के कारण कई माता-पिता अभी भी अपने बच्चों के भारी भीड़युक्त स्थानों पर भेजने के लिए इच्छुक नहीं है तथा स्कूलों में छात्रों को बैठाने की क्षमता सभी

61. कथनः एक चेन केवल उतनी ही मजबूत होती है, जितनी कि उसकी सबसे कमजोर कड़ी।

(a) किसी कड़ी के मजबूत होने का कारण उसकी सबसे मजबूत कड़ी है।
(b) सबसे कमजोर कड़ी की मजबूती ही निर्धारित करती है कि चेन कितनी मजबूत है।
(c) किसी कड़ी के कमजोर होने का कारण उसकी चेन की मजबूती है।
(d) चेन के कमजोर होने का कारण उसकी सबसे मजबूत कड़ी है।

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिए गए कथन के अनुसार स्पष्ट है कि सबसे कमजोर कड़ी की मजबूती ही निर्धारित करती है कि चेन कितनी मजबूत है। अतः विकल्प (b) कथन का तार्किक रुप से पालन करने वाला निष्कर्ष है।

62. दिए गये कथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़ें और दोनों के बीच सही संबंध स्थापित करने वाले विकल्प का चयन करें।

कथन

A : भारत में ज्यादातर राईट हैंड ड्राइव कारें होती हैं, उदाहरण के तौर पर चालक सीट कार की दाहिनी ओर होती है।

कारण :

R : भारतीय कार कंपनियों के पास लैफ्ट हैंड ड्राइव कारें बनाने का ज्ञान या क्षमता नहीं है।

(a) A और R दोनों सत्य है और R, A की सही व्याख्या है।
(b) A सत्य है लेकिन R असत्य है।
(c) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(d) A और R दोनों असत्य हैं।

RRB NTPC 12.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : भारत में ज्यादातर कारें राइटहैंड कारें होती है क्योंकि भारत में कारें राइटहैंड से चलाने का प्रचलन और नियम है। जिस कारण भारतीय कार कंपनियॉ राइटहैंड कार बनाती है। अतः कथन सही है परन्तु कारण गलत ।

63. उस विकल्प का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो कथनों-अभिकथन 'A' और कारण 'R' के संबंध में सही है।

A. उपग्रह, ग्रह नहीं है।

R. ग्रह अन्य ग्रहों की परिक्रमा नहीं करते है।

(a) 'A' और 'R' दोनों सही है, लेकिन 'R''A' की सही व्याख्या नहीं है।
(b) 'A' और 'R' दोनों सही है और 'R''A' की सही व्याख्या है।
(c) 'A' सही है, लेकिन 'R' गलत है।
(d) 'A' और 'R' दोनों गलत हैं।

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : उपग्रह तथा ग्रह एक दूसरे से भिन्न है तथा कोई ग्रह अन्य ग्रहों की परिक्रमा नहीं करते है। अतः A व R दोनों सही है परन्तु 'R', 'A' कि सही व्याख्या नहीं है।

64. उस विकल्प का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो कथनो-अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में सही है।

A. कुछ लोगों की त्वचा का रंग गहरा होता है।

R. कुछ लोगों के खून का रंग गहरा होता है।

(a) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है।
(b) 'A' और 'R' दोनों गलत है।

(c) 'A' और 'R' दोनों सही हैं, लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है।
(d) 'A' और 'R' दोनों सही हैं और 'R' 'A' की सही व्याख्या है।

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 'A' और 'R' दोनों सही हैं, लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है।

65. दिए गए कथनों (अभिकथन और कारण) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनसे संबंधित सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
अभिकथन (A) : ग्रीनलैंड पूर्ण रूप से हरा है।
कारण (R) : ध्रुवीय क्षेत्रों में वर्ष भर बर्फ पड़ती है।
(a) A और R दोनों असत्य हैं।
(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(d) A असत्य है परंतु R सत्य है।

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : उपर्युक्त कथनों में A असत्य है परंतु R सत्य है।

66. दिए गए कथनों को पढ़े, जिन्हें कथन (A) और कारण (R) द्वारा विशिष्ट किया गया है, और उनके संबंध में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
कथन:
'A':कार्बन डाईऑक्साइड सर्वथा एक प्रदूषक नहीं है।
'R': पौधों को विकास के लिए कार्बन मोनोऑक्साइड की आवश्यकता होती है, जो कि कार्बन डॉईऑक्साइड से प्राप्त करते हैं।
(a) कथन 'A' और 'R' दोनों ही सत्य हैं, लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है।
(b) कथन 'A' और 'R' दोनों ही सत्य हैं, और 'R', 'A' की सही व्याख्या है।
(c) कथन 'A' और 'R' दोनों ही असत्य हैं।
(d) कथन 'A' सत्य है, लेकिन 'R' असत्य है।

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथनों का अध्ययन करने के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि कथन 'A' सत्य है, तथा कथन 'R' असत्य है।

67. दिए गए कथनों को पढ़ें, जिन्हें कथन (A) और कारण (R) द्वारा निर्दिष्ट किया गया है, और उनके संबंध में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
A. वनों की कटाई अवांछनीय है क्योंकि मृदा अपरदन पर इसका भारी प्रभाव पड़ता है।
R. बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की वजह से भारी और मूसलाधार वर्षा के कारण सतह से मिट्टी का कटाव अपेक्षाकृत अधिक तेजी से होता है।
(a) कथन 'A' और 'R' दोनों ही सत्य हैं और 'R', 'A' की सही व्याख्या है।
(b) कथन 'A' सत्य है, लेकिन 'R' असत्य है।
(c) कथन 'A' और 'R' दोनों ही असत्य हैं।
(d) कथन 'A' और 'R' दोनों ही सत्य हैं लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है।

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथन 'A' और 'R' दोनों ही सत्य हैं और 'R', 'A' की सही व्याख्या है।

68. यदि कथन 'सभी आदमी धनी हैं झूठ है, तो निम्नलिखित में कौन सा कथन निश्चित रूप से सही है?
(a) कोई आदमी धनीं नहीं है।
(b) कोई भी धनी व्यक्ति आदमी नहीं है।
(c) कुछ आदमी धनी नहीं हैं।
(d) कुछ आदमी धनी हैं।

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : यदि कथन : ''सभी आदमी धनी हैं'' झूठ है।
तो इसका स्पष्ट निष्कर्ष निकलता है कि कुछ आदमी धनी नहीं है।

69. दिए गए कथनों और निर्णयों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि दिए गए निर्णयों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं ?
कथन:
रुझान में परिवर्तन की वजह से किसी विशेष उत्पाद की बिक्री में हुई भारी गिरावट कंपनी के लिए अत्यंत चिंता का विषय है।
निर्णय :
I. उत्पाद का मूल्य कम किया जाना चाहिए और गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए।
II. कंपनी को ग्राहकों की पंसद और बाजार में मौजूद प्रतिस्पर्धा का अध्ययन करना चाहिए।
(a) न तो निर्णय I और न ही II पालन करता है।
(b) केवल निर्णय I पालन करता है।
(c) केवल निर्णय II पालन करता है।
(d) निर्णय I और II दोनों ही पालन करते हैं।

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि कंपनी को ग्राहकों की पसंद और बजार में मौजूद प्रतिस्पर्धा का अध्ययन करना चाहिए। अतः केवल निर्णय II पालन करता है।

70. नीचे एक मुख्य कथन दिया गया है तथा उसके बाद चार अनुषंगी कथन दिए गए है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से कथनों के उस क्रमित युग्म का चयन करें जिसमे पहले कथन में दूसरा कथन अंतर्निहित है और ये दोनों कथन मुख्य कथन से तार्किक रूप से संगत है।
मुख्य कथन :
आप राष्ट्रीय राजमार्ग पर 60किमी/घण्टा से अधिक की चाल से ही वाहन चला सकते है।
अनुषंगी कथन :
A. आप राष्ट्रीय राजमार्ग पर है।
B. आप 60 किमी/घण्टा से अधिक की चाल में वाहन नही चला सकते है।
C. आप 60 किमी/घण्टा से अधिक की चाल के वाहन चला सकते है।
D. आप राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं है।
(a) DB (b) DA
(c) CD (d) AB

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : विकल्पों में दिए गए युग्मों में से विकल्प (a) में दिया गया युग्म अभीष्ट उत्तर होगा। जिसमें दिया गया कथन B, कथन D में अंतर्निहित है तथा दोनों कथन, मुख्य कथन से तार्किक रूप से संगत है।

15.

आकड़ों की पर्याप्तता (Data Sufficiency)

Type-1 : क्रम पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता

1. एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन- I और II दिए गए हैं। तय करें कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं, और सही उत्तर का चयन करें।

प्रश्नः

शमिता, तान्या और रेखा में से कौन सबसे छोटी है?

कथनः

I. शमिता, रेखा से लंबी है। रेखा, तान्या से छोटी है।

II. रेखा, सुरभि से छोटी है। सुरभि, शमिता से लंबी है। तान्या, सुरभि से छोटी है।

(A) कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(B) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(C) कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(D) कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(a) B (b) C
(c) A (d) D

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : कथन-1 से, शमिता > रेखा
तान्या > रेखा
अतः रेखा सबसे छोटी है।
कथन 2 से,
सुरभि > रेखा
सुरभि > शमिता
सुरभि > तान्या
कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
अतः विकल्प (c) सत्य है।

2. एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन-I और II दिये गये हैं। बताएँ कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त हैं?

प्रश्न– उत्तर की ओर मुख करके खड़े सैनिकों की एक पंक्ति में विलियम और डेविड के बीच कितने सैनिक हैं?

कथन– (I) विलियम पंक्ति के बायें सिरे से 15वें स्थान पर है।

(II) डेविड पंक्ति के ठीक मध्य में है और उसके दायीं ओर दस सैनिक हैं।

(a) I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं
(b) I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं
(c) II अकेले पर्याप्त है, जबकि I अकेले पर्याप्त नहीं है
(d) I अकेले पर्याप्त है, जबकि II अकेले पर्याप्त नहीं है

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : दिये गये दोनों कथन I तथा कथन II दोनों एकसाथ डेविड और विलियम के मध्य सैनिकों की संख्या ज्ञात करने के लिए पर्याप्त है।

3. दो बेंचें-A और B और एक कुर्सी है। इनमें से प्रत्येक बेंच पर तीन व्यक्ति और कुर्सी पर एक व्यक्ति बैठ सकता है। सात व्यक्तियों– अमन, भास्कर, चेतन डबलू, एकता, फौजिया और गणेश को इन बेंचों और कुर्सी पर कुछ शर्तों का पालन करते हुए बैठाया जाना है।

(1) फौजिया उस बेंच पर नहीं बैठती है, जिस पर डबलू बैठता है।

(2) एकता उस बेंच पर नहीं बैठती है, जिस पर डबलू बैठता है।

(3) चेतन अमन के साथ बैठ सकता है, लेकिन गणेश के साथ नहीं बैठ सकता है।

(4) अमन डबलू के साथ बैठ सकता है, लेकिन भास्कर या गणेश के साथ नहीं बैठ सकता है।

(5) गणेश उस बेंच पर नहीं बैठता है, जिस पर फौजिया बैठती है।

यदि फौजिया बेंच A पर बैठती है और चेतन बेंच B पर बैठता है, तो इनमें से कौन कुर्सी पर बैठता है?

(a) गणेश (b) भास्कर
(c) एकता (d) डबलू

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार–



चित्रानुसार– स्पष्ट है कि कुर्सी पर 'गणेश' बैठा हुआ है।

4. एक प्रश्न और उसके बाद तीन कथन - I, II और III दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं?

प्रश्नः

इनमें से किसने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया?

कथनः

I. श्रीजा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

II. अमन का स्थान, श्रीजा से एक स्थान नीचे है।

III. रोहित का स्थान अमन से ऊपर/बेहतर है।

(a) कथन II अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन III अकेले पर्याप्त नहीं है।
(b) प्रत्येक कथन I, II, और III अकेले ही पर्याप्त हैं।
(c) सभी कथन I, II, और III एक साथ पर्याप्त हैं।

(d) कथन I अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले पर्याप्त नहीं है।

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : दिये गये कथन के अनुसार स्थान का घटता क्रमः
रोहित > श्रीजा > अमन
अतः रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
सभी कथन I, II और III एक साथ पर्याप्त हैं।

5. एक प्रश्न और तीन कथन (I), (II) अथवा (III) दिए गए हैं। बताएं कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन से कथन पर्याप्त हैं।

प्रश्न : A, B, C, D और E में से कौन सबसे छोटा है ?

कथन :

I. A, E से लंबा है, लेकिन D से छोटा है।

II. B, C से छोटा है, लेकिन E से लंबा है।

III. D, C से लंबा है और A, B से लंबा है।

(a) कथन I और II एक साथ पर्याप्त हैं।
(b) कथन I, II और III पर्याप्त हैं।
(c) कथन I, II और III अपर्याप्त हैं।
(d) कथन I और III एक साथ पर्याप्त हैं।

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist
RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दिये गये कथन के अनुसार,
(I) D > A > E
(II) C > B > E
(III) D > C, A > B
तीनों कथनो की सहायता से,
D>A>C>B>E
कथन I,II और III से स्पष्ट है कि सबसे छोटा E होगा।

6. एक प्रश्न और तीन कथनों को (I), (II) और (III) क्रमांक दिये है। आपको तय करना है कि क्या कथनो मे दिये गए तथ्य नीचे दिये गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?

प्रश्न: एक वृत्त में पाँच लोग A, B, C, D और E एक-दूसरे की तरफ मुंह करके बैठे है। E किनके बीच में बैठा है?

कथन:

I. B के बाएं और A के दाएं बैठा व्यक्ति एक ही है।

II. D, B के दाएं बैठा है।

III. A, E और C के बीच में बैठा है।

(a) केवल I और II पर्याप्त है।
(b) केवल I और III पर्याप्त है।
(c) केवल III पर्याप्त है।
(d) तथ्य अपर्याप्त है।

RRB NTPC 09.04.2016 Shift : III

Ans. (d) : दिये गये कथन के अनुसार,
बैठने का क्रम-



∵ E और C की स्थिति का निर्धारण नहीं हो रहा, अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए तथ्य अपर्याप्त हैं।

7. एक प्रश्न और दो (I) और (II) कथन दिये गये हैं। आपको यह निश्चय करना होगा कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन सा/से कथन पर्याप्त है/हैं?

प्रश्न :

गौतम एक कक्षा में अठारहवें स्थान पर हैं। अन्त से उसकी रैंक क्या है ?

कथन :

I. कक्षा में 47 विद्यार्थी है।

II. जेगन जो एक ही कक्षा में 10वें स्थान पर है वह अन्त से 38वें पर है।

(a) अकेले कथन–I पर्याप्त है।
(b) दोनों कथनों की साथ–साथ आवश्यकता है।
(c) अकेले कथन–II पर्याप्त है।
(d) या तो कथन–I या II पर्याप्त है।

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-I

Ans. (d) : I. एक कक्षा में विद्यार्थी 47 हैं। उसी कक्षा में गौतम का 18वाँ स्थान है। तो अन्त से गौतम का स्थान = 47 – 17= 30वाँ
II. जेगन जो एक ही कक्षा में 10वें स्थान पर है वह अन्त से 38वें पर है। तब उसी कक्षा में गौतम 18वें स्थान पर हो तो अन्त से उसकी रेंक (स्थान) = (38+10) – 18 = 30 वाँ स्थान
अत: कथन I या कथन–II पर्याप्त है।

Type-2 : गणितीय संक्रियाओं पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता

8. एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन -I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं ?

प्रश्न :

पांच प्राकृत सम संख्याओं का योग कितना है ?

कथन :

1. दूसरी संख्या पहली संख्या की दोगुनी है।

2. सभी पांचों सम संख्याएं, आरोही क्रम में आने वाली क्रमागत सम संख्याएं हैं।

(a) दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।
(b) कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(c) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(d) दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : माना पहली प्राकृत सम संख्या = a
कथन I से-
पहली संख्या 'a' तब दूसरी संख्या = 2a
पाँचों प्राकृत सम संख्याओं का कुल योग
= a + 2a + 2a + 2 + 2a + 4 + 2a + 6
= 9a + 12 …(i)
कथन II से-
पाँच क्रमागत प्राकृत सम संख्याएँ = a, a + 2, a + 4, a + 6, a + 8
योग = a + a + 2 + a + 4 + a + 6 + a + 8
= 5a + 20 …(ii)
समी. (i) = समी. (ii)
9a + 12 = 5a + 20
4a = 8
$\boxed{a = 2}$
कुल योग
= 9a + 12
= 9 × 2 + 12 = 30
अतः दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

9. एक प्रश्न और दो कथन- I और II नीचे दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
प्रश्नः राहुल या विशाल में से कौन बड़ा है?
कथनः
I. राहुल का जन्म वर्ष 1987 में हुआ था, और वह विशाल की बहन से 5 वर्ष छोटा है।
II. विशाल की आयु, उसकी बहन की आयु की दोगुनी है।
(a) दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।
(b) दोनों कथन एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(c) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(d) कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) :कथन : (I) राहुल का जन्म 1987 में हुआ था।
विशाल की बहन का जन्म = 1987 – 5 = 1982 में हुआ था।
(II) विशाल की आयु, उसकी बहन की आयु की दोगुनी है।
माना विशाल की बहन की आयु = x वर्ष
∴ राहुल की आयु = x – 5 वर्ष
कथन II के अनुसार विशाल की आयु = 2x
∴ दोनों कथन से स्पष्ट है कि विशाल, राहुल से बड़ा है।
अतः स्पष्ट है कि, दोनों कथन एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

10. एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं?
प्रश्नः
प्रत्येक समान मूल्य वाली 10 कुर्सियों का कुल मूल्य कितना होगा?
कथनः
I. प्रत्येक कुर्सी के मूल्य का एक चौथाई ₹140 के बराबर है।
II. 3 कुर्सियों का कुल मूल्य 2 कुर्सियों के कुल मूल्य से ₹560 अधिक है।
(a) कथन I अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले पर्याप्त नहीं है।
(b) या तो कथन I या कथन II पर्याप्त है।
(c) कथन II अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन I अकेले पर्याप्त नहीं है।
(d) कथन I और कथन II दोनों आवश्यक हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : माना 1 कुर्सी का मूल्य = ₹x
∵ कथन I से-
$\frac{x}{4} = 140$
$\Rightarrow x = 560$
∴ 10 कुर्सी का मूल्य = 560 × 10
= ₹5600
कथन II से-
3x = 2x + 560
x = 560
∴ 10 कुर्सी का मूल्य = 560 × 10
= ₹5600
अतः या तो कथन (I) या कथन (II) उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

11. एक प्रश्न और दो कथन दिए गए हैं। बताएं कि कौन सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?
प्रश्न :
समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
कथन :
1 : त्रिभुज की भुजाओं में से एक का माप 7 cm है।
2 : त्रिभुज का परिमाप 21 cm है।
(a) कथन 1 पर्याप्त है परन्तु कथन 2 पर्याप्त नहीं है।
(b) कथन 1 और कथन 2 दोनों ही स्वतंत्र रूप से पर्याप्त हैं।
(c) कथन 2 पर्याप्त है परंतु कथन 1 पर्याप्त नहीं है।
(d) स्वतंत्र रूप से न तो कथन 1 और न ही कथन 2 पर्याप्त हैं।

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कथन I से-
भुजा (a) = 7 cm
समबाहु Δ का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}a^2 = \frac{\sqrt{3}}{4}7^2$
$= \frac{49\sqrt{3}}{4} cm^2$
कथन II से,
∵ हमे ज्ञात है कि समबाहु Δ की तीनो भुजाएँ आपस में बराबर होती है।
∴ त्रिभुज का परिमाप = 3 × भुजा = 21 cm = भुजा (a) = 7 cm
∴ समबाहु Δ का क्षे. = $\frac{\sqrt{3}}{4} \times$ भुजा^{2} = $\frac{49\sqrt{3}}{4}$ cm^2
अतः कथन I और II दोनो ही स्वतंत्र रुप से पर्याप्त है।

12. नीचे एक प्रश्न और तीन कथन (I), (II) और (III) दिए गए हैं, आपको यह निर्णय लेना है कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन–सा/कौन–से कथन पर्याप्त है/हैं–
प्रश्न : क्या आप आज शेयर बाजार सूचकांक के वर्तमान स्तर का समग्र मूल्यांकन कर सकते हैं?
कथन :
I. आज शेयर बाजार सूचकांक पिछले 3 वर्षों के सबसे कम स्तर से भी नीचे पहुँच गया है।
II. पिछले वर्ष के दौरान, सूचकांक में 30,360 और 28,255 के बीच उतार–चढ़ाव रहा।
III. पिछले 3 सालों में शेयर बाजार सूचकांक ने 27,125 के निचले स्तर को छुआ।
निम्नलिखित में सही विकल्प चुनें–
(a) कथन I, II एवं III तीनों अपर्याप्त है।
(b) कथन I और III दोनों पर्याप्त है।
(c) कथन II और III दोनों पर्याप्त हैं।
(d) कथन I और II दोनों पर्याप्त हैं।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans. (b) : कथन (I) व (III) के माध्यम से शेयर बाजार सूचकांक के वर्तमान स्तर का समग्र मूल्यांकन किया जा सकता है। अतः कथन (I) व (III) दोनों पर्याप्त है।

13. दी गई जानकारी और कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि कथन के संबंध मे कौन सा विकल्प सही है? यदि कोई धनराशि साधारण ब्याज पर उधार दी जाती है, तो :
कथन :
1. यदि ब्याज की दर 16% हो, तो राशि 6 वर्ष मे दोगुनी हो जाती है।
2. यदि ब्याज की दर 18% हो, तो राशि 5 वर्ष मे दोगुनी हो जाती है।

(a) कथन 1 और 2 दोनों ही गलत हैं।
(b) केवल कथन 1 सही है।
(c) केवल कथन 2 सही है।
(d) कथन 1 और 2 दोनों ही सही हैं।

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना उधार दी गई धनराशि = ₹100
कथन (1) के अनुसार -

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{100\times16\times6}{100}$$

साधारण ब्याज = ₹96
मिश्रधन = 100 + 96 = ₹196
कथन (2) के अनुसार -

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{100\times18\times5}{100}$$

साधारण ब्याज = ₹90
मिश्रधन = 100 + 90 = ₹190
अतः स्पष्ट है कि कथन (1) और (2) दोनों ही गलत हैं।

14. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
1. एक वृत्त की दो स्पर्श रेखाओं के बीच बना कोण 0^0 हो सकता हैं।
2. यदि एक तिर्यक रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार प्रतिच्छेदित करती हैं कि एकान्तर अंतः कोणों के युग्म बराबर हों, तो दोनों रेखाएं समानांतर होती है।
3. वृत्त के व्यास के सिरो पर स्पर्श करने वाली स्पर्श रेखाएं लंबवत होती हैं।
(a) केवल 1
(b) 1 और 2 दोनों, लेकिन 3 नहीं
(c) केवल 3
(d) केवल 2

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : स्पष्ट है कि कथन 1 और 2 दोनों सही है लेकिन कथन 3 सही नही है।

15. नीचे एक प्रश्न और तीन कथन (I), (II) और (III) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय लेना है कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन–सा/कौन–से कथन पर्याप्त है/हैं।
प्रश्न : एक संख्या का 40% क्या है?
कथन :
I. उक्त संख्या का 25% उस संख्या से 60 कम है।
II. उक्त संख्या का 20% एक सम संख्या है।
III. उक्त संख्या के दोगुने का 5% उस संख्या का $\frac{1}{10}$ है।
निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें–
(a) केवल I पर्याप्त है।
(b) II और III दोनों पर्याप्त है।
(c) कथन II और I या तो केवल III पर्याप्त हैं।
(d) केवल III पर्याप्त है।

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : II

Ans. (a) : माना संख्या = x
प्रश्नानुसार –

$$x\times\frac{25}{100} = x - 60$$

$$\frac{x}{4} = x - 60$$

$$\frac{3x}{4} = 60$$

$$\boxed{x = 80}$$

तब x का 40% $= 80\times\frac{40}{100} = 32$
कथन I प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त है।

16. आपके समक्ष एक प्रश्न तत्पश्चात दो कथन–I तथा II दिए गए हैं। आपको यह निर्णय करना है कि कथनों से सन्दर्भित आंकड़े पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है।
प्रश्न : 'x' का मान क्या है ?
कथन :
I. x + 2y = 6
II. 3x + 6y = 18
(a) कथन–I स्वयं में पर्याप्त है।
(b) कथन–I तथा II संयुक्त तौर पर पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन–I तथा II दोनों संयुक्त रूप से उत्तर के लिए आवश्यक है।
(d) कथन–II स्वयं अकेले पर्याप्त है।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : III

Ans. (b) : $x + 2y = 6$ .....(i)
$3x + 6y = 18$ .....(ii)
समी. (i) से–
$x + 2y = 6$
$x = 6 - 2y$
x का मान समी. (ii) में रखने पर–
$3x + 6y = 18$
$3(6-2y) + 6y = 18$
$18 - 6y + 6y = 18$
$-6y + 6y = 18 - 18$
$0 = 0$
उपरोक्त प्रक्रिया से y का मान प्राप्त न होने से, x का मान भी प्राप्त नहीं किया जा सकता।
अतः x का मान प्राप्त करने के लिए कथन-I और कथन–II संयुक्त रूप से पर्याप्त नहीं है।

17. नीचे एक प्रश्न और तीन कथन दिये गये हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में जो अंक दिये गए हैं, क्या वे प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं?
प्रश्न : दो अंकों वाली संख्या कौन सी है?
कथन :
I. संख्या और अंकों को आपस में बदलने से प्राप्त संख्या का अंतर 9 है।
II. अंकों का योग 17 है।
III. दहाई स्थान पर और इकाई स्थान पर के आँकड़े का अंतर 1 है।
जवाबों में से सही विकल्प को चुनें।
(a) केवल कथन II पर्याप्त है।
(b) कथन II और III पर्याप्त है।
(c) सभी तीनों विवरणों की जरूरत है।
(d) आँकड़े अपर्याप्त है।

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : II

Ans. (c) : कथन I से,
माना इकाई का अंक y तथा दहाई का अंक = x
तो, संख्या = 10x + y .....(i)
अंकों को बदलने पर बनी नयी संख्या = 10y + x .....(ii)
समी. (i) व (ii) का अन्तर,
(∵अन्तर निकालने के लिये बड़ी संख्या में छोटी संख्या को घटना पड़ेगा)

कथन III, से ज्ञात होता है, कि दहाई का अंक, इकाई के अंक से बड़ा है।

अर्थात् $x > y$

या $\boxed{x - y = 1}$

या समी. (i) – समी. (ii) से,

$10x + y - 10y - x = 9$

$9x - 9y = 9$

$9(x - y) = 9$

$x - y = 1$ .....(iii)

कथन II से,

$x + y = 17$ .....(iv)

समी. (iii) व (iv) से,

$x - y = 1$

$+x + y = 17$

$2x = 18$

$\boxed{x = 9}$

x का मान समी (i) में रखने पर,

$9 - y = 1$

$-y = 1 - 9$

$\boxed{y = 8}$

अतः अभीष्ट संख्या = $\boxed{98}$

अतः स्पष्ट है कि प्रश्न का जवाब देने के लिये सभी तीनों विवरणों की आवश्यकता है।

Type-3/4 : कूट पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता/रक्त संबंध पर पर आधारित आकड़ों की पर्याप्तता

18. एक प्रश्न और उसके बाद तीन कथन–I, II, और III दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं?

प्रश्नः

P का C से क्या संबंध है?

कथनः

I: H, S और P का इकलौता भाई है।

II. P, L की पत्नी है, जो D का दामाद है।

III. D, S की मां है, और T, C का दामाद है।

(a) कथनों II और III में दिए गए आंकड़े एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(b) कथनों-I, II और III में दिए गए आंकड़े एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(c) कथन I में दिए गए आंकड़े अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(d) कथनों I, II और III में दिए गए आंकड़े एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : कथन I, II और III से –



अतः कथन I, II और III में दिए गए आकड़े एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

19. एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन-I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं ?

प्रश्न :

दामिनी का भोला से क्या संबंध है ?

कथन :

I. टीका का केवल एक पुत्र, भोला और केवल एक पुत्री, कमला है।

II दामिनी, रोमा के पुत्र की पत्नी है। कमला, रोमा की इकलौती पुत्री है। मेघन भोला की पुत्री है।

(a) प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले पर्याप्त नहीं है।

(b) कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(c) प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन II अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन I अकेले पर्याप्त नहीं है।

(d) कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : कथनानुसार आरेख बनाने पर,



दोनों कथनों को संयुक्त रूप से मिलाने पर स्पष्ट होता है कि दामिनी और भोला पति-पत्नी हैं।

20. एक प्रश्न और दो कथन दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक/पर्याप्त हैं?

प्रश्न :

M का पिता कौन है?

कथन :

I. P और Q भाई-भाई हैं।

II. Q की पत्नी, M की पत्नी की बहन है।

(a) कथन I अकेला पर्याप्त है।

(b) कथन I और II दोनों आवश्यक हैं।

(c) कथन II अकेला पर्याप्त है।

(d) कथन I और II दोनों पर्याप्त नहीं हैं।

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : कथन I व II से-



दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I व II दोनों पर्याप्त नहीं है।

21. नीचे एक प्रश्न तथा दो कथन (I) तथा (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय लेना है कि इनमें से कौन सा कथन प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है?

प्रश्न : दिनेश के कितने भाई है?

कथन :

(I) दिनेश की माँ की तीन संताने है।

(II) दिनेश की दो बहने हैं।

(a) कथन - II अपने में पर्याप्त है।

(b) दोनो कथन प्रश्न के उत्तर हेतु आवश्यक है।

(c) केवल कथन - I पर्याप्त है।
(d) या तो कथन- I या कथन- II स्वयं में पर्याप्त है।

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 1

Ans : (b) कथन (I) के अनुसार दिनेश की माँ की तीन संताने हैं तथा कथन (II) के अनुसार दिनेश की दो बहने हैं।
अतः दोनों कथनों को एक साथ देखने पर ज्ञात होता है कि दिनेश के कोई भाई नहीं है।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिये दोनों कथन की आवश्यकता है।

Type-5 : कथन/प्रश्न तथा तर्क/कथन पर आधारित प्रश्न

22. एक कथन और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। बताएं कि इनमें से कौन से तर्क कथन के संबंध में पुष्ट हैं?
कथनः
सभी को प्रतिदिन अखबार पढ़ना चाहिए।
तर्क :
1. हां, क्योंकि इसमे आसपास की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में और सामान्य जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
2. नही, क्योंकि हर कोई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी नही करता है।
(a) तर्क 1 और 2 दोनों पुष्ट है।
(b) न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 पुष्ट है।
(c) केवल तर्क 1 पुष्ट है।
(d) केवल तर्क 2 पुष्ट है।

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रतिदिन अखबार पढ़ने से हमें आस-पास कि गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में व सामान्य जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। ,
अतः सिर्फ तर्क 1 दिये गये कथन के संबंध में पुष्ट है।

23. एक कथन और उसके बाद दो तर्क दिए गए है। बताएं कि कौन से तर्क कथन/प्रश्न के संबंध में पुष्ट है ?
कथन :
कक्षा 2 के पाठ्यक्रम में पहाड़े शामिल करना उचित नहीं है।
तर्कः
(1) कक्षा 2 के बच्चे गणितीय अवधारणा को समझने के लिए बहुत छोटे है।
(2) इस तरह की जटिल अवधारणाओं को छोटे बच्चों पर लादने से उनमें विषय के प्रति भय उत्पन्न हो सकता है।
(a) न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 पुष्ठ है।
(b) केवल तर्क (1) पुष्ट है।
(c) केवल तर्क (2) पुष्ट है।
(d) तर्क (1) और (2) दोनों पुष्ट हैं।

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कथन के अनुसार स्पष्ट हैं कि तर्क (1) और तर्क (2) दोनों पुष्ट करते है।

24. एक कथन के बाद दो तर्क दिए गए हैं। कथन के संबंध में कौन सा/से तर्क पुष्ट है/हैं।
कथनः
भारतीयों की जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है।
तर्कः
I. हाँ। लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिल रही है।
II. हाँ। लोग अब अधिक शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं।
(a) तर्क I और II दोनों पुष्ट हैं।
(b) केवल तर्क I पुष्ट है।
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II पुष्ट है।
(d) केवल तर्क II पुष्ट है।

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : कथनानुसार, तर्क (I) और (II) दोनों पुष्ट करते हैं।

25. एक प्रश्न के दो तर्क दिए गए है। बताएँ कि प्रश्न के संबंध में कौन सा/से तर्क पुष्ट है/हैं।
कथन :
क्या शिक्षण संस्थानों में छात्र संघों के लिए चुनाव होने चाहिए?
तर्क :
1. हां, चुनाव कराना महत्वपूर्ण है ताकि प्राधिकारियों द्वारा छात्रों के अधिकारों और शिकायतों को सुना जा सकें।
2. नही, यह शैक्षिक वातावरण को बाधित करता है और इससें संस्थानों में अराजकता और हिंसा फैलती है जो किसी भी समस्या का समाधान नही करता है बल्कि और अधिक विवादों को जन्म देता है।
(a) 1 एवं 2 दोनों पुष्ट है।
(b) केवल 2 पुष्ट है।
(c) केवल 1 पुष्ट है।
(d) न तो 1 और न ही 2 पुष्ट है।

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : शिक्षण संस्थानों में छात्र संघों के लिए चुनाव कराना महत्वपूर्ण है ताकि प्राधिकारियों द्वारा छात्रों के अधिकारों और शिकायतों को सुना जा सके लेकिन यह शैक्षिक वातावरण को बाधित करता है और इससे संस्थानों में अराजकता और हिंसा फैलती है जो किसी भी समस्या का समाधान नहीं करता है बल्कि और अधिक विवादों को जन्म देता है।
अतः दोनों तर्क कथन के सम्बन्ध में पुष्ट हैं।

26. एक प्रश्न के बाद दो तर्क दिए गए हैं। बताएं कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/से तर्क पुष्ट है/हैं।
प्रश्नः
क्या बैंकिंग के क्षेत्र में हड़तालों पर प्रतिबंध लगना चाहिए ?
तर्क :
I. नहीं, हड़तालों पर प्रतिबंध से श्रम अधिकारों की अवहेलना होती है।
II. हाँ, हड़तालों से लोगों को कठिनाई होती है।
(a) तर्क I एवं II दोनों पुष्ट हैं।
(b) न तो तर्क I पुष्ट है और न ही तर्क II
(c) केवल तर्क I पुष्ट है।
(d) केवल तर्क II पुष्ट है।

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : बैंकिंग के क्षेत्र में हड़तालों पर प्रतिबंध लगाने से श्रम अधिकारों की अवहेलना होती है परन्तु हड़ताल से लोगों को कठिनाई भी होती है। अतः दोनों तर्क, प्रश्न के संदर्भ में पुष्ट है।

27. एक प्रश्न और उससे संबंधित दो तर्क दिए गए हैं। बताएं कि दिए गए प्रश्न के संदर्भ में कौन से तर्क सशक्त है?
प्रश्न : क्या भारत में प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?
तर्क :
I. हाँ, यह प्रदूषण के स्त्रोतों में से एक है और इसके कारण कई बीमारियां होती हैं।
II. नहीं, प्लास्टिक के अन्य विकल्प शायद उतने रंगीन और आकर्षक न हों।
(a) केवल तर्क I सशक्त है। (b) कोई भी तर्क सशक्त नहीं है।
(c) दोनों तर्क सशक्त हैं। (d) केवल II सशक्त है।

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : हाँ, भारत में प्लास्टिक बैग पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिये क्योंकि प्लास्टिक प्रदूषण के स्रोतों में से एक प्रकार का प्रदूषण है और इसके कारण कई बीमारियाँ होती हैं। अतः केवल तर्क I सशक्त है।

28. एक प्रश्न और उससे संबंधित दो तर्क दिए गए हैं। बताएं कि दिए गए प्रश्न के संदर्भ में कौन से तर्क सशक्त हैं?

प्रश्न

क्या भारत में शाकाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?

तर्क :

82. J, K, L, M, N, O, P और Q वृत्ताकार स्थिति में केन्द्र की ओर मुंह कर के बैठे हैं। O, M के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है और J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, M के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है, जो N के बगल में नहीं बैठा है। K, P के बगल में बैठा है और L, M या J के बगल में नहीं बैठा है।
J के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

(a) O (b) P (c) N (d) K

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम निम्नवत् है-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि J के ठीक दाईं ओर 'P' बैठा है।

83. P, Q, R, S, T, U, V और W एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। P, U के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P और T के मध्य एक व्यक्ति बैठा है। S, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, न तो P का और न ही U का निकटतम पड़ोसी है। V, R का निकटतम पड़ोसी है। V, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
निम्नलिखित में से कौन सा युग्म W के निकटतम पड़ोसियों को निरूपित करता है?

(a) V, U (b) S, T
(c) Q, U (d) S, U

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : बैठने का क्रम निम्नवत् है-



स्पष्ट है कि W के निकटतम पड़ोसी U और Q है।

84. पांच दोस्त एक गोलाकार मेज पर केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं। अर्जुन, हरमन के दाईं ओर बैठा है। हार्दिक, आदित्य के बाईं ओर और अर्जुन के दाईं ओर बैठा है। हरमन, रेयांश के दाईं ओर बैठा है। इसमें से कौन आदित्य के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है?

(a) हार्दिक (b) हरमन
(c) अर्जुन (d) रेयांश

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम निम्नवत् है-



अतः रेयांश, आदित्य के दायीं ओर ठीक बगल में बैठा है।

85. 8 व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G तथा H केन्द्र की ओर मुख करके एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हुए हैं। (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो) F, C के बाएं बगल में तथा A के ठीक बगल में बैठा है। H, D के दाएं बगल में बैठा है। केवल तीन व्यक्ति B तथा H के मध्य बैठे हुए हैं। B, E के बाएं ठीक बगल में है तथा E, C के ठीक बगल में नहीं है।
यदि प्रत्येक व्यक्ति अपना स्थान अपने सामने बैठे हुए व्यक्ति के साथ परस्पर बदल लेता है, तो E के दाएं बगल में कौन बैठा होगा?

(a) B (b) H
(c) G (d) C

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार सभी व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न प्रकार है-



पुनः व्यक्तियों का उनके सामने बैठे व्यक्ति से परस्पर स्थान बदलने पर क्रम व्यवस्था निम्न प्रकार है-



उपरोक्त क्रम-व्यवस्था से स्पष्ट है, कि E के दाएं बगल में 'G' बैठा है।

86. 7 व्यक्ति मयंक, मनजीत, नरेश, जितेन्द्र, सुमन, जीतू और जीवन एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, कुछ अंदर की ओर उन्मुख हैं और कुछ बाहर की ओर उन्मुख हैं। सुमन अंदर की ओर उन्मुख है और मयंक के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठी है। मयंक, जीतू के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। जीतू बाहर की ओर उन्मुख है और जीवन के निकटतम बाएं बैठा है। जीवन, सुमन के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। मनजीत, मयंक और जीतू का निकटतम पड़ोसी नहीं हैं मनजीत, मयंक के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। नरेश, जीतू के दाईं ओर तीसरे स्थान पर नहीं बैठा है।
इनमें से कौन मयंक का निकटतम पड़ोसी है ?
(a) सुमन (b) जीतू
(c) मनजीत (d) जीवन

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : व्यक्तियों को वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठाने पर-



उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि मयंक का निकटतम पड़ोसी जीवन है।

87. आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G तथा H एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं (जरूरी नहीं कि उसी क्रम में हों) B, A के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा हुआ है। A, C के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है। केवल दो व्यक्ति C तथा E के मध्य बैठे हुए हैं। H, D के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा हुआ है। F, C या E का पड़ोसी नहीं है।
G के बायीं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा हुआ है?
(a) E (b) D
(c) B (d) H

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, बैठक-व्यवस्था निम्न प्रकार है-



उपरोक्त बैठक-व्यवस्था से स्पष्ट है कि G के बायीं ओर तीसरे स्थान पर D बैठा है।

88. दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
छः दोस्त-प्रीति, कमल, रोहित, स्वीटी, मीनू और उमेश, एक वृत्त के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। मीनू, रोहित के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। उमेश, रोहित और प्रीति के बीच में बैठा है। स्वीटी, प्रीति के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है।
रोहित और मीनू के बीच में कौन बैठा है?
(a) कमल (b) स्वीटी
(c) प्रीति (d) उमेश

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : छः दोस्तों के वृत्त के केन्द्र की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्न प्रकार है–

अतः स्पष्ट है कि रोहित और मीनू के बीच 'कमल' बैठा है।

89. आठ मित्र F1, F2, F3, F4, F5, F6, F7 और F8 एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) F2, F1 या F8 का पड़ोसी नहीं है। केवल F6, F2 तथा F5 के बीच में बैठा है। F2, F7 के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F4, F3 के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन सा F1 का सही स्थान हो सकता है?
(a) F7 के बायीं ओर दूसरा
(b) F4 के बायीं ओर निकटतम
(c) F6 के बायीं ओर तीसरा
(d) F5 के बायीं ओर तीसरा

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार बैठने का क्रम निम्न प्रकार है-



अतः F1 का सही स्थान F6 के बायीं ओर से तीसरा हो सकता है।

90. छः दोस्त मानसी, मनीष, श्रेया, पंकज, शगुन और साक्षी एक वृत्ताकार मेज पर केंद्र की तरफ मुख करके बैठे हैं। मानसी, मनीष के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। साक्षी, शगुन और श्रेया के बीच में बैठी है। मनीष और शगुन के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
मनीष के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है ?
(a) साक्षी (b) शगुन
(c) पंकज (d) श्रेया

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दोस्तों के बैठनें का क्रम निम्न प्रकार है-

उपरोक्त क्रम व्यवस्था से स्पष्ट है कि मनीष के दाईं ओर ठीक बगल में श्रेया बैठी है।

91. छः मित्र एक वृत्ताकार घेरे में केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं और ताश खेल रहे हैं। सुभाष, प्रमोद के दाईं ओर बैठा है। उमेश और सुरेश के बीच में एक व्यक्ति बैठा है। प्रवीण, सुभाष और उमेश के बीच में बैठा है और प्रवीण, आलोक के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। यदि आलोक और सुभाष आपस में अपने स्थान बदल लेते हैं, तो इनमें से कौन प्रवीण के दाईं ओर दूसरे स्थान पर होगा?

(a) सुभाष (b) उमेश
(c) सुरेश (d) प्रमोद

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार बैठने का क्रम निम्नवत् है -

स्थान परिवर्तन करने पर-

चित्र से स्पष्ट है कि स्थान बदल देने पर प्रवीण के दाईं ओर दूसरे स्थान पर सुभाष बैठा है।

92. 8 लड़के A, B, C, D, E, F, G तथा H एक वर्गाकार मेज के इर्द-गिर्द केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। (जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो)। प्रत्येक भुजा पर दो लड़के बैठे हुए हैं। D, A के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है। H तथा D सम्मुख भुजाओं पर बैठे हुए हैं। H या तो D के बायीं ओर तीसरे स्थान पर है या D के दायीं ओर तीसरे स्थान पर है। A तथा B समान भुजा पर बैठे हुए हैं। E, H अथवा D का पड़ोसी नहीं है। F, E तथा H का पड़ोसी नहीं है।

E के पड़ोसी कौन हैं?

(a) B तथा D (b) A तथा D
(c) C तथा G (d) H तथा A

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, लड़कों का मेज के चारों तरफ बैठने का क्रम निम्नवत होगा-



अतः E के पड़ोसी C और G होंगे।

93. आठ व्यक्ति जो कि A, B, C, D, E, F, G और H एक आयताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। आठ में से चार मेज के चारों कोनों पर केंद्र के विपरीत दिशा की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं, जबकि जो किनारों (भुजाओं) पर बैठे है। उनका मुख केंद्र की ओर है । B किसी एक कोने पर बैठा है। A और B के बीच दो व्यक्ति हैं। G एक छोटी भुजा पर बैठा है जिसमें E उसका बायां पड़ोसी है। D, A के दाँए से दूसरे स्थान पर बैठा है। C और F , A के पड़ोसी हैं। H और C के बीच में H के दाँए दो व्यक्ति हैं। B के दाँए से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है।

(a) C (b) D (c) F (d) G

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : A, B, C, D, E, F, G और H के आयताकार मेज पर बैठने का क्रम निम्नवत् है-



अतः स्पष्ट है कि 'B' के दाएँ से दूसरे स्थान पर 'F' बैठा है।

94. आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H केंद्र की ओर मुख करके एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हों)। A, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है तथा C, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, C के बगल में नहीं बैठा है। B, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D तथा G के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, H के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

C के सापेक्ष G की स्थिति क्या है?

(a) बाईं ओर निकटतम (b) दाईं ओर निकटतम
(c) बाईं ओर तीसरा (d) दाईं ओर तीसरा

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न प्रकार है-



उपरोक्त क्रम व्यवस्था से स्पष्ट है कि G, C के बांयी ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।

95. A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। F, G का पड़ोसी है। A, G के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A और B के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, H के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, H का पड़ोसी नहीं है। C, B का पड़ोसी है।

F के सापेक्ष C की स्थिति क्या है?

(a) दाईं ओर तीसरे स्थान पर
(b) बाईं ओर दूसरे स्थान पर
(c) बाईं ओर निकटतम स्थान पर
(d) दाईं ओर निकटतम स्थान पर

RRB NTPC 31.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : A, B, C, D, E, F, G और H के वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठने का क्रम इस प्रकार है–



उपरोक्त बैठक-व्यवस्था से स्पष्ट है कि F के सापेक्ष C दाईं ओर तीसरे स्थान पर है।

96. दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और दिए गये प्रश्न का उत्तर दीजिए।

एक वृत्ताकार मेज पर 8 व्यक्ति - A, B, C, D, E, F, G, H - एक दूसरे की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। A, E और G के बीच में बैठा है, जबकि G, F के दायें ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। H, D और B के बीच में और F के बांये से दूसरे स्थानपर बैठा है। A और B एक-दूसरे के सामने बैठे हैं।

E और H के बीच कौन बैठा है ?

(a) F (b) D
(c) B (d) C

RRB NTPC 23.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : बैठने का क्रम निम्न है -



अतःउपर्युक्त बैठक क्रम से स्पष्ट है कि E और H के बीच D बैठा हुआ है।

97. चार सहेलिया अंकिता, श्रुति, पायल और महक एक आयताकार मेज के आसपास बैठी है और प्रत्येक एक कोने पर बैठी है। अंकिता, श्रुति के दाईं ओर बैठी है, जो पायल के विकर्णतः सामने बैठी है। महक के सापेक्ष अंकिता कहां बैठी है?

(a) ठीक सामने (b) निकटतम दाएं
(c) विकर्णतः सामने (d) निकटतम बाएं

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



अतः महक के सापेक्ष अंकिता विकर्णतः सामने बैठी है।

98. आठ मित्र P, Q, R, S, T, U, V तथा W केंद्र के विपरीत दिशा में मुख करके एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठ हुए हैं (उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है)। Q, T के दाईं ओर तीसरे तथा P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। U और V के बीच में केवल दो मित्र बैठे हुए हैं तथा V, P या T का पड़ोसी नहीं है। W, R के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही हैं ?

(a) W, Q के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है
(b) P, R के बाईं और ठीक बगल में बैठा है
(c) S, T के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है
(d) V, S के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार 8 मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् है-

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि 'V, S के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है' अतः कथन (d) सही है।

99. A, B, C, D, E, F, G और H नामक आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज पर केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। F और D के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। H, A या F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। H और G के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) E (b) A
(c) H (d) F

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न प्रकार है–



अतः D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर F बैठा है।

100. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

पांच मित्र A, B, C, D और E कैंटीन में एक गोल मेज के चारों ओर बैठे हुए हैं। वे दाएं से बाएं B, A, E, D और C के क्रम में बैठे हैं। कुछ समय के बाद, E, B के साथ तथा A, D के साथ अपना स्थान बदल लेता है।

अब D कहाँ पर बैठा है ?

(a) C और A के बीच (b) E और A के बीच
(c) E और B के बीच (d) C और B के बीच

RRB NTPC 12.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम व्यवस्थित करने पर,



स्थान परिवर्तन के बाद -



अतः D, E और B के बीच में बैठा है।

101. एक मेज पर छह व्यक्ति A, B, C, K, L और M एक दूसरे की ओर मुँह करके बैठे हैं। उनमें से तीन उत्तर की ओर और शेष दक्षिण की ओर मुँह करके बैठे हैं। A, L के सम्मुख नहीं है, जो किसी एक सिरे पर है। K मध्य स्थितियों में से किसी एक पर है और M के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C किसी एक सिरे पर है। A, K के सम्मुख नहीं है। C और L एक ही तरफ हैं। B के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है ?

(a) L (b) A
(c) K (d) M

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार बैठाने पर—

अतः B के दाईं ओर ठीक बगल L बैठा हुआ है।

निर्देश (102-104): निम्नलिखित सूचनाओं का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

छः मित्र पंकज, काजी, रोहित, सनी, तबरेज और मनोरंजन एक षट्भुजाकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। पंकज, मनोरंजन के बाएँ दूसरा है। काजी, रोहित और सनी का पड़ोसी है। तबरेज, सनी के बाएँ दूसरा है।

102. काजी के बाएँ चौथा व्यक्ति कौन है ?

(a) पंकज (b) मनोरंजन
(c) रोहित (d) आँकड़े अपर्याप्त है

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : सभी व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है–



अतः काजी के बाएँ से चौथा व्यक्ति 'पंकज' है।

103. निम्नलिखित में से कौन पंकज का पड़ोसी है?

(a) मनोरंजन और पंकज (b) तबरेज और रोहित
(c) मनोरंजन और रोहित (d) आंकड़े अपर्याप्त है

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न से, पंकज के पड़ोसी तबरेज और रोहित है।

104. तबरेज के विपरीत कौन बैठा है?

(a) रोहित (b) काजी
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता (d) सनी

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न से, तबरेज के विपरीत काजी बैठा है।

निर्देश (105-107): नीचे दिए गए पैसेज को पढ़ें और उसके बाद दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें:

प्रेरणा, कुतुब, राहुल, स्टालिन, तुहीन, उजाला, वरूण और वहीदा एक वृत्त के केन्द्र की ओर मुंह करके उसके इर्द-गिर्द बैठे हैं। वहीदा प्रेरणा के तुरंत बाएं है, लेकिन तुहीन या स्टालिन की पड़ोसी नहीं है। उजाला कुतुब के तुरंत दाएं है। वरूण तुहीन के बगल में बैठा है। राहुल, तुहीन और उजाला के बीच में बैठा है।

105. दिये गए किस जोड़े में दूसरा व्यक्ति पहले व्यक्ति के दाएं से दूसरा है?

(a) राहुल, प्रेरणा (b) वरूण, वहीदा
(c) उजाला, तुहीन (d) स्टालिन, कुतुब

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II

Ans. (c) :

दिए गए जोड़े में से तुहीन, उजाला के दाएँ से दूसरा है।

106. निम्नलिखित में से कौन का कथन सत्य है?

(a) तुहीन, उजाला और कुतुब के बीच में बैठी है।
(b) उजाला, वरूण के बगल में बैठी है।
(c) वरूण, तुहीन के दांए और वहीदा के बाएं भी बैठा है।
(d) प्रेरणा, स्टालिन के दांए से दूसरा है।

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न से वरुण, तुहीन के दाएँ और वहीदा के बाएँ बैठा है।

107. स्टालिन किस स्थान पर है ?

(a) कुतुब के तुरंत बाएं
(b) उजाला के दाएं से दूसरा
(c) वरूण और वहीदा के बीच में
(d) राहुल के ठीक बगल में

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : II

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न से स्टालिन, कुतुब के तुरंत बाएँ बैठा है।

निर्देश (108-110): निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें:

छः सहकर्मी एक वृत्त में बैठे हैं और उनके चेहरे वृत्त के मध्य भाग की ओर है। डायना, पुष्कर और पद्मा के बीच है। प्रियंका, महेश और लकी के बीच में है। पुष्कर और महेश एक-दूसरे के सामने है।

108. महेश के पड़ोसी कौन है?

(a) पुष्कर और डायना (b) डायना और प्रियंका
(c) प्रियंका और पद्मा (d) लकी और प्रियंका

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : III

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



महेश के पड़ोसी प्रियंका और पद्मा है।

109. प्रियंका के सामने कौन बैठा है?

(a) पुष्कर (b) डायना
(c) पद्मा (d) लकी

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि प्रियंका के सामने डायना बैठी है।

110. पद्मा के बिल्कुल दाईं ओर कौन है?

(a) डायना (b) लकी
(c) पुष्कर (d) प्रियंका

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि पद्मा के बिल्कुल दाईं ओर डायना बैठी है।

निर्देश (111-112): जानकारी को ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर दें:

छः लड़कियाँ एक गोल घेरे में केन्द्र की ओर मुँह किए बैठी हैं। इन लड़कियों के नाम प्रिया, नेहा, रश्मि, सोनाली, टीना और वीरा हैं। टीना, नेहा और सोनाली के मध्य में नहीं है, लेकिन कोई और है। प्रिया, वीरा के बाएँ ठीक बगल में है। रश्मि, प्रिया के दाहिने ओर चौथी है।

111. टीना किस स्थान पर बैठी है?

(a) नेहा के ठीक दाएँ (b) प्रिया के बाएँ दूसरी
(c) नेहा और रश्मि के मध्य (d) वीरा के ठीक दाएँ

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : I

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,



अतः टीना, वीरा के ठीक दाएँ बैठी है।

112. यदि प्रिया और रश्मि आपस में अपने स्थान बदल लें तो निम्न में से कौन-सा युग्म एक साथ होगा ?

(a) रश्मि और टीना (b) प्रिया और वीरा
(c) वीरा और टीना (d) नेहा और वीरा

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : प्रश्नानुसार स्थान बदलने पर,



अतः वीरा और टीना एक साथ है।

निर्देश (113-115): निम्नलिखित अंश को पढ़ें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें :

1. विनय, विनोद, विकास, वासु, वैभव, वरूण और विशाल एक वृत में केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं।
2. वासु विकास के दाएं से तीसरा है।
3. वरुण विनय के बाएं से दूसरा और विशाल के दाएं से दूसरा है।
4. वैभव विनोद के दाएं से तीसरा है और वरुण का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

113. विकास के तुरंत दाएं कौन है?

(a) विनय (b) विशाल
(c) वैभव (d) वासु

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, सभी व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है–

अत: विकास के तुरंत दाएं वैभव है।

114. विनोद के दाएं से दूसरा कौन है ?

(a) वैभव (b) वासु
(c) विशाल (d) विकास

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : II

Ans. (d) : उपर्युक्त व्याख्या से विनोद के दाएं दूसरा विकास है।

115. वरुण के बाएं से तीसरा कौन है ?

(a) वैभव (b) वासु
(c) विशाल (d) विकास

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : उपर्युक्त व्याख्या से वरुण के बाएं से तीसरा वैभव है।

निर्देश (116-118): निम्नलिखित अंश को पढ़ें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें

(i) राधा, रेखा, राखी, रागिनी, रश्मि, रीमा और रेणु एक वृत्त में केंद्र की ओर मुँह करके बैठे हैं।
(ii) रीमा रश्मि के बगल में नहीं है।
(iii) राधा रागिनी के तुरंत दाएँ है।
(iv) रेखा रीमा के बाएँ दूसरी है।
(v) राधा रेणु के बाएँ तीसरी है।

116. निम्नलिखित व्यक्तियों के जोड़ियो में से किस जोड़ी का पहला व्यक्ति दूसरे के तुरंत बाएं बैठा है।

(a) राधा-रीमा (b) राखी-रेखा
(c) रीमा-राखी (d) रागिनी-रश्मि

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : II

Ans. (c) : प्रश्नानुसार क्रम से बैठाने पर-



अतः चित्र अनुसार रीमा-राखी के तुरंत बाँये बैठी है।

117. निम्न में से किस समूह में पहला व्यक्ति अन्य दो व्यक्तियों के बीच बैठा है?

(a) रीमा-रश्मि-राधा (b) राखी-रागिनी-रीमा
(c) रेणु-रेखा-रागिनी (d) रेणु-रेखा-राखी

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : II

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न व्याख्या से पता चलता है कि राखी-रागिनी तथा रीमा के बीच बैठी है।

118. रागिनी के बाएँ दूसरी कौन है?

(a) रीमा (b) राखी
(c) राधा (d) रश्मि

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : II

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न व्याख्या से पता चलता है कि रागिनी के बाँये से दूसरी रीमा है।

निर्देश: (119-121) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर सवालों के जवाब दीजिये:

छः दोस्त प्रेम, काजी, ऋतिक, सनी, टीनू और उत्कर्ष एक षट्कोणीय (हेक्सागोनल) मेज के इर्द गिर्द बैठे है। प्रत्येक एक कोने पर बैठे है सभी के मुँह केन्द्र की ओर है। प्रेम उत्कर्ष के बायीं ओर दूसरे नंबर पर है। काजी, ऋतिक और सनी का पड़ोसी है। टीनू सनी के बायीं ओर दूसरे नंबर पर है।

119. काजी की बायीं ओर चौथा व्यक्ति कौन है?

(a) प्रेम (b) उत्कर्ष
(c) ऋतिक (d) सनी

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : III

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,



अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि काजी के बायीं ओर चौथा व्यक्ति प्रेम है।

120. कौन टीनू के सामने की ओर बैठा है?

(a) ऋतिक (b) काजी
(c) प्रेम (d) सनी

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : टीनू के सामने की ओर काजी बैठा है।

121. निम्नलिखित में से कौन-कौन प्रेम के पड़ोसी है?

(a) उत्कर्ष और सनी (b) टीनू और ऋतिक
(c) उत्कर्ष और ऋतिक (d) टीनू और उत्कर्ष

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : III

Ans. (b) : प्रेम के पड़ोसी ऋतिक और टीनू है।

निर्देश: (122-124) आठ दोस्त–रीता, प्रिया, सीता, आरती, साहिल, समीर, विश्वास तथा अनिल एक गोलाकार टेबल के चारों ओर है एक दूसरे के आमने–सामने बैठे हैं। रीता के पति, रीता के स्थान से टेबल के दूसरी ओर बैठे है। प्रिया के पति तथा प्रिया की सबसे घनिष्ठ दोस्त रीता के बगल में दायें/बायें बैठे है।

समीर, अनिल के एकदम बायीं ओर तथा रीता के स्थान से तीसरे चेयर पर दायीं ओर बैठा है। आरती रीता के एकदम दायीं ओर बैठी है तथा वह समीर की पत्नी के बायीं ओर है। इस समूह में सिर्फ आरती एवं साहिल दो अविवाहित व्यक्ति है।

122. इनमें से कौन से विकल्प में प्रथम व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के एकदम दायीं ओर बैठा है?

(a) प्रिया, साहिल (b) आरती, प्रिया
(c) सीता, समीर (d) साहिल, अनिल

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : III

Ans. (d) :



उपरोक्त चित्र के अनुसार प्रथम व्यक्ति (साहिल), दूसरे व्यक्ति (अनिल) के एकदम दायीं ओर बैठा है।
अतः विकल्प (d) सही है।

123. रीता के इनमें से कौन पति है?

(a) अनिल (b) विश्वास
(c) साहिल (d) समीर

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : III

Ans. (a) :



उपरोक्त चित्र के अनुसार रीता के पति अनिल हैं।
अतः विकल्प (a) सही है।

124. इनमें से कौन सा कथन सत्य है?

(a) साहिल, आरती के विपरीत टेबल के दूसरी तरफ बैठा है
(b) समीर, आरती तथा अनिल के बीच में अकेला एकमात्र व्यक्ति है।
(c) साहिल, आरती के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है।
(d) सीता, विश्वास के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : III

Ans. (a) :

उपरोक्त चित्र के अनुसार विकल्प (a) में दिया गया कथन सत्य है।

निर्देश: (125-127) P, W, X, R, Y, Z और S और Z अव्यवस्थित रूप से वृत्ताकार में एक दूसरे के सामने बैठे हैं। निम्नलिखित जानकारियों पर और उन आधारित सवालों पर विचार करें–

1. Y ठीक Q और R के बीच बैठा है।
2. P न तो X के और ना ही Z के बगल में बैठा है।
3. Q के दायें ओर Z हैं।
4. X के बाएं से और Y के दाएं से तीसरे स्थान पर S बैठा है।

125. S के बाएँ कौन बैठा है?

(a) Z (b) X (c) P (d) Q

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,



अत: S के बाएँ Z बैठा है।

126. X ..... के बीच में बैठा है।

(a) R और Q (b) W और R
(c) Q और Y (d) S और W

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans. (b) : X, W और R के बीच में बैठा है।

127. यदि उनके चेहरे बाहर की तरफ है, तो W किसके बाएं होगी?

(a) X (b) S
(c) P
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : I

Ans. (c) : यदि उनके चेहरे वृत्त के बाहर की तरफ है।



अत: W, P के बाएँ है।

निर्देश: निम्नलिखित अनुच्छेद का उस पर आधारित प्रश्नों के लिए उपयोग करें।

प्रिया, मोहित, गिरिजा, प्रीति, बिजॉय, अनिल, और रीटा गोलाकार मेज की चारों ओर मेज के सामने मुंह करके बैठे हैं। रीटा जो अविवाहित है, अपनी सबसे अच्छी दोस्त गिरिजा के बाईं तरफ दूसरे नंबर पर बैठी है, जो अपने पति अनिल के बाईं बगल में बैठी है। प्रिया उसके पति बिजॉय के बायीं तरफ तीसरे नंबर पर है। मोहित अपनी पत्नी प्रीति और बिजॉय के बीच बैठा है।

128. निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(a) गिरिजा, बिजॉय के बाएं तरफ तीसरे नंबर पर है।
(b) प्रिया, रीटा के बिल्कुल दाएं बगल में है।
(c) प्रीति, प्रिया के दाएं बगल में दूसरे नंबर पर है।
(d) रीटा मोहित के बाएं तरफ तीसरे नंबर पर है।

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



प्रिया, रीटा के बिल्कुल दाएं बगल में है।

129. निम्नलिखित में से कौन सी जगह अनिल की है?

(a) प्रीति के दायीं तरफ से चौथी
(b) गिरजा के बिल्कुल बायीं तरफ
(c) रीटा और मोहित के बीच
(d) प्रिया के बिल्कुल दायीं तरफ

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : I

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न से अनिल, प्रीति के दाईं तरफ चौथे स्थान पर है।

130. निम्नलिखित क्रम में से कौन से क्रम में पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बिल्कुल दायीं बगल में बैठा नहीं है?

(a) मोहित, बिजॉय (b) अनिल, गिरिजा
(c) रीटा, बिजॉय (d) प्रिया, रीटा

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न से रीटा, बिजॉय के बिल्कुल दाएँ नहीं बैठी है।

निर्देश: (131-133) नीचे दिये गये सूचना का अध्ययन कीजिए और उसके अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) छ: मित्र अनिल, भरत, राम, दिलीप, कार्ति और विजय प्रत्येक एक दूसरे के सामने एक वृत्त में बैठे हैं।
(ii) अनिल भरत और दिलीप के बीच है तथा विजय राम और कार्ति के बीच है।
(iii) राम भरत के बांये से तीसरे पर है।

131. निम्नलिखित में से विजय के संबंध में अनिल की कौन–सी स्थिति है?

(a) दांये से दूसरा (b) दांये से तीसरा
(c) बांये से दूसरा (d) बांये से पहला

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-I

Ans. (b) प्रश्नानुसार,



अत: दायें से तथा बांयें से दोनों स्थिति में विजय के संबंध में अनिल तीसरे पर है।

132. दिलीप और विजय के बीच कौन है?

(a) अनिल (b) भरत
(c) कार्ति (d) राम

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-I

Ans. (d) : अत: उपरोक्त से स्पष्ट है कि विजय और दिलीप के बीच राम है।

133. भरत और विजय के बीच कौन है?

(a) कार्ति (b) दिलीप
(c) अनिल (d) राम

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-I

Ans. (a) : अत: उपरोक्त से स्पष्ट है कि भरत और विजय के बीच कार्ति है।

Type-3 : ऊंचाई/लम्बाई/वजन आदि पर आधारित क्रम व्यवस्था

134. सात बक्से S, P, L, Q, R, M और N एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) M और L के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। M और L को न तो सबसे नीचे रखा गया है और न ही सबसे ऊपर रखा गया है। L और N के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। S, R के ठीक नीचे है। S और Q के बीच में केवल एक बक्सा है। M को L के ऊपर रखा गया है।
P और N के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) एक

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : बक्सों का क्रम इस प्रकार है-

P●
M●
N●
R●
S●
L●
Q●

अतः स्पष्ट है कि केवल एक बॉक्स (M), P और N के बीच में है।

135. सात व्यक्ति M, N, O, P, Q, R तथा S एक सीढ़ी पर एक के ऊपर एक बैठे हैं (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो)। केवल चार व्यक्ति O तथा R के मध्य बैठे हैं। केवल दो व्यक्ति N तथा M के मध्य बैठे हैं तथा M, Q के ठीक ऊपर बैठा है। O, M के नीचे बैठा है। N, M के ऊपर बैठा है।
P तथा S के मध्य कितने व्यक्ति बैठे है ?

(a) एक (b) तीन
(c) शून्य (d) दो

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : सात व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है-



चित्र से स्पष्ट है कि P व S के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं।

136. सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U तथा W सात मंजिल वाली एक इमारत में अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं (पहली मंजिल सबसे निचली मंजिल है, फिर दूसरी मंजिल इसके ऊपर है तथा इसी प्रकार अन्य मंजिलें भी क्रमांक में हैं)। एक मंजिल पर केवल एक व्यक्ति रहता है। P, S से ऊपर किसी एक मंजिल पर रहता है तथा S विषम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है। S तथा T के मध्य केवल दो व्यक्ति रहते हैं। U, W के ठीक ऊपर रहता है। T तथा P के मध्य केवल चार व्यक्ति रहते हैं। P के पड़ोसी कौन हैं ?

(a) S तथा U (b) Q तथा R
(c) S तथा Q (d) S तथा R

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

अतः स्पष्ट है कि P के पड़ोसी R और Q दोनों हैं।

137. पांच मित्रों- A, B, C, D और E की आयु अलग-अलग है। E की आयु केवल 2 व्यक्तियों से अधिक है। D की आयु केवल एक व्यक्ति से कम है। यदि A की आयु सबसे अधिक है, तो निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष निश्चित रूप से सही है?

(a) B और E, दो सबसे कम आयु के व्यक्ति हैं।
(b) C और E, दो सबसे कम आयु के व्यक्ति हैं।
(c) C और D, दो सबसे कम आयु के व्यक्ति हैं।
(d) C और B, दो सबसे कम आयु के व्यक्ति हैं।

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
पाँच मित्रों A, B, C, D, E को आयु के क्रम में रखने पर-
A > D > E > C > B
या
A > D > E > B > C
अतः C और B, 2 सबसे कम आयु के व्यक्ति हैं।

138. 'A & B' का अर्थ है– 'A, B से छोटा है'
'A @ B' का अर्थ है– 'A, B के बराबर है'
तो 'P & Q @ Y & Z & T' के आधार पर, इनमें से कौन सबसे बड़ा है?

(a) P (b) T (c) Y (d) Z

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : दिया है–
A & B → A, B से छोटा है।
A @ B → A, B के बराबर है।
तब– P & Q @ Y & Z & T के आधार पर–
$\boxed{P < Q = Y < Z < T}$
अतः स्पष्ट है कि 'T' सबसे बड़ा है।

139. छह लड़कियाँ-हर्षिता, प्रियंका, कुसुम, रागिनी, संगीता और टिया में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। केवल तीन लड़कियाँ हर्षिता से बड़ी हैं। केवल चार लड़कियाँ संगीता से छोटी हैं। प्रियंका, संगीता से छोटी है, और हर्षिता से बड़ी है। टिया इन सब में सबसे छोटी है। कुसुम की आयु सबसे अधिक नहीं है।
निम्नलिखित में से किसकी आयु हर्षिता से अधिक नहीं है?

(a) रागिनी (b) प्रियंका
(c) संगीता (d) कुसुम

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

अतः दिये गये विकल्पों के अनुसार 'कुसुम' की आयु 'हर्षिता'से अधिक नहीं है।

140. A, E से छोटा है, किंतु C से लंबा है। C, D से लंबा है किंतु B से छोटा है, जो A से छोटा है। उनमें से कौन सबसे लंबा है?

(a) E (b) D
(c) B (d) A

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : ऊंचाइयों का सही क्रम निम्नवत् है-
E > A > B > C > D
अतः उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि सबसे लम्बा E है।

141. छह लड़कों– मुकुल, राजन, जयंत, सुरेश, प्रकाश और करण में से प्रत्येक की लम्बाई अलग-अलग है। मुकुल सबसे लम्बा नहीं है। केवल तीन लड़के करण से लम्बे हैं और केवल तीन लड़के प्रकाश से छोटे हैं। सुरेश, राजन से लम्बा है, किन्तु करण से छोटा है।
कितने लड़के मुकुल से छोटे हैं?

(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 1

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार–



अतः स्पष्ट है कि मुकुल से छोटे 4 लड़के हैं।

142. A,B,C,D,E और F छह मित्र हैं। F का स्थान, B और C से उच्च है। D का स्थान, C और E से उच्च है। F का स्थान, E से निम्न है। A का स्थान F से उच्च है, किंतु E से निम्न है। उनमें से किसने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया ?

(a) B (b) A (c) D (d) C

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
F > B/C
D > C/E
E > A > F
D > E > A > F > C/B
अतः स्पष्ट है कि D ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

143. छह मित्रों - P,Q,R,S,T और U में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। P केवल S से छोटा है। केवल तीन मित्र R से छोटे है। U, T से छोटा है। U सबसे छोटा नही है। कितने मित्र T से छोटे है?

(a) 3 (b) 2 (c) 4 (d) 1

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : आयु का घटता क्रम-
S > P > R > T > U > Q
अतः दो मित्र (U और Q) T से छोटे है।

144. पांच व्यक्ति A, B, C, D तथा E एक सीढ़ी पर एक के ऊपर एक बैठे हुए हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। B, A के ऊपर किसी स्थान पर इस तरह बैठा है कि उनके मध्य में एक व्यक्ति बैठा है। A तथा C के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हुए हैं।
यदि C सबसे ऊपर नहीं बैठा है, तो मध्य में कौन बैठा हुआ है ?

(a) E (b) B (c) C (d) D

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : पाँच मित्रों के बैठने का क्रम निम्न है-
● → (D या E)
C
B
● → (D या E)
A
अतः स्पष्ट है कि मध्य में B बैठा हुआ है।

145. A, B से लम्बा है और B, C से लम्बा है, D, B से ठिगना है किन्तु C से लम्बा है तो D _____।

(a) सबसे ठिगना है (b) C से लम्बा है
(c) A और B से लम्बा है (d) B से लम्बा है

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार लम्बाईं का अवरोही क्रम निम्न प्रकार है-
A > B > D > C
उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि D, C से लंबा है।

146. 7 सदस्य A, B, C, D, E, F तथा G एक विशिष्ट क्रम में कार्यालय जा रहे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। C सबसे अंत में कार्यालय पहुँचा। उनमें से कोई भी समान समय पर कार्यालय नहीं पहुँचा। G के बाद कम से कम 3 सदस्य कार्यालय पहुँचे। E, A के ठीक बाद कार्यालय पहुँचा तथा G, E के ठीक बाद कार्यालय पहुँचा। F, A से ठीक पहले कार्यालय पहुँचा लेकिन D के बाद कार्यालय नहीं पहुँचा?
उनमें से सबसे पहले कार्यालय कौन पहुँचा?

(a) D (b) G
(c) F (d) B

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, कार्यालय पहुँचने का क्रम निम्नवत् है
F > A > E > G > D/B > B/D > C
उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि F सबसे पहले कार्यालय पहुँचा।

147. एक समूह में पाँच लड़कियाँ हैं। K दूसरी सबसे लंबी है। P, M से लंबी है। R, M से लंबी है। N, P से लंबी है। उनकी ऊँचाईयों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम संभव नहीं है?

(a) N > K > P > R > M (b) R > K > N > P > M
(c) R > K > P > N > M (d) N > K > R > P > M

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है,
K – दूसरी सबसे लम्बी
P > M
R > M
N > P
उपरोक्त से स्पष्ट है कि विकल्प (c) का अनुक्रम सम्भव नहीं है।

148. यदि मोहन, सोहन से लंबा है, रमेश, मोहन से छोटा है और संगीता, तूलिका से लंबी है, लेकिन सोहन से छोटी है, तो उनमें से कौन सबसे लंबा है ?

(a) संगीता (b) मोहन
(c) रमेश (d) सोहन

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिये गये व्यक्तियों के लम्बाईं का आरोही क्रम निम्नवत होगा। (तूलिका < संगीता < सोहन < मोहन) तथा रमेश के बारे में इतनी जानकारी है कि वह मोहन से छोटा है लेकिन बाकी अन्य से बराबर या छोटा या बड़ा भी हो सकता है। अतः इनमें मोहन सबसे लम्बा व्यक्ति होगा।

149. राम की आयु सोहन की आयु की दोगुनी है, लेकिन रोहन की आयु की आधी है। रवि की आयु, सोहन की आयु की आधी है, लेकिन रोहित की आयु की दोगुनी है। इनमें से कौन सबसे बड़ा है ?

(a) रवि (b) सोहन
(c) रोहन (d) राम

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
रोहन/2 = राम = 2 सोहन
रोहन > राम > सोहन .....(i)
सोहन/2 = रवि = 2 रोहित
सोहन > रवि > रोहित ..... (ii)
समी. (i) और समी. (ii) से,
रोहन > राम > सोहन > रवि > रोहित
अतः इनमें से रोहन सबसे बड़ा होगा।

150. राहुल की आयु शशि से अधिक है, लेकिन कविता जितनी अधिक नहीं है। कविता की आयु, शशि और अशोक दोनों से अधिक है। अशोक की आयु शशि से कम लेकिन मोनिका से अधिक है। उनमें से सबसे छोटा कौन है ?

(a) मोनिका (b) राहुल
(c) शशि (d) अशोक

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : उनकी आयु का क्रम इस प्रकार है-
कविता > राहुल > शशि > अशोक > मोनिका
अतः सबसे छोटी मोनिका है।

151. पांच मित्रों P, Q, R, S तथा T की उनकी लम्बाईं के आधार पर तुलना की गई है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। T की लम्बाईं P और Q के बीच है। T, S से लम्बा है। R की लम्बाईं P और T से अधिक है।
उनकी लम्बाइयों का इनमें से कौन सा अनुक्रम संभव नहीं हो सकता है?
I. R > P > T > Q > S
II. R > S > Q > T > P
III. Q > R > T > S > P
(a) I तथा III (b) II तथा III
(c) केवल I (d) केवल II

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : सही क्रम → R > P > T > Q > S
या Q > R > T > S > P
I तथ्य इसी क्रम में सही है तथा प्रश्नानुसार तथ्य III भी सही है
परन्तु तथ्य II में T, S से छोटा दर्शाया गया है जबकि प्रश्न में T, S से लम्बा है।

152. X, Y, Z, U तथा V पांच मित्र हैं। उनकी लंबाईं के आधार पर तुलना की गई है। कोई भी दो मित्रों की लंबाईं समान नहीं है। U, Y से छोटा है, लेकिन X से लंबा है। Z सबसे लंबा है। X, V से लंबा है।
तीसरा सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?
(a) Y (b) U
(c) V (d) X

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
V < X < U < Y < Z
इसमें U तीसरा सबसे लम्बा व्यक्ति होगा।

153. विक्की, ऋतिक से लंबा है। ऋतिक, अमन से लंबा है। अनिल, अभय से लंबा है। अभय, ऋतिक से लंबा है। इनमें से कौन लंबाईं में सबसे छोटा है ?
(a) अमन (b) अभय
(c) विक्की (d) अनिल

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
अनिल > अभय > विक्की > ऋतिक > अमन
अतः उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि सबसे छोटा 'अमन' होगा।

154. चार क्रिकेट खिलाड़ियों के स्कोर इस प्रकार है :
मोहन ने नरेंद्र से अधिक, लेकिन पंकज से कम रन बनाए। कमल ने नरेंद्र से अधिक, लेकिन मोहन से कम रन बनाए। इसमें से किसने सबसे अधिक रन बनाए ?
(a) मोहन (b) पंकज
(c) नरेंद्र (d) कमल

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
स्कोर का क्रम इस प्रकार है-
पंकज > मोहन > कमल > नरेन्द्र
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि पंकज ने सबसे अधिक रन बनाए।

155. लड़कों के एक समूह में, रोहन, जीशान जितना शक्तिशाली नहीं है। मैथ्यू, पॉल से अधिक शक्तिशाली है। सुभाष, रोहन से कमजोर है, लेकिन पॉल से अधिक शक्तिशाली है। अखिल, जीशान के बराबर शक्तिशाली है, लेकिन सुजीत से कमजोर है। मैथ्यू, रोहन के जितना शक्तिशाली नहीं है। लड़कों के दिए गए समूह में कौन सबसे शक्तिशाली है?
(a) सुजीत (b) अखिल
(c) मैथ्यू (d) जीशान

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है,
जीशान > रोहन
मैथ्यू > पॉल
रोहन > सुभाष > पॉल [< = शक्तिशाली]
सुजीत > अखिल = जीशान
रोहन > मैथ्यू
क्रम→
सुजीत > अखिल = जीशान > रोहन > सुभाष/मैथ्यू > पॉल
अतः उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि सबसे शक्तिशाली 'सुजीत' है।

156. आठ बॉक्स A, B, C, D, E, F, G और H को एक-दूसरे के ऊपर रखा गया है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) B और E के बीच में केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। H को E के ठीक नीचे रखा गया है। G और C के बीच में केवल एक बॉक्स रखा गया है। G और A के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। B को D और H के ऊपर रखा गया है। C और F के बीच में एक से अधिक बॉक्स रखे गए हैं।
F और C के बीच में कितने बॉक्स रखे गए हैं?
(a) 5 (b) 3
(c) 4 (d) 2

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,



अतः F और C के बीच में 2 बॉक्स रखे गये है।

157. चार दोस्तों में, A का वजन, B के वजन से दोगुना है। C का वजन, B के वजन का आधा है। D का वजन, B के वजन से 60 kg अधिक है, किंतु A के वजन से 60 kg कम है। इनमें से किसका वजन सर्वाधिक है?
(a) C (b) B
(c) D (d) A

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना B का वजन 2x kg है।

A	B	C	D
⇓	⇓	⇓	⇓
4x	2x	x	2x+60

प्रश्नानुसार,

A का वजन − 60 = D का वजन

$4x - 60 = 2x + 60$

$2x = 120$

$x = 60$ kg

A का वजन $= 4x \Rightarrow 4\times60 = 240$ kg

D का वजन $= 2x + 60 \Rightarrow 2\times60+60 = 180$kg

अतः A का वजन सर्वाधिक है।

158. E, C से बड़ा है। D, C से बड़ा है परंतु E से छोटा है। A, B और C से छोटा है। C, B से बड़ा है। कौन सबसे छोटा है?

(a) C (b) B
(c) D (d) A

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार क्रम व्यवस्थित करने पर-

E > D > C > B > A

अतः स्पष्ट है कि सबसे छोटा 'A' है।

159. यदि सोहन, मोहन से लंबा है, लेकिन गीता से छोटा है और मोहन, मेघना जितना लंबा है, लेकिन कोमल से अधिक लंबा है, तो मेघना _____ है।

(a) गीता से लंबी (b) कोमल से छोटी
(c) सोहन से छोटी (d) मोहन से छोटी

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : लम्बाईं का क्रम निम्नवत् है-

गीता > सोहन > मोहन = मेघना > कोमल

अतः मेघना सोहन से छोटी है।

160. पांच एथलीट दीपक, असलम, राजू, जोनी और मोनू ने एक दौड़ में भाग लिया। जोनी ने राजू से पहले दौड़ पूरी की, लेकिन वह मोनू से पीछे है। असलम ने दीपक से पहले दौड़ पूरी की, लेकिन वह राजू से पीछे है। इनमें से कौन तीसरे स्थान पर रहा?

(a) असलम (b) राजू
(c) जोनी (d) दीपक

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दौड़ में एथलीटों का स्थान निम्नवत् है-

मोनू > जोनी > राजू > असलम > दीपक

(1) (2) (3) (4) (5)

अतः राजू तीसरे स्थान पर है।

161. पांच दोस्तों में से, रवि, आनंद से लंबा है, लेकिन वह सुनील के जितना लंबा नहीं है। रोहित, सोनू से लंबा है, लेकिन आनंद से छोटा है। उनके समूह में सबसे छोटा कौन है?

(a) सुनील (b) रोहित
(c) सोनू (d) आनंद

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : लम्बाईं का घटता क्रम निम्न प्रकार है-

सुनील > रवि > आनंद > रोहित > सोनू

अतः समूह में सबसे छोटा सोनू है।

162. राम, सुमित से तेज दौड़ता है, जबकि सुमित, हार्दिक और तरुण से तेज दौड़ता है। तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद हार्दिक, राम को हराने में सक्षम होगा। लेकिन तरुण, फिर भी सुमित को नहीं हरा पाएगा। यदि तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद एक प्रतिस्पर्धी दौड़ का आयोजन किया जाता है, तो इनमें से कौन सा शीर्ष तेज धावकों के क्रम को प्रदर्शित करेगा ?

(a) हार्दिक, राम और सुमित (b) राम, हार्दिक और सुमित
(c) राम, सुमित और हार्दिक (d) हार्दिक, राम और तरुण

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

ट्रेनिंग से पहले तेज धावकों का क्रम = राम > सुमित > हार्दिक & तरूण

ट्रेनिंग के बाद तेज धावकों का क्रम = हार्दिक > राम > सुमित > तरूण

163. विजय, राजू से लंबा है लेकिन अरुण से छोटा है। जेम्स, अरुण से लंबा है। सैम, विजय से लंबा है लेकिन अरुण से छोटा है। राजू, सैम से छोटा है। समूह में सबसे छोटा कौन है ?

(a) सैम (b) अरुण
(c) राजू (d) विजय

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : लम्बाईं का अवरोही क्रम निम्नवत है-

जेम्स > अरूण > सैम > विजय > राजू

अतः स्पष्ट है कि राजू सबसे छोटा है।

164. एक सौन्दर्य प्रतियोगिता में 6 प्रतियोगी हैं। मॉडल Q, मॉडल A, से लंबी है किंतु मॉडल E, से छोटी है। मॉडल X, मॉडल E, जितनी लंबी नहीं है, लेकिन मॉडल I, से लंबी है। मॉडल F, मॉडल I से लंबी है, किंतु मॉडल Q से छोटी है। निम्नलिखित में से किसकी लंबाईं सर्वाधिक है ?

(a) मॉडल Q (b) मॉडल E
(c) मॉडल F (d) मॉडल A

RRB NTPC 22.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : लम्बाईं के क्रम इस प्रकार है –

E > X > Q > F > I > A

अतः सर्वाधिक लंबाईं मॉडल E की है।

165. एक बेकर A, B, C, D और E क्रमांक के पांच चॉकलेट केक बनाता है। D, B जितना मीठा नहीं है। A, E से अधिक मीठा है, लेकिन D जितना मीठा नहीं है। B, C से अधिक मीठा है। निम्नलिखित में से कौन सा सबसे अधिक मीठा है ?

(a) E (b) D (c) B (d) C

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : चॉकलेट के मीठा होने का घटता क्रम निम्न है-

B > D > A > E

तथा B > C

अतः B सबसे अधिक मीठा है।

166. एक कक्षा में सात छात्र– P, Q, R, S, T, U और V हैं। उनकी लम्बाइयों के आधार पर उनकी तुलना की गयी है। T, S से छोटा है, लेकिन U से लंबा है। U, P से लम्बा है। R और Q, V से छोटे हैं, लेकिन S से लंबे हैं। उनकी लम्बाइयों का इनमें से कौन सा अनुक्रम संभव हो सकता है?

(a) V > R > Q > S > T > U > P
(b) V > Q > R > T > S > U > P
(c) V > R > Q > U > T > S > P
(d) V > Q > R > S > T > P > U

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, छात्रों के लम्बाईं का क्रम निम्न प्रकार है-
V > Q/R > R/Q > S > T > U > P
स्पष्ट है कि विकल्प (a) में दिया गया अनुक्रम छात्रों की लम्बाइयों का अनुक्रम को सकता है।

167. K, N से छोटा है लेकिन M से लंबा है। J, K से लंबा है लेकिन N से छोटा है। K, N, M और J में सबसे छोटा कौन हैं?
(a) M (b) N
(c) J (d) K

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार लम्बाईं का अवरोही क्रम निम्न प्रकार है-
N > J > K > M
उपरोक्त क्रम से स्पष्ट है कि 'M' सबसे छोटा है।

168. छः छात्रों B, D, F, U, V और X की तुलना उनके अंकों के आधार पर की जाती है। X ने केवल दो छात्रों से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। B ने F से अधिक लेकिन U से कम अंक प्राप्त किये। यदि F ने X से अधिक अंक प्राप्त किया है तो सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?
(a) D (b) B
(c) U (d) V

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
X केवल दो छात्रों से अधिक अंक प्राप्त करता है तथा B का अंक F से अधिक लेकिन U से कम है।
U > B > F > X > D/V > V/D
अतः स्पष्ट है कि U ने सबसे अधिक अंक प्राप्त किया।

169. 6 लड़कियों P, Q, R, S, T तथा U की आयु की तुलना की गयी है। S, R तथा U से बड़ी है, लेकिन P से छोटी है। T से केवल एक ही लड़की बड़ी है।
उनकी आयु का निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम संभव नहीं है (बायीं ओर से उनकी आयु के घटते क्रम में है) ?
(a) Q, T, S, P, R, U (b) P, T, S, R, U, Q
(c) Q, T, P, S, R, U (d) P, T, Q, S, R, U

RRB NTPC 03.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
Q > T > P > S > R और U
या
P > T > S > R और U > Q
या P > T > Q > S > R और U
अतः उपर्युक्त से स्पष्ट है कि Q > T > S ≯ P > R, U संभव नहीं है।

170. सेब का एक पेड़, नींबू के पेड़ से लंबा है। पपीते का पेड़, ताड़ के पेड़ से छोटा है। आम का पेड़, पपीते के पेड़ से छोटा है, लेकिन सेब के पेड़ से लंबा है। इनमें कौन-सा पेड़ सबसे लंबा है ?
(a) आम का पेड़ (b) ताड़ का पेड़
(c) पपीते का पेड़ (d) सेब का पेड़

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार क्रम से रखने पर,
ताड़ > पपीता > आम > सेब > नींबू
अतः ताड़ का पेड़ सबसे लम्बा है।

171. छह शहरों में से अलीगंज, सेवा नगर से बड़ा है। हरि नगर, नंद नगरी से बड़ा है। जैतपुर, हरि नगर से छोटा है, लेकिन सेवा नगर से बड़ा हैं। सेवा नगर, नंद नगरी से छोटा है, लेकिन रामपुर से बड़ा है।
इनमें से कोन सा शहर सबसे छोटा है?
(a) नंद नगरी (b) सेवा नगर
(c) जैतपुर (d) रामपुर

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : अलीगंज > सेवानगर_____ (i)
हरिनगर > नंदनगरी _____(ii)
हरिनगर > जैतपुर > सेवानगर _____(iii)
नंदनगरी > सेवानगर > रामपुर _____(iv)
समी. (i), (ii), (iii) व (iv) से अतः स्पष्ट है, कि 'रामपुर' शहर सबसे छोटा है।
हरि नगर > नंद नगरी > जैतपुर/अलीगंज > अलीगंज/जैतपुर > सेवा नगर > रामपुर

Type-4 : शृंखला पर आधारित क्रम व्यवस्था

172. अक्षरों चिन्हों और अंकों से युक्त निम्नलिखित व्यवस्था का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएं) A 8 & $ 4 Y & 6 # @ 9 U Y 3 % L 6 & K 9 & P V 4 B & % # U Y 8 $ # (दाएं)
निम्नलिखित में से कौन सा इस व्यवस्था के बाएं सिरे से छठवें स्थान के दाईं ओर चौथे स्थान होगा?
(a) @ (b) 9
(c) # (d) P

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) :
(बाएं) A 8 & $ 4 Y & 6 # @ 9 U Y 3 % L 6 & K 9 & P V 4 B & % # U Y 8 $ # (दाएं)
बाएं से छठा छठा से दाएं
चौथा
अतः बाएं सिरे से छठवें स्थान के दायीं ओर चौथे स्थान पर @ होगा।

173. अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों से युक्त निम्नलिखित व्यवस्था का अध्ययन करें, ओर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएं) € A 5 # 6 λ 5 D P A ¥ 8 R 2 Z * Q 9 B L 5 6 % $ H 2 F # 6 (दाएं)
उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है, और ठीक बाद एक संख्या है ?
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) :
€ A 5 # 6 λ 5 D P A ¥ 8 R 2 Z * Q 9 B L 5 6 % $ H 2 F # 6
अतः अभीष्ट अक्षरों की संख्या = 3

174. अक्षरों, चिह्नों और अंको से युक्त निम्नलिखित व्यवस्था का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएं) G 6 & $ 4 Y 8 9 # @ W H 5 % 6 & K 9 @ R 9 4 T & % # U Y 8 $ # Q Y 8 4 $ (दाएं)

निम्नलिखित में से कौन सा दी गई व्यवस्था में दाएं सिरे से चौदहवें स्थान के दाईं ओर नौवें स्थान पर है?

(a) T (b) Q (c) # (d) Y

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b**) :**
(बाएं) G 6 & $ 4 Y 8 9 # @ W H 5 % 6 & K 9 @ R 9 4 T & % # U Y 8 $ # Q Y 8 4 $ (दाएं)
दाएं सिरे से अभीष्ट स्थान = दाईं ओर से 14-9 = 5वाँ स्थान
अतः दाईं ओर से 'Q', 5वें स्थान पर है।

175. निम्नलिखित श्रृंखला में कितनी विषम संख्याओं से पहले संख्या 4 आती है?

2 6 6 3 4 5 2 4 9 8 6 4 3 4 8 2

(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 4

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दी गई श्रृंखला में,
2 6 6 3 4 5 2 4 9 8 6 4 3 4 8 2
श्रृंखला में 3 विषम संख्याओं से पहले संख्या 4 आती है।

176. दी गई श्रेणी में ऐसे कितने 7 हैं, जिनके ठीक बाद 3 नहीं है, लेकिन ठीक पहले 8 है ?

898762263269732872778747794

(a) 1 (b) 7
(c) 3 (d) 8

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :
8 9 8 7 6 2 2 6 3 2 6 9 7 3 2 8 7 2 7 7 8 7 4 7 7 9 4
अतः दी गई श्रेणी में '3' 7 है जिनके ठीक बाद 3 नहीं है, लेकिन ठीक पहले 8 है।

177. नीचे दिए गए क्रम में ऐसे कितने व्यंजन है जिनमें से प्रत्येक के तुरंत बाद में एक स्वर है परंतु उसके पहले कोई संख्या नहीं है ?

T R B 5 0 % U 7 C 4 # K F $ 2 U E * 1 8 I 2 3 V @ 9 I X @ L A B

(a) एक (b) तीन से अधिक
(c) दो (d) तीन

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : T R B 5 0 % U 7 C 4 # K F $ 2 U E * 1 8 I 2 3 V @ 9 I X @ L A B
स्पष्ट है कि केवल एक व्यंजन है जिसके तुरन्त बाद में एक स्वर है परन्तु उसके पहले कोई संख्या नहीं है।

178. यदि नीचे दी गई व्यवस्था से सभी विशेष वर्णों को हटा दिया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन सा, X के दाईं ओर 10 वें स्थान पर होगा ?

3 X ! B 9 # F 4 5 * 1 K 2 $ 8 R S % Z

(a) 8 (b) 2
(c) R (d) S

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिए गए व्यवस्था में सभी विशेष वर्णों को हटाने पर,
3 X B 9 F 4 5 1 K 2 8 R S Z
अतः स्पष्ट है कि X के दाईं ओर 10वें स्थान पर अक्षर 'R' होगा।

179. निम्नलिखित श्रेणी में कितने D हैं जिनके तुरन्त बाद W है लेकिन तुरन्त पहले K नहीं है?

KDCWKDWNKGDWWDHKVDWZDW

(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) 1

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : KDCWKDWNKGDWWDHKVDW ZDW
अभीष्ट D की संख्या जिनके तुरंत बाद W है लेकिन तुरंत पहले K नहीं है की संख्या '3' है।

180. आगे दी गई सीरीज में कितने 3 ऐसे हैं जिनके तुरंत बाद 9 और तुरंत पहले 8 आता हो ?

1839793997634983974583968300775368265969

(a) 5 (b) 4
(c) 1 (d) 3

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :
1 839 7939976349 839 745 839 68300775368265969
उपरोक्त श्रृंखला में तीन ऐसे 3 है जिनके तुरंत बाद 9 और तुरंत पहले 8 है।

181. निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला में अक्षर-युग्म JKL इस प्रकार कितनी बार आता है, जिसके बाद अक्षर N आता है?

BCNKLJKLMJKLQJKLMNJKLABJKLJ KLMNJKLSKTKJLLKJNJKLJLTKLT

(a) 2 (b) 1
(c) 3 (d) 0

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d):
BCNKLJKLMKLQJKLMNJKLABJKLJKLMNJKLSK TKJLLKJNJKLJLTKLT
दी गयी अक्षर -श्रृंखला में अक्षर-युग्म JKL इस प्रकार एक बार भी नहीं आता है जिसके बाद अक्षर N आता है।

182. निम्न समीकरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

9 B Q = 5 R $ J @ 4 * P & 9 M X # G

दिए गए विकल्पों में से कौन सा चिह्न B और X के ठीक बीच में है?

(a) @ (b) &
(c) * (d) $

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया गया समीकरण
9 B Q = 5 R $ J @ 4 * P & 9 M X # G
उपरोक्त समीकरण से स्पष्ट है कि B और X के ठीक बीच में @ है।

183. निम्न श्रेणी में से कितने '0' हैं, जिनके तुरंत बाद संख्या 2 है?

2132 50278020345202078

(a) 3 (b) 6
(c) 5 (d) 4

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दी गयी श्रेणी में-
2132 502780203452020 78
अतः श्रेणी में 3 बार 0 के तुरन्त बाद 2 है।

184. निम्नलिखित अनुक्रम में ऐसे कितने 4 हैं जिनके ठीक पहले न तो 6 आता है और न ही उनके ठीक बाद 9 आता है?

9466495947891649649

(a) Five/पांच (b) Four/चार
(c) Three/तीन (d) Two/दो

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : 946 6495 947 891649649
अतः अभीष्ट संख्या = 2

185. निम्नलिखित अंक अक्षर चिह्न शृंखला का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
Np4@8cQ9%6TkF3 = 5g4&RwJX
उक्त अनुक्रम में ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के तुरन्त पहले एक अक्षर और तुरन्त बाद एक चिन्ह आता है ?
(a) 7 (b) 6
(c) 5 (d) 4
RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिये गये अंक-अक्षर चिन्ह शृंखला से-
N p 4 @ 8 c Q 9 % 6 T k F 3 = 5 g 4 & R w J X
अभीष्ट संख्याएँ = 4

186. निम्नलिखित अंक अक्षर चिह्न शृंखला का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
Np4@8cQ9%6TkF3 = 5g4&RwJX
दाँए सिरे से 18वें वर्ण के दाई ओर 5वां वर्ण कौन सा है?
(a) T (b) 6
(c) k (d) F
RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्न से,
Np4@8cQ9%6TkF3 = 5g4&RwJX
दाएँ सिरे से 18वें वर्ण के दाई ओर 5वां वर्ण = T

187. अंकों की निम्नलिखित सूची में, कितने 3 के तुरंत बाद 3 आता है, लेकिन ठीक पहले 3 नहीं आता है?
2 9 6 3 3 4 5 7 8 3 3 3 4 6 2 3 3 3 3 8 6 2 3
(a) 1 (b) 4
(c) 2 (d) 3
RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :
2 9 6 3 3 4 5 7 8 3 3 3 4 6 2 3 3 3 3 8 6 2 3
अतः अभीष्ट संख्या =3

188. क्रम में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के तुरंत पहले और तुरंत बाद एक अक्षर है?
A B 7 C D 9 Z Y * P 2 M © K S 3 ↑ 5 N T ⑨
(a) दो (b) चार
(c) तीन (d) एक
RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : उक्त अनुक्रम में 3 अंक ऐसे हैं, जिसके तुरंत पहले और तुरंत बाद एक अक्षर है।
अतः अभीष्ट विकल्प (c) होगा।

189. निम्नलिखित शृंखला में, ऐसे कितने 8 है, जिसके बाद संख्या 4 नहीं आती है, परंतु जिसके पहले संख्या 5 आती है ?
6 5 8 2 3 5 8 1 2 5 8 3 4 3 5 6 5 4 5 8 6 5 8 4 5 8
(a) 2 (b) 4
